सुविचार
आगे बढ़ने का रहस्य है शुरुआत करना।

कुल पेज 20 | मूल्य ₹ 4.00
वर्ष 13, अंक 180

देश का नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर

सच्ची बात, बेधड़क

पटना, बिहार, मंगलवार, 21 जुलाई, 2026 | आषाढ़ शुक्ल पक्ष-7, 2083 | 12 राज्य | 61 संस्करण

CELEBRATING 28 YEARS OF TRUST

GOAL®
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute

Ranked No. 1 Institute of Eastern India (By India Today Survey)

हम छात्रों की ज़रूरतों को समझते हैं, इसलिए हमारे परिणाम सबसे अलग आते हैं।

## GOAL'S NEET 2026 RESULT




ANUSHKA KASHYAP — AIR 937 (G)
KAMAL NAYAN — AIR 460 (G)
RAVIKANT DIWAKAR — AIR 55 (G) • AIR 3 (C)
KESHAV KUMAR — AIR 901 (G)
SHRISTI RAJ — AIR 1290 (G)

**4800+** TOTAL STUDENTS QUALIFIED IN NEET 2026 FROM GOAL

**500+** TOTAL STUDENTS EXPECTED TO GET ADMISSION IN GOVT. MEDICAL COLLEGE

All India General Rank

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Arya Palak 651 / 720 AIR : 1373 | Neha Kumari 644 / 720 AIR : 1888 | Maasir Jamal 643 / 720 AIR : 2004 | Ayush Roy 642 / 720 AIR : 2084 | Dharampal Kumar 640 / 720 AIR : 2283 | Ankit Ranjan 639 / 720 AIR : 2390 | Anushka 639 / 720 AIR : 2396 | Ankit Kumar 638 / 720 AIR : 2464 | Satyam Kumar 634 / 720 AIR : 2972 | Anwesha Priya 634 / 720 AIR : 2973 | Satyam Bharti 633 / 720 AIR : 3034 | Atul Raj 631 / 720 AIR : 3322 | Ayush Ranjan 630 / 720 AIR : 3503 | Md. Akhzar Marghub 630 / 720 AIR : 3506 |
| Nikhil Anand Dixit 628 / 720 AIR : 3724 | Aditya Raj 628 / 720 AIR : 3731 | Priya Bharti 627 / 720 AIR : 3926 | Shaiqua Anjum 625 / 720 AIR : 4186 | Md Waris Karim 625 / 720 AIR : 4254 | Aakriti 625 / 720 AIR : 4257 | Akshay Anand 623 / 720 AIR : 4591 | Anubhav Krishna 622 / 720 AIR : 4678 | Sumaiya Fatma 622 / 720 AIR : 4721 | Bhumi Sinha 621 / 720 AIR : 4790 | Khushi Roshan 621 / 720 AIR : 4793 | Shahid Alam 621 / 720 AIR : 4883 | Anurag Pratap Singh 621 / 720 AIR : 4896 | Aashish Kumar 621 / 720 AIR : 4966 | Aman Raj 617 / 720 AIR : 5696 |
| Ankit Kumar 616 / 720 AIR : 5902 | Satyam 615 / 720 AIR : 5969 | Prem Ranjan 615 / 720 AIR : 6054 | Rishabh Raj 614 / 720 AIR : 6218 | Aditya Raj 614 / 720 AIR : 6283 | Gulam Mosawwir 614 / 720 AIR : 6294 | Ashif Raza 613 / 720 AIR : 6419 | Amul Kumar 613 / 720 AIR : 6489 | Md. Ahsham Ansari 613 / 720 AIR : 6509 | Ankit Raj 613 / 720 AIR : 6602 | Suhani Kumari 612 / 720 AIR : 6655 | Deepak 615 / 720 AIR : 6861 | Ankit Srivastava 611 / 720 AIR : 6953 | Rishaw Kumar 611 / 720 AIR : 7014 | Aayush Raj 611 / 720 AIR : 7071 |
| Priya Raj 610 / 720 AIR : 7102 | Arnav Gupta 610 / 720 AIR : 7149 | Prince Raj 610 / 720 AIR : 7190 | Amrit Bhushan Azad 610 / 720 AIR : 7374 | Anshu Kumari 608 / 720 AIR : 7615 | Vandana Kumari 608 / 720 AIR : 7736 | Amitesh Patel 608 / 720 AIR : 7823 | Sudhir Kumar 607 / 720 AIR : 7926 | Tejaswi 607 / 720 AIR : 7927 | Md Saqib 607 / 720 AIR : 7948 | Kritika Kumari 606 / 720 AIR : 8352 | Faraz Ahmad 605 / 720 AIR : 8423 | Mayank Raj 605 / 720 AIR : 8457 | Ragvin Kumar 605 / 720 AIR : 8479 | Anurag 605 / 720 AIR : 8624 |
| Nikhil Kumar 605 / 720 AIR : 8650 | Triptee Raj 604 / 720 AIR : 8680 | Neha Gupta 604 / 720 AIR : 8709 | Raushan Kumar 603 / 720 AIR : 9108 | Munmun 603 / 720 AIR : 9118 | Chaitanya Seth 602 / 720 AIR : 9252 | Aditya Raj 602 / 720 AIR : 9308 | Kanishka 602 / 720 AIR : 9362 | Md. Musharraf Ali 601 / 720 AIR : 9532 | Kumari Sonam 601 / 720 AIR : 9672 | Ravi Raj Pal 600 / 720 AIR : 9827 | Sahil Kumar 600 / 720 AIR : 9891 | Saniya Khan 600 / 720 AIR : 10005 | Aman Kumar 600 / 720 AIR : 10024 | Sakshi Kumari 599 / 720 AIR : 10186 |
| Jyoti Kumari 599 / 720 AIR : 10318 | Suhani Kumari 598 / 720 AIR : 10527 | Lalu Kumar 598 / 720 AIR : 10662 | Ankita Kumari 597 / 720 AIR : 10914 | Suhani Sinha 597 / 720 AIR : 10970 | Paridhi Agrawal 597 / 720 AIR : 11011 | Ashqua Alia 596 / 720 AIR : 11199 | Rohini Rani 596 / 720 AIR : 11221 | Kavya Vibhore 596 / 720 AIR : 11265 | Anshupriya Patel 595 / 720 AIR : 11642 | Adarsh Anand 595 / 720 AIR : 11663 | Avinash Kumar 595 / 720 AIR : 11763 | Aditya Raj Suman 594 / 720 AIR : 11924 | Sanatan 594 / 720 AIR : 11990 | Lisa 594 / 720 AIR : 12189 |
| Manish Kumar 593 / 720 AIR : 12287 | Anshuman Rai 593 / 720 AIR : 12320 | Shashank Singh 593 / 720 AIR : 12647 | Pappu Prakash 592 / 720 AIR : 12748 | Nidhi Singh 592 / 720 AIR : 12810 | Shivam Kumar 592 / 720 AIR : 12841 | Indrajeet Kumar 592 / 720 AIR : 12895 | Priyanka Kumari 591 / 720 AIR : 13095 | Shreya Kumari 591 / 720 AIR : 13226 | Abhiraj Sinha 591 / 720 AIR : 13307 | Ankul Singh 590 / 720 AIR : 13526 | Prakriti Sinha 590 / 720 AIR : 13549 | Md. Adnan 590 / 720 AIR : 13624 | Aakansha 590 / 720 AIR : 13628 | Praveen Kumar 590 / 720 AIR : 13649 |

GOAL Village Entrance Test : 27.07.2026 (100% Students qualified in NEET and 70%+ students are expected to get Govt. Medical College from G.V) *Please Turn Page to see more Results...*

Annual Felicitation Function : 26.07.2026 (Sunday) at Bapu Sabhagar, Patna || Counseling Support Seminar : Date : 29.07.2026, Time - 12:00 PM, Venue : Goal Building Buddha Colony, Patna

Helpline : 0612-3508700 | www.goalinstitute.org | Follow us on : | #GOAL-TheResultFactory

CELEBRATING 28 YEARS OF TRUST

The List continues...

# GOAL®
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute

Ranked No. 1 Institute of Eastern India (By India Today Survey)

| Name | Score | AIR |
|---|---|---|
| Kunal Raj | 590 / 720 | AIR : 13656 |
| Himanshu | 590 / 720 | AIR : 13684 |
| Rajan Kumar | 590 / 720 | AIR : 13763 |
| Nikhil Kumar Jha | 589 / 720 | AIR : 13934 |
| Prachi Agrawal | 589 / 720 | AIR : 13951 |
| Nimisha Kumari | 589 / 720 | AIR : 13981 |
| Nancy Kumari | 589 / 720 | AIR : 14079 |
| Naveen Gupta | 589 / 720 | AIR : 14006 |
| Amit Kumar | 588 / 720 | AIR : 14466 |
| Rishabh Kumar | 587 / 720 | AIR : 14644 |
| Navin Kumar | 587 / 720 | AIR : 14738 |
| Asiya Parween | 587 / 720 | AIR : 14840 |
| Dhiraj Kumar Patel | 587 / 720 | AIR : 14844 |
| Anish Raj | 587 / 720 | AIR : 14953 |
| Sonu Kumar | 586 / 720 | AIR : 15064 |
| Vivek Raj | 586 / 720 | AIR : 15066 |
| Arpita Kumari | 586 / 720 | AIR : 15075 |
| Jyoti Mala | 586 / 720 | AIR : 15455 |
| Abhinav Kumar | 585 / 720 | AIR : 15519 |
| Gyanya Sarvani | 585 / 720 | AIR : 15647 |
| Afrin Sultana | 585 / 720 | AIR : 15664 |
| Arpit Raj | 585 / 720 | AIR : 15797 |
| Muskan Kumari | 585 / 720 | AIR : 15813 |
| Arushi Kumari | 585 / 720 | AIR : 15823 |
| Priye Ranjan Kumar | 585 / 720 | AIR : 15872 |
| Ayush Raj | 583 / 720 | AIR : 16000 |
| Maaz Imteyaz | 584 / 720 | AIR : 16053 |
| Snehsmrity Kumari | 584 / 720 | AIR : 16215 |
| Raunak Bhardwaj | 584 / 720 | AIR : 16322 |
| Ayushi Kumari | 583 / 720 | AIR : 16368 |
| Nafis Ahmad | 583 / 720 | AIR : 16511 |
| Pappu Kr. Nayak | 583 / 720 | AIR : 16584 |
| Vikash Kumar | 583 / 720 | AIR : 16600 |
| Saba Shamim | 583 / 720 | AIR : 16683 |
| Jyoti Swaraj | 583 / 720 | AIR : 16711 |
| Nawlesh Kumar | 581 / 720 | AIR : 17344 |
| Kumar Utkarsh | 581 / 720 | AIR : 17390 |
| Ankur Raj | 581 / 720 | AIR : 17475 |
| Arinjay Singh | 581 / 720 | AIR : 17508 |
| Nandani Kumari | 580 / 720 | AIR : 17812 |
| Ruchi | 580 / 720 | AIR : 17929 |
| Amrit Ranjan | 580 / 720 | AIR : 17971 |
| Muskan Azad | 580 / 720 | AIR : 18093 |
| Umer Zahid | 580 / 720 | AIR : 18231 |
| Prince Kumar | 580 / 720 | AIR : 18278 |
| Priyash Raj | 580 / 720 | AIR : 18284 |
| Shubham Kr. Gupta | 579 / 720 | AIR : 18580 |
| Sahil Kumar | 579 / 720 | AIR : 18619 |
| Mizan Ahmad | 578 / 720 | AIR : 18815 |
| Anjali | 578 / 720 | AIR : 18855 |
| Shalini Kumari | 578 / 720 | AIR : 18889 |
| Divyanshu Raj | 578 / 720 | AIR : 19108 |
| Tanmay Dilip Jaiswal | 578 / 720 | AIR : 19205 |
| Shubh Laxmi | 577 / 720 | AIR : 19264 |
| Harsh Raj | 577 / 720 | AIR : 19341 |
| Piyush Raj | 577 / 720 | AIR : 19393 |
| Piyush Kumar | 577 / 720 | AIR : 19572 |
| Abhishek Kr. Singh | 576 / 720 | AIR : 19772 |
| Suhani Priya | / 720 | AIR : 19836 |
| Mohammad Anas | 576 / 720 | AIR : 19874 |
| Tejas Talin | 576 / 720 | AIR : 19946 |
| Meenu Kumari | 576 / 720 | AIR : 19983 |
| Alok Ranjan | 576 / 720 | AIR : 20034 |
| Aliya Afrin | 576 / 720 | AIR : 20151 |
| Priya Kumari | 575 / 720 | AIR : 20257 |
| Anshika Gupta | 575 / 720 | AIR : 20270 |
| Zaid Alam | 575 / 720 | AIR : 20494 |
| Munna Kumar | 575 / 720 | AIR : 20528 |
| Anshika Singh | 575 / 720 | AIR : 20570 |
| Ankur Singh | 575 / 720 | AIR : 20614 |
| Vishnu Shankar | 575 / 720 | AIR : 20820 |
| Md Aakib Ansari | 574 / 720 | AIR : 21032 |
| Anshu Kumari | 574 / 720 | AIR : 21103 |
| Tanishka Bhagat | 574 / 720 | AIR : 21227 |
| Anshika Sharma | 574 / 720 | AIR : 21261 |
| Arpita Singh | 573 / 720 | AIR : 21441 |
| Shlok Kumar | 573 / 720 | AIR : 21592 |
| Pragya Kumari | 573 / 720 | AIR : 21649 |
| Rishikesh Kumar | 573 / 720 | AIR : 21650 |
| Shivam Shrivastav | 572 / 720 | AIR : 22016 |
| Ridhima Yadvendu | 571 / 720 | AIR : 22713 |
| Sems Kumar Sinha | 571 / 720 | AIR : 22750 |
| Aman Mahto | 571 / 720 | AIR : 22818 |
| Priyanshu | 571 / 720 | AIR : 22834 |
| Annu Raj | 571 / 720 | AIR : 22851 |
| Satwik Subham Panda | 571 / 720 | AIR : 23017 |
| Nitesh Kumar | 570 / 720 | AIR : 23265 |
| Nishant Kumar | 570 / 720 | AIR : 23331 |
| Vivek Kumar | 570 / 720 | AIR : 23361 |
| Ankit Kumar | 570 / 720 | AIR : 23467 |
| Shaurya Agarwal | 570 / 720 | AIR : 23553 |
| Aashish Kumar | 570 / 720 | AIR : 23683 |
| Jyotsana Raj | 569 / 720 | AIR : 23779 |
| Angad Kumar | 569 / 720 | AIR : 24049 |
| Savera Sinha | 569 / 720 | AIR : 24145 |
| Md. Shahnawaj Hussain | 568 / 720 | AIR : 24338 |
| Rishi Kumar | 568 / 720 | AIR : 24487 |
| Ankan Raj | 568 / 720 | AIR : 24583 |
| Utkarsh Raj | 568 / 720 | AIR : 24641 |
| Anamika Kumari | 568 / 720 | AIR : 24741 |
| Purnanjali Kashyap | 568 / 720 | AIR : 24823 |
| Sourav Kumar | 566 / 720 | AIR : 25000 |
| Mohit Kumar | 567 / 720 | AIR : 25081 |
| Lucky Kumari | 566 / 720 | AIR : 25652 |
| Nikki Kumari | 566 / 720 | AIR : 25826 |
| Sadiya Shahnaz | 566 / 720 | AIR : 25950 |
| Sonali Kumari | 565 / 720 | AIR : 26106 |
| Rohit Kumar | 565 / 720 | AIR : 26315 |
| Omnath Kumar | 565 / 720 | AIR : 26480 |
| Ankita Soni | 565 / 720 | AIR : 26608 |
| Krish Kumar | 565 / 720 | AIR : 26632 |
| Roushni Kumari | 565 / 720 | AIR : 26646 |
| Aman Kumar | 565 / 720 | AIR : 26725 |
| Talha | 565 / 720 | AIR : 26738 |
| Kinshuk Soumya | 564 / 720 | AIR : 26833 |
| Divyanshi Kumari | 564 / 720 | AIR : 27231 |
| Aradhya Singh | 564 / 720 | AIR : 27241 |
| Rohini Kumari | 563 / 720 | AIR : 27573 |
| Priyanshu Kumari | 563 / 720 | AIR : 27577 |
| Divya Kumari | 563 / 720 | AIR : 27586 |
| Guddu Kumar | 563 / 720 | AIR : 27675 |
| Rahul Raj | 563 / 720 | AIR : 27693 |
| Swati Priya | 563 / 720 | AIR : 27942 |
| Aryan Anand | 563 / 720 | AIR : 27979 |
| Aryan Anand | 563 / 720 | AIR : 27980 |
| Rohan Kumar | 563 / 720 | AIR : 28001 |
| Vagisha Sinha | 562 / 720 | AIR : 28060 |
| Kajal Kumari | 562 / 720 | AIR : 28137 |
| Amaan Khan | 562 / 720 | AIR : 28367 |
| Manishankar Kumar | 562 / 720 | AIR : 28404 |
| Rohit Kumar | 562 / 720 | AIR : 28440 |
| Ashmit Asheem | 562 / 720 | AIR : 28517 |
| Juweria Amir | 562 / 720 | AIR : 28680 |
| Anuradha Raj | 561 / 720 | AIR : 29099 |
| Samridhi | 561 / 720 | AIR : 29108 |
| Sangam Kumar | 561 / 720 | AIR : 29231 |
| Sarita Kumari | 561 / 720 | AIR : 29283 |
| Sejal Priya | 561 / 720 | AIR : 29372 |
| Kshitij Verma | 560 / 720 | AIR : 29598 |
| Simi Kumari | 560 / 720 | AIR : 29605 |
| Navika Bala | 560 / 720 | AIR : 29606 |
| Raj Kamal | 560 / 720 | AIR : 29713 |
| Aayushmaan Anand | 560 / 720 | AIR : 29990 |
| Anjali Singh | 559 / 720 | AIR : 30301 |
| Sanvi Kumari | 559 / 720 | AIR : 30463 |
| Lucky Kumar | 559 / 720 | AIR : 30514 |
| Nikee Kumari | 559 / 720 | AIR : 30539 |
| Fazilat Neha | 559 / 720 | AIR : 30552 |
| Ankit Raj | 559 / 720 | AIR : 30652 |
| Sarvesh Kr. Barnwal | 559 / 720 | AIR : 30664 |
| Aditi Srivastava | 558 / 720 | AIR : 30965 |
| Divyanshu Raj | 558 / 720 | AIR : 31071 |
| Abdus | 558 / 720 | AIR : 31241 |
| Prince Kumar | 558 / 720 | AIR : 31376 |
| Surabhi Kumari | 558 / 720 | AIR : 31434 |
| Suhail Ahmad | 557 / 720 | AIR : 31769 |
| Raj Kamal | 557 / 720 | AIR : 31984 |
| Ragini Kumari | 557 / 720 | AIR : 32195 |
| Abhishek Kumar | 556 / 720 | AIR : 33017 |
| Khushi Kumari | 555 / 720 | AIR : 33113 |
| Kishan Kumar | 555 / 720 | AIR : 33494 |
| Satyam Singh | 554 / 720 | AIR : 34277 |
| Saurav Kr. Pandey | 554 / 720 | AIR : 34336 |
| Pallawi Kumari | 554 / 720 | AIR : 34338 |
| Dipali Alok | 554 / 720 | AIR : 34339 |
| Adarsh Kumar | 554 / 720 | AIR : 34383 |
| Mahrukh | 553 / 720 | AIR : 34794 |

All India Category Rank

| Name | AICR |
|---|---|
| Vandana Kumari | AICR : 247 (ST) |
| Kriti Kumari | AICR : 1409 (ST) |
| Srishti Kumari | AICR : 1715 (ST) |
| Piyush Kumar | AICR : 2381 (SC) |
| Jatin | AICR : 2665 (SC) |
| Ayana Dev | AICR : 2972 (SC) |
| Vishal Kr. Chaudhary | AICR : 3192 (SC) |
| Devbrat Pranjal | AICR : 3787 (SC) |
| Priti Tudu | AICR : 4316 (ST) |
| Sanna Sarika Kullu | AICR : 5468 (ST) |
| Sion Soy | AICR : 6108 (ST) |
| Shrishti Oraon | AICR : 6164 (ST) |
| Ragini Kumari | AICR : 6898 (SC) |
| Mandira Das | AICR : 6921 (SC) |
| K. Raj Gaurav | AICR : 7355 (SC) |
| Anchal Anurag | AICR : 7661 (SC) |
| Aditya Kumar | AICR : 8483 (SC) |
| Ratan Kr. Shah | AICR : 4268 (ST) |
| Yogendra Shah | AICR : 12997 (ST) |
| Poonam | AICR : (ST) |

& Many More

## GOAL'S RESULT ORIENTED CLASSROOM & DISTANCE LEARNING PROGRAMS

| One Year | Two Years | One Year | One/Two Year | One Year |
|---|---|---|---|---|
| Achiever Course for NEET 2027 | Foundation for NEET / JEE 2028 | Target for NEET / JEE 2027 | Pre-foundation | Test & Discussion |
| NEET | 11th + 12th Board + NEET / JEE | NEET / JEE | 9th OR 10th Board + Olympiads | For Engineering / Medical 2027 |
| Eligibility: NEET Appeared / 12th Passed | Eligibility: 10th Passed / Appeared from any Board | Eligibility: 12th Passed / Appeared from any Board | Eligibility: 8th / 9th Passed from any School | Eligibility: 12th Passed |

PATNA : BUDHA COLONY - 9334594165/66/67
KANKARBAGH - 9608360780 GOLA ROAD - 7564902125
ACHIEVER CAMPUS ACHIEVER CAMPUS GOAL EDUCATION VILLAGE

18500+ Doctors/Medicos & Engineers.
2.10 Lakh+ Satisfied Guardians
Huge Rebate on NEET 2026 scores in Achiever Batch

• FACILITIES •
LIBRARY HOSTEL TRANSPORT SEPARATE BATCH FOR BOYS & GIRLS

Additional 10 % Rebate on Target & 15% on Foundation Course
Up to 100% Scholarship through SCHOLARSHIP TEST

Scan to view GOAL's Information Brochure

OTHER GOAL CORPORATE BRANCHES :

DELHI : 7564900045, RANCHI : 7564900041/42/43, DHANBAD : 9334098595, 9308057050, BHILAI : 07884013502, 09826943595, RAIPUR : 07714060711, 07415884100, JAMSHEDPUR : 7564900041/42/43, BHUBANESWAR : 7854934290

Helpline : 0612-3508700
www.goalinstitute.org
Follow us on :
#GOAL-TheResultFactory

**पढ़ना जरूरी है**

'पढ़ने की आदत ही वह इकलौती चीज है जो इंसान को मानसिक रूप से बूढ़ा नहीं होने देती।'
- लियो टॉल्स्टॉय

कुल पेज 20
मूल्य ₹ 4.00 | वर्ष 13, अंक 180

देश का नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर

सच्ची बात, बेधड़क

सेंसेक्स 77,708.52 -442.93
डॉलर 96.44 +0.14

देश में अब तक बारिश: 342.1 मिमी (-23.1 %)
आपके राज्य में अब तक 238.9 मिमी | कम/ज्यादा -156.8 मिमी
(पिछले साल अब तक 395.7 मिमी बारिश हुई थी)

गरही जलाशय
फुल टैंक लेवल 12680.00 फीट | आज तक 529.50 फीट

पटना, बिहार, मंगलवार 21 जुलाई, 2026 | आषाढ़ शुक्ल पक्ष-7, 2083 | 12 राज्य 61 संस्करण


**पॉजिटिव न्यूज**

### 15 साल में 500 गरीब छात्रों का जीवन संवारा



अनंतपुर | आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साई जिले के कोठाचेरुवु निवासी अशोक पदापति ने शिक्षा के क्षेत्र में अलग पहचान बनाई है। उन्होंने 2010 में बीटेक के अंतिम वर्ष के दौरान 'वधान्य जना सोसाइटी' की शुरुआत की। इस पहल के लिए दोस्तों से भी आर्थिक सहयोग जुटाया और जरूरतमंद छात्रों की पहचान कर उन्हें पढ़ाई में मदद दिलाई। 15 साल में संगठन ने 500 से अधिक गरीब छात्रों की पढ़ाई व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहयोग किया है। कई छात्र IIT मद्रास व IIT खड़गपुर पहुंचे। कई ने रेलवे, वायुसेना, पुलिस और अन्य सरकारी नौकरियां हासिल कीं। अशोक ने यह पहल इसलिए शुरू की क्योंकि गरीबी के कारण क्षेत्र के मेधावी छात्र पढ़ाई बीच में छोड़ देते थे।

**विभाग का फैसला** : एपीआई सिस्टम से बनेगी मेरिट, 100 नंबर तय करेंगे स्कूल, जिसकी उम्र ज्यादा और नंबर अधिक, उसे पहले मिलेगा मनचाहा जिला

# शिक्षकों का ट्रांसफर अब 'अंकों' से होगा... बीमार व दिव्यांगों को प्राथमिकता

पॉलिटिकल रिपोर्टर | पटना

बिहार के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों का ट्रांसफर अब अंकों से होगा। शिक्षा विभाग ने तबादलों के लिए 100 अंकों वाली एक नई एपीआई आधारित व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। इसमें उन शिक्षकों को सबसे पहले मौका मिलेगा, जिनके अंक सबसे अधिक होंगे। विभाग के मानकों के अनुसार, गंभीर बीमारी से जूझ रहे शिक्षकों और दिव्यांगों को प्राथमिकता मिलेगी। अगर दो शिक्षकों के अंक बराबर हो जाते हैं, तो ऐसी स्थिति में विभाग 'अधिक उम्र' वाले शिक्षक को वरीयता देगा। पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि इस का मुख्य उद्देश्य पूरी पारदर्शिता बरतना है।

### बीमारी व सेवा के आधार पर ऐसे बंटेंगे नंबर

गंभीर बीमारी वाले शिक्षकों को सीधे 20 अंक दिए जाएंगे। वहीं, निर्धारित मानक वाले दिव्यांग शिक्षकों को 15 अंकों का लाभ मिलेगा। महिला शिक्षकों और ऐसे शिक्षक पति-पत्नी जो एक-दूसरे से दूर तैनात हैं, उन्हें 10-10 अंक दिए जाएंगे। अनुभव का भी पूरा ख्याल रखा गया है। 31 मार्च तक की सेवा अवधि के आधार पर हर साल के लिए 1 अंक निर्धारित किया गया है। इसके अलावा, आप अभी कहां तैनात हैं, इसके भी नंबर मिलेंगे।

### रिक्त पदों के आधार पर आवंटन

पोस्टिंग संबंधित जिले और स्कूल में खाली पदों पर निर्भर करेगी। जिन शिक्षकों के अंक अधिक होंगे, उन्हें स्कूलों के चयन का पहला विकल्प दिया जाएगा। कम अंक वालों को बची हुई रिक्तियों के आधार पर एडजस्ट किया जाएगा।

### वह सबकुछ जो आप जानना चाहते हैं

**Q. ट्रांसफर के लिए कुल कितने अंक निर्धारित हैं?**
A. तबादले के लिए कुल 100 अंक तय किए गए हैं। इसी आधार पर मेरिट बनेगी।

**Q. किन बीमारियों को 'गंभीर' माना गया है और कितने अंक मिलेंगे?**
A. कैंसर, ओपन हार्ट सर्जरी, किडनी प्रत्यारोपण, ब्रेन ट्यूमर और बोन टीबी जैसी बीमारियों के लिए 20 अंक मिलेंगे।

**Q. क्या अनुभव के भी नंबर मिलेंगे?**
A. हां, 31 मार्च तक की आपकी सेवा के प्रत्येक वर्ष के लिए 1 अंक दिया जाएगा।

**Q. अगर दो लोगों के नंबर एक जैसे हुए तो क्या होगा?**
A. समान अंक होने पर अधिक उम्र वाले शिक्षक को ट्रांसफर में वरीयता दी जाएगी।

**Q. क्या आवेदन के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाने होंगे?**
A. नहीं, पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है। पोर्टल पर आवेदन और दस्तावेजों का सत्यापन होगा।

**Q. पोस्टिंग की जानकारी कैसे मिलेगी?**
A. नंबरिंग और ट्रांसफर की जानकारी शिक्षकों को उनके डिजिटल प्रोफाइल पर मिल जाएगी।

**भास्कर एनालिसिस**

### सिफारिशी दौर खत्म, अब डेटा और डिजिटल सिस्टम से व्यवस्था चलेगी

शिक्षा विभाग का यह कदम बिहार की शिक्षा व्यवस्था में बड़ा सुधार माना जा रहा है। पहले तबादलों में अक्सर पैरवी और भाई-भतीजावाद के आरोप लगते थे। अब 100 अंकों की पारदर्शी व्यवस्था से सबसे ज्यादा लाभ उन शिक्षकों को होगा जो वाकई जरूरतमंद हैं, जैसे गंभीर बीमार या दिव्यांग। मंत्री मिथिलेश तिवारी का यह मॉडल 'डिजिटल सत्यापन' पर आधारित है, जो गड़बड़ी की संभावना को न्यूनतम करता है। रिक्त पदों के आधार पर पोस्टिंग होने से स्कूलों में शिक्षकों का संतुलन भी बेहतर होगा। यह व्यवस्था शिक्षकों को उनके सेवा भाव का उचित प्रतिफल भी दे रही है।

**सम्राट कैबिनेट का फैसला** • पेपर लीक और साइबर अपराधियों पर कसेगा शिकंजा

# सोशल मीडिया पर अपशब्द कहा तो लगेगा सीसीए, एक साल तक जेल

भास्कर न्यूज | पटना

बिहार सरकार ने डिजिटल अपराध और पेपर लीक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर ली है। सोमवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम 2024 (सीसीए) में संशोधन विधेयक को मंजूरी मिली। अब सोशल मीडिया पर गाली-गलौज या अमर्यादित टिप्पणी करने पर सीधे गुंडा एक्ट लगेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक करने वालों पर भी यही सख्त कार्रवाई होगी। इन मामलों में दोषियों को 6 महीने से 1 साल तक की जेल होगी।



राज्य में विशिष्ट विश्वविद्यालयों की स्थापना के लिए विशिष्ट विश्वविद्यालय विधेयक-2026 को मंजूरी दी गई। इसमें आधुनिक अनुसंधान, तकनीकी नवाचार, शोध एवं मानव संसाधन का उन्नयन हो सकेगा। नए वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा रोजगारपरक शिक्षा को बल मिलेगा।

### 132 साल पुराना जेल कानून खत्म, लागू होगा नया सुधारात्मक कानून

- बिहार सरकार ने 132 साल पुराने जेल कानून को खत्म करने का फैसला लिया। कैबिनेट ने द प्रिजन एक्ट-1984 समाप्त करने पर मुहर लगाई।
- ब्रिटिश काल के 'द प्रिजनर्स एक्ट-1900' और 'द ट्रांसफर ऑफ प्रिजनर्स एक्ट-1950' भी खत्म होंगे। बिहार कारा एवं सुधारात्मक सेवा विधेयक-2026 को मंजूरी मिली।
- पेपर लीक गिरोह से जुड़े लोगों पर अब सीधे सीसीए के तहत कार्रवाई होगी। आर्थिक अपराध व साइबर ठगी पर भी कड़ी सजा का प्रावधान रहेगा।
- सोशल मीडिया पर भद्दे कमेंट्स, गाली-गलौज या ट्रोलिंग करने वालों को अब असामाजिक तत्वों की श्रेणी में रखा जाएगा। 14 मार्च 2024 से लागू कानून को अब और सख्त बनाया जाएगा।

### मुजफ्फरपुर में आर्किटेक्चर यूनिवर्सिटी

तकनीकी और आधुनिक शोध को बढ़ावा देने के लिए मुजफ्फरपुर में ''शहीद जुब्बा सहनी वास्तुकला एवं असैनिक अभियंत्रण विश्वविद्यालय'' खुलेगा। यहां सिविल इंजीनियरिंग और आर्किटेक्चर की उच्चस्तरीय पढ़ाई होगी। साथ ही, एआई सेक्टर के लिए 'श्यामा प्रसाद मुखर्जी एआई एवं कम्प्यूटर विज्ञान विश्वविद्यालय' भी खोला जाएगा।

### अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण

सेना से लौटे अग्निवीरों के लिए सरकार ने वनरक्षी (फॉरेस्ट गार्ड) की सीधी नियुक्ति में 20% पद आरक्षित किए हैं। मॉडल स्कूलों के 9वीं से 12वीं के छात्रों को 6 हजार रुपए का विशेष यूनिफॉर्म पैकेज मिलेगा। इस यूनिफॉर्म की आपूर्ति जीविका दीदियों के माध्यम से कराई जाएगी। कैबिनेट की इस बैठक में कुल 10 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी।

**भास्कर एनालिसिस** थाने से लेकर डीएम तक को मिलीं बड़ी शक्तियां

सोशल मीडिया पर गाली-गलौज या आपत्तिजनक कंटेंट पोस्ट करने के अपराध को सीसीए के दायरे में लाने से प्रशासन को नई शक्तियां मिल गई हैं। इससे थाने से लेकर डीएम तक इस मामले में सीधे कार्रवाई कर सकेंगे। यदि डीएम को लगे कि किसी व्यक्ति की ऑनलाइन या डिजिटल गतिविधियां समाज में शांति भंग कर रही हैं, तो उसे बिना जमानत तीन महीने तक जेल भेजा जा सकेगा। आरोपी को संबंधित जिले या तय सीमा क्षेत्र से बाहर रहने का आदेश भी दिया जा सकेगा। उसे थाने में नियमित उपस्थिति दर्ज कराने का निर्देश दिया जा सकेगा। साथ ही उसकी सोशल मीडिया गतिविधियों पर सीधे या डिजिटल माध्यम से नजर रखी जा सकेगी।

**मानसून सत्र** • विधानसभा में 87,383 करोड़ का प्रथम अनुपूरक बजट पेश

# मोबाइल में सट्टेबाजी का एप रखा तो जेल, कृषि भूमि पर उद्योग लग सकेंगे

पॉलिटिकल रिपोर्टर | पटना

बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन सरकार ने भविष्य के विकास की रूपरेखा पेश कर दी है। उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने सदन में 87,383.43 करोड़ रुपये का पहला अनुपूरक बजट पेश किया। सत्र के दौरान सरकार कुल 13 विधेयक पेश करने जा रही है, जिनमें से 5 प्रमुख कानून आम लोगों की जिंदगी और निवेश का माहौल पूरी तरह बदल देंगे। नए प्रावधानों के तहत मोबाइल में ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप रखने और जुआ खेलने पर जेल होगी। पहली बार ऑनलाइन जुआ खेलते पकड़े जाने पर 1 से 3 साल की सजा और 5 लाख तक जुर्माना हो सकता है। दूसरी बार पकड़े जाने पर 7 साल तक की जेल हो सकती है।

वहीं, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए कृषि भूमि पर उद्योग लगाने की प्रक्रिया को आसान किया जा रहा है। इसके अलावा, अब तक मुफ्त होने वाले जमीन के दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) के लिए 200 रुपए शुल्क देना होगा। अनुपूरक बजट में सरकार ने सामाजिक सुरक्षा, रोजगार और बुनियादी ढांचे को सबसे प्राथमिकता पर रखा है। सरकार की प्राथमिकताएं स्पष्ट हैं।

### अगले दो दिनों में पारित होंगे ये बड़े विधेयक

**1. किसी तरह का जुआ खेलना अपराध** *(बिहार जुआ प्रतिषेध विधेयक)*
मोबाइल या कंप्यूटर पर सट्टेबाजी का कोई भी एप रखना अब अपराध होगा। ताश, पासा, काउंटर, गेमिंग टेबल, बोर्ड समेत किसी तरह का जुआ खेलना अपराध माना जाएगा। वर्ली, मटका, सट्टा, ऑनलाइन जुआ या भाग्य का खेल (बिग सिक्स व्हील/व्हील ऑफ फॉर्च्यून, क्रैप्स, थ्री कार्ड गेम, कीनो, पॉन्टून 21, स्लॉट्स आदि) अपराध की श्रेणी में गिना जाएगा।

**2. खेती की जमीन पर बिजनेस की आजादी** *(कृषि भूमि सम्परिवर्तन विधेयक)*
अब बिहार में खेती वाली जमीन को किसी भी व्यावसायिक काम में इस्तेमाल करने के लिए सरकारी रुकावटों का सामना नहीं करना पड़ेगा। सरकार पुराना कानून खत्म कर रही है ताकि 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा मिले। इससे व्यावसायिक गतिविधियों में तेजी आएगी।

**3. म्यूटेशन के लिए अब देने होंगे पैसे** *(भूमि दाखिल-खारिज संशोधन विधेयक)*
अभी तक बिहार में जमीन का म्यूटेशन (दाखिल-खारिज) मुफ्त होता था, लेकिन अब हर म्यूटेशन के लिए 200 रुपये का शुल्क देना होगा। सरकार ने अपना राजस्व बढ़ाने के लिए यह फैसला लिया है। भविष्य में सरकार को इस राशि को और बढ़ाने का भी अधिकार होगा।

**4. जमीन की सही कीमत बतानी होगी** *(भारतीय स्टाम्प बिहार संशोधन विधेयक)*
जमीन की वास्तविक प्रकृति या बाजार मूल्य छिपाकर रजिस्ट्री कराने वालों पर अब कड़ी कार्रवाई होगी। निबंधन अधिकारियों को अब ज्यादा अधिकार दिए गए हैं ताकि वे संपत्ति के सही मूल्य का निर्धारण कर सकें। राजस्व की क्षति रोकने के लिए पुराने दंडात्मक प्रावधानों को और सख्त बनाया गया है।

**5. उद्योग के लिए भटकना नहीं पड़ेगा** *(ईज ऑफ डूइंग बिजनेस विधेयक)*
बिहार को 2047 तक विकसित राज्य बनाने के लिए लाइसेंस और कागजी प्रक्रिया को बेहद सरल किया जाएगा। व्यवसाय सुगमता परिषद बनेगी, जिसके अध्यक्ष खुद मुख्यमंत्री होंगे। निवेश को बढ़ावा देने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम को और मजबूत किया जाएगा।

### यूक्रेन में जहाज पर मिसाइल हमला...4 भारतीयों की मौत

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली/ कीव

यूक्रेन के ओडेसा पोर्ट पर कार्गो जहाज पर हमले में 4 भारतीयों की मौत हो गई जबकि एक अन्य भारतीय जख्मी हो गया। अफ्रीकी देश गिनी बिसाऊ का ये जहाज 'गोल्डन लियो' गेहूं लेकर जा रहा था। जहाज पर 17 का क्रू सवार था। यूक्रेनी नौसेना ने रूस पर मिसाइल हमले का आरोप लगाया है। यूक्रेन ने कहा, रूस ने 3 मिसाइलें दागी थीं, इनमें से दो मिसाइलों को इंटरसेप्ट कर लिया गया। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोमवार को बयान जारी कर हमले की निंदा की है। कहा, यूक्रेन में भारतीय दूतावास स्थिति पर नजर रखे है। प्रभावित लोगों को हर संभव मदद पहुंचाने की पूरी कोशिश की जा रही है।

# बारिश के दौरान ठनका गिरने से आरा-सीवान में 6 की मौत

भास्कर न्यूज | आरा, सीवान

बारिश के दौरान ठनका गिरने से आरा में चार और सीवान में दो लोगों की मौत हो गई। भोजपुर की बरनांव पंचायत के वार्ड सदस्य 51 वर्षीय भिखारी यादव पर ठनका गिर गया। वार्ड सदस्य की मौत घटनास्थल पर ही खेत में हो गई। पीरो में एक किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान जमींदार सिंह पिता स्व. ज्ञानचंद सिंह के रूप में हुई है। गड़हनी में बीए पार्ट-1 की छात्रा नंदनी कुमारी की भी मौत हो गई। चरपोखरी में खेत में काम करते समय ठनका गिरने से 30 वर्षीय गोविंद कुमार की मौत हो गई। वह खरांटी गांव निवासी कामता सिंह का पुत्र था। जबकि सीवान के जीरादेई प्रखंड की चंदौली-गंगोली पंचायत के गंगोली गांव में सोमवार को ठनका गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। दूसरी घटना असांव थाना क्षेत्र के अर्कपुर पंचायत अंतर्गत घटैला गांव की है। वहां खेत में काम करने के दौरान ठनका की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई।

**समस्तीपुर** • आरोपी ने ओवरटेक कर रोका, फायरिंग की

# स्कूल जा रही 12वीं की छात्रा को सीने में मारी 4 गोली, मौत

भास्कर न्यूज | पूसा (समस्तीपुर)

वैनी थाना क्षेत्र के कैजिया विष्णुपुर में सोमवार सुबह सवा 9 बजे बाइक सवार बदमाश ने 12वीं की छात्रा सुमन कुमारी (19) के सीने में 4 गोलियां मार दीं। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सुमन कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय जा रही थी। चंदौली की तरफ से आए आरोपी ने उसे ओवरटेक कर रोका, बाल पकड़े और ताबड़तोड़ फायरिंग कर भाग गया। पुलिस ने 4 खोखे बरामद किए हैं।



मृतक छात्रा की फाइल फोटो।

आरोपी चंदौली गांव का है। वह रोज सुमन को आते-जाते परेशान करता था। उसने जान से मारने की धमकी दी थी। सुमन ने परिजनों को बताया था, लेकिन लोक-लज्जा के डर से बात टाल दी गई। पिता उमेश कुमार ठाकुर ने कहा कि समय रहते पुलिस को बताते तो बेटी जिंदा होती। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने पूसा-ताजपुर मुख्य सड़क जाम कर दी। शव उठाने से रोका और थाने पर हंगामा किया। वहां पहुंचे पुलिसकर्मियों से झड़प भी हुई। बाद में बुद्धिजीवियों के समझाने पर पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज सकी।

### आरोपी की पहचान हो गई, सजा दिलाएंगे : एसडीपीओ

एसपी अरविंद प्रताप सिंह, एसडीपीओ संजय कुमार पांडेय, ताजपुर अंचल निरीक्षक संदीप कुमार, पूसा व वैनी थानाध्यक्षों ने एफएसएल के साथ घटनास्थल की जांच की। एसडीपीओ ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। आरोपी की पहचान हो गई है, स्पीडी ट्रायल से उसे सख्त सजा दिलाई जाएगी।






जीविका
JEEVIKA
बिहार सरकार

ग्रामीण विकास विभाग

विकसित भारत-समृद्ध बिहार

# श्री सम्राट चौधरी

मानानीय मुख्यमंत्री, बिहार

के कर-कमलों द्वारा

## बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका)

अंतर्गत

नव चयनित 2446 अभ्यर्थियों का

## नियुक्ति-पत्र वितरण कार्यक्रम

विशिष्ट अतिथि

**श्री विजय कुमार चौधरी**
माननीय उप मुख्यमंत्री, बिहार

**श्री बिजेंद्र प्रसाद यादव**
माननीय उप मुख्यमंत्री, बिहार

अध्यक्षता

**श्री श्रवण कुमार**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग

PR No.- 008258 (RDD)D. 2026-27

दिनांक : 21 जुलाई, 2026 । समय : 12.30 बजे अपराह्न । स्थान : ऊर्जा ऑडिटोरियम, पटना




पटना, बिहार, मंगलवार 21 जुलाई, 2026, आषाढ़ शुक्ल पक्ष-7, 2083 | कुल पेज 20, मूल्य ₹ 4.00, वर्ष 13, अंक 180 | 12 राज्य 61 संस्करण


# संसद पर 14 साल का सबसे बड़ा प्रदर्शन

**'चलो संसद' मार्च;** सीजेपी व अन्य संगठनों के हजारों प्रदर्शनकारी जुटे, बैरिकेडिंग तोड़ डाली



**आंसू गैस के गोले;** पुलिस-प्रदर्शनकारियों में 12 से ज्यादा जगह भिड़ंत, सैकड़ों घायल



**...फिर लाठीचार्ज;** भारी भीड़ को संसद की ओर जाने से रोकने के लिए कई जगह बल प्रयोग



## 2012 में निर्भया कांड के बाद पहली बार दिल्ली में ऐसा आक्रोश दिखा

अनिरुद्ध शर्मा/अजय प्रकाश | नई दिल्ली

नीट पेपर लीक के विरोध में शुरू हुआ कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का प्रदर्शन सोमवार को संसद तक पहुंच गया। पिछले 14 साल में पहली बार प्रदर्शनकारियों की भीड़ संसद के दरवाजे तक पहुंची है। इससे पहले, 2012 में निर्भया कांड के विरोध में इस इलाके में बड़े स्तर पर प्रदर्शन हुआ था। प्रदर्शनकारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे हैं। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, झड़पों में 5 आईपीएस समेत 118 पुलिसकर्मी और 60 से ज्यादा प्रदर्शनकारी घायल हुए। 70 लोग हिरासत में लिए गए। वहीं, सीजेपी के प्रवक्ता आशुतोष रांका ने दावा किया कि 100 से ज्यादा प्रदर्शनकारी अस्पताल में भर्ती हैं। एक हजार से ज्यादा को चोटें आईं।

सुरक्षा बलों के 15-20 वाहनों में भी तोड़फोड़ की गई। सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक नई दिल्ली जिले में इंटरनेट बंद रहा। सोमवार को संसद के रेलभवन के करीब वाले दरवाजे पर सैकड़ों प्रदर्शनकारी पहुंच गए। संसद के सभी दरवाजे लॉक कर दिए गए। करीब एक घंटे प्रवेश व निकासी बंद रही। वहीं, छत्तीसगढ़, हरियाणा, तेलंगाना, बंगाल, गुजरात, यूपी और केरल समेत कई राज्यों में सीजेपी के समर्थन में प्रदर्शन हुए।

**भास्कर इनसाइट** पहली बार कॉकरोच जनता पार्टी से मिली सरकार, सभी मांगें सुनीं

## बातचीत के लिए सुबह 6 बजे कॉल आया था, 11:45 बजे नड्डा से मुलाकात

**सरकार** ने पहली बार सीजेपी से बात की। जेपी नड्डा सीजेपी के प्रवक्ता सौरव दास और आशुतोष रांका से मिले। 10 मिनट की मुलाकात में सीजेपी ने ये मांगें रखीं।
1. सोनम वांगचुक को हॉस्पिटल से रिहा किया जाए।
2. शिक्षा मंत्री धर्मेंद प्रधान अपने पद से इस्तीफा दें।
3. आत्महत्या करने वाले नीट के छात्रों के परिवार को एक-एक करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाए।

- नई दिल्ली के पुलिस उपायुक्त ने सरकार और सीजेपी में संवाद के लिए संपर्क किया। सोमवार सुबह 6 बजे से बात चली। 11:45 बजे नड्डा से मिलने पर सहमति बनी।



नड्डा को मांगें सौंपते सीजेपी के सौरव दास व आशुतोष रांका। नड्डा ने कहा कि हमारी बातचीत सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई है।

**शाह-प्रधान के बीच साढ़े 3 घंटे बैठक;** हंगामे के बीच शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। करीब साढ़े तीन घंटे तक बैठक चली। किन मुद्दों पर चर्चा हुई, ये ब्योरा नहीं मिला।

- दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन से मुलाकात की। बैठक में आईबी प्रमुख भी थे। इनमें सीजेपी के प्रदर्शन और पूरे हालात पर चर्चा हुई।

## मानसून सत्र; नीट पेपर लीक, चढ़ावा चोरी पर संसद में हंगामा, दोनों सदनों में 6-6 बार स्थगन

**नई दिल्ली** | नीट पेपर लीक और राम मंदिर में दान चोरी के आरोपों पर विपक्ष के हंगामे से सोमवार को मानसून सत्र के पहले दिन संसद की कार्यवाही बुरी तरह प्रभावित रही। लोकसभा और राज्यसभा, दोनों सदनों में दिनभर छह-छह बार कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। अंततः दोनों सदनों की बैठक मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष ने नीट पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में जंतर-मंतर पर छात्रों पर लाठीचार्ज का मुद्दा भी उठाया।

- **लोकसभा में हंगामे के बीच कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सुप्रीम कोर्ट के जजों की संख्या 34 से बढ़ाकर 38 करने वाला विधेयक संसद में पेश किया।**

**अनशन का आज 24वां दिन**

## वांगचुक ने शर्तें रखीं, फिर कहा-अनशन जारी रखूंगा

**सोनम वांगचुक** ने अस्पताल से चिट्ठी लिखकर अनशन जारी रखने का ऐलान किया। अनशन के 23वें दिन उन्होंने कहा, प्रदर्शनकारी युवाओं पर बर्बरता को देखते हुए ये निर्णय लिया है। अनशन तब तक जारी रहेगा, जब तक युवा नेताओं को संसद भवन में सांसदों से मिलने की अनुमति नहीं दी जाती, या मुझे अस्पताल में ही उनसे मिलने दिया जाता। इससे पहले सोनम वांगचुक ने 3 शर्तें रखी थीं-



- **पहली** : शिक्षा व्यवस्था में हाल की विफलताओं, जैसे प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं, की जिम्मेदारी लें।
- **दूसरी शर्त** : आश्वासन दें मुद्दा संसद में उठाएंगे।
- **तीसरी शर्त** : विभिन्न दलों के सांसद और नेता अस्पताल आकर आश्वासन दें तो अनशन तोड़ूंगा।


दैनिक भास्कर जीतो 16 करोड़ किस्मत की चाबी

अखबार शुरू करवाने के लिए 9292 91 9292 पर मिस्ड कॉल दें

दैनिक भास्कर सच्ची बात, बेधड़क

स्कीम की जानकारी के लिए विजिट करें jeeto16cr.com


**फुटबॉल वर्ल्ड कप** • विजेता को मिले 490 करोड़, 2022 से 21% ज्यादा

## स्पेन इसलिए चैम्पियन: 8 मैच में 1 ही गोल खाया, वर्ल्डकप इतिहास में सबसे कम, 38 मैचों से अजेय



ट्रॉफी के साथ स्पेन की टीम।

**भास्कर न्यूज़. न्यूजर्सी** | स्पेन ने अर्जेंटीना को हराकर फीफा विश्व रैंकिंग में नंबर-1 स्थान हासिल कर लिया है। वह दो बार विश्व कप जीतने वाली सातवीं टीम बन गई है। टीम 2024 से लगातार 38 मैचों (29 जीत और 9 ड्रॉ) से अजेय रहकर इटली के 37 मैचों का विश्व रिकॉर्ड तोड़ चुकी है।

- इस विश्व कप के 8 मैचों में स्पेन ने 15 गोल किए। सिर्फ 1 खाया। यह वर्ल्डकप के 96 साल में किसी चैम्पियन टीम द्वारा सबसे कम गोल खाने का सर्वकालिक रिकॉर्ड है। पहले यह रिकॉर्ड स्पेन (2010 में 2 गोल) के ही नाम था।
- दो साल में 97 गोल करने और महज 26 गोल खाने वाली चैम्पियन स्पेन को इनाम में 490 करोड़ मिले हैं, जो 2022 से 21% अधिक है। अर्जेंटीना को 318 करोड़ रु. मिले।

**ट्रम्प फोटो खिंचवाने को खड़े रहे, फीफा अध्यक्ष ने हटाया**

स्पेन के कप्तान रोड्री को ट्रॉफी सौंपने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मंच से हटने के बजाय टीम के बीच खड़े रहे। यह देख फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने उन्हें इशारा किया, तो ट्रम्प टीम के बगल में खड़े हो गए। फिर जियानी ने उन्हें हटाकर पीछे की ओर कर दिया।

## त्रिपुरा: ऑफिस में फंदे से लटके मिले डीजीपी

भास्कर न्यूज़ | अगरतला



त्रिपुरा के डीजीपी अनुराग धनखड़ (60) सोमवार को पुलिस मुख्यालय में अपने चैंबर के वॉशरूम में फंदे से लटके मिले। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शव अंतिम संस्कार के लिए मेरठ स्थित पैतृक घर ले जाया जाएगा। सीएम माणिक साहा ने निधन पर शोक व्यक्त किया। मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं।

## ब्रिटेन के पीएम बने एंडी बर्नहम; 40 साल का सबसे बड़ा बदलाव लाने का वादा

भास्कर न्यूज़ | लंदन

लेबर पार्टी के नेता एंडी बर्नहम सोमवार को ब्रिटेन के पीएम बन गए। ब्रेग्जिट के बाद 10 साल में वे ब्रिटेन के 7 पीएम बने हैं। बर्नहम ने राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा कि यह ब्रिटेन के लिए 'सर्किट ब्रेकर मोमेंट' होगा। उन्होंने 40 साल में सबसे बड़े बदलाव लाने का वादा किया। बर्नहम ने कहा कि 1980 में मार्गरेट थैचर के समय शुरू हुए निजीकरण, लंदन-केंद्रित सत्ता और उद्योगों को खत्म करने वाले मॉडल को अब पलटा जाएगा।

**दुस्साहस** • मसौढ़ी में भगवानगंज थाने से 300 मीटर दूर घटना

## ज्वेलरी दुकान में डकैती... तीस मिनट में 75 लाख के गहने ले उड़े

भास्कर न्यूज़ | पटना/मसौढ़ी

मसौढ़ी स्थित भगवानगंज थाना से मात्र 300 मीटर की दूरी पर रविवार देर रात डकैतों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। भगवानगंज बाजार स्थित 'चांदनी अलंकार ज्वेलरी' दुकान और आवास में घुसे 10 हथियारबंद डकैतों ने दुकानदार के पूरे परिवार को बंधक बना लिया। अपराधियों ने महज 30 मिनट के अंदर 75 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के गहने और 30 हजार रुपये नकद लूट लिए। विरोध करने पर दुकानदार, उनकी पत्नी, मां और दो बच्चों को गोली मारने की धमकी दी गई। डकैत अपने साथ दुकानदार की बाइक और मोबाइल भी ले गए।

वारदात रात के अंधेरे में हुई। अपराधी अपने साथ बांस की सीढ़ी लेकर आए थे। मकान के पिछले हिस्से में सीढ़ी लगाकर वे छत के रास्ते घर के अंदर दाखिल हुए। घर में मौजूद दुकानदार दीपक सोनी, उनकी पत्नी, मां और दोनों बच्चों को बंधक बना लिया। डकैतों ने अलमारी और बक्सों को खंगालने के बाद दुकान का ताला तोड़ा और कीमती सामान समेट लिया। करीब आधे घंटे तक अपराधी घर और दुकान में तांडव मचाते रहे। घटना की सूचना मिलते ही सिटी एसपी (पूर्वी) शैलजा, मसौढ़ी एसडीपीओ-1 राघव दयाल और थानेदार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दुकानदार की लूटी गई बाइक को जहानाबाद के कल्पा से बरामद कर लिया है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी का गठन किया है।

सीढ़ी लगाकर दुकान में घुसे, घटना सीसीटीवी में कैद



**भास्कर इनसाइट**

### जींस पहने थे डकैत, मगही में कर रहे थे बात

सभी अपराधी 20 से 25 साल की उम्र के थे। उन्होंने जींस पैंट पहनी थी और चेहरे को गमछे से छिपा रखा था। पीड़ित परिवार के अनुसार, अपराधी आपस में मगही भाषा में बात कर रहे थे। आशंका जताई जा रही है कि डकैत जहानाबाद और मसौढ़ी इलाके के ही हैं। घटना को अंजाम देने से पहले अपराधियों ने दुकान की रेकी भी की थी।

**न्यूज ब्रीफ**

### बंगाल में 1 सितंबर से सरकारी कामकाज में बांग्ला अनिवार्य

कोलकाता | पश्चिम बंगाल में सभी सरकारी कामकाज में 1 सितंबर 2026 से (बांग्ला) बंगाली भाषा अनिवार्य होगी। सीएम सुवेंदु अधिकारी ने विधानसभा में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और अन्य राज्यों के साथ आधिकारिक पत्राचार बांग्ला व हिंदी में किया जाएगा। पुलिस और कानून-व्यवस्था से जुड़ी सेवाओं, जन-जागरूकता संदेशों में भी बांग्ला भाषा का व्यापक इस्तेमाल होगा।

### 20 किमी दायरे के लोगों को एप से घर बैठे टोल पास

नई दिल्ली | एनएचएआई ने 'राजमार्गयात्रा' मोबाइल एप पर डिजिटल लोकल टोल पास सुविधा शुरू की है। इसमें टोल प्लाजा के 20 किमी दायरे के लोग घर बैठे लोकल पास बनवा सकेंगे। इससे संबंधित टोल प्लाजा पर पूरे माह असीमित आवाजाही हो सकेगी। अभी यह सुविधा दिल्ली के मुंडका-बक्करवाला टोल प्लाजा पर शुरू हुई है। आगामी महीनों में देश में अन्य जगह भी लागू होगी।

**अंदर पढ़ें**


जम्मू-कश्मीर: भूस्खलन में एक ही परिवार के 7 की मौत... -देश विदेश पेज पर

क्रूड 91 डॉलर पार, सेंसेक्स 443 अंक गिरा -बिजनेस पेज पर


**भास्कर खास** विवि में बिना लैब-लाइब्रेरी चल रहे बीबीए और बीसीए के कोर्स

## पीयू के कई तकनीकी कोर्स को एआईसीटीई की मान्यता नहीं... नौकरी, दाखिले में होगी दिक्कत

अमित कुमार | पटना

पटना विश्वविद्यालय (पीयू) में वोकेशनल और तकनीकी कोर्स करने वाले हजारों छात्रों का भविष्य दांव पर है। विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही से बीबीए, बीसीए और बीलिब जैसे कई महत्वपूर्ण कोर्स बिना ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) की मान्यता के चल रहे हैं। ये सभी कोर्स सेल्फ फाइनेंस मोड में चलते हैं और सामान्य कोर्स से अधिक फीस इनमें देनी होती है।

छात्रों को डर है कि बिना एआईसीटीई की मुहर के उन्हें भविष्य में सरकारी या निजी नौकरी मिलने में दिक्कत होगी। उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिला लेना भी मुश्किल होगा। लोकभवन व राज्य सरकार ने 2024 में ही स्पष्ट निर्देश दिया था कि बिना एआईसीटीई की अनुमति के कोई भी तकनीकी कोर्स नहीं चलेंगे। लेकिन पीयू के पटना कॉलेज और पटना साइंस कॉलेज में अब भी ये कोर्स धड़ल्ले से चल रहे हैं। विवि प्रशासन का तर्क है कि सरकारी संस्थानों के छात्रों को दिक्कत नहीं होगी, लेकिन नियमों की हकीकत कुछ और ही है। मान्यता न मिलने का सबसे बड़ा कारण बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। एआईसीटीई के नियमों के मुताबिक लैब, लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास और पर्याप्त शिक्षक होने चाहिए। पटना कॉलेज के बीसीए लैब में तीन साल पहले आग लगी थी, तब से नए कंप्यूटर नहीं खरीदे गए। कंप्यूटर के बिना ही छात्र कंप्यूटर की पढ़ाई कर रहे हैं। वहीं साइंस कॉलेज के पास इन कोर्स के लिए अपना भवन तक नहीं है।

**दावा बनाम हकीकत**

**दावा** : एआईसीटीई की मान्यता नहीं होने से छात्रों को कोई परेशानी नहीं होगी।
**हकीकत** : बिना एआईसीटीई मान्यता के भविष्य में नौकरी और उच्च शिक्षा में परेशानी की आशंका बनी हुई है।

**दावा** : सभी तकनीकी कोर्स के लिए एआईसीटीई से मान्यता लेने की प्रक्रिया चल रही है।
**हकीकत** : पटना कॉलेज के बीबीए के लिए 2024 में आवेदन हुआ था, लेकिन अब तक मान्यता नहीं मिली।

*कुछ कॉलेजों ने मान्यता ली हुई है। कुछ ने एआईसीटीई से स्वीकृति के लिए आवेदन किया है, लेकिन अभी मान्यता नहीं मिली है। जल्द एआईसीटीई की स्वीकृति दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।* **-प्रो. बीरेंद्र प्रसाद,** *इंचार्ज, वोकेशनल कोर्स, पीयू*

### चढ़ावा चोरी... अपराध की जांच का मामला, राजनीति न करें: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली** | राम मंदिर चढ़ावा चोरी की जांच स्थानीय पुलिस की जगह नई एसआईटी को सौंपी जा सकती है। यह संकेत सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने दिए। शीर्ष अदालत ने यूपी सरकार से पूछा- क्या निष्पक्ष व पारदर्शी जांच के लिए नई एसआईटी बना सकते हैं? सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहन की पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि राज्य सरकार से इस संबंध में निर्देश लेकर बताएं। अगली सुनवाई 27 को होगी। सीजेआई ने याचिकाकर्ताओं से कहा, 'इस मुद्दे का राजनीतिकरण मत कीजिए। कोर्ट राजनीति की जगह नहीं। यह अपराध की जांच का मामला है। हम केवल यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि जांच निष्पक्ष हो और तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचे।' -शेष पेज 15 पर

**सरकार की मंजूरी** • क्यूडेंगा 80.2% असरदार

## भारत को मिली पहली डेंगू वैक्सीन, 60 साल तक के लोगों को लगेगी

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) ने देश में पहली डेंगू वैक्सीन के इस्तेमाल को मंजूरी दे दी है। यह वैक्सीन जापान की फार्मा कंपनी टाकेडा ने बनाई है। इसका नाम है- क्यूडेंगा। यह 4 से 60 साल तक के लोगों को लगेगी।

इसे लगाने से पहले किसी प्री-वैक्सीनेशन टेस्ट की जरूरत नहीं है। चाहे व्यक्ति को पहले डेंगू हुआ हो या नहीं, ये सभी को लग सकेगी। यह डेंगू के खिलाफ 80.2% तक असरदार है और अस्पताल में भर्ती होने के खतरे को 84.1% से 90.4% तक कम कर देती है। डेंगू मच्छरों से फैलने वाली वायरल इंफेक्शन है। दुनियाभर के एक तिहाई केस भारत (1.13 लाख तक) में मिलते हैं। क्यूडेंगा को 2022 में 43 देश मंजूरी दे चुके हैं। अब तक 3.2 करोड़ लोगों को वैक्सीन लग चुकी है।

**तीन महीने के अंतर से दो डोज लगेंगी...**

यह एक लाइव-अटेनुएटेड वैक्सीन है। इसकी 0.5 एमएल की 2 डोज त्वचा के नीचे (सबक्यूटेनियस) दी जाती हैं, जिनके बीच 3 महीने का अंतर होता है। भारत में इसकी एक डोज की कीमत क्या होगी, यह फिलहाल डीसीजीआई ने नहीं बताई। लेकिन, अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी एक डोज की कीमत अभी 3300 से 6500 रु. के बीच है।

**दैनिक भास्कर तक**
**अब सीधे पहुंचाएं अपनी खबर...**
यदि आप कोई सामाजिक या धार्मिक आयोजन, प्रेस कॉन्फ्रेंस या किसी संस्था से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचना साझा करना चाहते हैं तो इस नंबर पर वॉट्सएप करें।
वॉट्सएप नंबर **9340931206**



## मानसून मेहरबान... पटना में दिनभर मौसम सुहाना रहा, 24 घंटों में 41.8 मिमी बारिश

**पटना** | बिहार में मानसून पूरी तरह सक्रिय है। राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकांश हिस्सों में सोमवार को दिनभर बादल छाए रहे और रुक-रुक कर बारिश होती रही। इससे उमस और गर्मी से राहत मिली। पटना में पिछले 24 घंटों में 41.8 मिमी बारिश हुई। दिनभर ठंडी हवाएं चलने और बादल छाए रहने से मौसम सुहाना रहा। अधिकतम तापमान 32.2 और न्यूनतम 26.6 डिग्री से. दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटों तक अधिकतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। इसके बाद तापमान में 2 से 4 डिग्री बढ़ोतरी की संभावना है। न्यूनतम तापमान में अगले पांच दिनों तक खास परिवर्तन होने की उम्मीद नहीं है।

### अगले सात दिनों तक बारिश का दौर

आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार अगले एक सप्ताह तक राज्य के अलग-अलग हिस्सों में बारिश, मेघ गर्जन और 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। 20 जुलाई को गया, नवादा और पश्चिम चंपारण में कहीं-कहीं अति भारी बारिश हो सकती है। पटना, समस्तीपुर, वैशाली, भोजपुर, बक्सर, जहानाबाद, रोहतास और आसपास के जिलों में भारी बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। भागलपुर, भोजपुर, बक्सर, कटिहार, पूर्णिया और रोहतास के कुछ हिस्सों में बारिश-वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है।

### वर्षा के मुख्य आंकड़े

पटना में 24 घंटों में बारिश: 41.8 मिमी
**राज्य का सर्वाधिक तापमान : 35.4 डिग्री (मोतिहारी)**
राज्य का न्यूनतम तापमान : 24.7 डिग्री (मुंगेर)
**सबसे अधिक वर्षा : सिसवन (सिवान) में 196.2 मिमी**
अगले 48 घंटे : तापमान में बदलाव नहीं
**अगले सप्ताह : कई जिलों में भारी से अति भारी बारिश, वज्रपात और तेज हवा की संभावना।**

### जेसीबी चलाने के लिए साप्ताहिक रिश्वत मांग रहे थे

# मोकामा के साम्यागढ़ थानेदार 27 हजार घूस लेते गिरफ्तार, सस्पेंड हुए

क्राइम रिपोर्टर | पटना

मोकामा के साम्यागढ़ थानेदार सौरभ कुमार को 27 हजार की घूस लेते रंगेहाथ पकड़ा गया। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने सोमवार को इन्हें गिरफ्तार किया। सौरभ जेसीबी चलाने के एवज में साप्ताहिक घूस मांग रहे थे। टीम ने थाना परिसर में ही घूस लेते पकड़ा। सौरभ कुमार 2019 बैच के दारोगा हैं। इन्हें निलंबित किया गया है। अब विभागीय कार्यवाही चलेगी।

प्रहलादपुर गांव के मनोज कुमार ने निगरानी के कार्यालय में लिखित शिकायत की थी। आरोप लगाया गया था कि साम्यागढ़ थानेदार इलाके में जेसीबी चलाने के एवज में साप्ताहिक रिश्वत मांगते हैं। मनोज किराए पर जेसीबी लेकर किसानों को जमीन समतल कराने के लिए देते हैं। शिकायत के बाद निगरानी ने मामले का सत्यापन किया। थानाध्यक्ष के रिश्वत मांगने का प्रमाण मिला। इसके आधार पर केस दर्ज किया गया। निगरानी के वरीय पुलिस उपाधीक्षक आदित्य राज और अरुणोदय पाण्डेय के नेतृत्व में टीम बनाई गई। टीम ने थानेदार को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। सौरभ को निगरानी थाने लाया गया, जहां से कोर्ट में पेश किया जाएगा।

निगरानी की टीम ने पकड़ा



### बरसात ने शहर के सरकारी अस्पतालों की कुव्यवस्था जाहिर की, कई जगह जलजमाव

# पहली बारिश भी नहीं झेल पाया पीएमसीएच का नया भवन... छत से रिसाव, दीवारों पर सीलन

हेल्थ रिपोर्टर | पटना

बरसात आते ही राजधानी पटना के सरकारी अस्पतालों की तैयारियां सामने आ गईं। करोड़ों खर्च कर बनाए गए नए अस्पताल भवन पहली बारिश भी नहीं झेल पाए। कहीं नई छतों से पानी रिसने लगा है तो कहीं वार्डों और डॉक्टरों के चैंबर में सीलन हो गई है। कई अस्पतालों के कैंपस में जलजमाव और कीचड़ से मरीजों को खासी परेशानी हो रही है। पीएमसीएच, एलएनजेपी हड्डी अस्पताल, न्यू गार्डिनर रोड अस्पताल और गर्दनीबाग अस्पताल में बारिश के बाद मरीजों-परिजनों, डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों को भारी समस्या हुई।

सबसे चौंकाने वाली स्थिति 5540 करोड़ रुपए से निर्माणाधीन पीएमसीएच के न्यू हॉस्पिटल ब्लॉक की हुई है। इसे कुछ महीने पहले ही अस्पताल प्रशासन को हैंडओवर किया गया है। इस आधुनिक भवन के पांचवें तल्ले पर स्थित स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के डॉक्टर चैंबर में बारिश के दौरान छत से पानी रिसने लगा। पूरे रूम में पानी फैल गया। कमरे की दीवारों पर पानी रिसाव के निशान, सीलन और फफूंद दिख रही है। कई जगह फॉल्स सीलिंग भी खुल गई है। कर्मचारियों ने मेडिकल उपकरण, कंप्यूटर, फर्नीचर और जरूरी दस्तावेजों को भीगने से बचाने के लिए तत्काल व्यवस्था की। कुछ जगह बाल्टियां रखकर पानी को रोका गया। इस स्थिति से भवन के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### डॉक्टर के चैंबर में पानी, कैंपस में कीचड़




बारिश के बाद पीएमसीएच परिसर की सड़कें कीचड़ से सन गईं हैं। जगह-जगह फिसलन है। गंभीर मरीजों को परिजन ट्रॉली-स्ट्रेचर से कीचड़ से होकर रेडियोलॉजी विभाग में एक्स-रे, सीटी स्कैन, एमआरआई और अन्य जांच के लिए ले गए। माइक्रोबायोलॉजी विभाग जाने के लिए या फिर अशोक राजपथ से हॉस्पिटल ब्लॉक आने के लिए इन्हीं कीचड़ भरे रास्तों से गुजरना पड़ रहा है।

**न्यू गार्डिनर रोड अस्पताल :** न्यू गार्डिनर रोड अस्पताल के कई हिस्सों में छत से पानी रिस रहा है। जगह-जगह प्लास्टर झड़ रहा है और दीवारों पर सीलन आ गई है।
**गर्दनीबाग अस्पताल :** गर्दनीबाग अस्पताल में जलभराव की समस्या देखी गई। अस्पताल परिसर में पहली अच्छी बारिश के बाद ही कई जगह पानी जमा हो गया। मरीजों और उनके परिजनों को पानी से होकर अस्पताल पहुंचना पड़ा।

### एलएनजेपी हड्डी अस्पताल में घुटनों तक पानी



एलएनजेपी हड्डी अस्पताल परिसर में घुटनों तक पानी भर गया। हड्डी टूटने, ऑपरेशन के बाद भर्ती मरीजों और प्लास्टर चढ़े लोगों को इसी से होकर जाना पड़ा। कई मरीज बैसाखी के सहारे चलते नजर आए। कुछ के परिजन सहारा देकर ले गए। मुख्य प्रवेश मार्ग और बरामदे तक पानी भर जाने से व्हीलचेयर और स्ट्रेचर ले जाने में कर्मचारियों को काफी समस्या हुई। हड्डी के मरीजों के लिए फिसलन और जलभराव दोहरी मुसीबत बन गए। मरीजों का कहना था कि हर बारिश में यही स्थिति बनती है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं किया जाता।

### संक्रमण का खतरा

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि अस्पतालों में सीलन, टपकती छत और जलभराव संक्रमण का बड़ा कारण बन सकता है। नमी बढ़ने से फफूंद और बैक्टीरिया तेजी से पनपते हैं। इससे वार्डों, ओपीडी और जांच कक्षों में मरीजों के संक्रमित होने का खतरा बढ़ जाता है।

### निर्माण एजेंसी को सूचित किया गया है : अधीक्षक

पीएमसीएच के अस्पताल अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार सिंह ने बताया कि बारिश के बाद नए भवन में कई जगहों से पानी टपकने की शिकायतें मिली है, इसे यथाशीघ्र दुरुस्त करने के लिए संबंधित एजेंसी को सूचित किया गया है। न्यू गार्डिनर रोड अस्पताल के निदेशक डॉ. मनोज कुमार सिन्हा ने बताया कि यह भवन काफी पुराना है और इसका पुनर्निर्माण किया जाना है। इसके लिए एक बार टेंडर भी निकाला गया, जिसे तकनीकी कारणों से वापस ले लिया गया। भवन की स्थिति बेहद खराब है। स्वास्थ्यकर्मियों को डर लगा रहता है कि कहीं हादसा न हो जाए।

## हेलो कहते ही 6 सेकंड में 91 हजार रुपए साफ

सिटी रिपोर्टर | पटना

आलमगंज के कथकतल निवासी महेंद्र मिस्त्री के खाते से साइबर अपराधियों ने 91 हजार रुपए उड़ा लिये। महेंद्र दोपहर में अपने घर पर टीवी देख रहे थे। तभी उनके मोबाइल पर अज्ञात नंबर से कॉल आई। उन्होंने कॉल रिसीव कर हेलो कहा, पर दूसरी तरफ से जवाब नहीं मिला। महज 6 सेकेंड की कॉल में महेंद्र के खाते से दो अलग-अलग ट्रांजेक्शन से 91 हजार रुपए निकल गए।

मोबाइल पर निकासी का मैसेज आते ही उनके होश उड़ गए। महेंद्र ने साइबर थाने में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जब उस नंबर को ट्रैक किया तो पता चला कि वह शातिर पहले भी कई लोगों को चूना लगा चुका है। इस नंबर पर पहले से साइबर थाने में दो मामले दर्ज हैं। पुलिस नंबर के धारक का पता लगाने में जुटी है। फिलहाल जांच जारी है।

## पटना सिटी सीओ समेत 18 अफसरों को शो-कॉज

सिटी रिपोर्टर | पटना

पटना सिटी अंचल के सीओ समेत 18 अधिकारियों को डीएम कुंदन कुमार ने शो-कॉज किया है। 17 अफसरों ने सहयोग पोर्टल के आवेदनों को समय सीमा में नहीं निपटाया है। जबकि सीडब्ल्यूजेसी के सर्वाधिक 37 मामले लंबित रहने पटना सिटी सीओ से स्पष्टीकरण मांगा गया है। डीएम ने सोमवार को जिलास्तरीय समन्वय समिति की साप्ताहिक बैठक की। सभी एसडीओ और भूमि सुधार उप समाहर्ता को दाखिल-खारिज, परिमार्जन, नापी संबंधी आवेदनों का तेजी से निपटारा करने को कहा। ताकि, जिले की रैंकिंग सुधरे। अभी दानापुर अनुमंडल में सबसे अधिक 7,528 दाखिल-खारिज के मामले लंबित हैं। पटना सदर अनुमंडल में 7,247 मामले लंबित हैं। वहीं, सहयोग पोर्टल पर आए 23262 आवेदनों में से 21,933 का निष्पादन हुआ है। डीएम ने कहा कि जिले में उद्योग व व्यवसाय की स्थापना में निवेशकों को जल्द क्लीयरेंस मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को समय सीमा में आवेदनों के निष्पादन का निर्देश दिया।

### तापमान / मौसम

दिन **31.4°** अधिकतम | रात **26.5°** न्यूनतम

अगले 48 घंटों तक तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। कहीं-कहीं भारी बारिश, तेज हवाएं चलने का अनुमान है।

### लोकल सोना चांदी भाव

| सोना | | चांदी |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | 22 कैरेट | प्रति किलो |
| 141500 (+500) | 131140 (+1000) | 223000 (+1500) |

(रेट प्रति 10 ग्राम में, जीएसटी एक्स्ट्रा)

### न्यूज ब्रीफ

## मेंटेनेंस के लिए आज दो फीडरों से दिन में बिजली सप्लाई बंद रहेगी



**पटना** | मेंटेनेंस वर्क के कारण मंगलवार को दिन में शहर के दो बिजली फीडरों से सप्लाई बंद रहेगी। बिजली विभाग के अनुसार आनंद बाजार उपकेंद्र से 11 केवी फीडर सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक बंद रहेगा। इस अवधि में हाथीखाना मोड़, सगुना मोड़, मैनपुरा, खड़ंजा रोड और सगुना गैस गोदाम क्षेत्र प्रभावित होंगे। वहीं, मछुआटोली पीएसएस का 11 केवी आउटर फीडर सुबह 11 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक बंद रहेगा, जिससे काजीपुर और आरके एवेन्यू रोड में बिजली आपूर्ति बाधित होगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि आवश्यक कार्य पहले से निपटा लें और वैकल्पिक व्यवस्था रखें।

# आईजीआईएमएस में टीओपी खुलेगा, चोरों और दलालों पर शिकंजा कसेगा

### हर दिन अस्पताल में 14 से 20 हजार लोगों की आवाजाही

हेल्थ रिपोर्टर | पटना

आईजीआईएमएस कैंपस में नया टाउन आउट पोस्ट (टीओपी) खोलने की प्रक्रिया शुरू हुई है। इस संबंध में बिहार के पुलिस महानिदेशक और आईजीआईएमएस प्रशासन के बीच बैठक हुई। इसमें टीओपी खोलने के लिए भवन, पुलिस बल की तैनाती, संसाधन, कार्यक्षेत्र और संचालन व्यवस्था समेत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सहमति बनी। अस्पताल में रोज करीब 14 से 20 हजार लोगों की आवाजाही होती है। यहां बिहार समेत झारखंड, उत्तर प्रदेश और नेपाल सीमा से मरीज आते हैं।

जानकारी के अनुसार, पिछले कुछ समय से अस्पताल परिसर में मोबाइल चोरी, पॉकेटमारी, दलालों की सक्रियता, पार्किंग विवाद और मरीजों के परिजनों के साथ अभद्र व्यवहार की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। इसके अलावा अस्पताल के बाहरी हिस्से में नशेड़ियों और असामाजिक तत्वों की मौजूदगी भी सुरक्षा के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। इन्हीं समस्याओं से निपटने के लिए अस्पताल परिसर में स्थायी पुलिस चौकी के रूप में टीओपी खोलने का निर्णय लिया गया है। अभी किसी भी आपराधिक घटना की शिकायत के लिए लोगों को स्थानीय थाने का सहारा लेना पड़ता है। इससे प्राथमिकी दर्ज कराने और पुलिस कार्रवाई शुरू होने में समय लग जाता है। टीओपी खुलने के बाद शिकायत मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर तत्काल कार्रवाई कर सकेगी। इससे अपराधियों और दलालों पर प्रभावी अंकुश लगेगा।

**बढ़ते मरीजों के दबाव और सुरक्षा संबंधी चुनौतियों को लेकर लिया गया निर्णय**

आईजीआईएमएस के डिप्टी डायरेक्टर विभूति प्रसन्न सिन्हा ने बताया कि अस्पताल प्रशासन ने बढ़ते मरीजों के दबाव और सुरक्षा संबंधी चुनौतियों को देखते हुए सरकार से नए टीओपी की मांग की थी। रोजाना हजारों लोगों के आने-जाने के कारण सुरक्षा व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है। चोरी, पॉकेटमारी और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों से मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी होती है। टीओपी खुलने के बाद ऐसी घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण लगेगा। पुलिस की त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित होगी। अस्पताल का माहौल पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित, व्यवस्थित और भरोसेमंद बनेगा।

**सिटी एंकर** | राज्य सरकार राशि देगी, वित्तीय संकट दूर होगा

# पटना मेट्रो को 1100 करोड़ मिलेंगे, खेमनीचक से मीठापुर का सफर अगले साल जून से शुरू

सिटी रिपोर्टर | पटना

राज्य सरकार पटना मेट्रो के लिए 1100 करोड़ रुपए देगी। इस राशि से अगले एक साल में खेमनीचक से मीठापुर तक एलिवेटेड मेट्रो का निर्माण होगा। साथ ही मलाही पकड़ी से पटना जंक्शन तक निर्माण तेज होगा। इसको ढाई साल में पूरा करने का नया लक्ष्य तय किया गया है। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने सोमवार को मेट्रो के काम की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मेट्रो के लिए 1100 करोड़ का फंड देगी। ताकि, वित्तीय बाधाओं के कारण काम नहीं रुके। इसकी समीक्षा होगी। इसके लिए पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन को साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट देने को कहा गया है। मुख्य सचिव ने मेट्रो के काम में छह साल बीतने की चर्चा करते हुए एजेंसियों को काम की रफ्तार दोगुनी करने का निर्देश दिया। ताकि, परियोजना को संशोधित लक्ष्यों के अंदर हर हाल में पूरा किया जा सके।

### मेट्रो का काम कहां तक पहुंचा और नया लक्ष्य क्या

- **एलिवेटेड स्टेशन :** खेमनीचक से मीठापुर तक निर्माण कार्य 85 फीसदी पूरा हो गया है। इसमें जगनपुरा, रामकृष्णानगर, मीठापुर स्टेशन हैं। शुरू करने का नया लक्ष्य जून 2027 है।
- **अंडरग्राउंड मेट्रो :** मलाही पकड़ी से पटना जंक्शन तक निर्माण 80% हुआ है। इसमें राजेंद्र नगर, मोइनुलहक, पटना विवि, पीएमसीएच, गांधी मैदान, आकाशवाणी, पटना जंक्शन स्टेशन हैं। वर्ष 2028 तक चालू करना है।

**आयकर गोलंबर : फल दुकानें हटेंगी**
पटना जंक्शन से रुकनपुरा तक अंडरग्राउंड मेट्रो के काम के लिए बेली रोड पर ट्रैफिक डायवर्ट किया गया है। मुख्य सचिव ने यहां पर्याप्त ट्रैफिक मार्शल तैनात करने का निर्देश दिया। आयकर गोलंबर के पास विकास भवन और विद्युत भवन स्टेशनों के निर्माण के लिए एसबीआई एटीएम, पुलिस बूथ, फलों की दुकानों और भवनों की बाउंड्री को हटाने का निर्देश दिया।

**भास्कर एक्सपर्ट** | विजयशील कश्यप, पूर्व महाप्रबंधक (कार्य) पीएमआरसी

**कुछ हद तक वित्तीय संकट दूर होगा :** राज्य सरकार से मिलने वाले 1100 करोड़ से कुछ हद तक वित्तीय संकट दूर होगा। इस राशि से खेमनीचक से मीठापुर तक एलिवेटेड मेट्रो को चालू किया जाएगा। साथ ही मलाही पकड़ी से पटना जंक्शन तक अंडरग्राउंड मेट्रो के निर्माण में तेजी आएगी। एजेंसियों की बकाया राशि का भुगतान होगा। इसको चालू करने के लिए और पैसों की जरूरत होगी। इसकी व्यवस्था तबतक जायका से मिलने वाले फंड से हो जाएगी।

बिहार सरकार
डेयरी क्षेत्र को सशक्त बनाना,
ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाना




इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड
राज्य डेयरी सहकारी समिति एवं डेयरी फार्म प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन (FPO) के लिए
आधुनिक अवसंरचना, सशक्त डेयरी–समृद्ध किसान, समृद्ध बिहार

फंड का उद्देश्य
डेयरी क्षेत्र में अवसंरचना के निर्माण/विस्तार/उन्नयन हेतु दीर्घकालिक ऋण उपलब्ध कराना, जिससे दूध उत्पादन, संग्रहण, प्रसंस्करण एवं विपणन को बढ़ावा मिले।
डेयरी प्लांट की स्थापना | दूध शीतकरण केंन्द्र | दूध प्रसंस्करण इकाई | बल्क मिल्क कूलर/टैंक | दूध परिवहन उपकरण

पात्र संस्थाएँ
राज्य डेयरी सहकारी समितियाँ (दूध संघ/जिला डेयरी यूनियन आदि)
डेयरी फार्म प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन (FPO)/प्रोड्यूसर कंपनी
पंजीकृत एवं सक्रिय संस्थाएँ जो डेयरी गतिविधियों में संलग्न हैं

ऋण की मुख्य विशेषताएँ
अधिकतम ऋण सीमा: ₹10 करोड़ तक
ब्याज अनुदान: 3% प्रतिवर्ष (अधिकतम 7 वर्ष तक)
ऋण अवधि: अधिकतम 10 वर्ष
मार्जिन मनी: न्यूनतम 10%

फंड का उपयोग– डेयरी व्यवसाय को नई ऊँचाइयों तक ले जाएं!




आवेदन एवं स्वीकृति की प्रक्रिया
1 निर्धारित प्रपत्र में आवेदन तैयार करें → 2 प्रस्ताव की जाँच एवं मूल्यांकन → 3 परियोजना स्वीकृति एवं ऋण स्वीकृति → 4 ऋण निर्गम एवं परियोजना क्रियान्वयन → 5 निगरानी एवं सहयोग

आवेदन निर्धारित प्रपत्र में भरकर राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB), आनंद, गुजरात को प्रस्तुत करें।
अधिक जानकारी हेतु कृपया NDDB की वेबसाइट देखें: www.nddb.coop

आज ही आवेदन करें और
डेयरी क्षेत्र में विकास की नई संभावनाओं का लाभ उठाएं!
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग
बिहार सरकार
PR No.- 008266 (Animal)D.2026-27

रूपसपुर की घटना : प्रेमी से विवाद होने पर युवती ने चाचा को बुलाया था, आरोपी ने 12 राउंड फायरिंग की

# लिव-इन में रह रहे प्रेमी ने युवती को दो और उसके मुंह बोले चाचा को चार गोलियां मारी

सिटी रिपोर्टर | दानापुर

लिव-इन रिलेशन में रह रहे युवक राहुल सिंह उर्फ गब्बर ने प्रेमिका और उसके मुंह बोले चाचा विनायक सिंह को गोली मारकर घायल कर दिया। विनायक को जांघ में तीन और कमर में एक गोली लगी। उसे बचाने गई युवती को रीढ़ की हड्डी के नीचे और पेट में एक-एक गोली लगी है। घटना रूपसपुर थाना के विजयनगर में हुई।

युवती ने गब्बर से विवाद और मारपीट के बाद विनायक को किराए के मकान में बुलाया था। दोनों घायलों को पाटलिपुत्र कॉलोनी स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवती और विनायक के बयान पर रूपसपुर थाने में अलग-अलग केस दर्ज हुआ है। पटना पुलिस और एसटीएफ ने छापेमारी कर गब्बर को गिरफ्तार कर लिया। विनायक आरपीएस मोड़ के पास रहता है। वह भाई के साथ ठेकेदारी करता है। गब्बर आरा के गांगी की सिंह कॉलोनी का रहने वाला है। सिटी एसपी वेस्ट संकेत कुमार ने बताया कि घटना हुई है। पुलिस छानबीन में जुटी है।

## घायल युवती और उसके चाचा को अस्पताल में भर्ती कराया







### मकान के ऊपर से विनायक पर छह गोलियां चलाईं

किसी बात को लेकर गब्बर और युवती में विवाद हुआ। गब्बर ने उसके साथ मारपीट की। उसके बाद युवती ने फोन कर विनायक को बुलाया। युवती मकान से नीचे उतरकर विनायक से बात करने लगी। गब्बर ने दोनों को बातचीत करते देखा तो उसने प्रेमिका को ऊपर बुलाया। उसपर विनायक ने कहा कि अभी वह नहीं जाएगी। गब्बर ने कहा कि तुम मेरे सामने क्या बोलोगे। तुम तो मेरे पिता के चेला रहे हो। उसके बाद गब्बर ने विनायक पर मकान के ऊपर से 6 गोलियां चलाईं, जो उसे नहीं लगीं। उसके बाद विनायक और युवती दोनों मकान में गए। इसी बीच गब्बर ने फिर विनायक पर चार राउंड फायरिंग कर दी। उसे बचाने युवती गई तो उसे भी दो गोली मारने के बाद गब्बर मौके से फरार हो गया।

### पिता की लाइसेंसी पिस्टल से गब्बर ने फायरिंग की

गब्बर के पिता बालू कारोबारी हैं। जिस पिस्टल से फायरिंग की, उसका लाइसेंस उसके पिता के नाम से है। हालांकि पिस्टल हमेशा गब्बर के पास ही रहती है। जांच के बाद पुलिस उसका लाइसेंस रद्द कराएगी।

### दोनों चार साल से लिव-इन में रह रहे

विजयनगर में गब्बर और युवती छह महीने से किराए के मकान में रह रहे थे। दोनों चार साल से लिव-इन रिलेशन में हैं। गब्बर और युवती पहले बोरिंग रोड में रहते थे। विनायक का पहले से भी गब्बर के यहां आना-जाना था।

### भास्कर इनसाइट | गैंगरेप के आरोप में विनायक जा चुका है जेल

जनवरी 2020 में एक छात्रा से गैंगरेप हुआ था। उस मामले में विनायक जेल जा चुका है। इस घटना में शामिल संदीप मुखिया भी जेल गया था। बोरिंग रोड चौराहे के पास जीवी मॉल से छात्रा को चार युवकों ने पिस्टल की नोक पर कार में जबरन बैठाया। फिर उसे पाटलिपुत्र कॉलोनी इलाके में पीएंडएम मॉल के पीछे एक अपार्टमेंट के चौथे तल्ले पर ले जाकर दुष्कर्म किया। बीबीए की छात्रा के बयान पर महिला थाने में केस दर्ज हुआ था।

## 25 हजार का इनामी गिरफ्तार, 6 साल से फरार चल रहा था

पटना | 25 हजार के इनामी आरोपी अमित कुमार को जिला सूचना इकाई (डीआईयू) और कदमकुआं थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। वह 6 वर्षों से फरार था। अमित फुलवारीशरीफ के बबनपुरा का है। रामकृष्णा नगर के विभूतिपुर के अपार्टमेंट में छिप कर रह रहा था। उसे पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही थी। कदमकुआं थानाध्यक्ष जन्मेजय कुमार ने बताया कि अमित पर अशोक कुमार के मामला दर्ज कराया था। अशोक खजांची रोड स्थित कंपनी में कार्यरत थे। घटना के दिन वे कंपनी के 3.50 लाख रुपए नकद और चेकबुक लेकर ओम बिड़ला कॉम्प्लेक्स के पास से गुजर रहे थे। तभी बदमाशों ने उन्हें लूट लिया था। पुलिस जांच में पता चला कि घटना में इस्तेमाल बाइक को अमित ने उपलब्ध कराया था। उसे भी मामले में आरोपी बनाया गया।

## फर्जी टीटीई ने यात्रियों से अवैध वसूली की

### वीडियो वायरल, केस दर्ज

पटना | पटना जंक्शन के फुट ओवरब्रिज पर फर्जी टीटीई बने व्यक्ति के यात्रियों से वसूली की वीडियो वायरल है। यह रेल पुलिस के हाथ भी लगी है, जिसके बाद रेल साइबर थाने में मामला दर्ज किया गया है। यह वीडियो Shivamguptavlogv_ नामक इंस्टाग्राम आईडी और एक्स हैंडल पर शेयर की गई है। पुलिस ने वीडियो, यूआरएल की सूची बनाकर मामला दर्ज किया है। व्लॉगर की जानकारी जुटा रही है। दरअसल, सोशल मीडिया पर रेल साइबर थाने के एएसआई राजेश कुमार राम ने एक वीडियो देखी। उसमें एक व्यक्ति टीटीई की वर्दी पहनकर टिकट चेक करता नजर आया। जिसके पास टिकट नहीं मिला, उससे अवैध वसूली की। उसने आधे घंटे में 1200 रुपए की उगाही की।

## संविदा अमीनों ने सरकार से मानदेय बढ़ाने की मांग की

पटना | संविदा पर कार्यरत अंचल अमीनों ने सरकार से मानदेय बढ़ाने की मांग की है। संघ के महासचिव मो. आदिल हुसैन ने राजस्व विभाग के एसीएस को पत्र लिखकर मानदेय 45,500 रुपए और 10 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि की मंजूरी देने की मांग की है। अमीनों को कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम के तहत कटौती की सुविधा लागू करने मांग की है।





K.K. UNIVERSITY
(Biharsharif, Nalanda, Bihar)
UGC द्वारा मान्यता प्राप्त
AICTE APPROVED
प्रवेश प्रारम्भ सत्र 2026
पॉलिटेक्निक
KKU दे रहा है मेरिट आधारित छात्रवृत्ति अधिकतम ₹45,000/- तक
CE | ME | EE
रेगुलर (नियमित) 10वीं पास | लेटरल (पार्श्व प्रवेश) 10वीं + ITI / 12वीं विज्ञान
बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड सुविधा भी उपलब्ध है
TOLL FREE: 1800 123 4202
www.kkuniversity.ac.in


## भंवर पोखर, नया गांव, अंटा घाट पर छापेमारी; शराब तस्करी में 8 गिरफ्तार

### 116 लीटर देसी शराब बरामद, राघोपुर दियारा से लाते थे खेप

क्राइम रिपोर्टर | पटना

शहर में अलग-अलग जगह शराब तस्करी के आरोप में दो महिलाओं समेत 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 116 लीटर देसी शराब बरामद हुई। सभी तस्कर राघोपुर दियारा से नाव से शराब लाकर पटना में बेचते थे। पीरबहोर और गांधी मैदान थाना पुलिस ने सोमवार को यह कार्रवाई की। पीरबहोर पुलिस को सूचना मिली कि भंवर पोखर इलाके में एक महिला शराब बेच रही है। टीम ने छापेमारी कर किरण देवी को पकड़ा। उसके पास से 40 लीटर देसी शराब मिली। इसी क्रम में पुलिस ने नया गांव इलाके में कार्रवाई की। शराब की खेप लेकर आ रहे सुनील कुमार, मोहम्मद सलाउद्दीन और भरत चंद्रवंशी को गिरफ्तार किया। तलाशी में इनके पास से 60 लीटर देसी शराब मिली।

**अंटा घाट पर भी कार्रवाई :** गांधी मैदान पुलिस ने अंटा घाट पर छापेमारी की। यहां शराब बेच रही रूबी देवी को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 16 लीटर देसी शराब मिली। पुलिस ने शराब खरीदने आए कौशलेंद्र कुमार, कल्लू सिंह और विजेंद्र कुमार को भी पकड़ लिया। गांधी मैदान थानेदार ने बताया कि रूबी देवी पर पहले से भी शराब तस्करी का मामला दर्ज है। पुलिस ने सभी आरोपितों पर केस दर्ज कर जेल भेज दिया है। पुलिस अब राघोपुर दियारा से शराब की सप्लाई चेन खंगालने में जुटी है।

## विदेशी सामान की तस्करी के जुर्म में दोषी को 27 साल बाद सजा

पटना | सिविल कोर्ट स्थित आर्थिक अपराध के मामलों की सुनवाई के लिए गठित विशेष अदालत के न्यायाधीश आफताब आलम ने विदेशी सामान की तस्करी के जुर्म में 73 वर्षीय व्यक्ति को दो साल के कारावास की सजा सुनाई।

विशेष न्यायाधीश ने 27 साल पुराने मामले में सुनवाई के बाद पूर्वी चंपारण के रक्सौल के हरदिया कोठी गांव निवासी सुभान मियां को सोमवार को सजा सुनाई। आरोप के अनुसार 7 अक्टूबर 1999 को आसूचना निदेशालय के अधिकारियों ने महात्मा गांधी सेतु के हाजीपुर टोल नाका के पास एक ट्रक से 4 लाख 21 हजार रुपए के विदेशी सामान जब्त किए थे। दोषी को गिरफ्तार किया था। ये सामान नेपाल से तस्करी कर लाए जा रहे थे।





# R. P. S. GROUP OF INSTITUTIONS

Bailey Road (RPS More), Danapur, Patna
Mob. : 9570220801, 9798999908


Late Prof. R. P. Sharma
Founder

## ADMISSION NOTICE

### Std. XI (Science, Arts & Commerce)

**R. P. S. Residential School**
Bailey Road (RPS More), Danapur, Patna,
Ph.: 9798999914 / 9570220898
Affiliated to C.B.S.E. upto (+2) Co-ed
website : www.rpsresidentialschool.org.in

**R.P.S. Public School**
Patna-Masaurhi Road, Bari Pahari, Patna,
Ph.: 9798999958/59
Affiliated to C.B.S.E. upto (+2) Co-ed
website : www.rpspublicschool.org.in

**R.P.S. Girls' Public School**
Saguna More - Khagaul Road, Danapur, Patna,
Ph.: 9798999924, 9570220899
Affiliated to C.B.S.E. upto (+2)
website : www.rpsgirlspublicschool.org.in

Scholarship facility available for meritorious Students

**Features and Facilities**
- Bus facility available
- Aerobay Lab facility
- Studio Quality Music Lab
- Modern laboratories and library
- Smart class rooms
- Discount in enrollment and monthly fees to the children of defense personnel and railway employees.

**OUR TOPPERS-2026**




Contact for Admission upto Class-IX against few vacant seats



Separate AC/Non AC Hostel Facility for Boys and Girls

**R. P. Sharma Institute of Technology**
Bailey Road (RPS More), Danapur, Patna
Approved by AICTE, Affiliated to BEU
Mob. : 9798333308, 9798999946

B.Tech : • Civil Engineering • Mechanical Engineering • Computer Science Engineering • Electrical & Electronics Engineering • Electronics & Communication Engineering
Diploma : • Computer Science Engineering • Civil Engineering • Electrical Engineering • Mechanical Engineering
M. B. A. : HR, Marketing, Finance
Highlight:
• Placement - Recent Years Approx 200 students placed in renowned Organization at good package

Bihar Student Credit Card facility Available.

**R. P. S. Teachers' Training College**
Bailey Road (RPS More), Danapur, Patna
Recognised by N.C.T.E. Affiliated to PPU., Patna
Mob.: 9570220822
Courses :
• B.Ed. • M.Ed.
Bihar Student Credit Card facility Available.

**R. P. S. Mahila College**
Bailey Road (RPS More), Danapur, Patna
Permanently Affiliated to PPU., Patna
Mob.: 9570220823
Four Year Degree Course
• Arts • Science • Commerce

**R. P. S. Law College**
Bailey Road (RPS More), Danapur, Patna
Approved by BCI, Affiliated to PPU, Patna
Mob.: 9570220887
Three Year LL.B Course
Five Year B.A. LL.B Course

**R. P. S. College**
Bailey Road (RPS More), Danapur, Patna
Permanently Affiliated to PPU., Patna
Mob.: 9570220824
Four Year Degree Course
• Arts • Science • Commerce

Co-ordinator

# जीएसटी : डिस्काउंट व रिफंड आसान होगा, जमीन के वास्तविक इस्तेमाल पर टैक्स लगेगा

## मानसून सत्र

### विधानसभा में आए 13 विधेयक, निबंधन व श्रम कानून बदलेगा, अब जमीन की रजिस्ट्री सरल होगी

पटना | बिहार विधानसभा के मानसून सत्र में राज्य के विकास, प्रशासनिक सरलीकरण और रोजगार को रफ्तार देने के मकसद से कई खास विधेयक आए हैं। ज्यादातर संशोधन विधेयक हैं। सरकार का मानना है कि इन बदलावों से टैक्स व्यवस्था और जमीन की रजिस्ट्री सरल होगी। स्वास्थ्य क्षेत्र और उद्योगों को भी नया बल मिलेगा।

### 1 जीएसटी कानून में बदलाव : राज्य में व्यापार करना अब आसान होगा

**बिहार माल एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2026** : जीएसटी परिषद की सिफारिशों के आधार पर धारा 15 में संशोधन कर डिस्काउंट को बिक्री मूल्य से घटाने की प्रक्रिया को बेहद सरल बनाया गया है।

**90% प्रोविजनल रिफंड :** इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर (कच्चे माल पर ज्यादा और तैयार माल पर कम टैक्स) के मामलों में निर्यातकों की तर्ज पर 90% तक प्रोविजनल रिफंड मिलेगा।

**विश्लेषण :** इससे कारोबारियों की वर्किंग कैपिटल (कार्यशील पूंजी) फंसी नहीं रहेगी और राज्य में व्यापार करना अधिक पारदर्शी व सुगम होगा।

### 2 भूमि उपयोगिता के आधार पर राजस्व वसूला जाएगा

**निबंधन (बिहार संशोधन) विधेयक 2026 :** अब तक निबंधन अधिनियम 1908 में रूपांतरित भूमि या उपयोगिता बदलाव का स्पष्ट प्रावधान नहीं था।

- अब जमीन के वास्तविक उपयोग (जैसे-कृषि से व्यावसायिक या औद्योगिक) के आधार पर ही राजस्व (स्टाम्प ड्यूटी/टैक्स) वसूला जाएगा।

**विश्लेषण :** इससे जमीन के गलत इस्तेमाल पर रोक लगेगी और राज्य के राजस्व में सुधार होगा।

### 3 श्रम नियमों में छूट : महिलाएं नाइट शिफ्ट में भी करेंगी काम

**बिहार दुकान और प्रतिष्ठान (निरसन) विधेयक 2026 :** काम के घंटे, ओवरटाइम और कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों को नए सिरे से तय किया गया है।

- प्रतिष्ठानों को हफ्ते में 7 दिन चलाने की अनुमति और महिलाओं को नाइट शिफ्ट में काम करने की छूट दी गई है।

**विश्लेषण :** यह कदम राज्य में नए औद्योगिक निवेश को आकर्षित करने और रोजगार के अवसर बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा।

### 4 राज्य में बनेंगे 11 निजी विश्वविद्यालय

**बिहार निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2026 :** यूजीसी के नियमों के तहत राज्य में 11 नए प्राइवेट विश्वविद्यालयों की स्थापना हो रही है।

**प्रमुख विश्वविद्यालय :** पटना (दीघा में जेवियर यूनिवर्सिटी) और पालीगंज (हिमालय यूनिवर्सिटी) के अलावा सीवान, औरंगाबाद, नवादा, मधुबनी, बिहारशरीफ, वैशाली, कटिहार, किशनगंज और सासाराम में ये विश्वविद्यालय खुलने हैं।

### 5 बाहरी डॉक्टरों और नर्सों को बिहार में सीधी एंट्री

**बिहार नर्सेज व चिकित्सा (संशोधन) विधेयक 2026 :** अब दूसरे राज्यों या राष्ट्रीय परिषद में पंजीकृत डॉक्टरों और नर्सों को बिहार में प्रैक्टिस के लिए स्थानीय काउंसिल में दोबारा रजिस्ट्रेशन कराने की मजबूरी नहीं होगी।

- केवल एक स्व-प्रमाणपत्र देकर वे राज्य में सेवाएं दे सकेंगे।

**विश्लेषण:** इस फैसले से राज्य में डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की कमी तत्काल दूर होगी और स्वास्थ्य सेवाएं सुधरेंगी।

### 6 आधुनिक ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप

**बिहार नगर विकास विधेयक 2026** : शहरी क्षेत्रों के सुनियोजित विस्तार और आधुनिक नागरिक सुविधाओं के लिए ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप का निर्माण किया जाएगा। इससे कुशल नागरिक प्रबंधन संभव होगा।



## न्यूज ब्रीफ

### नवनियुक्त महाधिवक्ता एसडी संजय को मंत्री का दर्जा मिला

पटना| राज्य के नवनियुक्त महाधिवक्ता सत्यदर्शी संजय को अब कैबिनेट मंत्री के समान रैंक और सुविधाएं मिलेंगी। इस संबंध में सोमवार को विधि विभाग के सचिव बलराम दुबे ने अधिसूचना जारी की। अब एसडी संजय को गाड़ी, सुरक्षा, सरकारी आवास और अन्य प्रशासनिक सुविधाएं कैबिनेट मंत्री के श्रेणी वाली मिलेंगी। संजय को जून में ही बिहार का नया महाधिवक्ता नियुक्त किया गया है। वे सुप्रीम कोर्ट में भारत सरकार के एडिशनल सॉलिसिटर जनरल के पद पर भी हैं।

### बांकीपुर में शिक्षा मंत्री ने भाजपा प्रत्याशी को समर्थन की अपील की



पटना| शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर झुनझुन महल रोड और जक्कनपुर समेत कई इलाकों में नागरिकों से मुलाकात की। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी नीरज सिन्हा के समर्थन में एकजुटता की अपील की। कहा कि बांकीपुर सीट भाजपा की परंपरागत सीट होने के साथ पार्टी की विरासत भी है। यह चुनाव बांकीपुर के अस्तित्व से जुड़ा है। मतदाताओं को भारी बहुमत से भाजपा प्रत्याशी को जीत दिलानी चाहिए।

### बैंक के स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी

पटना| मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बैंक ऑफ बड़ौदा के 119वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। बैंककर्मियों को संबोधित किया। समृद्ध बिहार-विकसित भारत के निर्माण में सशक्त बैंकिंग व्यवस्था, वित्तीय समावेशन और डिजिटल इनोवेशन की महत्वपूर्ण भूमिका पर विचार व्यक्त किए। सबको स्थापना दिवस की बधाई दी।

### नीरज कुमार ने कहा- शिक्षा के भगवाकरण का आरोप बेबुनियाद



पटना|जदयू के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार ने विपक्ष की इस बात को नकारा कि एनडीए सरकार ने मॉडल स्कूलों का भगवाकरण किया है। कहा-प्रखंडों में खुले मॉडल स्कूलों में जमीन दाताओं, पुरखों और शहीदों के नाम जोड़ने पर सरकार ने सकारात्मक रुख अपनाया है। उन्होंने विपक्ष, खासकर राजद से कई सवाल पूछे। मसलन, क्या प्राथमिक विद्यालयों, मदरसों, संस्कृत स्कूलों या बीएसईबी भवन का रंग बदला गया? क्या पाठ्यक्रम से शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों का योगदान हटाया गया? लालू प्रसाद व राबड़ी देवी के शासन काल के 'चरवाहा विद्यालयों' का रंग और उपलब्धि क्या थी?

### जन सुराज के नेता डॉ. मनोज सिंह अपने समर्थकों के साथ भाजपा में

पटना|भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में जन सुराज के समस्तीपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी और चिकित्सक डॉ. मनोज कुमार सिंह सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी ने नए सदस्यों को सदस्यता दिलाई। चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास, सुशासन और गरीब कल्याण की नीतियों पर जनता का भरोसा लगातार बढ़ रहा है, इसी कारण विभिन्न दलों से लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं।

## विधानसभा • स्पीकर बोले- सदन बहस-तर्क का मंच, संघर्ष-कटुता-टकराव का नहीं

# नीट मामले पर विपक्ष का हंगामा, मार्च निकाला, केंद्रीय मंत्री का इस्तीफा मांगा

पॉलिटिकल रिपोर्टर|पटना

बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को विपक्ष ने नीट मामले को लेकर भारी हंगामा किया। विपक्षी नेताओं ने शहीद स्मारक से विधानसभा तक मार्च निकाला। विस पोर्टिको में नारेबाजी की। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफे की मांग की।

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही राजद के आलोक मेहता ने नीट का मुद्दा उठाना चाहा, लेकिन स्पीकर प्रेम कुमार ने उन्हें सीट पर बैठा दिया। कहा कि सदन बहस का मंच है, यह टकराव की जगह नहीं है। उन्होंने ऋग्वेद, बुद्ध और गांधी का जिक्र कर सदन में शालीनता बनाने की अपील की।

स्पीकर ने सदन संचालन के लिए अध्यासी सदस्यों व कार्यमंत्रणा समिति की घोषणा की। अध्यासी सदस्यों में राम नारायण मंडल, जदयू से श्याम रजक, राजद से आलोक मेहता और 'हम' से ज्योति अध्यासी सदस्य बनीं। सीएम सम्राट चौधरी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी कई नेता कार्यमंत्रणा समिति में शामिल हैं।

राजद के सुनील सिंह ने आरोप लगाया कि 12 साल में 152 बार पेपर लीक हुआ है। सीपीएम विधायक अजय कुमार ने सोनम वांगचुक से दुर्व्यवहार का मुद्दा उठाया। वहीं, एआईएमआईएम विधायकों ने डिग्री कॉलेजों में उर्दू की पढ़ाई नहीं होने पर प्रदर्शन किया। इस बीच, चार अध्यादेशों की प्रति पटल पर रखी गई। डिप्टी सीएम विजय चौधरी ने बिहार चिकित्सा संशोधन अध्यादेश 2026, बिहार नर्सेस पंजीकरण संशोधन अध्यादेश 2026 पेश किया। मंत्री डॉ. दिलीप ने बिहार कृषि भूमि गैर कृषि प्रयोजन के लिए सम्परिवर्तन अध्यादेश 2026 को पटल पर रखा।

### राजद विधायक ने कहा- 12 साल में 152 बार पेपर लीक हुआ



### स्कूल के रंग पर राजनीति न हो : खालिद अनवर

जदयू विधान पार्षद खालिद अनवर ने कहा कि मॉडल स्कूल का आइडिया नीतीश कुमार का है। स्कूल के रंग पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। शिक्षा पर बात होनी चाहिए। सरकार शिक्षा को लेकर गंभीर है। इस पर राजद राजनीति कर रहा है। विपक्ष के पास कोई एजेंडा नहीं है। नेता प्रतिपक्ष देश से बाहर हैं और उनको अपने परिवार से मतलब है। इस पर राजद के कारी सुहैब ने कहा कि भाजपा के लोग स्कूल और शिक्षा का भगवाकरण कर रहे हैं। भाजपा सरकार को शिक्षा से कोई मतलब नहीं है। इससे पहले, विधान परिषद पोर्टिको में विपक्ष ने नीट पेपर लीक, धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

## विधान परिषद... 55 मिनट की कार्यवाही में 35 मिनट निशांत को जन्मदिन की बधाई दी गई

पॉलिटिकल रिपोर्टर|पटना

बिहार विधान परिषद में मानसून सत्र के पहले दिन सदन की कार्यवाही महज 55 मिनट चली। इसमें से 35 मिनट केवल स्वास्थ्य मंत्री निशांत को उनके जन्मदिन की बधाई देने में बीत गया। सभापति अवधेश नारायण सिंह के हस्तक्षेप के बाद यह सिलसिला रुका। सदन की शुरुआत में सभापति ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अनुपस्थिति में उन्हें बधाई दी और कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कमी खल रही है। इसके साथ ही 12 नवनिर्वाचित सदस्यों का सदन में स्वागत किया गया। इसी बीच, प्रभारी मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 का प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी सदन के पटल पर रखा। सभापति ने अपने संबोधन में बिहार के प्रत्येक प्रखंड में डिग्री कॉलेज होने की बात कही। कहा कि सरकार 11000 श्रद्धालुओं को सोमनाथ यात्रा के लिए वित्तीय सहायता दे रही है। विधानमंडल में दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई।



## एनडीए विधानमंडल दल की बैठक

# खजाना खाली की बात अफवाह, जो कहा, उसे पूरा करेंगे : सम्राट



पॉलिटिकल रिपोर्टर|पटना

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विपक्ष के इस आरोप को सिरे से खारिज किया कि बिहार सरकार का खजाना खाली है। इसे अफवाह बताया। बोले- हम जो भी कहे हैं, कह रहे हैं, उसे पूरा करेंगे। वे सोमवार को एनडीए विधानमंडल दल की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

सीएम ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। अव्वल तो बिहार में विपक्ष नाम की कोई चीज ही नहीं है। वे अनाप-शनाप बोलकर या अफवाह फैलाकर अपनी उपस्थिति या अस्तित्व दिखाना चाहते हैं। इससे कोई फायदा नहीं होगा। जनता उन्हें ठीक से पहचान गई है। खजाने पर कोई संकट नहीं है। अभी ग्रामीण कार्य विभाग का 800 करोड़ दिए गए। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए हर महीने की 10 तारीख तय कर दी गई। यह मिल रही है। वेतन-पेंशन समय पर मिल रहा है। विकास कार्य जारी है। योजनाओं को रुपए मिल रहे हैं। फिर कौन कहता है कि खजाना खाली है? उनका कहना था कि हम की गई और की जा रही घोषणाओं पर कायम हैं। सब पूरी होंगी। विकसित-समृद्ध बिहार का संकल्प जरूर पूरा होगा। हमारी सरकार का संकल्प है-सुशासन, सेवा और सर्वांगीण विकास। हम इस रास्ते पर तेजी से बढ़े हुए है।

उन्होंने विधायकों को सरकार द्वारा किए जा रहे काम से वाकिफ कराया। कहा-किन्हीं विधायक को कोई दिक्कत हो, तो वे मुझे व्यक्तिगत रूप से बताएं। संचालन, मंत्री श्रवण कुमार ने किया। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी का कहना था कि सदन की कार्यवाही के दौरान तमाम विधायक मौजूद रहें। विपक्ष के अफवाहों को सच्चाई से काटें।

### विपक्ष के हर सवाल का जवाब देगी सरकार

पटना|भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार की शाम पार्टी के विधायकों और विधान परिषद सदस्यों की बैठक हुई। इसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित अन्य नेता मौजूद रहे। बैठक में निर्णय हुआ कि विपक्ष के प्रत्येक सवाल का जवाब सरकार देगी। उपलब्ध आंकड़े को भी बताया जाएगा। इस दौरान बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव की तैयारी की समीक्षा की गई। सरावगी ने कहा कि सदन की कार्यवाही पर पूरे प्रदेश की निगाह रहती है। ऐसे में सरकार को अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह से निभानी होगी। सरावगी ने भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को अपने सामर्थ्य से अधिक ताकत लगाकर विधानसभा उपचुनाव में सहभागिता निभाने की अपील की। कहा कि बांकीपुर चुनाव जीतना एक मात्र लक्ष्य नहीं है, बल्कि इसे 2025 की तुलना दोगुना वोट के अंतर से जीतना है। सीएम ने कहा कि सभी विधानमंडल सदस्यों को सदन में पूरे समय मौजूद रहना है। कहा कि शिक्षकों के सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य बनने पर रोक नहीं है।

## घर-घर जाकर अभियान चलाएंगी आशा

# सभी अस्पतालों में कैंसर और गैर-संचारी रोगों की होगी जांच

पॉलिटिकल रिपोर्टर|पटना

बिहार में कैंसर सहित अन्य गैर-संचारी रोगों की शुरुआती पहचान और सही समय पर इलाज के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कदम उठाया है। स्वास्थ्य मंत्री निशांत की समीक्षा बैठक के बाद राज्य स्वास्थ्य समिति ने सभी स्वास्थ्य संस्थानों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत राज्य के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अनुमंडलीय, रेफरल और जिला अस्पतालों में कैंसर, शुगर, बीपी, सीओपीडी तथा एनीमिया की विशेष जांच व उपचार किया जाएगा। बीमारी की शुरुआती अवस्था में पहचान करने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को स्क्रीनिंग के लिए सेंटर तक आने को प्रेरित करेंगी और मरीजों का फॉलो-अप भी सुनिश्चित करेंगी। अभियान की पूरी रिपोर्टिंग ऑनलाइन पोर्टल पर होगी। विभाग ने अभियान को लेकर आशा, एएनएम, सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, जिला गैर-संचारी रोग अधिकारी और जिला कार्यक्रम समन्वयकों की भूमिका तय की है। अस्पतालों में जरूरी दवाएं, डायग्नोस्टिक किट और कंज्यूमेबल्स का स्टॉक रखने को कहा गया है।

### दाखिल-खारिज अनियमितता पर 3 सीओ पर कार्रवाई, एक निलंबित



पटना|राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने दाखिल-खारिज मामलों के निष्पादन में अनियमितता और सरकारी आदेशों की अवहेलना पर तीन तत्कालीन सीओ के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू की है। मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि जनता से जुड़े राजस्व मामलों में जवाबदेही तय करना प्राथमिकता है। बोधगया के तत्कालीन सीओ शिवशंकर राय पर अनियमितता के आरोप में निलंबन की कार्रवाई शुरू की गई है। बोधगया के तत्कालीन सीओ और वर्तमान सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी शिवहर महेश कुमार पर बीएलटी, पटना के आदेश के अनुपालन में अंतिम निर्णय नहीं देने का आरोप है। सासाराम सदर के तत्कालीन अंचल अधिकारी तथा वर्तमान थावे अंचल अधिकारी गोपालगंज सुधीर कुमार ओंकार पर डीसीएलआर, सासाराम के आदेश का अनुपालन नहीं करने का आरोप है।

## खेल मंत्री ने स्टेडियम मैप की समीक्षा की, वाटर स्पोर्ट्स और ओलिंपिक खेलों को मिलेगी रफ्तार

# ओलिंपिक स्तर की सुविधाएं दी जाएंगी

स्पोर्ट्स रिपोर्टर|पटना



बिहार में अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के साथ राज्य के खिलाड़ियों को ओलिंपिक स्तर की सुविधाएं दी जाएंगी। राज्य सरकार इस योजना को लेकर गंभीर है। सोमवार को खेल विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में प्रस्तावित नए स्टेडियमों के नक्शे, संशोधन, यूटिलिटी एरिया और वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने पर मंथन हुआ। अध्यक्षता खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने की। कहा कि बिहार में नदियों और जलस्रोतों की प्रचुरता को देखते हुए वाटर स्पोर्ट्स की संभावनाएं हैं। इसके लिए आधुनिक सुविधाओं और वॉटर स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास किया जाएगा। खेल मंत्री ने स्टेडियम के नक्शे में किए गए विभिन्न संशोधनों पर अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्हें निर्देश दिया कि स्टेडियम परिसर के यूटिलिटी एरिया का अधिकतम और बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाए। कहा कि विभाग का लक्ष्य राज्य के युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं देना है। खेल मंत्री ने कहा कि स्टेडियमों में ऐसे खेलों के लिए विशेष स्पेस विकसित किया जाएगा, जो ओलिंपिक स्तर पर खेले जाते हैं। ओलिंपिक स्तर के खेल-खिलाड़ियों के विकास से ही आने वाले दिनों में बिहार के खिलाड़ी ज्यादा मेडल जीत सकेंगे। बैठक में खेल विभाग के सचिव दीपक आनंद, निदेशक आरिफ अहसन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जेब पर बोझ | बिहार में 23 से वाहन खरीदना होगा महंगा, बाइक-स्कूटी पर 150 की जगह 600 रुपए ट्रेड शुल्क लगेगा

# वाहनों पर ट्रेड टैक्स 4 गुना बढ़ा, निबंधन शुल्क में भी 1% की वृद्धि

भास्कर न्यूज|पटना



बिहार में नया वाहन खरीदने वाले लोगों की जेब पर अब आर्थिक बोझ पड़ने वाला है। परिवहन विभाग 23 जुलाई से सभी प्रकार के वाहनों पर लगने वाले ट्रेड टैक्स को चार गुना बढ़ाने जा रहा है। बाइक, स्कूटी, ऑटो, कार, बस और ट्रक जैसे सभी श्रेणी के वाहनों की खरीद पर अब 600 रुपए से लेकर 1000 रुपए तक का बढ़ा हुआ ट्रेड टैक्स चुकाना होगा। पहले यह महज 150 रुपए से 250 रुपए के बीच था। इसके अलावा दो पहिया वाहनों के रजिस्ट्रेशन शुल्क में 1 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। यह अतिरिक्त टैक्स सीधे तौर पर डीलरों और वाहन निर्माता कंपनियों पर लागू होगा, लेकिन बाजार विशेषज्ञों के अनुसार डीलर इस बढ़े हुए खर्च का स्थानांतरण ग्राहकों पर करेंगे, जिससे वाहनों की ऑन-रोड कीमतें बढ़ेंगी।

### दोपहिया और चार पहिया वाहनों की नई दरें तय

परिवहन विभाग ने नई दरों की सूची जारी की है। इसके अनुसार, बाइक और स्कूटी का ट्रेड शुल्क 150 रुपए से बढ़ाकर 600 रुपए कर दिया गया है। वहीं, कार और ऑटो के लिए ट्रेड शुल्क को 200 रुपए से बढ़ाकर 800 रुपए किया गया है। भारी कॉमर्शियल वाहनों जैसे बस और ट्रक के लिए यह शुल्क 1000 रुपए तक पहुंचेगा। साथ ही, दोपहिया वाहनों के एक्स-शोरूम मूल्य पर रजिस्ट्रेशन शुल्क जो पहले 8 से 12 प्रतिशत लगता था, वह अब बढ़कर 9 से 13 प्रतिशत हो जाएगा।

### ऐसे समझें...आपकी जेब पर कैसे बढ़ेगा बोझ

यदि कोई ग्राहक शोरूम से 90 हजार रुपए एक्स-शोरूम कीमत वाली बाइक खरीदता है, तो पुरानी 8 प्रतिशत रजिस्ट्रेशन दर के हिसाब से उसे 7200 रुपए शुल्क देना पड़ता था। इस तरह बाइक की कुल कीमत 97,200 रुपए आती थी। अब 1 प्रतिशत वृद्धि के बाद 9 प्रतिशत निबंधन शुल्क के तहत 8100 रुपए चुकाने होंगे, जिससे बाइक की कीमत 98,100 रुपए हो जाएगी। वहीं, यदि 1 लाख रुपए एक्स-शोरूम कीमत वाली बाइक पर ट्रेड टैक्स की गणना करें, तो पहले 150 रुपए शुल्क मिलाकर कुल 1,00,150 रुपए देने पड़ते थे। नई दरों के लागू होने के बाद 600 रुपए ट्रेड शुल्क मिलाकर कुल कीमत 1,00,600 रुपए होगी।

**ट्रेड टैक्स**

| वाहन | अब | पहले |
| --- | --- | --- |
| बाइक | 600 | 150 |
| कार | 800 | 200 |
| ऑटो | 800 | 200 |
| बस | 1000 | 250 |
| ट्रक | 1000 | 250 |

आंकड़े रुपए में

**बाइक पर लगने वाले रजिस्ट्रेशन शुल्क**

| बाइक | अब | पहले | बाइक | अब | पहले |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| एक लाख से कम | 9% | 8% | 8 से 15 लाख तक | 11% | 10% |
| 1 से 8 लाख तक | 10% | 9% | 15 लाख से अधिक | 13% | 12% |

**किस वर्ष में कितने वाहनों की बिक्री**

| | | |
| --- | --- | --- |
| 2022-23 : 10.20 लाख | 2023-24 : 11.50 लाख | 2024-25 : 13.82 लाख |

## यात्रा भत्ता में संशोधन, अब होटल बिल दिखाना अनिवार्य

# हाकिमों को फ्री में खाना और रुकना मिला तो फूटी कौड़ी भी नहीं देगी बिहार सरकार

पॉलिटिकल रिपोर्टर|पटना

हाकिमों को सरकारी दौरे पर अगर फ्री में खाना-पीना और ठहरना मिला, तो बिहार सरकार उन्हें एक फूटी कौड़ी नहीं देगी। ऐसी स्थिति में अभी तक मिल रहे 25 फीसदी दैनिक यात्रा भत्ता पर रोक लगा दी गई है। वित्त विभाग ने यात्रा भत्ता से जुड़े नियमों में संशोधन किया है। नए बदलाव के बाद सरकारी काम से मुख्यालय से 6 घंटे बाहर रहे तो आधा और 12 घंटे बाहर रहे तो पूरा भोजन भत्ता मिलेगा। भोजन भत्ता पाने के लिए होटल का वास्तविक बिल दिखाने की प्रक्रिया अनिवार्य कर दी गई है। वित्त विभाग की इस कवायद को राज्य सरकार की ओर से खर्च पर नियंत्रण की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

वित्त विभाग की ओर से इस बारे में महालेखाकार को सूचित करते हुए राज्य के सभी अपर मुख्य सचिवों, प्रधान सचिवों, विभागाध्यक्षों, प्रमंडलीय आयुक्तों और जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं। होटल के बिल की राशि या उनके पद के अनुसार तय राशि, दोनों में से जो कम होगी, उसी का भुगतान किया जाएगा। बिहार सरकार ने पुरानी व्यवस्था को संशोधित करते हुए सामान्य दैनिक भत्ते के स्थान पर भोजन शुल्क का नया ढांचा लागू कर दिया है। इसके तहत हवाई जहाज से अंतरराष्ट्रीय यात्रा और निजी सामान के परिवहन की दरों को भी नए सिरे से व्यवस्थित किया गया है।

### पटना क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय को धमकी भरा ईमेल के बाद अलर्ट

# 12 जिलों के डाकघरों और पासपोर्ट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी

## ईमेल में लिखा- दोपहर 1:15 बजे साइनाइड गैस आरडीएक्स ब्लास्ट करेंगे

क्राइम रिपोर्टर | पटना

बिहार के दर्जनभर जिलों में स्थित डाकघरों व पासपोर्ट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इनमें पटना क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, जीपीओ, मनेर पासपोर्ट ऑफिस शामिल हैं। धमकी भरा ईमेल पटना क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय को मिला था। उसी ईमेल में बाकी जगहों का नाम लिखा था। ईमेल में लिखा था- दोपहर 1:15 बजे 3 साइनाइड गैस आरडीएक्स बम से उड़ा देंगे। यह ईमेल आने के बाद संबंधित थाने को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर सर्च ऑपरेशन चलाया। हालांकि कहीं कुछ नहीं मिला। सर्च ऑपरेशन के लिए मनेर पासपोर्ट ऑफिस व डाकघर पहुंचे सिटी एसपी वेस्ट संकेत कुमार ने कहा कि धमकी भरा ईमेल आया है। उसे भेजनेवालों का सुराग लगाया जा रहा है।



### 3 बम फोड़ने की धमकी

ईमेल में लिखा था, "निवेथा पेथुराज ने हमारे पैगंबर का अपमान किया है। दोपहर 1:15 बजे आपके पासपोर्ट/डाकघर में 3 साइनाइड गैस आरडीएक्स बम फोड़ेंगे।' यह ईमेल पटना रीजनल पासपोर्ट ऑफिस, जीपीओ, मनेर पासपोर्ट ऑफिस, गयाजी, वैशाली, बक्सर, बेतिया, मोतिहारी, औरंगाबाद, नवादा, नालंदा, समस्तीपुर, दरभंगा, पूर्णिया, कटिहार, बेगूसराय, सहरसा, सुपौल के डाकघरों व पासपोर्ट कार्यालय को भेजा गया।

### सतर्कता बरतने का निर्देश

डाक विभाग के सहायक निदेशक राजीव कुमार की ओर से जारी पत्र के अनुसार, रीजनल पासपोर्ट ऑफिस, पटना से मिले इस ईमेल को प्राथमिक जांच में 'होक्स' यानी अफवाह या फर्जी ईमेल माना गया है। हालांकि, सुरक्षा के लिहाज से बिहार सर्किल के सभी वरिष्ठ अधिकारियों, मंडल प्रमुखों और संबंधित पोस्टमास्टरों को आवश्यक सतर्कता बरतने और नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

**भास्कर इनसाइट**

**पहले भी निवेथा का नाम लेकर आ चुका है मेल :** निवेथा पेथुराज तमिल और तेलुगु भाषी फिल्मों की अभिनेत्री और मॉडल हैं। इन्हीं का नाम लेकर पहले भी पटना हाईकोर्ट, सिविल कोर्ट समेत कई संस्थानों को ईमेल भेजा जा चुका है। एलटीटीई के नाम से धमकी भरा ईमेल आउटलुक डॉट कॉम से भेजा गया है। यह वेबसाइट अमेरिका की माइक्रोसॉफ्ट कंपनी की है। ईमेल भेजने वाले ने पहचान छिपाने के लिए वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क का या प्रॉक्सी सर्वर का इस्तेमाल किया है।

## महिला-बालिका अपराधों में सजा कितनी, छात्रों को जानकारी देगी पुलिस

**पटना|** महिला और बालिका के खिलाफ अपराध करने वालों को कितने साल की सजा है? इससे संबंधित कानून की जानकारी बिहार पुलिस स्कूल-कॉलेजों के छात्रों को देगी। बिहार में इसके लिए 21 जुलाई से 10 अगस्त तक विधि पालक युवक जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। पुलिस हर जिले के स्कूल, कोचिंग और हॉस्टल सहित अन्य शिक्षण संस्थानों में छात्रों को कानून के बारे में बताएगी। महिलाओं और बालिकाओं पर छींटाकशी, अभद्र टिप्पणियां, छेड़छाड़, बलात्कार या उनका पीछा करने जैसे अपराधों से संबंधित दंडात्मक एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी देगी। सीआईडी की ओर से यह अभियान चलेगा। अभियान के लिए हर जिले के डीएसपी (विशेष अपराध) को नोडल अफसर बनाया गया है। नोडल अफसर हर दिन स्कूल, कॉलेज और हॉस्टल जाएंगे। पुलिस अधिकारी छात्रों को कानूनी प्रावधानों की जानकारी वाले पंपलेट भी देंगे। उन्हें प्रतिदिन अपनी रिपोर्ट भी देनी होगी। पुलिस को उम्मीद है कि जागरुकता बढ़ने से महिला-बालिका के साथ अपराध में कमी आएगी।

## महेश नगर के पास नाले में कार गिरी



**पटना|** अटल पथ से सटे महेश नगर के पास नाले में कार गिर गई। स्थानीय लोगों ने नाले में उतर कर चालक को बचाया। इससे पहले बीते शनिवार को राजीव नगर मेन रोड में निर्माणाधीन नाले में चार पहिया वाहन फंस गया था। स्थानीय लोगों की मदद से गाड़ी को बाहर निकाला गया था।

## शॉर्ट सर्किट से पोल में आग लगी



इस्कॉन मंदिर के पास सोमवार की रात शॉर्ट सर्किट से एक पोल में आग लग गई।

## चोरों ने बंद घर को निशाना बनाया, नकद-चेन ले गए

**पटना|** राजीवनगर रोड नंबर-23 निवासी अंजलि कुमारी के घर रविवार की रात चोरी हो गई। अंजलि ने बताया कि चोर अलमीरा में रखे 50 हजार रुपए और एक सोने की चेन ले गए। सुबह जगने के बाद घटना का पता चला। अंजलि ने डायल-112 को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। राजीवनगर थाने में केस दर्ज किया गया है।

## पीएमसीएच : दो चिकित्सक ओएसडी बने

**पटना |** पीएमसीएच के प्राचार्य ने अस्पताल और मेडिकल कॉलेज के प्रशासनिक कार्यों को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से दो चिकित्सकों को विशेष जिम्मेदारी सौंपी है। इस संबंध में सोमवार को कार्यालय आदेश जारी किया गया। सर्जरी विभाग के सह-प्राध्यापक डॉ. गोपाल पासवान तथा सुपर स्पेशियलिटी प्लास्टिक सर्जरी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सेतुबंधु तिवारी को प्राचार्य कार्यालय में विशेष कार्य पदाधिकारी (ओएसडी) के रूप में काम करने के लिए अधिकृत किया गया है।जारी आदेश में कहा गया है कि दोनों चिकित्सक अपने विभाग के नियमित कार्यों का पूर्ण रूप से निर्वहन करेंगे। साथ ही वे प्रतिदिन प्राचार्य कार्यालय में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों में सहयोग करेंगे।

## पटना जंक्शन के पास टैक्सी से शराब मिली

**पटना|** पटना जंक्शन गोलंबर के पास वाहन जांच में एक कॉमर्शियल कार से भारी मात्रा में शराब की खेप पकड़ी गई। शराब ब्रीफकेस में छिपाकर ले जाई जा रही थी। हालांकि तस्कर मौके से फरार हो गया। कोतवाली थाने में मामला दर्ज किया गया है। दारोगा अनिल कुमार ने बताया कि एक युवक ने पटना जंक्शन के पास कार बुक की थी। उसने ब्रीफकेस डिक्की में रख दिया और रवाना हो गया। पटना जंक्शन गोलंबर पर पुलिस जांच कर रही थी। कार को रोककर डिक्की खुलवाई गई। वह युवक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। डिक्की में रखे ब्रीफकेस में शराब मिली। पुलिस ने कार चालक से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसे जानकारी नहीं थी कि ब्रीफकेस में शराब रखी है। पूछताछ के बाद पुलिस ने चालक को बॉन्ड भरवाकर छोड़ दिया। जिस मोबाइल नंबर से कार बुक की गई थी, उसकी जांच की जा रही है।

## ग्राहक के दस्तावेज से फर्जी लोन दिलाया

**पटना |** गर्दनीबाग में ग्राहक के दस्तावेजों का दुरुपयोग कर फर्जी लोन दिलाया का मामला सामने आया है। इस संबंध में बजाज फाइनेंस के डिप्टी एरिया मैनेजर शशांक कुमार सिंह ने राहुल कुमार के खिलाफ केस दर्ज कराया है। राहुल एक शोरूम में सेल्स एग्जीक्यूटिव है। पुलिस जांच में जुट गई है। मामले के अनुसार अनीसाबाद के विक्की कुमार ने 20 मार्च को बजाज फाइनेंस से 42 हजार के लोन पर एसी खरीदा। राहुल ने उसका लोन करवाया था। विक्की का आरोप है कि राहुल ने दस्तावेजों का दुरुपयोग कर उनके नाम पर उसी शोरूम समेत अन्य दुकानों से भी कई लोन स्वीकृत करा लिये। गर्दनीबाग थानाध्यक्ष ने बताया की धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## कजरा स्टेशन के पास ट्रैक पर पानी, कई ट्रेनें लेट

**पटना |** जमालपुर-किऊल रेल खंड पर कजरा रेलवे स्टेशन के पास बारिश का पानी रेलवे ट्रैक पर आ जाने से करीब 2 घंटे तक ट्रेन परिचालन बंद रहा। इस कारण जमालपुर होकर गुजरने वाली कई ट्रेनें सोमवार को लेट से चली। रविवार की पूरी रात जोरदार बारिश हुई थी। पटना से चलकर दुमका जाने वाली 13334 डाउन पटना दुमका एक्सप्रेस 2 घंटे से अधिक लेट चली, जबकि, 53404 डाउन गया जमालपुर पैसेंजर ट्रेन डेढ़ घंटे रही। बताया गया है कि कजरा रेलवे स्टेशन के निकट रेलवे ट्रैक पर से बारिश का पानी हटाने के बाद 10:30 बजे से ट्रेनों की आवाजाही सामान्य हो पाई। फिलहाल जमालपुर किऊल रेलखंड पर ट्रेन परिचालन सामान्य होने पर रेल अधिकारियों ने राहत की सांस ली है।

---

### LIC HFL — एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

दूसरा तल्ला, बिस्कोमान टॉवर, गाँधी मैदान (पश्चिम) पटना – 800001, फोन: 0612-2332129

**(नियम 8(1). कब्जा सूचना (अचल संपत्ति के लिए)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी **एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय आस्तियों के पूनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रर्वतन अधिनियम 2002 का नियम 54 (2002 के नियम 3) एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्न ऋणी के बकाया राशि के प्रतिदाय के लिए निम्न दिनांक को मांग सूचना जारी की थी, जिसमें उल्लीखित रकम को 60 दिनों के भीतर प्रतिदाय करने को कहा गया था।

ऋणी द्वारा रकम की अदायगी न करने के कारण निम्न ऋणी एवं जनसाधारण को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित सम्पत्ति का कब्जा निम्न दिनांक को ले लिया है।

ऋणी एवं जनसाधारण को एतद् द्वारा सावधान किया जाता है कि वे संबंधित परिसम्पत्ति की खरीद–फरोख्त न करें तथा इस परिसम्पत्ति के किसी भी क्रय–विक्रय अंकित रकम निम्न रूपये एवं उसपर ब्याज एवं अन्य खर्चे के लिए एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, के प्रभार के अधीन होगा।

उधारकर्ताओं का ध्यान सुरक्षित परिसम्पत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की उप– धारा (8) के धारा 13 के अन्तर्गत आमंत्रित है।

| ऋणी का नाम/पता | मांग सूचना की तारीख/ ऋण खाता सं. एवं रकम / कब्जा की तारीख | अचल संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| श्रीमती बेबी देवी, पति – शैलेश कुमार एवं शैलेश कुमार निवासी ग्राम– डेहरी ऑन सोन, बीएमपी–02, थाना–डेहरी ऑन सोन, रोहतास, बिहार | 01.08.2024<br>ऋण खाता सं. 211000007191 रू. 10,50,115.13 +सरफेसी+अन्य शूल्कें<br>ऋण खाता सं. 211000004552 रू. 35,75,647.45 +सरफेसी+अन्य शूल्कें<br>16.07.2026 | संपत्ति के सभी भाग एवं खंड जिसमें शामिल है **डीड सं.–13162 दिनांक–23.07.2008** मौजा– चिरौरा, ग्राम– चिरौरा, सर्वे प्लॉट सं.– 2252, तौजी सं.– थाना – नौबतपुर, जमाबंदी सं.– 367, थाना सं.– 165, हलका सं.– 03, खाता सं.– 877, स्थान– पटना, जिला– पटना, राज्य– बिहार, **रकवा – 47 डिसमील**, **चौहद्दी:– उत्तर**– रेनू देवी, **दक्षिण** – रामचन्द्र राय, **पूरब** – सड़क, **पश्चिम** – अशोक सिंह एवं संजय सिंह, |
| श्री आलोक कुमार एवं श्रीमती मुस्कान निराला, निवासी ग्राम– अमेर, पो.– नवानगर, थाना – बिदुपुर, जिला – वैशाली, बिहार – 844503 | 30.06.2025<br>ऋण खाता सं. 211000013733 रू. 26,60,549.92 +सरफेसी+अन्य शूल्कें<br>18.07.2026 | संपत्ति के सभी भाग एवं खंड जिसमें शामिल है **डीड सं.–12209 दिनांक–16.08.2022**, मौजा – भूसौला दानापुर, फ्लैट सं.– 205, दूसरा तल्ला, सर्वे प्लॉट सं.–417 (भाग), तौजी सं.– ब्लॉक ए, फेज– VI, AIIMS-I, वास्तु विहार, थाना सं.– 40, खाता सं.–244, तौजी सं.– 5164, स्थान – पटना, जिला – पटना, राज्य – बिहार, **रकवा – 816 वर्ग फीट, चौहद्दी:– उत्तर**– खुली जगह, **दक्षिण** – फ्लैट सं.– 200, **पूरब** – फ्लैट सं.– 201, **पश्चिम** – खुली जगह |
| श्रीमती गंगा देवी एवं श्री प्रदीप कुमार थापा निवासी मोहल्ला–भोजपुरम् कॉलोनी, बजरंगबली रोड (महुआबाग), थाना– रूपसपुर, पटना, बिहार – 801506 | 11.09.2024<br>ऋण खाता सं. 211000005331 रू. 21,31,563.20 +सरफेसी+अन्य शूल्कें<br>20.07.2026 | संपत्ति के सभी भाग एवं खंड जिसमें शामिल है **डीड सं.– 7264 दिनांक – 24.10.2014**, मौजा– चिलबिली, सर्वे प्लॉट सं.– 630, तौजी सं.– 5754, हाल थाना – बेउर, थाना सं.– 93, खाता सं.– 36, स्थान – पटना, जिला – पटना, राज्य – बिहार, **रकवा – 3.125 डिसमील**, **चौहद्दी:– उत्तर**– राम मनोगी सिंह एवं राम स्वस्थ सिंह, **दक्षिण** – नीज लेखाकारी, **पूरब** – राम मनोगी सिंह एवं राम स्वस्थ सिंह, **पश्चिम** – 12 फीट रास्ता |

वाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा। — प्राधिकृत अधिकारी, एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड






---

### COMFED — बिहार स्टेट मिल्क को–ऑपरेटिव फेडरेशन लि०

डेयरी डेवलॉपमेंट कॉम्पलेक्स, पो.–बी० भी० कॉलेज, पटना–800014 (बिहार)
दूरभाष–(0612) 2228953, 2224083, 2228347, 2220387, फैक्स–2224017
Email:- comfed.patna@gmail.com Website:- www.sudha.coop

पत्रांक:–कॉम्फेड:विपणन: 3778 — **निविदा सूचना** — दिनांक:– 20.07.2026

**सुधा दुग्ध जन्य उत्पादों (दही, पनीर, लस्सी, रसगुल्ला, पेड़ा व अन्य मिठाईयों) के साथ–साथ अन्य उत्पादों के डिस्ट्रीब्युटरशीप बनने हेतु निविदा आमंत्रण।**

बिहार स्टेट मिल्क को–ऑपरेटिव फेडरेशन लि० (कॉम्फेड), पटना जो सुधा ब्राण्ड का स्वामित्वधारक है, बिहार राज्य के पटना, वैशाली एवं सारण जिले में सुधा दुग्ध जन्य उत्पादों (दही, पनीर, लस्सी, रसगुल्ला, पेड़ा व अन्य मिठाईयों) के साथ–साथ अन्य उत्पादों के डिस्ट्रीब्युटरशीप बनने हेतु खुली निविदा आमंत्रित करती है।

इच्छुक निविदादाता जो आवश्यक पात्रता पूरी करते हैं, से विहित प्रपत्र में डिस्ट्रीब्युटरशीप बनने हेतु निविदा दे सकते हैं। वैसे निविदादाता जिन्हें शीघ्र खराब होने वाले खाद्य पदार्थों अथवा एफ.एम.सी.जी उत्पादों के वितरण/प्रबंधन के क्षेत्र में न्युनतम एक वर्ष का कार्य अनुभव प्राप्त है, को प्राथमिकता दी जायेगी।

निविदादाता हेतु निविदा प्रपत्र एवं फार्म, निविदा के नियम व शर्तें कॉम्फेड के वेबसाईट **www.sudha.coop** पर दिये गये लिंक पर उपलब्ध रहेगा जिसे ऑफलाईन माध्यम से संबंधित दस्तावेजों, प्रमाण पत्रों एवं निर्धारित शुल्क को संलग्नित करते हुए भरा जायेगा।

बेबसाइट पर निविदा दस्तावेजों की उपलब्धता :– दिनांक–21.07.2026 से 13.08.2026 तक ।
निविदा फार्म भरकर जमा करने की अंतिम तिथि :– 14.08.2026 के अपराह्न 5.00 बजे तक।
निविदा खुलने की तिथि :– 17.08.2026 के पूर्वाह्न 11.30 बजे ।

अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये कोई भी निविदा या सभी निविदा को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**सहायक महाप्रबंधक (विपणन)**

---

### BIHAR SCHOOL EXAMINATION BOARD

**NOTICE INVITING TENDER**

**Tender Notice No. : PR 161/2026**

Bihar School Examination Board, Patna invites e-tenders under two bid systems from the reputed Manufacturers/ Suppliers/ Firms /Companies/ Agencies/ Societies for **"Supply of Packing Materials i.e., Envelope, Corrugated Box with Variable Printed Adhesive Stickers and Poly Bag (LDPE) for Intermediate & Secondary Examination, 2027 (Annual/ Compartmental) and other Examinations."** Detailed tender document containing eligibility criteria, other terms and conditions are available on the website **https://eproc2.bihar.gov.in** and **https://biharboardonline.bihar.gov.in**

**Tender Schedule**

| Date and Time for Activity | Date/Time: Duration |
|---|---|
| Online Sale/ Download Date of Tender Documents | **From: 21/07/2026 (16:00 Hrs.) to 11/08/2026 (16:00 Hrs.)** (https://eproc2.bihar.gov.in) |
| Pre-Bid Meeting | **27/07/2026 at 12:30 Hrs.** (Bihar School Examination Board, Sinha Library Road, Patna-800017) |
| Last Date/ Time for Submission/ uploading of Online Bid | **11/08/2026 up to 16:00 Hrs.** (https://eproc2.bihar.gov.in) |
| Last Date and Time for Submission of EMD (Only in case of BG) / Samples | **12/08/2026 at 13:00 Hrs.** |
| Date & Time for Opening of Technical Bid | **12/08/2026 at 14:00 Hrs** (https://eproc2.bihar.gov.in) |
| Date & Time for Opening of Financial Bid | Date to be announced later by Competent Authority. |
| Cost of the Tender Document | **₹5,900/-** (Five Thousand Nine Hundred Rupees Only) (Non-Refundable) |
| Tender Processing Fee | **₹5,900/-** (Five Thousand Nine Hundred Rupees Only) (Non-Refundable) |
| Earnest Money | **₹1,00,000/-** (One Lakh Rupees only) (Refundable) |

- Contact Details: **Nodal Officer, Mobile No.: +91 62999 23095, E-Mail ID: eproc-bseb-bih@gov.in/ eproc.bseb@gmail.com**
- **Note:** Bihar School Examination Board reserves the right to accept/ cancel/ reschedule tenders without assigning any reasons. Prospective bidders are advised to regularly visit **https://eproc2.bihar.gov.in**. Corrigendum/ Amendments etc., if any, will be notified on this portal only and no separate advertisement will be made.

**Secretary**









---

### सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया — Central Bank of India

क्षेत्रीय कार्यालय: ब्लॉक–बी, मौर्यालोक कॉम्पलेक्स, पटना–1

**बिक्री सूचना**

सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 6 (2) के तहत चल सुरक्षित संपत्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना।

हमारे द्वारा क्रं.सं.1. दिनांक 21.05.2025, क्रं.सं. 2. दिनांक 24.02.2025 को सरफेसी अधिनियम की धारा 13 (2) के अंतर्गत जारी मॉग सूचना तथा तत्पश्चात क्रं.सं. 1. दिनांक 03.09.2025, क्रं.सं.2. दिनांक 09.05.2025 को उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत आपके उपयुक्त खाते/खातों में प्रेषित कब्जा सूचना के क्रम मे, आपको सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6 (2) के अंतर्गत वह नोटिस दिया जाता है कि उपर्युक्त खाते से संबंधित सुरक्षित परिसंपत्तियाँ, जिनका विवरण संलग्न बिक्री सूचना में उल्लिखित है, अंधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 07.08.2026 को ई–नीलामी के माध्यम से, बिक्री सूचना में वर्णित स्थान, समय तथा नियम एवं शर्तों के अनुसार बेची जाएँगी। यह कार्यवाही प्रतिमूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपतियों के पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अधीन की जाएगी।

**सुरक्षित सम्पत्तियों की अनुसूची ई–नीलामी की तिथि दिनांक 07.08.2026 (ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि:– दिनांक 06.08.2026)**

| क्रं. सं. | (क) शाखा का नाम (ख) खाते का नाम (ग) खाता संख्या (घ) बंधककर्त्ता/जमानतदार का नाम | अचल संपत्तियों/बंधक प्रतिभूतियों का विवरण/मालिक का नाम (संपत्तियों के बंधककर्त्ता) | (क) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के तहत मांग सूचना की तिथि (ख) 13 (2) सूचना की तिथि तक बकाया राशि (ग) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (4) के तहत कब्जे की तिथि | (क) आरक्षित मूल्य (ख) ईएमडी (ग) बोली वृद्दि राशि | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | सुरक्षित ऋण–दाताओं को ज्ञात भारों का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | क) शाखा: राजेन्द्र नगर ख) मेसर्स पप्पू लग्जरी, प्रो. सोनी सिंह ग) खाता सं.: 5540459643 घ) मेसर्स पप्पू लग्जरी, प्रो. सोनी सिंह पिता अशोक प्रसाद सिंह, फतुहा, मिर्जापुर नोहटा, पटना, पिन–803201 | वाहन का साम्यिक बंधक इंजन सं.: 42A63941002 चेसिस सं.: MAT791014R5B04226 वाहन सं.: BR09PA9890 | क) दिनांक 21.05.2025 ख) रू. 1,81,38,670.45/– साथ ही लागू ब्याज और अन्य शुल्क, घटाकर कोई वसूली (यदि हो) दिनांक 21.05.2025 से प्रभावी होगा, जैसा कि माँग नोटिस में उल्लेखित है। ग) दिनांक 03.09.2025 घ) भौतिक (Physical) | क) रू. 25,20,000/- ख) रू. 2,52,000/- ग) रू. 50,000/- | दिनांक 07.08.2026 को सुबह 11:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक | ज्ञात नही |
| 2. | क) शाखा: कॉलेज ऑफ कॉमर्स ख) मेसर्स राज एग्रो फूड, प्रो. चंचिला देवी ग) सी सी खाता सं.: 5432608262 टी/एल खाता सं.: 5432608625 घ) 1. श्रीमती चंचिला देवी पति श्री अजय कुमार, चमन चक, चतुरी नगर रोड, ईस्ट लक्ष्मी नगर, रामकृष्णा नगर, पटना, पिन–800027 2. मेसर्स राज एग्रो फूड, प्रो. चंचिला देवी पति अजय कुमार, खेमनीचक, चमन चक, फोर्ड हॉस्पिटल के पीछे, जिला: पटना, पिन–800027 | श्रीमती चंचिला देवी द्वारा निष्पादित सर्वे प्लॉट सं. 1362, खाता सं. 114, थाना सं. 26, तौजी सं. 131, मौजा– जगनपुरा, मोहल्ला–चमनचक, थाना– फुलवारीशरीफ, जिला– पटना, उप रजिस्ट्री कार्यालय फुलवारीशरीफ, सेल डीड सं. 11681 दिनांक 24.07.2023, कुल रकवा: 14 धुर (2.18 डिसमील) चौहदी: उत्तर: सुशील यादव, पुरब: भासन यादव, दक्षिण: श्रीमती रामरती देवी, पश्चिम: 12 फीट चौड़ा रास्ता | क) दिनांक 24.02.2025 ख) माँग सूचना के अनुसार रू. 90,39,397.00/– साथ ही लागू ब्याज और अन्य शुल्क, घटाकर कोई वसूली (यदि हो) दिनांक 24.02.2025 से प्रभावी होगा, जैसा कि माँग नोटिस में उल्लेखित है। दिनांक 30.07.2025 को टी/एल खाता सं. 5432608625 में सब्सिडी की राशि का एडजस्टमेंट रू. 10,00,000/– है। मौजूदा बकाया राशि रू. 82,79,147/– और लागू ब्याज, दिनांक 18.02.2025 से। ग) दिनांक 09.05.2025 घ) प्रतिकात्मक (Symbolic) | क) रू. 46,28,880/- ख) रू. 4,62,888/- ग) रू. 50,000/- | दिनांक 07.08.2026 को सुबह 11:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक | ज्ञात नही |

संपर्क व्यक्ति का नाम **1. राजेन्द्र नगर शाखा** : धमेन्द्र कुमार, शाखा प्रमुख, **मोबाईल न० 9264291507**
**2. कॉलेज ऑफ कॉमर्स शाखा** : श्रीमती अंजली कुमारी, **शाखा प्रमुख, मो. 9264291440**, एवं **वसूली विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय पटना:** सुजीत कुमार, **मुख्य प्रबंधक, मोबाईल न० 9264291503**
ई–नीलामी के लिए कृपया **http://ebkray.in** पर जाए, विवरण, नियम और शर्तों के लिए वेबसाईट **www.baanknet.com** देखें।

दिनांक : 14.07.2026
स्थान : पटना

विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

प्राधिकृत अधिकारी
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

# युवा • शिक्षा • अवसर



# आईआईटी में दूसरा दीक्षांत समारोह : आस्था और रोहित को मिला गोल्ड मेडल

## संस्थान के सभागार में स्नातक बैच की शैक्षणिक उपलब्धियों और उत्कृष्ट प्रदर्शन का जश्न मनाया गया

एजुकेशन रिपोर्टर | पटना।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) पटना में सोमवार को हाइब्रिड शैक्षणिक कार्यक्रमों के डिग्री प्राप्तकर्ताओं के लिए दूसरा दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। संस्थान के सभागार में स्नातक बैच की शैक्षणिक उपलब्धियों और उत्कृष्ट प्रदर्शन का जश्न मनाया गया।

मुख्य अतिथि शिक्षाविद और बिहार के पूर्व पुलिस महानिदेशक अभयानंद और विशिष्ट अतिथि जय प्रकाश विश्वविद्यालय छपरा के कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार वाजपेयी उपस्थित रहे। टाटा स्टील के सीईओ और प्रबंध निदेशक और आईआईटी पटना के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स (बीओजी) के अध्यक्ष टीवी नरेंद्रन ने वर्चुअली जुड़कर विचार साझा किए। इसके अलावा, आईआईटी पटना के निदेशक प्रो. टीएन सिंह ने संस्थान की उपलब्धियों, तकनीकी प्रगति और भविष्य की आकांक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए विस्तृत निदेशक की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

अतिथियों ने कठिन हाइब्रिड शैक्षणिक कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करने में छात्रों की अनुकूलन क्षमता और समर्पण के लिए संस्थान और विद्यार्थियों की सराहना की। यह समारोह आधिकारिक तौर पर स्नातकों के पेशेवर जीवन में प्रवेश का प्रतीक बना।

### काजल, अर्णार्ण, हिमांशी, आलोक, आशुतोष और चारु को रजत पदक





मेधावी छात्रों गोल्ड और सिल्वर मेडल से सम्मानित किया। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले छात्रों में बैचलर ऑफ साइंस इन कंप्यूटर साइंस एंड डेटा एनालिटिक्स की छात्रा आस्था आनंद को यूजी वर्ग में संस्थान स्वर्ण पदक मिला, जबकि मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के छात्र रोहित कुमार को पीजी वर्ग में संस्थान स्वर्ण पदक से नवाजा गया। रजत पदक विजेताओं में मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी इन क्लाउड कंप्यूटिंग की काजल शर्मा, मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डेटा साइंस इंजीनियरिंग के अर्णार्ण मुखोपाध्याय, मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन इन फाइनेंस की हिमांशी गोयल, मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी इन कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के आलोक मिश्रा और बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के आशुतोष कुमार ठाकुर, मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी इन बिग डेटा एंड ब्लॉकचेन की चारु मिश्रा शामिल हैं।

# छोटे प्रखंडों में सेंट्रलाइज्ड और बड़े प्रखंडों में दो किचन बनेंगे

## 4 घंटे में भोजन खिलाने की प्रक्रिया खत्म होगी

**पटना|** बिहार के 1.10 करोड़ छात्रों को गर्म, पौष्टिक मिड डे मिल मिलेगा। इसके लिए सभी प्रखंडों में सेंट्रलाइज्ड किचन बनेगा। बड़े प्रखंडों में दो किचन बनेंगे। इसके साथ जिन प्रखंडों में सेंट्रलाइज्ड किचन है, वहां इसका इस्तेमाल करने वाली संस्थाओं को 2 महीने के अंदर स्टील के बर्तनों के स्थान पर इंसुलेटेड बर्तनों का इस्तेमाल करना होगा। बिहार के सरकारी स्कूलों में सुबह से दोपहर तक भोजना बनाने, खिलाने में खत्म होते है। ये प्रक्रिया 5 से 7 घंटे तक होती है। ऐसे में भोजन ठंडा हो जाता है। ऐसे में अब भोजन बनाने से छात्रों को खिलाने तक की प्रक्रिया 3 से 4 घंटे में खत्म होगी।

*मिड डे मिल के तहत छात्रों को दिए जाने वाला भोजन क्वालिटीयुक्त, गर्म होना जरूरी है। इसके लिए विकास भवन के सभागार में मिड डे मील से जुड़ीं संस्थाओं के साथ बैठक हुई है। इसमें 43 में 41 स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे। जिन्हें महत्वपूर्ण निर्देश दिया गया। छात्रों को स्वादिष्ट, पौष्टिक, गर्म और पसंद का भोजन उपलब्ध कराना जरूरी है।*

**-मिथिलेश तिवारी,** शिक्षा मंत्री

### नीट यूजीः आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल टूल से बदल रही ओएमआर शीट

# फर्जी ओएमआर शीट और स्कोर कार्ड अपलोड करने पर कार्रवाई

एजुकेशन रिपोर्टर | पटना

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नीट (यूजी-2026) की परीक्षा के बाद सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर प्रसारित की जा रही फर्जी ओएमआर उत्तर पुस्तिकाओं और स्कोर कार्ड को लेकर महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। एनटीए ने स्पष्ट किया है कि 21 जून को हुई परीक्षा के परिणाम 16 जुलाई को घोषित हो चुके हैं, लेकिन कुछ उम्मीदवारों द्वारा डिजिटल रूप से बदले गए दस्तावेज पेश किए जा रहे हैं।

एजेंसी का कहना है कि ये दस्तावेज फर्जी है और उद्देश्य परिणामों को गलत तरीके से प्रभावित करना या पुनर्मूल्यांकन की मांग करना है। एनटीए के रिकॉर्ड के अनुसार, प्रत्येक उम्मीदवार की असली ओएमआर शीट, उनके हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान के साथ सुरक्षित है। उस पर लगे बारकोड के जरिए उनकी प्रमाणिकता की जांच कभी भी की जा सकती है।

### माता-पिता के नाम और हस्ताक्षर को डिजिटल तरीके से बदल रहे

एनटीए ने जांच में पाया कि इन फर्जी दस्तावेजों को बनाने के लिए एआई आधारित इमेज टूल्स और डिजिटल ओवरराइटिंग का सहारा लिया जा रहा है। कुछ मामलों में ओएमआर शीट के निर्देशों और कॉलम हेडर में बदलाव किया गया है। कुछ लोग उम्मीदवार के नाम, माता-पिता के नाम और हस्ताक्षर को डिजिटल तरीके से बदल रहे हैं, जबकि बारकोड और 180 उत्तरों के गोलों को वैसा ही छोड़ देते हैं। इसके अलावा, स्कोर कार्ड पर नंबर भी बदला जा रहा है, लेकिन उस पर मौजूद क्यूआर कोड एजेंसी के सर्वर पर उपलब्ध असली डेटा की जानकारी ही देता है। एजेंसी ने आगाह किया है कि ये फर्जी छवियां आंखों को धोखा दे सकती हैं, लेकिन एनटीए के सुरक्षित सर्वर पर उपलब्ध रिकॉर्ड को नहीं बदल सकतीं।

### दर्ज होगा मामला और लगेगा जुर्माना

फर्जी दस्तावेज बनाने, रखने या प्रसारित करने को एनटीए ने गंभीर अपराध माना है। ऐसे उम्मीदवारों और उनके सहयोगियों के खिलाफ सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 के साथ-साथ भारतीय न्याय संहिता, 2023 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दोषियों को जेल की लंबी सजा हो सकती है और भारी जुर्माना भी हो सकता है। साथ ही, उम्मीदवारी भी रद्द कर दी जाएगी और भविष्य में एनटीए द्वारा होने वाली किसी भी परीक्षा में बैठने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।

### एनटीए ने बताया सही तरीका

एजेंसी ने सलाह दी है कि किसी ऐसे व्यक्ति के बहकावे में न आएं जो फर्जी दस्तावेज तैयार करने या बढ़ावा देने में मदद करते हैं। यदि किसी उम्मीदवार को ओएमआर शीट में वास्तव में कोई गलती नजर आती है, तो वे आधिकारिक हेल्प डेस्क के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उम्मीदवारों को रोल नंबर और शिकायत का ठोस आधार बताना होगा। लेकिन उन्हें सलाह दी गई है कि वे अपनी शिकायत के साथ कोई फर्जी या छेड़छाड़ किया गया दस्तावेज न जोड़ें। किसी भी फर्जी दस्तावेज के आधार पर परिणाम का पुनर्मूल्यांकन या सीट का आवंटन नहीं होगा। गलत जानकारी देने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी।

## विकास नीति को प्रभावशाली बनाएं : डॉ रास बिहारी सिंह

**पटना |** यूजीसी मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर और भूगोल तथा भूगर्भ शास्त्र विभाग पटना विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षकों के लिए 12 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स का शुभारंभ हुआ। मुख्य वक्ता नीति आयोग के अंतर्गत राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल मिशन के अध्यक्ष डॉ ध्रुव कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान में ऊर्जा के संसाधनों के लिए राष्ट्र को विचार करना है। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो रास बिहारी प्रसाद सिंह ने कहा कि पिछले दशक में ऊर्जा की खपत में लगातार वृद्धि हुई है। उसकी भरपाई के लिए पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा संसाधनों की खोज एवं विकास की नीति को प्रभावशाली बनाने की जरूरत है। इससे पहले डॉ कामना सचदेव, प्रो सलाहुद्दीन कुरैशी प्रो प्रधान पार्थसारथी का व्याख्यान हुआ। निदेशक प्रो अतुल आदित्य पांडेय मौजूद रहे।

# पीयूः विश्वविद्यालय स्वायत्तता के सवाल पर एकजुट हुए शिक्षक, अब विरोध शुरू

## शिक्षकों ने किया विश्वविद्यालय अधिनियम में संशोधन का विरोध

एजुकेशन रिपोर्टर | पटना

विश्वविद्यालय स्वायत्तता के सवाल पर सभी शिक्षक एकजुट हो गये हैं और अब इसका विरोध भी शुरू हो गया है। पटना विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 को समाप्त करने के खिलाफ विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने एकजुटता दिखाते हुए सोमवार को बीएन कालेज के सभागार में पटना विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (पुटा) की बैठक में भाग लिया। शिक्षकों ने सरकार प्रस्ताव का विरोध किया और मंगलवार को सामूहिक अवकाश पर रहते हुए विश्वविद्यालय मुख्यालय में धरना देने का निर्णय लिया। पुटा के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. शिव सागर प्रसाद ने बताया कि पटना विश्वविद्यालय अधिनियम अन्य विश्वविद्यालय से अलग है। उन्होंने बताया कि जनरल बाडी की बैठक के बाद उच्च शिक्षा मंत्री संजय सिंह टाइगर से प्रतिनिधिमंडल मिलने गया, लेकिन इस पर बात नहीं बनी। सरकार के निर्णय के खिलाफ 21 जुलाई को शिक्षक एक दिन सामूहिक अवकाश पर रहते विश्वविद्यालय मुख्यालय में धरना देंगे। पुटा की जनरल बाडी की बैठक में प्रो. एसबी लाल ने कहा कि शिक्षकों को एकजुट होना होगा। प्रो. एनके झा ने कहा कि मिलकर लड़ना होगा। प्रो. शेफाली राय ने कहा कि रणनीति तय करनी होगी। प्रो. सुहेली मेहता, प्रो. डीएन सिन्हा, डा. विभाष रंजन, डा. सरोज, डा. शेखर, डा. नम्रता व डा. मो जिआउल हसन मौजूद रहे।

### कर्मचारी संघ ने समर्थन किया

कर्मचारी संघ ने भी आंदोलन का समर्थन किया है। संघ के महासचिव फरमान अब्बास ने कहा कि पटना विश्वविद्यालय अधिनियम में बदलाव करने के विरोध में कर्मचारी शिक्षकों के साथ खड़े हैं। मंगलवार को कर्मचारी पर सामूहिक अवकाश पर रहते हुए विश्वविद्यालय मुख्यालय में धरना देंगे। उन्होंने कर्मचारियों को आह्वान किया है कि धरना में अधिक संख्या में शामिल होकर सरकार के निर्णय का विरोध करें।

# पीओ व एमटी भर्ती के लिए आज तक कर सकेंगे आवेदन

**पटना|** इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सिलेक्शन (आईबीपीएस) द्वारा प्रोबेशनरी ऑफिसर (पीओ) और मैनेजमेंट ट्रेनी (एमटी) के पदों पर भर्ती के लिए सोमवार को रिक्तियां बढ़ा दी है। यह रिक्तियां 6,715 से बढ़कर 7,365 हुईं। इसके लिए आज मंगलवार तक आवेदन होगा। आईबीपीएस के कॉमन रिक्रूटमेंट प्रोसेस की प्रक्रिया 21 जुलाई तक चलेगी। उम्मीदवार आवेदन फॉर्म में सुधार या संपादन भी 21 जुलाई तक कर सकते हैं, जबकि भरे हुए आवेदन का प्रिंट निकालने की अंतिम तिथि 5 अगस्त है। प्री-एग्जाम ट्रेनिंग अगस्त 2026 में दी जाएगी। प्रारंभिक ऑनलाइन परीक्षा भी अगस्त में ही होगी। प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम सितंबर में जारी होगा। मुख्य ऑनलाइन परीक्षा अक्टूबर में होगी। मुख्य परीक्षा का रिजल्ट नवंबर में आएगा, जिसके बाद नवंबर 2026 में पर्सनालिटी टेस्ट तथा नवंबर-दिसंबर 2026 में इंटरव्यू होंगे। अंतिम प्रोविजनल आवंटन जनवरी 2027 तक पूरा हो जाएगा।

### रिक्तियों में बढ़ोतरी और बैंक-वार विवरण

बैंक-वार जारी संशोधित आंकड़ों के अनुसार बैंक ऑफ़ बड़ौदा में 1900, बैंक ऑफ़ इंडिया में 500, बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र में 1100, केनरा बैंक में 1500, सेंट्रल बैंक में 500, इंडियन बैंक में 650, ओवरसीज बैंक में 550, पीएनबी में 504 व पंजाब एंड सिंध बैंक में 161 रिक्तियां शामिल हैं। कुल रिक्तियों में एससी के लिए 1131, एसटी के लिए 562, ओबीसी के लिए 2015, ईडब्ल्यूएस के लिए 721 व अनारक्षित के लिए 2936 पद आरक्षित हैं।

# पीपीयूः 22 व्यावसायिक कोर्स में इसी सत्र से होंगे नामांकन

## अधिसूचना जारी, सेल्फ फाइनेंस मोड में चलेंगे कोर्स

एजुकेशन रिपोर्टर | पटना

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय सत्र 2026-27 से अपने 10 अंगीभूत कॉलेजों में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर 22 नए स्व-वित्तपोषित व्यावसायिक एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों को शुरू करने जा रहा है। इसकी आधिकारिक अधिसूचना सोमवार को जारी कर दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इन सभी स्व-वित्तपोषित पाठ्यक्रमों का वित्तीय प्रबंधन महाविद्यालयों को स्वयं अपने स्तर पर करना होगा। राज्य सरकार या पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय इस पर कोई वित्तीय भार वहन नहीं करेगा। कुलसचिव मो. अबू बकर द्वारा जारी पत्र के अनुसार शुल्क की दरें राज्य सरकार और विश्वविद्यालय द्वारा अनुशंसित मानकों पर आधारित होंगी। किसी कोर्स में 30 तो किसी में 60 सीटें निर्धारित की गयी हैं।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डेटा साइंस पर जोर

कुलसचिव प्रो अबु बकर रिजवी द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार जेडी वीमेंस कॉलेज, एएन कॉलेज, टीपीएस कॉलेज, एमडी कॉलेज नौबतपुर, किसान कॉलेज सोहसराय, एएनएस कॉलेज बाढ़, आरआरएस कॉलेज मोकामा, सरदार पटेल मेमोरियल कॉलेज उदंतपुरी, एसयू कॉलेज हिलसा तथा आरएलएसवाई कॉलेज बख्तियारपुर सहित विभिन्न महाविद्यालयों में एम कॉम, एम लिब, बी लिब, बीएससी (आईटी), बीएससी (बायोटेक्नोलॉजी), बीएससी (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डेटा साइंस), बीसीए, बीबीए, एमबीए तथा एमसीए जैसे पाठ्यक्रमों के संचालन को स्वीकृति दी गई है। एआई और डेटा साइंस पर अधिक जोर दिया गया है। टीपीएस कॉलेज (पटना) और किसान कॉलेज (बिहारशरीफ) में बीएससी (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डेटा साइंस) जैसा आधुनिक पाठ्यक्रम शुरू हो रहा है। कुछ नए पाठ्यक्रमों (जैसे बीसीए, बीबीए, एमबीए, एमसीए) के संचालन के लिए राज्य सरकार अथवा संबंधित निकायों से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिलने के बाद पढ़ाई शुरू होगी। डॉ अबु बकर रिजवी ने कहा कि इन कोर्स से उच्च शिक्षा के साथ रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

## सीआईईटी-एनसीईआरटी ने ऑनलाइन प्रशिक्षण पर्सनलाइज्ड एडाप्टिव लर्निंग शुरू की

**पटना|** शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की ओर से सीआईईटी-एनसीईआरटी द्वारा 20 से 24 जुलाई तक व्यक्तिगत अनुकूली अधिगम (पर्सनलाइज्ड एडाप्टिव लर्निंग-पीएएल) विषय पर विशेष ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के पहले दिन सोमवार को व्यक्तिगत अनुकूली अधिगमः अवधारणा, आवश्यकता एवं क्षेत्र विषय पर ऑनलाइन सत्र आयोजित किया गया। जिसमें डॉ. बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आरसी शर्मा वक्ता के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब चैनल youtube.com/@ncertofficial के माध्यम से देखा जा सकता है। इसके अलावा, इसे पीएम ई-विद्या मोबाइल ऐप और डीटीएच टीवी चैनल 6-12 पर भी देखा जा सकता है। कार्यक्रम से जुड़ी अधिक जानकारी के लिए ciet.ncert.gov.in/activity/pal पर विजिट किया जा सकता है।

Happy Birthday



कुणाल रंजन

## एनओयू : पीजी पार्ट-1 की परीक्षाएं 1 अगस्त से शुरू होंगी

**पटना|** नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी की ओर से पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) पार्ट-1 परीक्षा के लिए शेड्यूल जारी कर दी गई है। एमए, एमएससी, एमकॉम और एमसीए पार्ट-1 की परीक्षाएं 1 अगस्त से शुरू हो हैं। पटना और नालंदा के प्रमुख कॉलेजों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। पहले शिफ्ट में दोपहर 12 से 3 बजे और तो दूसरे शिफ्ट में दोपहर 2 से 5 बजे के बीच परीक्षा होगी। एमसीए पार्ट-1 की प्रैक्टिकल परीक्षाएं सितंबर में ली जाएंगी। विश्वविद्यालय ने परीक्षार्थियों के लिए कुछ जरूरी निर्देश भी जारी किए हैं।

## पीयू में आज की सभी परीक्षाएं स्थगित

**पटना|** पटना विश्वविद्यालय में मंगलवार को होने वाली सभी परीक्षाएं अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई हैं। परीक्षा नियंत्रक की ओर से जारी नोटिस में बताया गया कि 21 जुलाई के लिए निर्धारित सभी पेपर अब पूर्व निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार नहीं होंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार परीक्षाओं की संशोधित समय-सारिणी की सूचना बाद में विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।

### कोर्ट नोटिस

व न्यायालय,

सब जज- II, पटना

टाईटिल सूट नं.- 5299/2014

विनोद कुमार ________ वादी

बनाम्

श्री वकील सिंह ________ प्रतिवादी

नोटिस बनाम

श्री राम दहिन यादव, पता- मठियापुर, थाना- शाहपुर, जिला- पटना।

चूं वजरिये इस नोटिस से आपको सूचित किया जाता है कि न्यायालय के नजारत व डाक से आपको पूर्व में उपरोक्त न्यायालय द्वारा नोटिस दी जा चुकी है। परन्तु आज तक आप न्यायालय में उपरोक्त वाद में उपस्थित नहीं हुए। इसलिए इस पेपर प्रकाशन के लिए न्यायालय से आज दिनांक- 27.07.2026 को समय 10.30AM बजे उपस्थित होने वास्ते यह नोटिस पेपर प्रकाशन में प्रकाशित की जा रही है। पेपर प्रकाशन के बाद उपरोक्त न्यायालय में असालतन या वकालतन उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके अनुपस्थिति में एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।

इसे ताकिद जाने।

आज दिनांक- 18.07.2026 को न्यायालय के हस्ताक्षर व सील मुहर से पेपर प्रकाशन हेतु जारी किया गया।

सब जज- II, पटना

**COMMERCIAL COURT (DISTRICT JUDGE LEVEL), NAVA RAIPUR ATAL NAGAR (DISTRICT RAIPUR), CHHATTISGARH**

(2nd floor, Rajya NITI Aayog, opposite of CGPSC Building, Sector-19, Atal Nagar, District Raipur, 492002)

**Process No: 278/2026**
**Civil Suit No.:09B/2026**
**Next Hearing Date: 25/07/2026**
**Sambhav Tubes Pvt. Ltd...Plaintiff**
**Vs**
**Hi-Tech Abrasives Limited & Another ....... Defendants**

To,
**Mr. Raghvendra Charan Sinha, S/o Awdheshwari Charan Sinha, Director of Defendant No. 01, Address: Yashoda Devi Path, A-124, Housing Colony, Kankarbagh, Patna, Bihar-800020.**

The plaintiff has filed a suit against you for recovery of the amount of **Rs. 3,51,00,000.00** with interest which is fixed for hearing on **date 25.07.2026.**

Therefore if you have any objection, you should appear in this Court either in person or by a lawyer who has been instructed in this behalf and can answer all material questions relating to suit or be accompanied by a person who can answer all such question. The day fixed for appearance in Court is the day fixed for final settlement of the suit, therefor you should be ready on the day to produce all your documents on which you want to rely. It is further notified that if you do not appear in this Court on the date mentioned above then the case will be heard and disposed of in your absence.

Issued today on date 10/07/2026 under signature and seal of the Court.

**Pankaj Sharma, Judge**
**Commercial Court (Dist. Judge Level)**
**Nava Raipur Atal Nagar,**
**Dist. Raipur, Chhattisgarh**

### कोर्ट नोटिस

व अदालत,

सिविल जज
(सिनियर डिविजन)-11, पटना
मनीसुट न०-39 सन् 2026 ई.
संगीता कुमारी .......वादी
बनाम
सुरेश राय उर्फ सुरेश प्रसाद वगैरह
..... प्रतिवादी
नोटिस बनाम

1- सुरेश राय उर्फ सुरेश प्रसाद पिता का नाम स्व. हरिफन राय, निवासी - वतौरा थाना- फुलवारी शरीफ वर्तमान-थाना बेऊर जिला-पटना पिन कोड-800002 प्रधान प्रतिवादी

2- जितेन्द्र नारायण सिन्हा, पिता का नाम नाम नामालूम, निवासी - वेतौड़ा थाना फुवारी शरीफ, जिला-पटना वर्तमान थाना बेउर, जिला पटना-800002

चूँ वजारिये नोटिस (पेपर प्रकाशन) के आपको सूचित किया जाता है कि वादी ने आपलोगों के विरूद्ध उक्त वाद लाया है। जिसकी सूचना पूर्व मे नजारत वो डाक के माध्यम से दिया जा चुका है लेकिन आपलोग हाजिर अदालत नहीं आ सके,, इस वाद में **आगामी सुनवाई की तारीख 24/08/26 निश्चित है।** अतएव आप तारीख निश्चित पर स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना मुनासिव पैरवी करें अन्यथा आपलोगों के विरूद्ध एकपक्षीय सुनवाई करते हुए आदेश पारित किया जायेगा, ताकिद जाने।

मेरे दस्तखत व इस अदालत के मोहर से निर्गत किया गया आज तारीख 18 माह 07 सन् 2026 ई.

सिविल जज सिनियर डिविजन-11, पटना


दैनिक भास्कर में

पुण्यतिथि | श्रद्धांजलि एवं शोक संदेश

अब घर बैठे एक क्लिक या कॉल पर बुक करें

BhaskarAd.com 9772019222

# भास्कर CLASSIFIED

आवश्यकता
APPOINTMENT

पार्टटाइम

सुनहरा अवसर WORK FROM HOME JOBS भारत की नंबर-1.TELECOM 5G कंपनी पार्टटाइम SENDING-(MESSAGE CALLING) लड़के-लड़किया, गृहिणी, स्टूडेंट कमाए(21,500-71,900) महीना लैपटॉप+मोबाइल मुफ्त NAME ADDRESS, QUALIFICATION Only Whatsapp:- 8799715773,

बिजनेस
BUSINESS

बिजनेस

डिस्पोजल, प्लास्टिक, थर्माकोल, किरयाना, लोहा, स्टील, स्कूटरी कार इबैन्ट्री, फैक्ट्री लगाओ, मशीन + कच्चा माल लो और तैयार माल दो- 8799735018

ज्योतिष
ASTROLOGY

ज्योतिष

फीस नहीं इनाम लूंगा पंडित रविशंकर(गोल्डमेडलिस्ट) मनचाहा प्यार/शादी ग्रहकलेश पति-पत्नी अनबन सौतन दुश्मन छुटकारा प्रेमविवाह घर बैठे सभी समाधान #9286387958

दैनिक भास्कर वैवाहिकी विज्ञापन — प्रत्येक रविवार




BhaskarAd.com
बनाए क्लासिफाइड एड बुकिंग आसान
9772019222
बुकिंग के लिए स्कैन करें

एनाउंसमेंट
ANNOUNCEMENTS

नाम परिवर्तन

मैं, कमला सिंह, पिता- स्व. इन्द्रासन सिंह, निवासी ग्राम- गुठनी, पो.- गुठनी, थाना- गुठनी, सिवान, बिहार- 841435 घोषणा करता हूँ कि शपथ पत्र संख्या 1780, दिनांक 15.6.2026 मैं कमला सिंह अब कमलदेव सिंह के नाम से जाना जाऊँगा।

शिक्षा की उड़ान

EXALT COLLEGE OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY
Approved by AICTE, Department of Education (Govt of India)
ADMISSION OPEN 2026-27
MBA MCA BJMC BCA
BLIS B.TECH POLYTECHNIC
बिहार स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध
Address: Ashiana Tower, 311/A, Exhibition Rd, Patna, Bihar 800001
Moblie No:- 9102711123, 9771294445, 9031202161
Website:- www.denalicollege.com

DB Corp Ltd — पाठकों को इस प्रकाशन में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले उपयुक्त पूछताछ करने और उचित परामर्श लेने की सलाह दी जाती है। डीबी कॉर्प लिमिटेड विज्ञापनदाताओं के उत्पादों और सेवाओं को लेकर किए गए दावों की जिम्मेदारी नहीं लेता है। डीबी कॉर्प लिमिटेड के प्रिंटर, प्रकाशक, संपादक और मालिक। अगर विज्ञापनदाता ऐसे दावों का सम्मान नहीं करते हैं तो दैनिक भास्कर प्रकाशन समूह को किसी भी परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकेगा।

दैनिक भास्कर सच्ची बात, बेधड़क

डिस्प्ले क्लासिफाइड विज्ञापन | रंगीन क्लासिफाइड विज्ञापन | वैवाहिकी विज्ञापन | शोक-संदेश | नाम परिवर्तन/खोया-पाया | आवश्यकता | बधाई-संदेश

कार्यालय- द्वितीय तल्ला, आरा आई. टी. पार्क, न्यू पासपोर्ट ऑफिस के ऊपर, पाटलिपुत्र इंडस्ट्रियल एरिया, पटना - 13 | फोन नं. - 0612-3922000 | 7004833915

## आज का पंचांग



श्रीपति त्रिपाठी

**तिथि संवत्** आषाढ़ शुक्ल पक्ष सप्तमी दिन में 06:59 तक उपरांत अष्टमी श्री शुभ संवत-2083,शाके-1948,हिजरी सन-1447-48

**सूर्योदयकालीन ग्रह विचार**

सूर्य-मिथुन, चंद्रमा-कन्या, मंगल-वृष, बुध-मिथुन, गुरु-कर्क, शुक्र-सिंह, शनि- मीन, राहु- कुम्भ, केतु- सिंह

**सूर्योदयकालीन नक्षत्रः** नक्षत्र- चित्रा उपरांत स्वाति, योग-सिद्ध, **चौघड़िया :** प्रातः 6:00 से 7:30 तक काल, 7:30 से 9:00 तक शुभ, 9:00 से 10:30 बजे तक रोग, 10:30 बजे से 12:00 बजे तक उद्वेग, 12:00 से 1:30 बजे तक चर, 1:30 से 3:00 बजे तक लाभ, 3:00 से 4:30 बजे तक अमृत, 4:30 से 6:00 तक काल। **उपायः** श्री हनुमान जी को सिंदूर एवं चमेली का तेल अर्पित कर हनुमान चालीसा का पाठ करें। **आराधनाः** ॐ हं हनुमते नमः। **दिशाशूल**-उत्तर। **खरीदारी के लिए शुभः** शाम 3:00 से 4:30 तक। **राहु कालः** दोपहर 3:00 से 4:30 बजे तक।

## राशिफल

**मेष : शुभ अंक 6, शुभ रंग अरुणः** परिस्थितियाँ आपको अपनी क्षमता को नए स्तर पर साबित करने का अवसर देंगी। कार्यक्षेत्र में चुनौतीपूर्ण कार्य का दायित्व मिल सकता है, जिसे आप अपनी सूझबूझ और साहस से सफलतापूर्वक पूरा करेंगे।

**वृष : शुभ अंक 9, शुभ रंग चम्पईः** आज आपके भीतर स्थिरता और धैर्य का सुंदर संतुलन बना रहेगा। आर्थिक मामलों में पुरानी योजना लाभ देना शुरू कर सकती है। नौकरी करने वालों को किसी अनुभवी अधिकारी का मार्गदर्शन मिलेगा।

**मिथुन : शुभ अंक 1, शुभ रंग पल्लव हराः** आज विचारों की गति तेज रहेगी और आप कई नए समाधान खोजने में सफल होंगे। संचार, विज्ञापन, पत्रकारिता, शिक्षा, विपणन या ऑनलाइन व्यवसाय से जुड़े लोगों को विशेष उपलब्धि मिल सकती है।

**कर्क : शुभ अंक 3, शुभ रंग हिम श्वेतः** आपका ध्यान परिवार की सुरक्षा और भविष्य की योजनाओं पर अधिक रहेगा। घर के किसी आवश्यक कार्य को पूरा करने से संतोष मिलेगा। नौकरी में जिम्मेदारी-संवेदनशीलता वरिष्ठों का विश्वास जीत सकती है।

**सिंहः शुभ अंक 5, शुभ रंग स्वर्णाभः** आज सार्वजनिक जीवन या सामाजिक क्षेत्र में आपकी उपस्थिति प्रभावशाली रहेगी। यदि किसी मंच, बैठक या कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं, तो आपकी बातों को विशेष महत्व मिलेगा।

**कन्या : शुभ अंक 8, शुभ रंग पिस्ता हराः** आज आपके लिए सूक्ष्म निरीक्षण और समय प्रबंधन सबसे अधिक लाभकारी रहेंगे। किसी पुराने अधूरे कार्य को पूरा करने का अवसर मिलेगा। नौकरी में नई जिम्मेदारी मिलने से अनुभव बढ़ेगा।

**तुला : शुभ अंक 2, शुभ रंग गुलाबीः** आज आपके भीतर सौंदर्यबोध और रचनात्मकता दोनों का सुंदर मेल दिखाई देगा। कला, वास्तु, डिजाइन, संगीत या सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष उपलब्धियाँ लेकर आ सकता है।

**वृश्चिक : शुभ अंक 7, शुभ रंग महरूनः** आज किसी गुप्त योजना या लंबे समय से चल रहे प्रयास में महत्वपूर्ण प्रगति देखने को मिल सकती है। अनुसंधान, तकनीक, सुरक्षा, प्रशासन या प्रबंधन से जुड़े लोगों को विशेष सफलता मिलेगी।

**धनु : शुभ अंक 4, शुभ रंग गेरुआः** आज आपका झुकाव नई जगहों, नए विचारों और नए अनुभवों की ओर रहेगा। यदि विदेश, उच्च शिक्षा या लंबी यात्रा से जुड़ा कोई प्रयास चल रहा है, तो शुभ संकेत मिल सकते हैं।

**मकर : शुभ अंक 1, शुभ रंग धूम्र वर्णः** आज आपकी संगठन क्षमता और अनुशासन किसी बड़े कार्य को सफल बनाने में सहायक होंगे। कार्यालय में किसी महत्वपूर्ण योजना का संचालन आपके हाथ में आ सकता है।

**कुंभ : शुभ अंक 9, शुभ रंग नीलवर्णः** आज आपकी मौलिक सोच और आधुनिक दृष्टिकोण आपको दूसरों से अलग पहचान दिलाएंगे। तकनीकी, वैज्ञानिक, सामाजिक या नवाचार से जुड़े कार्यों में उल्लेखनीय प्रगति होगी।

**मीनः शुभ अंक 5, शुभ रंग हल्का बैंगनीः** आज आपकी अंतःप्रेरणा आपको सही दिशा दिखाने में सक्षम रहेगी। साहित्य, संगीत, चित्रकला, आध्यात्म या परामर्श से जुड़े लोगों को विशेष सफलता मिलने के संकेत हैं।

**दैनिक भास्कर तक**

**अब सीधे पहुंचाएं अपनी खबर...**

**यदि आप धर्म, समाज और संस्था से जुड़ी कोई महत्वपूर्ण सूचना साझा करना चाहते हैं तो इस नंबर पर वॉट्सएप करें।**

वॉट्सएप नंबर : **9340931206**

**सोमनाथ यात्रा** • मुख्यमंत्री ने बिहार के 1150 श्रद्धालुओं को विशेष ट्रेन से रवाना किया

# श्रद्धालुओं के साथ गया कलश व ध्वज बिहार की आस्था का प्रतीक : सम्राट

पॉलिटिकल रिपोर्टर | पटना

बिहार की सांस्कृतिक चेतना और सनातन परंपरा को मजबूती देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को पाटलिपुत्र जंक्शन से सोमनाथ यात्रा का शुभारंभ किया। 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व (अटूट आस्था की गौरव गाथा)' थीम पर आधारित विशेष ट्रेन को मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें बिहार के 1150 श्रद्धालु सवार हैं। दीप प्रज्वलन, डमरू वादन और शंख ध्वनि के बीच मुख्यमंत्री ने शोभा सिंह को कलश और अजीत कुमार को ध्वज सौंपा। उन्होंने इस ध्वज और कलश को बिहार की आस्था, स्वाभिमान और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री ने ट्रेन में जाकर श्रद्धालुओं से मुलाकात की। सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। मंगलमय यात्रा की कामना भी की।

मंच संचालन व संबोधन में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी शामिल रहे। इस दौरान मंत्री रामकृपाल यादव, विधायक संजीव चौरसिया, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह आदि भी मौजूद रहे।

तय कार्यक्रम के अनुसार यह ट्रेन लगभग 44 घंटे की यात्रा पूरी करने के बाद 22 जुलाई की सुबह 11 बजे गुजरात के वेरावल स्टेशन पहुंचेगी। श्रद्धालुओं को वेरावल स्टेशन से सीधे सोमनाथ धाम ले जाया जाएगा।

### वैदिक मंत्र और शंखनाद के बीच रवाना हुई ट्रेन



पाटलिपुत्र से सोमनाथ के लिए रवाना हुई स्पेशल ट्रेन, यात्री हर हर महादेव... का जयघोष करते रहे।

### राजनीतिक और सांस्कृतिक विश्लेषण

**धार्मिक पर्यटन साधने की कोशिश :** यह केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि बिहार के गौरवशाली अतीत को वर्तमान पुनर्जागरण से जोड़ने की रणनीति है।

**राष्ट्रीय जुड़ाव :** बिहार से गुजरात तक की यह यात्रा देश में अंतरराज्यीय सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करेगी।

**विरासत की राजनीति :** नालंदा विश्वविद्यालय व डॉ. राजेंद्र प्रसाद के योगदान का उल्लेख कर सीएम ने बिहार के स्वाभिमान को साधा।

### काशी विश्वनाथ के भी दर्शन करें

सीएम सम्राट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नालंदा विश्वविद्यालय को पुनः स्थापित कर ऐतिहासिक विरासत को लौटाने का काम किया। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से सोमनाथ के साथ काशी विश्वनाथ के दर्शन करने और बिहार की शांति, समृद्धि व विकास के लिए प्रार्थना करने की अपील की। कला एवं संस्कृति विभाग के सचिव प्रणव कुमार ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।



पाटलिपुत्र से सोमनाथ के लिए स्पेशल ट्रेन रवाना कर यात्री शोभा सिंह को कलश सौंपते मुख्यमंत्री।

**भास्कर इनसाइट**

### सौराष्ट्र से सौराठ, सोमनाथ से बिहार का ऐतिहासिक संबंध

प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ महादेव पर हुए आक्रमण के 1000 वर्ष और जीर्णोद्धार के 75 वर्ष पूरे हो गए हैं। जब महमूद गजनवी ने सोमनाथ मंदिर को ध्वस्त कर लूटा, तब मंदिर के रक्षक और पुजारियों ने ज्योतिर्लिंग के मान-सम्मान और अंश की रक्षा की। दो पुजारी गंगा दत्त और भागीरथ दत्त ज्योतिर्लिंग के पवित्र अवशेषों और अंश को लेकर बिहार के मिथिलांचल के मधुबनी जिले के सौराठ में स्थापित किया। गुजरात का सौराष्ट्र क्षेत्र, बिहार की धरती पर आकर सौराठ नाम से जाना जाने लगा। आज भी सौराठ का सोमनाथ महादेव मंदिर इस बात का जीवंत साक्ष्य है। 75 साल पहले जब लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया, तब इस संकल्प को बिहार के सपूत और भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने पूरा किया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री के विरोध और आपत्तियों के बावजूद राजेंद्र बाबू जीर्णोद्धार समारोह में शामिल हुए।

# हज यात्राः फॉर्म भरने की तारीख 4 दिन बढ़ी, 24 तक कर सकेंगे आवेदन, पासपोर्ट जरूरी

## बैठक के बाद केंद्र सरकार और सेंट्रल हज कमेटी ने लिया फैसला

सिटी रिपोर्टर | पटना

जिन लोगों ने हज करने के लिए मन बना लिया और अब तक फार्म नहीं भर सके हैं उनके लिए एक और मौका दिया गया है। हज 2027 के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 4 दिन बढ़ाकर 24 जुलाई 2026 कर दी गई है। सेंट्रल हज कमेटी और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, भारत सरकार ने सोमवार को बैठक कर तिथि बढ़ाने का फैसला लिया। पहले से फार्म भरने की अंतिम तिथि 20 जुलाई तक थी। बिहार राज्य हज कमेटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी राशिद हुसैन ने बताया कि 24 जुलाई तक फार्म भरा जाएगा। पासपोर्ट का होना जरूरी, 31 दिसंबर 2027 तक वैधता होनी चाहिए

फॉर्म केवल हज कमेटी ऑफ इंडिया की आधिकारिक वेबसाइट http://www.hajcommittee.gov.in पर ही ऑनलाइन भरे जाएंगे। हज सुविधा एप से भी ऑनलाइन फार्म भर सकते हैं। फार्म भरने के लिए पासपोर्ट होना जरूरी है। जिनके पास पहले से पासपोर्ट है, उनके पासपोर्ट की वैधता 31 दिसंबर 2027 तक होनी चाहिए। जिनका हज के लिए चयन हो जाएगा उन्हें 10 अगस्त तक 1 लाख 52 हजार 300 रुपए पहली किस्त के रूप में पेमेंट करना है। ऑनलाइन फार्म भरने के लिए पटना स्थित हज भवन में विशेष काउंटर खोले गए हैं। जिनका पासपोर्ट पेंडिंग है उनके लिए भी एक काउंटर है। यदि किसी हज यात्री का पासपोर्ट लंबित है, तो वे जानकारी बिहार राज्य हज कमेटी के पासपोर्ट अनुभाग के प्रभारी इजहार अहमद को व्हाट्सएप नंबर 7091458045 पर भेज सकते हैं।

हज 2027 के लिए मुसलमानों की आबादी के आधार पर बिहार के लिए हज का कोटा 12 हजार है। सोमवार तक केवल 3 हजार लोगों ने ही आवेदन दिए है। भारत का हज कोटा 1.75 लाख है। बिहार समेत पूरे देश से सोमवार तक करीब 1.45 लाख ही आवेदन आए हैं। इसलिए तिथि बढ़ाई गई।

### भूमिहार महिला समाज के स्थापना दिवस पर 50 विभूतियां सम्मानित होंगी

**पटना** | भूमिहार महिला समाज अपने छठे स्थापना दिवस के अवसर पर पटना में 25 जुलाई को सम्मान समारोह आयोजित करेगा, जिसमें समाज, शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, न्याय, उद्यमिता और सामाजिक सेवा में योगदान देने वाली करीब 50 विशिष्ट हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम गांधी मैदान स्थित होटल में प्रस्तावित है। संस्थापिका प्रीति प्रिया के अनुसार उद्देश्य ऐसे व्यक्तित्वों के कार्यों को सामने लाना है, जिनकी उपलब्धियों से देश और समाज का गौरव बढ़ा है। आयोजन में डॉ. अंशुमान कुमार, डॉ. शांति राय, सुधांशु कुमार, देवनी देवी, शुभ लक्ष्मी शर्मा और डॉ. विकास सिंह को प्रमुख रूप से शामिल किया गया है।

## ॥ समाज-संस्था ब्रीफ ॥

### पांच शिक्षाविदों को आचार्य हाशमी शिखर सम्मान



**पटना** | बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आचार्य फ़ज़लुर्रहमान हाशमी की 15वीं पुण्यतिथि पर स्मृति-सह-सम्मान समारोह हुआ। सम्मेलन अध्यक्ष अनिल सुलभ ने कहा कि हाशमी मैथिली, हिन्दी और उर्दू के मनीषी साहित्यकार थे और सांप्रदायिक सौहार्द के जीवंत प्रतीक रहे। मुख्य अतिथि राजवर्धन आज़ाद ने कहा कि हाशमी बहुभाषाविद थे और इस्लाम के साथ हिंदू धर्म का भी समान ज्ञान रखते थे। इम्तियाज़ अहमद करीमी ने बताया कि उनकी रचनाएं शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई जाती हैं। प्राचार्य प्रो दिवाकर प्रसाद, प्राचार्या प्रो मधुप्रभा सिंह, प्राचार्य प्रो दिव्यांशु कुमार, प्राचार्य डा एसजी मोहिद्दीन और प्राचार्य जीके सिंह को आचार्य हाशमी शिखर-सम्मान से विभूषित किया गया।

### भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक मनाया गया



**पटना** | जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक कमलदह दिगंबर जैन सिद्धक्षेत्र मंदिर सहित शहर के दिगंबर जैन मंदिरों में सोमवार को मनाया गया। सुबह अभिषेक, शांतिधारा और विशेष पूजन के बाद निर्वाण लाडू अर्पित कर मोक्ष कल्याणक का स्मरण किया गया। बिहार स्टेट दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के मानद मंत्री पराग जैन ने कहा कि विवाह के अवसर पर निरीह पशुओं की करुण पुकार सुनकर भगवान ने सांसारिक वैभव छोड़ा और तप, संयम व साधना के मार्ग पर चलकर मोक्ष प्राप्त किया। अखिल भारतीय दिगंबर जैन महासमिति के बिहार-झारखंड महामंत्री एमपी जैन ने समाज की व्यापक सहभागिता की जानकारी दी।

### मंत्री कुमार शैलेन्द्र ने कई इलाकों में लोगों से मुलाकात की



**पटना** | बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा नेता और पथ निर्माण मंत्री ई. कुमार शैलेन्द्र ने सोमवार को एनडीए समर्थित उम्मीदवार नीरज सिन्हा का समर्थन करते हुए मंदिरी, चकारम, बोरिंग रोड, कैनाल रोड, सत्येन्द्र शर्मा पथ और अनुभूति अपार्टमेंट समेत कई इलाकों में लोगों से मुलाकात की। मंत्री के साथ सीडी शर्मा, राहुल शर्मा, पुरुषोत्तम कुमार, लोकेश कुमार, भूषण सिंह, अनिल गोस्वामी और शशि शेखर सिंह समेत सैकडों भाजपा नेता और कार्यकर्त्ता शामिल थे।

### ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन के नतीजों का ऐलान

**पटना** | बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन (एआईबीइ-XXI) के नतीजों का ऐलान कर दिया है। इसमें 1,15,805 अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल की है। परीक्षा का कुल पास प्रतिशत 65.92% रहा है। बीसीआई के चेयरमैन राज्यसभा सांसद वरीय अधिवक्ता मनन कुमार मिश्रा ने कहा कि देश के 60 अलग-अलग शहरों के 292 केंद्रों पर परीक्षा हुई थी। सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति हिमा कोहली की अध्यक्षता वाली मॉनिटरिंग कमेटी ने प्रश्नपत्रों की गहन समीक्षा के बाद बड़ा फैसला लिया।

# जन्मदिन पर स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने पिता नीतीश के साथ महावीर मंदिर में पूजा की

**पटना** | स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने जन्मदिन के साथ विधान परिषद में अपने संसदीय जीवन का पहला दिन शुरू किया। सुबह उन्होंने पिता के साथ महावीर मंदिर में पूजा-अर्चना कर बिहार की सुख-समृद्धि की कामना की। सोमवार को महावीर मंदिर में रुद्राभिषेक किया। साथ ही हनुमानजी के दोनों विग्रहों का दर्शन-पूजन किया। इस दौरान महावीर मंदिर न्यास के सचिव सायण कुणाल प्रतीक चिन्ह और प्रसाद भेंट किया। उनके आवास पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव ने पहुंचकर शुभकामनाएं दीं। सदन में प्रवेश के बाद सभापति अवधेश नारायण सिंह ने पूरे सदन की ओर से बधाई दी और नए दायित्व के लिए शुभेच्छा जताई। निशांत ने कार्यालय जाकर कामकाज भी देखा। कैबिनेट बैठक में शामिल हुए और पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उधर ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार समेत कई नेताओं ने स्वास्थ्य मंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।



### संस्कृत शिक्षकों के वेतन आदेशों पर मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को दी बधाई

**पटना** | यारपुर स्थित कार्यालय में समग्र संस्कृत-सह-संस्कृत शिक्षक कल्याण संस्थान की ओर से सोमवार को बिहार सरकार के हालिया आदेशों का स्वागत किया गया। संस्थान के अध्यक्ष रामाधार सिंह ने बताया कि प्रस्तावित संस्कृत विद्यालयों के वेतन भुगतान, संस्कृत शिक्षा बोर्ड, बिहार में सहायकों की नियुक्ति और लंबित शिक्षकों के वेतन भुगतान से जुड़े निर्देश जारी होने के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी को बधाई संदेश सौंपा गया। अंजनी मिश्रा, चितरंजन प्रसाद निराला, रामेश्वर सिंह, सुनील कुमार, अजय कुमार, मुकेश सिंह, नंदजी दुबे, हृदयानारायण सिंह, वेंकटेश नारायण सिंह और शैलेन्द्र सिंह ने बधाई समर्पित किए।

**दैनिक भास्कर का महाभियानः एक पेड़- एक जिंदगी**

# महंत हनुमान शरण कॉलेज में 175 पौधे लगाए गए

सिटी रिपोर्टर | पटना

दैनिक भास्कर की पहल — एक पेड़ एक ज़िंदगी

दैनिक भास्कर का महाभियान एक पेड़, एक जिंदगी... के तहत पौधरोपण जारी है। सोमवार को हल्की बारिश के बीच कई संगठनों ने पौधरोपण किया। पटना के गोसाई टोला स्थित महंत हनुमान शरण कॉलेज की ओर से विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों ने पौधे लगाए। मुख्य रूप से पीपल, नीम, कटहल और कदम आदि के 175 से अधिक पौधे लगाए गए। साथ ही दैनिक भास्कर के इस अभियान का हिस्सा बनने का संकल्प लेने वाले 50 से अधिक लोगों के बीच पौधे का वितरण भी किया। कॉलेज के संस्थापक सह प्राचार्य डॉ. बिमल नारायण आर्य ने कहा कि हर व्यक्ति को कम से कम 10 पौधे लगाना चाहिए। साथ ही पौधों को सही से देखभाल भी करनी चाहिए। इस पौधरोपण अभियान में डॉ. लालजी प्रसाद सिंह, प्रो. संजय ठाकुर, प्रो. दीपक कुमार सिंह, रीना सिन्हा, प्रो. पंकज सिंह, प्रो. अभिनव कुमार चौधरी, प्रकाश चंद्र आर्य, रमेश प्रसाद सिंह, रामाशीष ठाकुर आदि प्रमुख थे।



उधर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद की पहल पर पटना जिले के आधा दर्जन से अधिक मठ-मंदिरों ने अलग-अलग जगहों पर 300 से अधिक पौधे लगाए। पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणवीर नंदन ने बताया कि दैनिक भास्कर के इस अभियान से जुड़े मठ-मंदिरों को आगे अभियान और तेज करने को कहा गया है। इस अभियान के क्रम में राज्य भर में 50 हजार से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य है।


**तिरुमला तिरुपति देवस्थानाम्स, तिरुपति**
**विपणन विभाग**

**ई-खरीद निविदा सूचना**

विपणन विभाग, टी.टी.देवस्थानम को "ई-निविदाओं के माध्यम से 32,00,000 नग पेपर प्लेट की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं" आमंत्रित की गई थीं। निविदा सूचना और निविदा विवरण के लिए वेबसाइट http://www.tirumala.org और https://tender.apeprocurement.gov.in पर लॉग ऑन करें। अधिक जानकारी के लिए फोन नंबरः 0877-2264079, 2264555, फैक्स नंबरः 0877-2264554 पर संपर्क करें।

कार्यकारी अधिकारी

TTD - 40021(31)/1/2026 - PRO SEC (Adv. No: 119) Date: 20-07-2026

**PSPCL पंजाब स्टेट पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : पीएसईबी मुख्यालय, द मॉल पटियाला-147001
सम्पर्क नंबर : 96461-26075 ईमेल : manager-scada@pspcl.in
सीआईएन: U40109PB2010SGC033813, वैबसाइट : www.pspcl.in

निविदा पूछताछ संख्या 359 — दिनांक 16.07.2026

डिप्टी CE/IT (A&PM), ग्राउंड फ्लोर, 7-स्टोरी बिल्डिंग, पीएसपीसीएल हेड ऑफिस, द मॉल, पटियाला, पीएसपीसीएल के IT और OT सिस्टम के लिए SOC सॉल्यूशन खरीदने के लिए शॉर्ट टर्म ओपन ई-टेंडर मंगा रहे हैं। डिटेल्ड NIT और टेंडर स्पेसिफिकेशन्स के लिए कृपया 16.07.2026, शाम 5:00 बजे से https://eproc.punjab.gov.in देखें।

नोट : अगर कोई सुधार या एडेंडम होगा, तो उसे https://eproc.punjab.gov.in पर ऑनलाइन पब्लिश किया जाएगा।

1079/12/2026-27/13445 — C738/26

**The Brihanmumbai Electric Supply & Transport Undertaking**
**(OF THE BRIHANMUMBAI MAHANAGARPALIKA)**
BEST

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

1) 81960 -बेस्ट उपक्रम मुंबई के विद्युत आपूर्ति वितरण के क्षेत्र में भूमिगत एल.वी. केबल दोषों की मरम्मत के आउटसोर्सिंग के लिए त्रैवार्षिक दर अनुबंध।

नोटः अधिक जानकारी के लिए, वेबसाइट https://mahatenders.gov.in पर लॉग ऑन करें।

PRO/AAM(M)/47/2026 — महाप्रबंधक

**PSPCL पंजाब स्टेट पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : पीएसईबी मुख्यालय, द मॉल पटियाला-147001
सीआईएन: U40109PB2010SGC033813, वैबसाइट : www.pspcl.in
(कार्यालय : नियंत्रक भंडार एवं निपटान (दक्षिण), पीएसपीसीएल, पटियाला)
(ईमेल : cosandds@gmail.com, मोबाइल नंबर : 96461-19412, 96461-48165)

स्क्रैप ई-ऑक्शन नोटिस

पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) पंजाब भर के विभिन्न ट्रांसफार्मर रिसीविंग यार्डों, केंद्रीय भंडारों (Stores), TRYs और आउटलेट स्टोर्स में पड़े लगभग 40954 क्षतिग्रस्त/अनुपयोगी (Damaged/Unserviceable) वितरण ट्रांसफार्मरों (अनुमानित कुल शुरुआती कीमत रुपये 56.91 करोड़) और सामान्य कबाड़ (General Scrap), बैटरी कबाड़, ई-कचरा (E-waste), प्लास्टिक कचरा (अनुमानित कुल शुरुआती कीमत रुपये 4.74 करोड़) के निपटान के लिए 22.07.2026 को एक फॉरवर्ड ई-नीलामी आयोजित करेगा, जिसे प्रत्येक स्थान के लिए अलग-अलग कई लॉट में पेश किया जाएगा। यह ई-नीलामी वेबसाइट पोर्टल https://www.mstcecommerce.com/ auctionhome/index_new.jsp पर आयोजित की जाएगी। ई-नीलामी के नियम और शर्तों, शुद्धिपत्र (corrigendum) और सामग्री सूची आदि के साथ विस्तृत नीलामी कैटलॉग वेबसाइट mstcindia.co.in/content/Forthcoming_e_Auctions_For_All_regions.aspx और https://www.pspcl.in/e-auction-notice.aspx पर उपलब्ध होगा। पंजीकरण (registration) से संबंधित प्रश्नों के लिए कृपया फोन नंबर 7229068247 या 7230022882 पर संपर्क करें।

1079/12/2026-27/13448 — C739/26

19 जुलाई के विजेता

दैनिक भास्कर **जीतो 16 करोड़** किस्मत की चाबी

**स्पिन द व्हील के सभी 50 विजेताओं को हार्दिक बधाई**

| 01 इलेक्ट्रिक साइकिल के विजेता | 01 एयर फ्रायर के विजेता | 01 मिक्सर ग्राइंडर के विजेता |
|---|---|---|
| गुरुदयाल सिंह *****74327 | उमर *****95512 | सुनील रजक *****60284 |

| सॉस पेन के 12 विजेताओं के नाम | | प्रेशर कुकर के 12 विजेताओं के नाम | |
|---|---|---|---|
| अनुपमा गुप्ता | *****29733 | सुनील कुमार | *****25097 |
| मधुकर नरवाड़े | *****85582 | बबीता अग्रवाल | *****21239 |
| नंद किशोर सिंह | *****54179 | लखन लाल पांडे | *****71012 |
| कुमारी नीरजा | *****25227 | नरेंद्र वर्मा | *****03905 |
| पुष्पा चौधरी | *****31658 | अल्पेश मज्री | *****89290 |
| राज पटेरिया | *****47087 | अंजलि ढोलकिया | *****90007 |
| अजय नरूका | *****68076 | चेतन | *****40204 |
| मीरा देवी | *****79076 | सुशीला मूंड | *****61055 |
| पुनीत खुंटेता | *****16975 | अंबिका सोनी | *****48309 |
| कांति लाल सिंदल | *****22279 | गौरव कुमार गोयल | *****02418 |
| मंजू भट्ट | *****77587 | राकेश सोलंकी | *****40138 |
| सीमा कुमावत | *****33887 | शिवम कनाड़ी | *****50829 |

| डफल बैग के 12 विजेताओं के नाम | | आयरन के 11 विजेताओं के नाम | |
|---|---|---|---|
| श्रद्धा बियानी | *****08011 | दिलीप अग्रवाल | *****72067 |
| अशफाक अहमद | *****62564 | विपुल हसोरिया | *****11573 |
| स्वर्णिम शाह | *****13524 | सोनल शेठ | *****70090 |
| सगीर शरिख | *****49781 | अजय अग्रवाल | *****74694 |
| दयाराम | *****00509 | राजेश बिजावत | *****25293 |
| सुमन | *****19599 | हार्दिक श्रीमाली | *****65714 |
| कानन बी शाह | *****49569 | घनश्याम तलेसरा | *****53886 |
| पुनीत गुप्ता | *****07229 | सिकंदर अली | *****73490 |
| राजेश सक्सेना | *****23061 | सुनील कुमार | *****90011 |
| कैलाशी विजयवर्गीय | *****55032 | दिनेश सुमन | *****62063 |
| राजबाला | *****33089 | कल्लू राठौड़ | *****72083 |
| रवि कुमार | *****34615 | | |

गिफ्ट वितरण के लिए भास्कर की टीम आपसे जल्द ही संपर्क करेगी।

स्पिन द व्हील खेलने के लिए फ्रन्ट पेज पर दिए गए QR को स्कैन करें।

## न्यूज ब्रीफ

### चोरी गए मोबाइल से अवैध निकासी की

पटना सिटी | चौक थाना क्षेत्र निवासी मो शाहिद अंसारी के चोरी गए मोबाइल से करीब एक लाख रुपए की अवैध निकासी हुई है। पीड़ित ने इसकी सूचना साइबर सेल और चौक थाना की पुलिस को दी है। पुलिस को बताया है कि पटना जंक्शन से बक्सर जाने के क्रम में मोबाइल चोरी हुआ था। इसकी सूचना रेल थाना बक्सर में उन्होंने दी थी। इस बीच खाता से कई किस्तों में करीब एक लाख रुपए की अवैध निकासी हो गई। चौक थाना की पुलिस ने बताया कि कांड अंकित मामले की छानबीन की जा रही है।

### कंप्यूटर क्लास को निकली युवती लापता

पटना सिटी | घर से कंप्यूटर क्लास करने निकली युवती लापता है। पिता ने इसकी सूचना अगमकुआं थाना पुलिस को दी है। पुलिस को बताया है कि बेटी 17 जुलाई को दिन में तीन बजे घर से कंप्यूटर क्लास के लिए निकली और घर वापस नहीं लौटी। संभावित स्थानों पर खोजबीन किए जाने के बाद पता नहीं चलने पर इसकी सूचना अगमकुआं थाना की पुलिस को दी है। पुलिस के अनुसार, पिता ने बिट्टू नामक युवक पर शक जताते हुए खोजबीन की गुहार लगाई है।

### स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

दानापुर | स्मैक की खरीद-बिक्री करते एक अभियुक्त को शाहपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। डीएसपी अजीत कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि शाहपुर थाना अन्तर्गत ग्राम तुरहा टोली में एक व्यक्ति अपने घर पर स्मैक की खरीद-बिक्री कर रहा है। थानाध्यक्ष ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त के घर के एक कमरे से 12.21 ग्राम स्मैक जैसा पदार्थ एवं 1,22,450/- रुपए बरामद करते हुए गोलू कुमार उर्फ अमित कुमार को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा।

### एनएमसीएच के मेडिसिन विभाग का होगा अलग रजिस्ट्रेशन काउंटर, घटेगी भीड़

पटना सिटी | एनएमसीएच के अधीक्षक डॉ राजीव रंजन सिन्हा ने सोमवार को अस्पताल के विभिन्न विभागों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने रजिस्ट्रेशन काउंटर का जायजा लिया। रजिस्ट्रेशन काउंटर पर मरीजों की लंबी कतार लगी थी। अधीक्षक ने कहा कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस परिसर में मेडिसिन विभाग का अलग रजिस्ट्रेशन काउंटर बनना है। इससे मरीजों की भीड़ यहां कम होगी। इसके लिए बीएमएसआईसीएल को कहा गया है।रजिस्ट्रेशन काउंटर बन जाने से मरीजों को भाग-दौड़ नहीं करनी होगी। एक ही जगह रजिस्ट्रेशन होगा और वहीं पर चल रहे ओपीडी में मरीजों का उपचार हो सकेगा। मालूम हो कि फिलहाल पुराने भवन के रजिस्ट्रेशन काउंटर पर रजिस्ट्रेशन करा सड़क पार कर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस परिसर में चल रहे मेडिसिन विभाग के ओपीडी में उपचार के लिए जाना पड़ता है। इससे परेशानी होती है। एनएमसीएच के पुराने भवन में सात काउंटर पर मरीजों का रजिस्ट्रेशन होता है।

### स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं, मिलेगी मानसिक शक्ति व स्फूर्ति

पटना सिटी | राजकीय महिला महाविद्यालय, गुलजारबाग में मानसिक स्वास्थ्य एवं वेलनेस केंद्र की ओर से भोजन और मानसिक स्वास्थ्य पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कॉलेज की प्राचार्या श्रुति तेतरवे ने कहा कि दैनिक जीवन में आहार, व्यायाम और जीवनशैली में सरल बदलाव लाकर हम मानसिक शक्ति और स्फूर्ति प्राप्त कर सकते हैं। अतिथि के तौर पर आए जितेंद्र सिंह ने कहा स्वस्थ जीवन शैली आदि को अपनाकर मानिसक स्वास्थ्य को ठीक रख सकते हैं तथा तनाव को नियंत्रित कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ कुमारी निमिषा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ आयशा बानो ने किया।

# चालक से मारपीट के विरोध में ट्रक चालकों का प्रदर्शन, नौबतपुर थाना घेरा

सिटी रिपोर्टर | नौबतपुर

ट्रक चालक के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट के आरोप को लेकर सोमवार को नौबतपुर में बिहार प्रदेश ट्रक ड्राइवर एसोसिएशन के बैनर तले सैकड़ों ट्रक चालकों ने जोरदार प्रदर्शन किया। करीब चार घंटे तक चले विरोध प्रदर्शन के दौरान चालकों ने पहले नौबतपुर-बिहटा सरमेरा पुल के नीचे एनएच-139 पर नारेबाजी की, फिर जुलूस की शक्ल में नौबतपुर थाना पहुंचकर मुख्य गेट का घेराव कर दिया। थाना प्रभारी के आश्वासन के बाद आंदोलन समाप्त हुआ। एसोसिएशन के अनुसार, रविवार को एक ट्रक और ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट का बोर्ड लगी कार के बीच मामूली टक्कर हुई थी। घटना के बाद पुलिस दोनों वाहनों को नौबतपुर थाना ले गई। आरोप है कि कार को छोड़ दिया गया, जबकि ट्रक चालक सुनील कुमार को थाने में बैठाकर उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और मारपीट भी की गई।

### ट्रक चालकों से अवैध वसूली की जाती है

प्रदर्शनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि थाने में प्रवेश से पहले एक पुलिस अधिकारी ने चालक को ड्राइवर की वर्दी उतारने के लिए कहा, जिसे उन्होंने अपमानजनक बताते हुए संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि नौबतपुर थाना क्षेत्र में ट्रक चालकों से अवैध वसूली की जाती है। चालक के साथ दुर्व्यवहार ने पूरे ट्रक समुदाय में आक्रोश पैदा कर दिया है। यदि दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।




*प्रदर्शनकारियों की शिकायतों को गंभीरता से लिया गया है। जिस पुलिस अधिकारी पर अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया जा रहा है, उसके विरुद्ध लिखित शिकायत दी जाए। शिकायत मिलने पर निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।*
**मंजीत कुमार ठाकुर,** थाना प्रभारी

**अगमकुआं** थाना क्षेत्र की शिक्षक कॉलोनी की घटना, जांच शुरू

# शिक्षक के घर का ताला तोड़ कर 11 लाख की संपत्ति चोरी

सिटी रिपोर्टर | पटना सिटी

अगमकुआं थाना क्षेत्र के कुम्हरार शांति मार्केट, शिक्षक कॉलोनी रोड संख्या-5 स्थित एक शिक्षक के घर का ताला तोड़कर चोरों ने करीब 11 लाख रुपए की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। करमलीचक स्थित मध्य विद्यालय के शिक्षक कौशल किशोर ने बताया कि 18 जुलाई की सुबह करीब नौ बजे घर में बाहर से ताला बंद कर विद्यालय चले गए थे। शाम करीब पांच बजे लौटने पर घर का बाहरी दरवाजा खुला मिला और ताला गायब था। ऊपर जाकर देखा तो मुख्य गेट की कुंडी काटकर ताला तोड़ा गया था और दरवाजा खुला था। कमरे में रखी आलमारी का लॉक भी टूटा हुआ था।

### चोरों ने भाई का फ्लैट छोड़ दिया

चोरों ने अलमारी से सोने की दो चेन, दो जोड़ी कानबाली, सोने की हसुली, मंगलसूत्र, सोने की दो अंगूठियां, तीन जोड़ी पायल, पांच जोड़ी बिछिया तथा अन्य जेवरात चोरी कर लिए। शिक्षक के अनुसार, चोरी गए जेवरातों की कीमत करीब 10 लाख रुपए है। इसके अलावा अलमारी में रखे 1.20 लाख रुपए नकद भी चोर ले गए। शिक्षक ने पुलिस को बताया कि मकान के निचले तल्ले पर उनके भाई का हिस्सा है, जो बनारस में रहकर व्यवसाय करते हैं। निचले तल्ले का ताला सुरक्षित मिला, जबकि चोरों ने केवल ऊपरी हिस्से को निशाना बनाया। अगमकुआं थाना की पुलिस ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर चोरों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

## पालीगंज में दो राइफल और एक कट्टा के साथ बदमाश गिरफ्तार

सिटी रिपोर्टर | पालीगंज

सिंगोड़ी थाना की पुलिस को अवैध हथियार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल हुई है। थाना क्षेत्र के नेरिया गांव में पुलिस ने छापेमारी करते हुए बदमाश धर्मेंद्र पासवान को दो राइफल और एक देशी कट्टे के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ करने में जुटी है। सिंगोड़ी पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नेरिया गांव में धर्मेंद्र पासवान अपने घर में अवैध हथियार छुपाकर रखे हुए हैं। थानाप्रभारी के नेतृत्व के छापेमारी के लिए एक टीम गठित की गई। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।पुलिस धर्मेंद्र पासवान के पास से जब्त की गई दोनों राइफल की वैधता जांच करने में जुटी है। साथ ही उसके नेटवर्क की गहन जांच के लिए उससे पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस को बड़े उद्भेदन की उम्मीद है कि उसके बड़े नेटवर्क हथियार सप्लायरों के साथ संबंध हो सकते हैं। थाना प्रभारी तनेश ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पूछताछ में मिले सुरागों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।पालीगंज डीएसपी 1 राजीवचंद्र सिंह ने बताया कि धर्मेंद्र कुमार के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। इस संबंध में सिंगोड़ी थाना में आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया जा रहा है।

# नाती की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

सिटी रिपोर्टर | दानापुर

अपने 9 वर्षीय नाती का अपहरण कर हत्या करने के बाद शव को एक कुएं में फेंकने के आरोपी को दानापुर व्यवहार न्यायालय के एडीजे II के. अंजलि ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए दानापुर के प्रभारी अपर लोक अभियोजक रामकेश्वर प्रसाद ने बताया कि केशोपुर, नारायणपुर भोजपुर की रहनेवाली अभय कुमार की पत्नी रीना कुमारी ने दुल्हिन बाजार थाना में सरकुना, दुल्हिन बाजार के रहने वाले अपने पिता दुखित यादव के खिलाफ अपने 9 वर्षीय पुत्र का अपहरण कर हत्या करने का मामला दर्ज कराया था।

### 2022 में हुई थी हत्या

दर्ज मामले में बताया गया था कि 22 अप्रैल, 2022 को अपने मायके सहेली की शादी में आई हुई थी। शादी समारोह में उसका पुत्र अपने नाना की गोद में खेल रहा था। थोड़ी देर में वह लापता हो गया। पिता से पूछने पर वह कोर्ट में एक गवाही का बात कह भाग खड़े हुए। सुबह पुत्र का शव एक कुएं से बरामद किया गया। आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति का आदमी है वह अपने पुत्र पर भी गोली चला चुका है। चार वर्ष तक चले इस मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए सोमवार को एडीजे II के. अंजलि ने धारा 302 भा.द.वि. के तहत आजीवन कारावास व 50 हजार जुर्माना की सजा सुनाई है। इसके अलावा 10 वर्ष की सश्रम कारावास व 20 हजार रुपए जुर्माना लगाया है।

# वन से प्रभु की चरण पादुका लेकर अयोध्या लौटे भरत

सिटी रिपोर्टर | पटना सिटी

मच्छरहट्टा गली स्थित प्राचीन श्री काले हनुमान मंदिर में रामचिरत मानस नवाह परायण यज्ञ में कथावाचक मथुरा निवासी आचार्य मथुरानाथ चतुर्वेदी ने चित्रकूट में भाई भरत और प्रभु श्रीराम मिलन संवाद सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कहा जब श्री राम ने रघुकुल की रीति और पिता की आज्ञा के कारण वन से अयोध्या लौटने से मना कर दिया, तब भरत जी ने उनसे उनकी चरण पादुका मांग लीं, जो इस बात का प्रतीक है कि राजा राम ही रहेंगे, भरत तो केवल उनके सेवक हैं।

### पादुका रख शासन किया

शाम की कथा में कथा वाचिका भक्ति प्रभा जी ने कहा कि चौदह वर्ष तक भरत जी ने अयोध्या के सिंहासन पर श्री राम की चरण पादुकाओं को विराजमान कर, स्वयं एक तपस्वी की भांति नंदीग्राम में रहकर राज-काज संभाला। यह सेवक धर्म की पराकाष्ठा है।

### श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया

पुजारी राजेश मिश्र व संयोजक मंडल के संजय दूबे के नेतृत्व में श्रीराम दरबार की आरती हुई। इसके बाद श्रीकाले हनुमान जी महाराज के समक्ष भक्तों ने सामूहिक श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। मंगलवार को सुंदर कांड का पाठ भावपूर्ण आचार्य के नेतृत्व में कलाकार प्रस्तुत करेंगे। मानस पाठ का अनुष्ठान 23 जुलाई तक चलेगा।

## रूपसपुर में विवाहिता ने पंखे से फांसी लगा कर दी जान

दानापुर | रूपसपुर थाना क्षेत्र के विजय नगर स्थित उर्मिला पैलेस अपार्टमेंट के फ्लैट संख्या 204 में एक विवाहिता ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान राजेश कुमार की 28 वर्षीय पत्नी लवली कुमारी के रूप में हुई है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार, रविवार की रात उसके व उसके पति के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। झगड़े के बाद पति को घर से निकाल वह फंदे से झूल गई। रूपसपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतका के परिजनों के मुताबिक बेटी के फंदा लगाकर आत्महत्या करना उन्हें कारणों का नहीं पता है। परिजनों के तरफ से फिलहाल कोई लिखित शिकायत नहीं की गई है। शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस अपने स्तर से जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

### शराब के साथ दो महिलाएं गिरफ्तार

फुलवारीशरीफ | खगौल लख के पास पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विदेशी शराब के साथ दो महिला तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिलाओं की पहचान जहानाबाद निवासी नीतू देवी और आशा देवी के रूप में हुई है। दोनों खगौल में रह रही थीं।

नौबतपुर के मोतीपुर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

# निस्वार्थ प्रेम सबसे बड़ा उपहार, प्रेम पाना जीवन का सबसे बड़ा सम्मान




सिटी रिपोर्टर | नौबतपुर

मोतीपुर गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथावाचक श्री 1008 स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज ने कहा कि हर किसी को निस्वार्थ प्रेम देना सबसे बड़ा उपहार है और किसी का प्रेम पाना जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन प्रेम, भक्ति और समर्पण का अद्भुत संदेश देता है। कथा के दौरान उन्होंने श्रीकृष्ण की गोपियों के साथ रासलीला और मथुरा प्रस्थान के प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक अदाओं और उनकी मधुर मुरली की धुन पर गोपियां पूरी तरह मोहित हो जाती थीं। कान्हा की बांसुरी का ऐसा आकर्षण था कि गोपियां अपनी सुध-बुध तक खो बैठती थीं।

### मीरा ने पूछा- मेरा दूल्हा कौन, मां ने कहा- श्री कृष्ण हैं

पुरुषोत्तमाचार्य जी ने मीराबाई के अटूट कृष्ण प्रेम का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि बचपन में एक बार पड़ोस में आई बारात को देखकर मीरा ने अपनी माता से पूछा था कि उनका दूल्हा कौन है। तब उनकी माता ने श्रीकृष्ण की मूर्ति की ओर इशारा करते हुए कहा कि यही तुम्हारे दूल्हा हैं। यह बात बालिका मीरा के मन में ऐसी बस गई कि उन्होंने जीवनभर श्रीकृष्ण को ही अपना सर्वस्व मान लिया। बचपन से लेकर अंतिम समय तक उनका जीवन कृष्ण भक्ति को समर्पित रहा। इस अवसर पर आचार्य चंदन जी ने बताया कि गुड्डू जी एवं सरजू व्यास जी ने श्रीकृष्ण के भजनों और आरती की मनमोहक प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। कथा में रामायणी जी, आचार्य पवन जी, दीपक जी, विपुल जी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# एम्स में जिला स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

सिटी रिपोर्टर | फुलवारीशरीफ

पटना एम्स में जिला स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए छह दिवसीय सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ द्वारा वित्तपोषित इस पहल का उद्घाटन एम्स के कार्यकारी निदेशक डॉ. राजू अग्रवाल ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और सिक्किम के 42 जिला स्वास्थ्य अधिकारियों ने भाग लिया। उद्घाटन अवसर पर डॉ. राजू अग्रवाल ने कहा कि प्रतिभागी प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान को आत्मसात कर अपने-अपने जिलों में आपातकालीन स्वास्थ्य प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था विकसित करें। सक्रिय संकट प्रबंधन तकनीकों को अपनाकर अधिकारी अपने क्षेत्रों में सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा को मजबूत बना सकते हैं।



### विभिन्न विषयों पर सत्र होंगे

छह दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ के अतिथि संकाय प्रो. (डॉ.) महेश देवनानी सहित देश के वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान कानूनी प्रावधान, जोखिम मूल्यांकन, उन्नत महामारी विज्ञान तथा व्यावहारिक आउटब्रेक सिमुलेशन जैसे विषयों पर विस्तृत सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों का उद्देश्य जिला स्वास्थ्य अधिकारियों को सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी खतरों की समय रहते पहचान करने, उन्हें नियंत्रित करने और प्रभावी ढंग से प्रबंधन करने के लिए आवश्यक व्यावहारिक कौशल प्रदान करना है। उद्घाटन कार्यक्रम में डीन अकादमिक प्रो. (डॉ.) पूनम भदानी, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. (डॉ.) प्रशांत कुमार सिंह, अस्पताल प्रशासन विभागाध्यक्ष डॉ. सुजीत कुमार सिन्हा तथा पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. रामकृष्ण मंडल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### सदर अस्पताल के नए भवन में इलाज की नहीं हो सकी शुरुआत

पटना सिटी | गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल के नवनिर्मित नए भवन में 100 बेड पर मरीजों की उपचार की सुविधा मिलेगी। हालांकि आज इसकी शुरुआत होनी थी। लेकिन, यह नहीं हो सका। इधर, सोमवार को राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक अमित कुमार पांडे, संयुक्त सचिव राजेश कुमार व समिति अन्य अधिकारी ने अस्पताल के नए भवन का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण में अधिकारियों की ओर से आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के अधीक्षक डॉ सुधा शंकर राय, अस्पताल प्रबंधक शब्बीर खान समेत अन्य शामिल थे। अधीक्षक ने बताया कि अस्पताल की ऑब्स एंड गायनी विभाग, पीडियाट्रिक विभाग, इमरजेंसी, ऑर्थो, गायनी एवं ओटी भी नए भवन में संचालित होगा।

# डेंगू को लेकर एनएमसीएच में 28 बेड रिजर्व

सिटी रिपोर्टर | पटनासिटी

लगातार हो रही बारिश के बीच डेंगू का खतरा बढ़ने लगा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। दवा स्टॉक कर रखा गया है। डेंगू को लेकर एनएमसीएच के मेडिसिन विभाग में 20 बेड का अलग वार्ड बनाया गया है। मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ अजय कुमार सिन्हा ने बताया कि 10 बेड पुरुष एवं 10 बेड महिला मरीज के लिए रखा गया है। सभी बेड पर मेडिकेटेड मच्छरदानी की व्यवस्था है। हालांकि अभी तक कोई मरीज भर्ती नंही है। वहीं शिशु रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अखिलेश कुमार ने बताया कि शिशु रोग विभाग में आठ बेड का अलग वार्ड बनाया गया है। अगर कोई मरीज आता है तो तुरंत भर्ती कर उपचार किया जाएगा। फिलहाल कोई मरीज भर्ती नहीं है।

### डेंगू के लक्षण

मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ अजय कुमार सिन्हा ने बताया कि तेज बुखार, सिर व शरीर में दर्द, शरीर में लाल चकता होना डेंगू का लक्षण है। अगर डेंगू का लक्षण दिखाई दे तो तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं। डॉ सिन्हा ने बताया कि डेंगू के मरीज के शरीर में पानी की कमी नहीं होनी चाहिए। मरीज को प्लेटलेट्स की जांच नियमित करानी चाहिए।

### बचाव

डेंगू से बचाव के लिए घरों के आसपास पानी जमा नहीं होने दे। साफ पानी मे ही डेंगू पनपता है। गमला,कूलर,पुराने टायर मे पानी जमा नही होने दे।घर पर लगी पानी की टंकी की नियमित साफ-सफाई कराए।



### 32 सैंपल की जांच में सभी की रिपोर्ट निगेटिव

एनएमसीएच के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार ने बताया कि सोमवार को डेंगू के लक्षण वाले 32 मरीजों के सैंपल की जांच की गई। सभी की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई।




- संभावित बाढ़/सुखाड़ की स्थिति के मद्देनजर पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान बिहार, पटना के पीछे में अवस्थित पशुपालन निदेशालय में आपदा नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है।
- यह नियंत्रण कक्ष सोमवार से शानिवार तक 8.00 बजे पूर्वाह्न से 07.00 बजे अपराह्न तक दो पालियों में कार्यरत रहेगा।
- नियंत्रण कक्ष में पशु चिकित्सा पदाधिकारियों के अलावा सहायक कर्मियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है।
- बाढ़/सुखाड़ से पशुपालन संबंधी किसी प्रकार की शिकायत/सुझाव नियंत्रण कक्ष में स्थापित दूरभाष संख्या 0612–2230942 एवं ई–मेल ahdapdabih@gmail.com पर दी जा सकती है।
- सभी जिला पशुपालन पदाधिकारियों को भी जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित करने का आदेश दिया गया है।
- राज्यवासियों/पशुपालकों से अनुरोध है कि बाढ़/सुखाड़ की स्थिति में संबंधित जिला पशुपालन पदाधिकारी के साथ–साथ आपदा नियंत्रण कक्ष पर भी सम्पर्क स्थापित करें।

PR No.- 008267 (Animal)D. 2026-27

पशुपालन निदेशालय
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार
@BiharDFARD

City भास्कर

## मैनेजमेंट फंडा

एन. रघुरामन
मैनेजमेंट गुरु, raghu@dbcorp.in



# विज्ञान की थोड़ी-बहुत समझ स्वस्थ व लंबा जीवन जीने में मदद करती है

**मुंबई** की खूबसूरती यही है कि वहां गगनचुम्बी हाई-राइज इमारतों के साथ झोपड़ियां और एक मंजिला 'चॉल' भी दिखाई देंगी। इसकी वजह यह है कि हाई-राइज में रहने वाले अमीरों की सेवा करने वाली आबादी अपने काम-काज की जगह के करीब ही रहना चाहती है, चाहे वह जगह कितनी ही तंग क्यों न हो। हाल ही में मुंबई में पवई लेक के आसपास आई बाढ़ के दौरान मैं कार में बैठा था तो मेरे पास अगल-बगल बसे इन दो विरोधाभासों को देखने के अलावा कोई काम नहीं था। मैंने एक अंतर देखा। लोअर मिडल क्लास और सपोर्टिंग स्टाफ के इन ज्यादातर घरों की खिड़कियों में एयर कंडीशनर लगे थे या बाहरी दीवार पर जाल में बंद स्प्लिट एसी यूनिट लगी थीं। ऐसे ही एक घर से निकला बाइक सवार मेरी कार विन्डो के बिल्कुल पास आकर खड़ा हो गया, ताकि कार एक इंच भी सरके तो वह ट्रैफिक में घुस सके। मैंने मौका देखकर उसकी तारीफ की कि इतनी छोटी जगह में भी उसने सभी सुविधाएं जुटा रखी हैं। उसने कहा 'आजकल सबकुछ ईएमआई पर उपलब्ध है।'

उसके जवाब से मुझे 2010 में भास्कर समूह के लिए किए गए हमारे सर्वे की याद आ गई। उस समय सबसे ज्यादा बिकने वाली तीन चीजें स्मार्टफोन, दुपहिया वाहन और एयर कंडीशनर थीं। और जब मैंने 2026 के सेंट्रल बैंक डेटा देखे तो ये तीनों अब भी उसी स्थान पर थीं। चूंकि गाड़ी कई मिनट तक नहीं चली तो मैंने उससे पूछा कि जीवन कैसा चल रहा है। उसने कहा कि हालांकि उसने घरवालों को सारी सुविधाएं दे रखी हैं, लेकिन बुजुर्ग हो रहे पैरेन्ट्स की बढ़ती स्वास्थ्य समस्याएं उसे चिंतित करती हैं। तभी मुझे याद आया कि मैंने पढ़ा था कि कुछ आदतें, जिन्हें हम महसूस तक नहीं करते, हमारी बायोलॉजिकल एज को बढ़ाती हैं और स्किन को बेहतर रखती हैं।

एक रिसर्च के बाद यूके की पत्रिका 'साइंस एडवांसेस' और 'जर्नल ऑफ एजिंग' में प्रकाशित हालिया रिपोर्ट में कहा गया कि सुबह के वक्त पर्याप्त धूप लेना स्किन डैमेज, पसीने बहाने के तरीके और लंबी उम्र पर असरकारक है। इसी तरह लोग यह नहीं समझते कि सिर्फ 100 ग्राम योगर्ट भी गट-हेल्थ के लिए अच्छा होता है, जो स्वस्थ और लंबी उम्र में योगदान देता है। योगर्ट एजिंग स्पीड को 2.2% तक कम करता है। मुझे यह आंकड़ा इसलिए याद रहा क्योंकि मैं दक्षिण भारतीय हूं और हमारा भोजन कर्ड-राइस के बिना पूरा नहीं होता। उस रिपोर्ट ने मुझे खुश कर दिया, क्योंकि कर्ड-राइस हमेशा से मेरी फेवरेट डिश रही है। एक अन्य अध्ययन कहता है कि हमें लंबे समय तक आराम के प्रति जुनूनी नहीं होना चाहिए। इसके बजाय हमें छह घंटे की गुणवत्ता वाली नींद का प्रयास करना चाहिए, क्योंकि इसमें अंगों की उम्र बढ़ने की दर सबसे धीमी पाई गई। इन शोधकर्ताओं के अनुसार बहुत कम या बहुत अधिक व्यायाम, दोनों ही शरीर के लिए गलत हैं। दरअसल, इन शोधों में वही गतिविधियां थीं, जो हमारे ग्रैंड पैरेंट्स और पैरेंट्स करते थे। इसलिए मैंने वो रिसर्च आइटम संभालकर नहीं रखे।

लेकिन जिस एक चीज ने मेरा ध्यान खींचा, वह दोस्तों की क्वालिटी को लेकर एक स्पेशल रिपोर्ट थी। उसमें कहा गया कि आम तौर पर दोस्ती बायोलॉजिकल एजिंग पर सकारात्मक असर डालती है। इससे कॉग्निटिव डिक्लाइन का जोखिम कम होने और अवसाद में कमी जैसे कई फायदे मिलते हैं। अमेरिका के 'नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजिंग' ने चेतावनी दी कि सोशल नेटवर्क में 'झगड़ालू' लोगों के साथ अधिक समय बिताना तनाव और बायोलॉजिकल एजिंग से जुड़े बायोमार्कर को बढ़ाता है। रिपोर्ट में कहा गया कि 'किसी व्यक्ति के जीवन में ऐसे चुनौतीपूर्ण रिश्ते जितने ज्यादा होंगे, परिणाम उतने ही खराब हो सकते हैं।'

इस कॉलम को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

**फंडा यह है कि** हर लाइफस्टाइल के पीछे एक विज्ञान होता है- बिस्तर से उठने के तरीके से लेकर प्रियजनों के साथ शाम बिताने तक। यदि हम हर गतिविधि के पीछे का विज्ञान समझ लें तो जीवन को स्वस्थ और लंबा बनाने की संभावना काफी बढ़ जाती है।

---

**CINEMA** अभी 27 बड़ी स्क्रीन पर फिल्में देख रहे पटनाइट्स, दो साल में शहर को 14 नई स्क्रीन मिलेंगी

# बड़े पर्दे का दौर ढला, अब मल्टीप्लेक्स चला

सिटी रिपोर्टर • पटना

शुक्रवार को नई फिल्म रिलीज होती है और शनिवार-रविवार आते-आते पटना के ज्यादातर सिनेमाघरों में भीड़ बढ़ जाती है। बड़ी फिल्मों के कई शो हाउसफुल हो जाते हैं और दर्शकों को अगला शो या अगला सप्ताह चुनना पड़ता है। लेकिन, फिल्म देखने की यह भीड़ अब पहले जैसी नहीं रही। कभी 700 से अधिक सीटों वाले एकल सिनेमाघरों में फिल्में देखने वाला शहर अब छोटी-छोटी मल्टीप्लेक्स स्क्रीन की ओर बढ़ चुका है। शहर में पिछले कुछ वर्षों में सिंगल स्क्रीन थिएटर कम हुए हैं, जबकि मल्टीप्लेक्स और कॉम्प्लेक्स तेजी से बढ़े हैं।

पटना में आने वाले दो वर्षों में 14 नई स्क्रीन जुड़ने की तैयारी है। यानी, पटना सिर्फ फिल्मों का दर्शक नहीं, बल्कि तेजी से उभरता मनोरंजन बाजार भी बन रहा है। पटना में लगातार बढ़ रहे मल्टीप्लेक्स, नई स्क्रीन और आधुनिक सुविधाएं इस बात का संकेत हैं कि शहर का मनोरंजन बाजार तेजी से बढ़ रहा है। पहले जहां लोग सिर्फ फिल्म देखने सिनेमाघर जाते थे, वहीं अब मल्टीप्लेक्स शॉपिंग, फूड कोर्ट और वीकेंड आउटिंग का हिस्सा बन चुके हैं।



**बदलाव**

### • कॉम्प्लेक्स व मल्टीप्लेक्स का दौर तेजी से उभर रहा

करीब 98 वर्ष पुराने रिजेंट सिनेमा से शुरू हुई पटना की सिनेमाघर संस्कृति आज पूरी तरह बदल चुकी है। पहले बड़ी स्क्रीन, सैकड़ों सीटें और कम टिकट दर इसकी पहचान थीं। आज शहर में रिजेंट, मोना, वीणा, अल्पना और डायना जैसे कुछ ही एकल सिनेमाघर बचे हैं, जबकि उनकी जगह मल्टीप्लेक्स ले रहे हैं। पटना में सिनेपोलिस की कुल सात स्क्रीन हैं, जिनमें पी एंड एम मॉल में चार और ग्रेविटी मॉल में तीन स्क्रीन हैं। आईनॉक्स की सात स्क्रीन अशोक सिनेमा और सिटी सेंटर मॉल में संचालित हैं। वहीं कॉम्प्लेक्स सिनेमा के राजा बाजार, एसपी वर्मा रोड, फुलवारीशरीफ, कंकड़बाग और बिहटा में दो-दो स्क्रीन चल रही हैं।



### पुराने थिएटर भी बदल रहे पहचान

रिजेंट सिनेमा के मालिक सुमन कुमार सिंह बताते हैं कि बिहार का पहला लेजर प्रोजेक्टर लगाया गया है। पूरे साउंड सिस्टम को भी आधुनिक बनाया गया है। वहीं पी एंड एम मॉल स्थित सिनेपोलिस में रिक्लाइनर सीट, लेजर प्रोजेक्शन और इंटीरियर को अपग्रेड किया गया है। सिनेपोलिस में कार्यरत आकाश बताते हैं कि कंपनी पटना में आठ नई स्क्रीन लगा रही है। बेली स्क्वायर में दिसंबर 2027 तक चार स्क्रीन और सगुना मोड़ में 2028 तक चार नई स्क्रीन शुरू होगी। वहीं कॉम्प्लेक्स सिनेमा के अनूप के अनुसार, खगौल में 29 जुलाई से दो नई स्क्रीन शुरू होंगी, जबकि सिपारा में चार स्क्रीन विकसित की जा रही हैं।

### सुविधाएं बढ़ीं, तो टिकट महंगे हुए

फिल्मकार प्रशांत रंजन कहते हैं कि मल्टीप्लेक्स ने फिल्म देखने का अनुभव अधिक आरामदायक बनाया है, लेकिन टिकट दरों में भी बड़ा बदलाव आया है। पहले जिस कीमत में पूरा परिवार फिल्म देख लेता था, अब उतनी राशि में एक व्यक्ति का टिकट आता है।

---

# दिनचर्या ने दिलाई डिजिटल पहचान

**पटना •** रोजमर्रा की जिंदगी को कैमरे में कैद करना कभी पीयूष सिंह का शौक था, लेकिन आज यही उनकी पहचान बन चुका है। समस्तीपुर के छात्र पीयूष अपने डेली लाइफ मिनी ब्लॉग के जरिए सोशल मीडिया पर हजारों लोगों तक पहुंच रहे हैं। उनकी सादगी और वास्तविक जीवन पर आधारित वीडियो दर्शकों को खूब पसंद आते हैं। पीयूष ने 2025 में कंटेंट क्रिएशन की शुरुआत की। उन्होंने अपनी रोजमर्रा की दिनचर्या को वीडियो के रूप में साझा करना शुरू किया और धीरे-धीरे लोगों का जुड़ाव बढ़ता गया। पीयूष का कहना है कि उन्हें सबसे ज्यादा खुशी तब होती है, जब लोग उनके वीडियो देखकर प्रेरित होते हैं। आज वह कंटेंट क्रिएशन को अपने कॅरियर के रूप में देख रहे हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 18k फॉलोअर्स हैं। पीयूष अपने इस सफर की प्रेरणा प्रसिद्ध ब्लॉगर सौरभ जोशी को मानते हैं।



पीयूष सिंह
इंस्टा आईडी
vlogger.
piyush
फ़ॉलोवर्स- 18k

## छात्राओं ने लगाए पौधे, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**पटना •** जल-जीवन-हरियाली पखवाड़ा के तहत पीएम श्री बांकीपुर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने अपने कैंपस में पौधरोपण किया। कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से किया गया। प्राचार्या किरण कुमारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। प्रत्येक विद्यार्थी यदि एक पौधा की देखभाल का संकल्प ले, तो हरियाली बढ़ाने का लक्ष्य आसानी से पूरा किया जा सकता है। कार्यक्रम में छात्राओं ने पौधों की नियमित देखभाल और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर शिक्षिका कविता कुमारी, शिक्षक मुरलीधर शुक्ल, जय प्रभा कुमारी और अलका कुमारी उपस्थित रहीं।



निःशुल्क आर्टिस्टिक यंग कार्यशाला में **बच्चों ने सीखी छापा कला**

# बेकार चीजों से रची कला की नई दुनिया

सिटी रिपोर्टर • पटना



लोककला संस्था फोकार्टोपीडिया ने एक दिवसीय निःशुल्क आर्टिस्टिक यंग छापा-कला कार्यशाला की। संस्था ने बच्चों को मोबाइल और स्क्रीन की दुनिया से निकालकर रचनात्मकता की ओर ले जाने की पहल की है। कार्यशाला में बच्चों ने प्लास्टिक, पत्तियों, ढक्कनों और अन्य बेकार पड़ी चीजों से आकर्षक कलाकृतियां तैयार कीं। उनकी कल्पनाशीलता और रंगों के प्रयोग ने अभिभावकों को काफी प्रभावित किया। राज्य पुरस्कार से सम्मानित टिकुली चित्रकला की वरिष्ठ कलाकार खुशबू कुमारी ने कार्यशाला का संयोजन किया। उन्होंने बताया कि छापा-कला के गैर-पारंपरिक माध्यम बच्चों की रचनात्मक सोच को विकसित करते हैं और उन्हें अपनी कल्पना को स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने का अवसर देते हैं। कार्यशाला में बच्चों ने बिना किसी तय प्रारूप के अपनी मौलिक कलाकृतियां बनाईं। बच्चों को उत्साह के साथ चित्र बनाते देख कई अभिभावक भी खुद को रोक नहीं पाए। उन्होंने भी हाथ आजमाया।

फोकार्टोपीडिया के निदेशक सुनील कुमार ने बताया कि संस्था अपनी फोक-एड शृंखला के तहत हर महीने बच्चों के लिए निःशुल्क कला कार्यशालाएं आयोजित करेगी। अनौपचारिक कला शिक्षा न केवल बच्चों के मानसिक विकास में सहायक है, बल्कि तनाव और अवसाद जैसी समस्याओं से उबरने में भी मददगार साबित हो सकती है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसे प्रयास लगातार किए जाएं तो कला के प्रति संवेदनशील और रचनात्मक समाज का निर्माण संभव है।

---

## GLAMOUR

# 'आवारापन 2' के गाने से होगी अरिजीत सिंह की वापसी, आज हो रहा है रिलीज

**अरिजीत** सिंह रिटायरमेंट की घोषणा के बाद एक बार फिर अपनी आवाज का जादू बिखेरने के लिए तैयार हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अरिजीत फिल्म 'आवारापन 2' के गाने 'ये आवारापन' से वापसी कर रहे हैं। अमाल मलिक के संगीत और रश्मि विराग के बोल से सजा यह गीत 21 जुलाई (आज) को सभी प्रमुख म्यूजिक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज होगा। इस फिल्म के निर्माता विशेष भट्ट ने गाने को कहानी की आत्मा बताते हुए इसे अरिजीत की आवाज में रिकॉर्ड कराया है। फिल्म में इमरान हाशमी, दिशा पाटनी, शबाना आजमी, सुरेंद्र विक्की, विजयंत कोहली और अतुल कुमार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म 14 अगस्त 2026 को थिएटर्स में रिलीज होगी।



### इमरान के किरदार शिवम के इमोशन को गाने में दिखाया जाएगा

'आवारापन 2' का संगीत सिर्फ एल्बम नहीं, बल्कि फिल्म की इमोशनल पहचान के रूप में तैयार हुआ है। 'ये आवारापन' गाना इमरान के किरदार शिवम पंडित के इमोशन को अभिव्यक्त करेगा और इसी वजह से इसके लिए अरिजीत की आवाज को चुना गया। विशेष भट्ट और अरिजीत की जोड़ी पिछले डेढ़ दशक से हिंदी सिनेमा के सबसे सफल म्यूजिक कोलैबोरेशन में से एक रही है। फिल्म का निर्माण विशेष भट्ट ने किया है। वहीं निर्देशन नितिन कक्कड़ ने किया है, जबकि इसकी कहानी बिलाल सिद्दीकी ने लिखी है।

# पृथ्वीराज और मोहनलाल की फिल्म 'खलीफा' में दिखेंगी मालविका शर्मा



**मालविका** शर्मा मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में अपनी नई पारी की शुरुआत फिल्म 'खलीफा' से करने जा रही हैं। यह एक बड़े बजट की एक्शन थ्रिलर है, जिसमें पृथ्वीराज सुकुमारन और मोहनलाल जैसे दिग्गज कलाकार लीड रोल में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन वैशाख ने किया है, जबकि इसकी कहानी जिनु अब्राहम ने लिखी है। यह फिल्म 20 अगस्त 2026 को दुनियाभर के थिएटर्स में रिलीज होगी। निर्माताओं ने 'खलीफा' को दो पार्ट वाली फ्रेंचाइज के रूप में तैयार करने की योजना बनाई है। फिल्म में बड़े पैमाने पर एक्शन सीक्वेंस होंगे, जिनकी शूटिंग लंदन, दुबई, केरल और नेपाल सहित कई देशों और लोकेशंस पर की गई है। फिल्म का पहला लिरिकल वीडियो 21 जुलाई यानि आज शाम 6 बजे रिलीज किया जाएगा। इसके साथ जारी टैगलाइन 'बदला सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा' कहानी के गंभीर और नाटकीय अंदाज की झलक देती है। बता दें कि मालविका इससे पहले तेलुगु और तमिल फिल्मों 'नेला टिकट', 'भीमा' के जरिए अपनी पहचान बना चुकी हैं। वहीं, वैशाख और पृथ्वीराज की जोड़ी 'पोक्किरी राजा' के बाद दोबारा साथ आई है, जबकि लेखक जिनु अब्राहम मोहनलाल के साथ तीसरी बार काम कर रहे हैं।



# ऋषभ की 'द प्राइड ऑफ...' से जुड़े 'गेम ऑफ थ्रोन्स' फेम मार्क हेंसन, तैयार करेंगे एक्शन

भास्कर नेटवर्क | मुंबई

**फिल्म** निर्माता संदीप सिंह अपनी आने वाली बड़ी ऐतिहासिक फिल्म 'द प्राइड ऑफ भारतः छत्रपति शिवाजी महाराज' को बड़े स्तर पर बनाने की तैयारी कर रहे हैं। फिल्म में ऋषभ शेट्टी, छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका निभाते नजर आएंगे। अब इस फिल्म को और खास बनाने के लिए निर्माताओं ने अंतरराष्ट्रीय स्तर की एक्शन टीम को शामिल किया है, जो फिल्म के युद्ध और एक्शन सीन्स को शानदार बनाने पर काम करेगी।



### युद्ध के सीन को भव्य बनाने पर काम किया जा रहा है

इस पीरियड फिल्म को भव्य बनाने के लिए जो टीम जोड़ी गई है वह फिल्म के युद्ध और एक्शन सीन्स को तैयार करने में जुट गई है। लोकप्रिय सीरीज 'गेम ऑफ थ्रोन्स' के अलावा 'वाइकिंग्स', 'द विचर' और ऑस्कर विनर फिल्म 'ग्रैविटी' में अपने एक्शन डिजाइन के लिए पहचाने जाने वाले मार्क हेंसन इसके एक्शन की कमान संभालेंगे।

### हॉलीवुड के दो और अनुभवी भी फिल्म की टीम में शामिल

फिल्म की एक्शन टीम में हॉलीवुड के दो और अनुभवी नाम भी शामिल किए गए हैं। पहले व्लाद रिमबर्ग, जिन्होंने 'द फेट ऑफ द फ्यूरियस', 'ब्लडशॉट' और 'लूसिफर' जैसे प्रोजेक्ट पर काम किया है, दूसरे क्रेग मैक्रे, जो 'ट्रॉयः फॉल ऑफ ए सिटी' के लिए चर्चित रहे हैं। मेकर्स का दावा है कि यह टीम भारतीय ऐतिहासिक सिनेमा के सबसे बड़े युद्ध सीन्स में से एक तैयार करेगी।

### विवेक ओबेरॉय मुगल सम्राट औरंगजेब के रोल में दिखेंगे

करीब 500 करोड़ रुपए के बजट में बन रही यह फिल्म दो पार्ट में रिलीज होगी। ऋषभ के अलावा इसमें अर्जुन रामपाल, विवेक ओबेरॉय और शेफाली शाह भी अहम किरदार निभाते नजर आएंगे। फिल्म में शेफाली उनकी मां राजमाता जीजाबाई के किरदार में नजर आएंगी, जबकि विवेक, मुगल सम्राट औरंगजेब की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं अर्जुन फिल्म के मुख्य विलेन के रूप में दिखाई देंगे। मेकर्स का दावा है कि सभी किरदारों को ऐतिहासिक संदर्भों के अनुरूप बड़े पैमाने पर परदे पर उतारा जाएगा।

### अधिकांश शूटिंग महाराष्ट्र के ऐतिहासिक किलों में होगी

फिल्म की अधिकांश शूटिंग महाराष्ट्र के विभिन्न ऐतिहासिक किलों और लोकेशनों पर की जाएगी, जहां छत्रपति शिवाजी महाराज ने मराठा साम्राज्य की नींव रखी थी। मेकर्स का उद्देश्य युद्ध, किलों और ऐतिहासिक परिवेश को वास्तविकता के करीब दिखाना है। फिल्म को हिंदी, अंग्रेजी, कन्नड़, तमिल, तेलुगु और मराठी समेत कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। इसका लक्ष्य भारतीय दर्शकों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच बनाना है। ये फिल्म 21 जनवरी 2027 को थिएटर्स में रिलीज हो सकती है।



### छत्रपति पर अब तक फिल्म और टीवी में 60 से अधिक प्रोजेक्ट्स बन चुके हैं

17वीं शताब्दी में मराठा साम्राज्य की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज भारतीय इतिहास के सबसे प्रेरणादायक योद्धाओं में गिने जाते हैं। उनके जीवन पर अब तक फिल्म और टेलीविजन में 60 से अधिक प्रोजेक्ट्स बन चुके हैं। इसकी शुरुआत 1923 में आई मूक फिल्म 'सिंहगढ़' से हुई थी। मेकर्स का कहना है कि 'द प्राइड ऑफ भारतः छत्रपति....' इस ऐतिहासिक विरासत को नए पैमाने पर दर्शकों तक पहुंचाएगी।



# प्रभास के बिना ही संदीप रेड्डी वांगा ने पूरी की 'स्पिरिट' की 40 प्रतिशत शूटिंग

**निर्देशक** संदीप रेड्डी वांगा ने अपनी अगली फिल्म 'स्पिरिट' को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। उन्होंने बताया कि फिल्म की करीब 40 प्रतिशत शूटिंग पूरी हो चुकी है। खास बात यह है कि यह हिस्सा प्रभास के बिना फिल्माया गया है। अमेरिका में आयोजित एक तेलुगु टैलेंट एसोसिएशन कार्यक्रम में संदीप ने बताया कि प्रभास फिलहाल इटली में छुट्टियां मना रहे हैं। इस दौरान भी फिल्म की यूनिट ने शूटिंग जारी रखी। प्रभास अपनी अन्य फिल्मों की प्रतिबद्धताएं पूरी करने के बाद 'स्पिरिट' के अगले शेड्यूल में शामिल होंगे। बता दें कि 'स्पिरिट' पहली फिल्म है, जिसमें प्रभास और वांगा साथ काम कर रहे हैं। संदीप इससे पहले 'कबीर सिंह' और 'एनिमल' जैसी सुपरहिट फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। वहीं फिल्म में तृप्ति डिमरी और विवेक ओबेरॉय भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस बीच प्रभास 'फौजी' को पहले पूरा करेंगे।

## प्रेरणा

प्यार के बिना जीवन उस वृक्ष की तरह है जिस पर कभी फल नहीं लगते। – खलील जिब्रान

**संपादकीय**

# विचारों में टकराव से समाज की सोच बाधित ही होती है

**देश** की सोच दो विरोधी विचारधाराओं में बंटती जा रही है। जो एक विचारधारा और उसके प्रतीकों को नहीं मानता, उसे इस विचारधारा को मानने वाले स्वतः विरोधी खेमे का मान लेते हैं। वे यह भी नहीं सोचते कि संभव है वह व्यक्ति दोनों को अपनी सोच के अनुसार समय-समय पर सही या गलत मानता हो या अपने विवेक से लेकिन बिना पूर्वाग्रह के फैसले करता हो। पर लगता है अब बीच का मार्ग नहीं बचा है। ऐसे में अगर कोई सोशल मीडिया यूजर किसी एक पक्ष की खबरें ज्यादा और कई बार देखता है, तो एआई एल्गोरिदम चिह्नित कर उसे बार-बार उसी प्रकृति की खबरें भेजने लगती है। प्रजातंत्र जनमत से चलता है, लेकिन इसकी शर्त यह है कि यह जनमत स्वस्थ, तार्किक, पूर्वाग्रह-शून्य और वैज्ञानिक सोच पर आधारित हो। भारत डेमोग्राफिक डिविडेंड या जनसांख्यिकी लाभांश के काल में है। इसका यह भी अर्थ है कि आज देश के युवाओं के कंधों पर बढ़ते बुजुर्गों का भार है। एआई, सुपर कंप्यूटर, क्वांटम कंप्यूटिंग, नैनो चिप्स और मैक-5 (ध्वनि से पांच गुना तेज गति) और चांद पर घर बनाने की अभिलाषा का दौर है। ऐसे में वैचारिक द्वंद्व अगर समाज की सोच और गति को बाधित करता है तो वह अंततः एक ऐसी अपूरणीय क्षति होगी, जिसकी पीढ़ियों तक भरपाई नहीं हो सकेगी। समाज के सही और तार्किक सोच वाले लोगों को आगे आना होगा।

**जीने की राह**



पं. विजयशंकर मेहता

humarehanuman@gmail.com

## माताएं-बहनें जहां काम करती हैं, आंगन-सा माहौल बन जाता है

**भारत** में आंगन पारिवारिक सामूहिकता का प्रतीक है। साहित्यकारों ने तो आंगन को नारियों की दुनिया कहा है। तुलसी तो आंगन की महारानी है ही। कुछ ऋषियों ने मन को भी आंगन का रूपक दिया है। तुलसीदास जी लिखते हैं- बरनि न जाइ रुचिर अँगनाइ, जहँ खेलहिं नित चारिउ भाई। सुंदर आंगन का वर्णन नहीं किया जा सकता, जहां चारों भाई नित्य खेलते हैं। यह बात काकभुशुंडि जी गरुड़ जी को बता रहे हैं। श्रीराम का आंगन में खेलना तुलसीदास जी को अत्यधिक प्रिय है। इसीलिए उन्होंने वह चौपाई लिखी थी- मंगल भवन अमंगल हारी। द्रवहु सुदसरथ अजिर बिहारी। हे दशरथ के आंगन में विहार करने वाले राम जी, आप हमारे आंगन में भी पधारें। महिलाओं की उपस्थिति से कार्यस्थल की संस्कृति भी बदल जाती है। माताएं-बहनें जहां काम करती हैं, आंगन-सा माहौल बन जाता है। पर भारत के कार्यबल में पुरुषों के मुकाबले 10% ही महिलाएं हैं। आंगन से प्रेरित होकर हम संकल्प लें कि देश में महिला वर्कफोर्स का पार्टिसिपेशन बढ़ाया जाए।

• Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

**नजरिया** • याद रहेगा 2026 का फीफा विश्व कप...

# यह नए चेहरों और छोटे लेकिन जुझारू देशों का टूर्नामेंट था

**फुटबॉल**



बोरिया मजुमदार

सचिन तेंदुलकर की आत्मकथा के सहलेखक और खेल पत्रकार

**फीफा** विश्व कप की शुरुआत विवादों के साथ हुई थी। ईरानी खिलाड़ियों को वीसा मिलेगा या नहीं, यह मसला सुर्खियों में रहा। उनके साथ किए गए भेदभावपूर्ण व्यवहार ने भी अनेक सवाल खड़े किए। रेफरियों के निर्णय किस तरह एक टीम (अर्जेंटीना) के पक्ष में जा रहे थे, यह भी चर्चा का विषय बना। बालोगुन विवाद को लेकर ट्रम्प भी इसमें शामिल हो गए और ट्रम्प तथा फीफा प्रेसिडेंट इन्फैन्तीनो के बीच हुई बातचीत को लेकर भी काफी चर्चा हुई। वीएआर प्रणाली लगातार बहस का विषय बनी रही। इसमें तीनों आयोजक देशों के बीच यात्राओं से जुड़ी समस्याओं और उस पर आने वाले भारी-भरकम खर्च को भी जोड़ दें। लेकिन इसके सबके बावजूद विश्व कप को असफल नहीं कहा जा सकता, क्योंकि इसमें फुटबॉल का स्तर और मुकाबलों की इंटेंसिटी दोनों ही सर्वोच्च दर्जे के रहे थे।

फाइनल मैच भले ही स्पेन के पक्ष में पूरी तरह से एकतरफा रहा हो, लेकिन उसके विपरीत इस विश्व कप में कई ऐसे क्लासिक मुकाबले हुए, जो लंबे समय तक लोगों की स्मृतियों में बने रहेंगे। चाहे फ्रांस के खिलाफ स्पेन का शानदार रक्षात्मक प्रदर्शन हो या इंग्लैंड के विरुद्ध अर्जेंटीना की दमदार वापसी- यह टूर्नामेंट रोमांच से भरपूर रहा। सेमीफाइनल का ही उदाहरण लीजिए, जिसकी चर्चा अब भी लंदन में हो रही है। इंग्लैंड 1-0 से आगे था और पूरे ब्रिटेन ने सपना देखना शुरू कर दिया था कि ट्रॉफी आखिरकार घर लौटने वाली है। तभी उनके कोच ने रक्षात्मक रणनीति अपनाने की गलती कर दी और 39 वर्षीय मेसी को जैसे नया जीवन मिल गया। अर्जेंटीना ऐसी टीम की तरह खेलने लगी, मानो उस पर जुनून सवार हो। इंग्लैंड बिखर गया और अटलांटा के विशाल स्टेडियम में अर्जेंटीनी समर्थकों की आवाज गूंजने लगी। उस समय मैं लंदन के एक पब में मौजूद था, जहां सन्नाटा पसरा हुआ था।

पलभर को अफ्रीका के बारे में सोचिए। इस महाद्वीप की ओर से पहली बार इस टूर्नामेंट में नौ टीमें उतरी थीं और उन्होंने अपनी छाप छोड़ी। चाहे केप वर्डे की वह प्रेरक कहानी हो- जिसमें पांच लाख की आबादी वाले इस देश ने अर्जेंटीना को हार के कगार तक पहुंचा दिया, या मिस्र- जो अंत तक 2-0 से आगे रहने के बावजूद आखिरकार 2-3 से हार गया- अफ्रीकी टीमों ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। मोरक्को ने अब एक नया मानक स्थापित कर दिया है। कतर विश्व कप में सेमीफाइनल तक पहुंचने के बाद इस विश्व कप में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय कर उसने अपनी क्षमता से कहीं बढ़कर प्रदर्शन किया है। आने वाले समय में अफ्रीकी खिलाड़ियों को दुनिया की प्रमुख लीगों में निश्चित रूप से अधिक अवसर मिलेंगे और इस विश्व कप से उनके लिए यह एक बड़ी उपलब्धि होगी।

अब क्रिस्टियानो रोनाल्डो, नेमार और लियोनेल मेसी की बात करें। पहले दो मामलों में यह देखना अद्भुत था कि दोनों सितारों ने अपनी-अपनी टीमों के लिए सब कुछ झोंक दिया। रोनाल्डो ने पुर्तगाल को आगे ले जाने के लिए अपनी शारीरिक क्षमता की सीमाएं लांघ दीं, लेकिन अंततः स्पेन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में हार गए। अपना सर्वश्रेष्ठ देने के बावजूद आंसुओं के साथ विश्व कप से विदा लेते रोनाल्डो यह बताते हैं कि खेल कई बार कितना निर्मम हो सकता है। नेमार ने भी अपने प्रशंसकों के लिए ब्राजील के अंतिम मैच में एक पेनल्टी गोल किया, लेकिन उनकी विदाई वैसी नहीं रही, जैसी किसी दिग्गज खिलाड़ी के साथ अपेक्षा की जाती है। लेकिन यही खेल है। और जहां तक मेसी की बात है तो बहस समाप्त हो चुकी है। हर सवाल का जवाब मिल चुका है। हर आलोचक निरुत्तर है। जिस तरह उन्होंने खेला और अर्जेंटीना का नेतृत्व किया, फाइनल में हार के बावजूद उन्होंने स्वयं को सर्वकालिक महान खिलाड़ी के रूप में स्थापित कर दिया है।

**यह एक शानदार विश्व कप रहा। तमाम विवादों के बावजूद मैदान पर देखने को मिला फुटबॉल हर प्रशंसक की उम्मीदों पर खरा उतरा। और जिस तरह का जुनून प्रशंसकों में देखने को मिला, वह इस बात का प्रमाण है कि फुटबॉल दुनिया का सबसे खूबसूरत खेल क्यों है।**

यह एक शानदार विश्व कप रहा। तमाम विवादों के बावजूद मैदान पर देखने को मिला फुटबॉल हर प्रशंसक की उम्मीदों पर खरा उतरा। और जिस तरह का जुनून प्रशंसकों में देखने को मिला, वह इस बात का प्रमाण है कि फुटबॉल दुनिया का सबसे खूबसूरत खेल क्यों है।

हम बार-बार यह शिकायत सुनते रहे हैं कि 1.4 अरब की आबादी वाला देश होने के बावजूद हम विश्वस्तरीय फुटबॉलर क्यों नहीं तैयार कर पा रहे हैं। लेकिन यदि हम ओसीआई (ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया) और पीआईओ (पर्सन ऑफ इंडियन ओरिजिन) खिलाड़ियों का उपयोग करें, तो हम भी विश्व कप में जगह बना सकते हैं। तब हम अपनी टीम के बारे में भी लिख रहे होंगे। फिलहाल तो स्पेनिश आर्माडा का ही दबदबा है। नेतृत्व की मशाल मेसी से लमीन यमाल के हाथों में पहुंच चुकी है। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

**दूरदृष्टि** • एक्ट-ईस्ट 2.0 नीति के संकेत मिल रहे हैं...

# हम एक बार फिर स्पष्ट उद्देश्य से 'पूर्व' की ओर देख रहे हैं

**भू-राजनीति**



सैयद अता हसनैन

बिहार के राज्यपाल और कश्मीर कोर के पूर्व कमांडर

**हाल** ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा को हमें उस रणनीतिक बदलाव की शुरुआत का संकेत समझना चाहिए- जिसे एक्ट-ईस्ट 2.0 कहा जा सकता है। यह ऐसा परिवर्तन है, जिसमें हिन्द-प्रशांत क्षेत्र को आकार देने में भूमिका निभाने पर ज्यादा जोर दिखता है।

पिछले कुछ वर्षों में भारत का रणनीतिक ध्यान स्वाभाविक रूप से अन्य क्षेत्रों की ओर केंद्रित रहा है। यूक्रेन में संघर्ष, पश्चिम एशिया में अस्थिरता, पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद और उत्तरी सीमाओं पर जारी सुरक्षा चुनौतियों में भारत की कूटनीतिक ऊर्जा का बड़ा हिस्सा खर्च हुआ है। लेकिन अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को आकार देने की आकांक्षा रखने वाला कोई भी देश संकटों के एक समूह को अपनी रणनीतिक सोच पर स्थायी रूप से हावी नहीं होने दे सकता। उभरती ताकतों को भविष्य के अवसरों के लिए भी तैयारी करनी होती है।

इसलिए प्रधानमंत्री का पूर्वी देशों की ओर यह कूटनीतिक अभियान रणनीतिक संदेश देने का भी माध्यम है। देश अपनी प्राथमिकताओं का संकेत केवल आधिकारिक घोषणाओं से ही नहीं, बल्कि इस बात से भी देते हैं कि उनके सर्वोच्च स्तर के राजनयिक दौरे किन देशों की ओर होते हैं। संदेश स्पष्ट है- भारत एक बार फिर स्पष्ट उद्देश्य के साथ पूर्व की ओर देख रहा है।

मूल एक्ट-ईस्ट नीति ने सम्पर्क, व्यापार, संस्थागत साझेदारियों और आसियान देशों से संबंधों के जरिये पूर्वी और दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ भारत के जुड़ाव को दिशा दी थी। इस नीति ने यह स्वीकारा था कि भारत की समृद्धि इस क्षेत्र की गतिशीलता से अलग नहीं है। इसने अपने उद्देश्य को सफलतापूर्वक पूरा किया। लेकिन आज परिदृश्य में व्यापक बदलाव आ चुका है।

हिन्द-प्रशांत क्षेत्र अब दुनिया की प्रमुख भू-राजनीतिक धुरी बनकर उभरा है। समुद्री सुरक्षा, लचीली आपूर्ति शृंखलाएं, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियां, समुद्र के भीतर का बुनियादी ढांचा, ऊर्जा आपूर्ति अब वैश्विक शक्ति-संतुलन को उतना ही प्रभावित करते हैं, जितनी सैन्य क्षमता। आर्थिक कूटनीति और सुरक्षा को अब अलग-अलग नहीं देखा जा सकता। यदि एक्ट-ईस्ट के पहले चरण ने भारत को पूर्वी एशिया से जोड़ा था तो दूसरे चरण का उद्देश्य हिन्द-प्रशांत के रणनीतिक परिदृश्य को आकार देने में योगदान होना चाहिए।

अब भारत के पूर्वी हितों को क्वाड की गति पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। यह समूह सहयोग का एक महत्वपूर्ण मंच बना हुआ है, लेकिन यह न तो कोई सैन्य गठबंधन है और न ही हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में भारत की रणनीति को आगे बढ़ाने का एकमात्र माध्यम। ऐसे समय में, जब अमेरिका का ध्यान चीन के साथ अपनी द्विपक्षीय प्रतिस्पर्धा और विशेष रूप से ताइवान के मुद्दे पर अधिक केंद्रित दिखाई देता है और क्वाड पर अपेक्षाकृत कम राजनीतिक जोर नजर आता है, तब भारत को अपनी पूर्वोन्मुख रणनीति स्वतंत्र रूप से आगे बढ़ानी होगी। इसका अर्थ है जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ द्विपक्षीय साझेदारियों को मजबूत करना तथा एक्ट-ईस्ट 2.0 के केंद्र में आसियान को स्थापित करना।

बदलता क्षेत्रीय परिदृश्य भारत की अधिक सक्रिय भागीदारी की भी मांग करता है। यद्यपि हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका अब भी प्रमुख सैन्य शक्ति बना हुआ है, लेकिन दक्षिण-पूर्व एशिया के अनेक देशों को लगता है कि उसका राजनीतिक ध्यान अब अधिक सिलेक्टिव हो गया है। चीन ने आर्थिक एकीकरण, बुनियादी ढांचे के विकास, समुद्री उपस्थिति और निरंतर कूटनीतिक प्रयासों के जरिये अपना प्रभाव लगातार बढ़ाया है। इस विस्तार का बड़ा हिस्सा उस ग्रे-जोन में होता है, जो खुले टकराव की सीमा से नीचे रहता है, लेकिन जिसके दीर्घकालिक रणनीतिक परिणाम होते हैं।

**हिन्द-प्रशांत क्षेत्र 21वीं सदी के रणनीतिक शक्ति-संतुलन को परिभाषित करेगा। भारत अब इस क्षेत्र के भविष्य को आकार देने में भूमिका निभाने के लिए तैयार है। एक्ट-ईस्ट 2.0 नीति बताती है कि भारत का रणनीतिक क्षितिज अब पूर्व की ओर स्थानांतरित हो रहा है।**

समय आ गया है कि हम रणनीतिक क्षमता के साथ रणनीतिक आत्मविश्वास का भी समुचित मेल करें। फिलीपींस और इंडोनेशिया के साथ भारत की बढ़ती साझेदारियां- जिनमें रक्षा निर्यात भी शामिल है- यह संकेत देती हैं कि रक्षा साझेदारियां अब कूटनीति का भी महत्वपूर्ण माध्यम बन चुकी हैं। ग्रेट निकोबार के विकास जैसी परियोजनाओं को भी इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए। वे केवल बुनियादी ढांचे की परियोजनाएं नहीं हैं, बल्कि भारत के एक समुद्री शक्ति के रूप में उभरने की प्रतीक हैं। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए **QR कोड** को स्कैन करें।


दैनिक भास्कर — अब आप NYT के सभी आर्टिकल DB एप पर हर मंगलवार पढ़ सकते हैं। डाउनलोड करें डीबी एप।


© The New York Times

दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

**फाइनेंस** 2027 तक निवेश को 115 लाख करोड़ तक ले जाने की योजना बना रहीं अल्फाबेट, माइक्रोसॉफ्ट जैसी कंपनियां, ब्याज दर बढ़ने से बिगड़ सकती है स्थिति

# एआई में इस वर्ष 77 लाख करोड़ का दांव, डॉट कॉम बबल जैसे जोखिम की आशंका भी

जेफसोमर

**आर्टिफिशियल** इंटेलिजेंस (एआई) की दौड़ में दुनिया की सबसे बड़ी टेक कंपनियां डेटा सेंटर और उससे जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर पर रिकॉर्ड निवेश कर रही हैं। अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर इसका योगदान करीब 1.1% आंका जा रहा है, लेकिन अब तेजी से हो रहे विस्तार के पीछे बढ़ते कर्ज और अनिश्चित रिटर्न को लेकर चिंता बढ़ने लगी है।

अल्फाबेट, माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन, मेटा और ओरेकल ने इस साल एआई डेटा सेंटरों पर 77 लाख करोड़ रु. से अधिक निवेश किया है। कंपनियों की योजना 2027 तक इसे बढ़ाकर 115 लाख करोड़ रु. से ऊपर ले जाने की है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इतना बड़ा निवेश अपेक्षित मुनाफा देगा या नहीं। यदि एआई से अनुमानित कमाई नहीं हुई तो भविष्य में इन कंपनियों की वित्तीय स्थिति बिगड़ सकती है। इस जोखिम के शुरुआती संकेत शेयर बाजार में दिखाई देने लगे हैं। लंबे समय से स्थापित पांच बड़ी टेक कंपनियों में से चार का इस साल एसएंडपी 500 सूचकांक में प्रदर्शन कमजोर रहा है। सबसे ज्यादा दबाव ओरेकल पर दिखा, जिसके शेयर पिछले शुक्रवार तक 35% गिर चुके थे। वहीं, आईपीओ के बाद पहली बार स्पेसएक्स के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। आईबीएम के शेयर भी पिछले सप्ताह एक दिन में 25.2% टूट गए, जो 1960 के बाद उसकी सबसे बड़ी एकदिवसीय गिरावट मानी जा रही है। कंपनी के सीईओ अरविंद कृष्णा ने इसके कारणों में एआई पर बढ़ते खर्च का भी उल्लेख किया। वित्तीय स्थिति के लिहाज से फिलहाल ओरेकल सबसे कमजोर कड़ी नजर आ रही है। उसकी क्रेडिट रेटिंग में उल्लेखनीय गिरावट आई है, जबकि माइक्रोसॉफ्ट की एएए रेटिंग अमेरिकी सरकार से भी बेहतर मानी जाती है। अब बाजार की नजर इस बात पर है कि डेटा सेंटरों पर भारी पूंजी खर्च के बाद माइक्रोसॉफ्ट जैसी कंपनियां अपनी मजबूत साख कितने समय तक बनाए रख पाती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि मौजूदा अकाउंटिंग नियमों के कारण कंपनियां इन भारी पूंजीगत निवेशों को सीधे खर्च के रूप में नहीं दिखातीं। इससे फिलहाल उनकी आय और बैलेंस शीट पर दबाव उतना स्पष्ट दिखाई नहीं देता, जितना वास्तविकता में हो सकता है।

बैंक ऑफ अमेरिका के अनुसार, जो टेक कंपनियां पहले कम पूंजी निवेश वाले मॉडल पर चलती थीं, वे अब एक्सॉन मोबिल और शेवरॉन जैसी पूंजी-प्रधान कंपनियों की श्रेणी में पहुंच रही हैं। इसके कारण वे तेजी से बॉण्ड बाजार पर निर्भर हो रही हैं, जहां बढ़ते जोखिम के चलते निवेशक अब अधिक प्रीमियम मांगने लगे हैं। डेटा सेंटरों से होने वाली आय का बड़ा हिस्सा फिलहाल ओपनएआई और एंथ्रोपिक जैसी एआई कंपनियों से जुड़ा है। लेकिन ये कंपनियां भी बड़े पैमाने पर कर्ज, वेंचर कैपिटल और प्राइवेट इक्विटी निवेश पर निर्भर हैं। ऐसे में एआई पर जारी रिकॉर्ड निवेश आखिरकार कितना लाभ देगा, इस पर अभी निश्चित निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी।




**भारी कर्ज ने डॉट कॉम दौर की याद दिलाई**

बैंक ऑफ अमेरिका की रणनीतिकार सविता सुब्रमण्यम ने इस स्थिति की तुलना 1990 और 2000 के दशक के डॉट कॉम बबल वाले दौर से की है। तब इंटरनेट कंपनियां भारी उछाल के बाद ध्वस्त हो गई थीं। वे कहती हैं, बड़ी टेक कंपनियों का बिजनेस मॉडल कई पुरानी इंटरनेट कंपनियों के मुकाबले बहुत मजबूत है, लेकिन कर्ज चिंताजनक है। यदि एआई निवेश से उन्हें रिटर्न नहीं मिला या ब्याज दर बढ़ी तो स्थिति बिगड़ सकती है।

### कई कंपनियों के बॉन्ड के मूल्यों में भारी गिरावट

अधिक पूंजी के लिए टेक कंपनियां मुख्यतः बॉन्ड बाजार में जा रही हैं, जिसने बढ़ते जोखिम की वजह से प्रीमियम लेना शुरू कर दिया है। उधर ओरेकल और अमेजन के बॉण्ड मूल्यों पर उल्टा असर पड़ा है। एआई डेटा सेंटर बना रही स्पेसएक्स की भी यही स्थिति है। उसके बॉन्ड कम कीमतों पर ट्रेडिंग कर रहे हैं। फिलहाल, एक समस्या है कि डेटा सेंटरों से अब तक निश्चित आमदनी होने जैसी स्थिति नहीं बन सकी है।

### इंफ्रास्ट्रक्चर पर मुनाफे से अधिक हो रहा खर्च

दिग्गज टेक कंपनियां एआई के इंफ्रास्ट्रक्चर पर भारी-भरकम खर्च कर रही हैं। यह खर्च उनके मुनाफे से भी काफी ज्यादा हो रहा है। बैंक ऑफ अमेरिका के अनुसार ओरेकल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन, अल्फाबेट और मेटा का कुल पूंजी खर्च उनकी नगद आय से ज्यादा हो चुका है। इसका अर्थ है कि निवेश बनाए रखने के लिए इन कंपनियों को अधिक उधारी लेनी पड़ सकती है।

© The New York Times

**इस हफ्ते चर्चा में...**

## इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री में अमेरिका बहुत पीछे



**25 प्रतिशत**

है दुनियाभर में पिछले साल बिकी कारों में इलेक्ट्रिक कारों की संख्या। यह नार्वे में 97%, चीन में 53 तो अमेरिका में 10% रही।

**4500**

से अधिक ब्रांड ने अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में हुए वर्ल्ड कप फुटबॉल के मैचों में विज्ञापन किए हैं।

**960 करोड़ रु.**

खर्च करेगी ताइवान की कंपनी टीएसएमसी एरिज़ोना, अमेरिका में सेमीकंडक्टर चिप के निर्माण पर।

**नया ट्रेंड** सामाजिक जुड़ाव के तरीके खोज रहे हैं युवा

## नई अमेरिकी पीढ़ी कढ़ाई, बुनाई जैसी पारंपरिक स्किल सीख रही है

केट ब्रेनन

**अमेरिका** के कई राज्यों में युवाओं के शौक तेजी से बदल रहे हैं। पहले जहां इस मौसम में बैचलर पार्टियां और मनोरंजन गतिविधियां लोकप्रिय थीं, वहीं अब बड़ी संख्या में युवा बुनाई, कढ़ाई, बुक बाइंडिंग, पेपरमेकिंग और गलीचा बुनने जैसे पारंपरिक कौशल सीख रहे हैं। विशेषज्ञ इसे एआई के बढ़ते प्रभाव के बीच मानवीय अनुभव और सामुदायिक जुड़ाव की तलाश से जोड़ रहे हैं।

मिशिगन के ग्रीन डोर फोक स्कूल में हाल में आयोजित गलीचा बुनने की कार्यशाला में अधिकांश प्रतिभागी 35 वर्ष से कम उम्र के थे। उत्तर कैरोलिना के एक फोक स्कूल में दाखिले के लिए तो वेटिंग लिस्ट तक बन रही है, जबकि कुछ वर्ष पहले वहां पर्याप्त छात्र नहीं मिलते थे। जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी की कंप्यूटर साइंस प्रोफेसर कैल न्यूपोर्ट के अनुसार, ये पारंपरिक शौक लोगों को फिर से खुद से जोड़ रहे हैं। इनमें समय, धैर्य और एकाग्रता की जरूरत होती है, जो डिजिटल जीवन में कम होती जा रही है। फोक स्कूल अलायंस की



संचार समन्वयक मैरी सैनबोर्न का कहना है कि हस्तशिल्प सीखना लोगों को समुदाय और पारंपरिक कौशल से दोबारा जोड़ रहा है। सोशल मीडिया पर भी यह रुझान तेजी से बढ़ रहा है। इंस्टाग्राम और टिकटॉक पर लोग अपने बुनाई और हस्तशिल्प प्रोजेक्ट साझा कर रहे हैं। पिनटेरेस्ट के अनुसार, सिलाई सीखने से जुड़े सर्च पिछले एक वर्ष में चार गुना बढ़े हैं, जिनमें अधिकांश उपयोगकर्ता 34 वर्ष से कम उम्र के हैं। पूर्व अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की बेटी एला एमहॉफ ने भी न्यूयॉर्क में कम्युनिटी बुनाई क्लब शुरू किया है।

© The New York Times

**अभियान**

## ईरान विरोधी मुहिम में इजराइली धर्मगुरु भी जुड़े

इसाबेल कर्शनर

**इजराइल** में यहूदी धर्मगुरु (राबी) अपने अनुयायियों को अस्वाभाविक संदेश दे रहे हैं। इन दिनों धार्मिक प्रवचन के साथ लोगों को ईरान के लिए जासूसी न करने की सलाह दे रहे हैं। ऐसे वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हैं। प्रमुख राबिनिकल काउंसिल के सदस्य यिगल कोहेन ने लोगों से कहा है कि ईरान के लिए जासूसी करने वालों को स्वर्ग में स्थान नहीं मिलेगा। राबी कोहेन के अनुसार, इजराइली सैन्य अधिकारियों ने उनसे लोगों को आगाह करने का अनुरोध किया है, क्योंकि ईरानी एजेंट इजराइल में नागरिकों की भर्ती करने की कोशिश कर रहे हैं। इसी के तहत कई अन्य धर्मगुरुओं को भी इस अभियान में शामिल किया गया है। पिछले कुछ महीनों में इजराइल ने ईरान के लिए कथित जासूसी के आरोप में 60 से अधिक लोगों पर मुकदमे चलाए हैं। इनमें सैनिक, आम नागरिक, धार्मिक और धर्मनिरपेक्ष सभी वर्गों के लोग शामिल हैं। इजराइल का मानना है कि अक्टूबर 2023 में हमास के हमले के बाद ईरान ने देश के भीतर जासूसी नेटवर्क बढ़ाने की कोशिश तेज कर दी है।

© The New York Times

**सिनेमा** ओडिसी को मिली 1200 करोड़ की ओपनिंग

## 3 हजार साल पुरानी कहानी से नोलन ने दर्शकों को सिनेमाघर तक खींचा

ब्रुक्स बार्न्स

**करीब** दो दशक तक फ्रेंचाइजी फिल्मों और पहले से सफल कहानियों पर दांव लगाने वाले हॉलीवुड में क्रिस्टोफर नोलन ने अलग राह अपनाकर बड़ी सफलता हासिल की है। ग्रीक कवि होमर की तीन हजार वर्ष पुरानी महाकाव्यात्मक कविता पर आधारित उनकी फिल्म 'ओडिसी' ब्लॉकबस्टर बनने की ओर बढ़ रही है।

फिल्म ने गुरुवार से रविवार के बीच अमेरिका और कनाडा में टिकट बिक्री से करीब 1200 करोड़ रु. की कमाई की है। दुनियाभर में इसकी शुरुआती कमाई 2540 करोड़ रु. रहने का अनुमान है। 2400 करोड़ रु. की लागत से बनी यह फिल्म 2026 की तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग देने वाली फिल्म बन सकती है। इससे आगे केवल टॉय स्टोरी (1540 करोड़ रु.) और सुपर मारियो गैलेक्स मूवी (1270 करोड़ रु.) हैं। यह ऐसे दौर में महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जब हॉलीवुड में फिल्मों से ज्यादा फ्रेंचाइजी किरदार दर्शकों को आकर्षित करते रहे हैं।



फिल्म में मैट डेमन, ऐन हैथवे, रॉबर्ट पैटिनसन, जेंडाया, टॉम हॉलैंड, चार्लीज थेरॉन, लुपिटा न्योंगो और एलियट पेज सहित कई बड़े कलाकार हैं। कुल कमाई का 24% हिस्सा आईमैक्स थिएटरों से आया है। करीब तीन घंटे लंबी फिल्म का निर्माण नोलन और उनकी पत्नी एमा थॉमस ने किया है। ओपेनहाइमर के लिए सात ऑस्कर जीत चुके नोलन एक बार फिर साबित कर रहे हैं कि हॉलीवुड में आज भी कुछ फिल्में निर्देशक के नाम पर दर्शकों को थिएटर तक खींच सकती हैं।

© The New York Times

**जान हथेली पर :** 12 जून को चेताया, फिर भी नहीं जागे; ठेकेदार की लापरवाही से छेर नदी का डायवर्जन बहा...लोगों की मुश्किलें बढ़ीं

# जब सिस्टम डूबा तो माता-पिता ने मानव श्रृंखला बनाकर बच्चों को पार कराई नदी



**शाहपुर।** शाहपुर-बनाही मुख्य सड़क पर रुद्रनगर गांव के पास छेर नदी पर पुल बन रहा है। वहां आवागमन के लिए, एक अस्थाई रास्ता (डायवर्सन) बनाया गया था, जो सोमवार शाम को नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण 4 फीट पानी में डूब गया और धंस गया। हजारों लोगों को लंबी दूरी तय कर दूसरे स्टेशनों पर जाना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूली बच्चों को हुई। बच्चों को सुरक्षित पार कराने के लिए मानव श्रृंखला बनानी पड़ी, तब जाकर बच्चे जान जोखिम में डालकर नदी पार कर पाए। डायवर्सन डूबने से शाहपुर प्रखंड का बनाही रेलवे स्टेशन और कई गांवों (रुद्रनगर, गौड़ाध, बनानी, छोटकी सहजौली) से संपर्क टूट गया है।

पिछले महीने 12 जून को पूर्व केंद्रीय मंत्री राजकुमार सिंह ने भी इस पर चिंता जताते हुए मानसून से पहले इसे ठीक करने का निर्देश दिया था, लेकिन विभाग और ठेकेदार ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। जबकि, पिछले साल 5 अप्रैल 2025 को सांसद सुदामा प्रसाद और पूर्व विधायक राहुल तिवारी ने एफडीआर टेक्नोलॉजी से बनने वाली इस सड़क का शिलान्यास किया था।

जगदीशपुर, ग्रामीण कार्य प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता मुकेश कुमार के मुताबिक रुद्रनगर गांव के समीप छेर नदी पर निर्माणाधीन पुल के अस्थाई डायवर्सन पर नदी का जलस्तर बढ़ने से पानी चढ़ गया है, जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है। मेरे द्वारा खुद स्थल का निरीक्षण कर जलजमाव की समस्या को जल्द से जल्द दूर करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। पूर्व में इस डायवर्सन पर ग्रेन्युलर सब-बेस डाला गया था।

## भागलपुर : कोरोना पॉजिटिव वृद्ध की बेटी भी संक्रमित, टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव

**भागलपुर।** जिले में एक और कोरोना पॉजिटिव केस मिला है। बीते रविवार को एक वृद्ध के कोरोना संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी। सोमवार को उनके संपर्क में रहने वाली उनकी बेटी की भी रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। दोनों कोरोना मरीज का मेडिकल कॉलेज अस्पताल, मायागंज में इलाज चल रहा है। दोनों को आईसीयू के अलग वार्ड में रखा गया है। बीते दो दिन में जिले में दो कोरोना मरीज हो गए हैं।

बता दें कि लालूचक के वृद्ध की तबीयत बीते एक सप्ताह से खराब थी। डॉ. हेमशंकर शर्मा के निजी क्लिनिक में इलाज के दौरान कोरोना जांच में वृद्ध की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी थी। सरकारी जांच में भी उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है।

## न्यूज ब्रीफ

### 08 उर्वरक प्रतिष्ठान निलंबित, दो को शोकॉज

**गयाजी।** किसानों की शिकायतों के बाद जिला कृषि पदाधिकारी ने मोहड़ा और नीमचक बथानी क्षेत्र में उर्वरक दुकानों पर औचक छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की है। जांच के दौरान अनियमितता मिलने पर आठ उर्वरक प्रतिष्ठानों का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया, जबकि दो प्रतिष्ठानों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि उर्वरक वितरण में गड़बड़ी करने वाले विक्रेताओं के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि किसानों को सुगमता से उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए, जिले में उर्वरकों का नियमित भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है।

### 10 फीट जमीन के लिए छोटे भाई को मार डाला

**बाराचट्टी।** थाना क्षेत्र के भालुआ गांव में महज 10 फीट जमीन के विवाद ने बड़े भाई ने लोहे के रॉड से हमला कर छोटे भाई की हत्या कर दी। मृतक की पहचान रामदेव केसरी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रामदेव केसरी और उसके बड़े भाई गुड्डू केसरी उर्फ महेश प्रसाद के बीच 10 फीट चौड़ी जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। सोमवार सुबह दोनों भाइयों के बीच फिर कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। आरोप है कि आवेश में आकर बड़े भाई ने लोहे की रॉड से रामदेव केसरी के सिर पर कई वार कर दिए। गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### हत्या में पिता व पुत्र को आजीवन सश्रम कारावास

**दरभंगा।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ग्यारह रंजन कुमार मिश्रा की अदालत ने हत्या मामले में मनीगाछी थाना क्षेत्र के वाजिदपुर गांव के असरफ नद्दाफ एवं उसके बेटे मो अकबर को आजीवन कारावास की सुजा सुनाई। दोनों अभियुक्त 6 अप्रैल 2021 से मंडल कारा दरभंगा में काराधीन हैं। अभियोजन पक्ष का संचालन कर रहे अपर लोक अभियोजक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि आम तोड़ने को लेकर हुए विवाद को लेकर 2 जून 2021 को बाजितपुर गांव में मो. सलाउद्दीन की हत्या कर दी गई थी। इसमें वाजिदपुर गांव के असरफ नद्दाफ एवं उसके बेटे मो अकबर सहित 13 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से एक की जान गई

**फतेहपुर।** गया-कोडरमा रेलखंड पर स्थित लालबाग और दिलवा रेलवे स्टेशनों के बीच रेल किलोमीटर संख्या 409/16 पर मालगाड़ी की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है। मृतक का शव रेल ट्रैक पर ही रह जाने के कारण कुछ देर के लिए डाउन रेल लाइन पर ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहा। यह हादसा सोमवार सुबह करीब नौ बजे की है।

**अररिया शिक्षा विभाग :** तत्कालीन डीईओ, डीपीओ और प्रधान लिपिक पर गंभीर आरोप

# 400 शिक्षकों को मनमानी प्रोन्नति दी ₹50 करोड़ का किया गलत भुगतान

आमोद शर्मा | अररिया।

अररिया के शिक्षा विभाग में करीब 50 करोड़ रुपये के गलत भुगतान का मामला सामने आया है। रानीगंज के पूर्व प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कामेंद्र कुमार कामेश ने शिक्षा विभाग में एक बड़े फर्जीवाड़े का दावा किया है। उन्होंने इस संबंध में बिहार सरकार के मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव, सचिव, प्राथमिक शिक्षा निदेशक और पूर्णिया प्रमंडल के क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों को लिखित शिकायत भेजी है। शिकायती पत्र में तत्कालीन जिला शिक्षा पदाधिकारी सह स्थापना आरडीडीई संजय कुमार, तत्कालीन स्थापना जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सह कटिहार डीपीओ रवि रंजन और वर्तमान में निलंबित प्रधान लिपिक धीरज साहू पर नियमों के खिलाफ जाकर शिक्षकों को प्रोन्नति देने और सरकारी खजाने को भारी नुकसान पहुंचाने का सीधा आरोप लगाया गया है। आरोप है कि नियमों की अनदेखी कर करीब 400 शिक्षकों को गलत तरीके से प्रोन्नति और एमएसीपी का लाभ दिया गया, जिससे सरकार पर हर साल लगभग 4.80 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। अब तक एरियर सहित करीब 50 करोड़ रुपये का गलत भुगतान हो चुका है।

**50 करोड़ रुपये के नुकसान का दावा :** पूर्व बीईओ ने आरोप लगाया है कि करीब 400 शिक्षकों को गलत तरीके से प्रोन्नति और एमएसीपी का लाभ मिलने से प्रत्येक शिक्षक को 10 से 15 हजार रुपये प्रति माह अतिरिक्त भुगतान हो रहा है। उनके अनुसार इससे हर वर्ष लगभग 4.80 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय भार सरकार पर पड़ रहा है। वहीं एरियर सहित अब तक करीब 50 करोड़ रुपये सरकारी खजाने से खर्च हो चुके हैं।

**हाईकोर्ट के आदेश की गलत व्याख्या :** शिकायत के अनुसार, पटना हाईकोर्ट ने राघवेन्द्र शर्मा बनाम राज्य सरकार मामले में 12 सितंबर 2022 को एक आदेश दिया था। प्राथमिक शिक्षा निदेशक ने 27 फरवरी 2023 को साफ निर्देश दिया था कि यह आदेश नई प्रोन्नति देने के लिए नहीं, बल्कि पहले से स्वीकृत प्रोन्नतियों की तारीख में संशोधन के लिए है। इसका लाभ उन्हीं शिक्षकों को मिलना था जो 1 सितंबर 2011 से पहले लागू 1993 की प्रोन्नति नियमावली के तहत योग्य थे।

**आरडीडीई के रोक के बावजूद दोबारा जारी हुआ आदेश:** स्पष्ट निर्देश के बाद भी अररिया डीईओ कार्यालय ने 13 जनवरी 2024 को आदेश जारी कर बड़े पैमाने पर शिक्षकों को नई प्रोन्नति और एमएसीपी का लाभ दे दिया। जब कुछ शिक्षकों ने इसकी अपील पूर्णिया आरडीडीई के सामने की, तो उन्होंने 24 अप्रैल 2024 को डीईओ के इस आदेश को रद्द कर दिया। लेकिन अधिकारियों ने नियमों की फिर गलत व्याख्या करते हुए 2 जनवरी 2025 को दोबारा नया आदेश जारी कर दिया। इसमें 1994 से 2000 के बीच नियुक्त अप्रशिक्षित शिक्षकों तक की प्रोन्नति तारीख को पुराने प्रभाव से बदल दिया गया।

**नियमों व प्रशिक्षण की अनदेखी :** पूर्व बीईओ का कहना है 31 अगस्त 2011 के बाद 1993 की नियमावली खत्म हो चुकी थी, इसलिए 31 दिसंबर 2011 से प्रोन्नति की तारीख बदलना गैरकानूनी है। प्रोन्नति से पहले न तो खाली पदों का निर्धारण हुआ, न आरक्षण रोस्टर का पालन किया गया और न सेवा रिकॉर्ड की जांच हुई। 1993 के नियम के मुताबिक, प्रशिक्षण पाने के बाद 8 साल की सेवा पूरी होने पर ही प्रोन्नति मिल सकती थी (यानी 2012-2013 या उसके बाद), लेकिन इन शिक्षकों को बैक डेट से ही लाभ दे दिया गया।

### अधिकारियों पर कार्रवाई और वसूली की मांग



संजय कुमार



रवि रंजन

पूर्व बीईओ ने तत्कालीन डीईओ संजय कुमार, तत्कालीन डीपीओ रवि रंजन व तत्कालीन प्रधान लिपिक धीरज कुमार साहू के खिलाफ कानूनी व विभागीय कार्रवाई की मांग की है। साथ ही नुकसान की भरपाई दोषी अधिकारियों के वेतन से करने और मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है।

### भास्कर इनसाइट

**अप्रैल 2024 में आदेश रद्द, जनवरी 2025 में फिर जारी**

सरकारी नियमों के मुताबिक किसी भी कर्मचारी को वित्तीय लाभ या प्रोन्नति देने से पहले वित्त विभाग के नियमों, आरक्षण रोस्टर और वकायदा पात्रता की कड़ाई से जांच की जाती है। इस मामले में सबसे बड़ी चूक यह दिखती है कि जब पूर्णिया प्रमंडल के आरडीडीई ने अप्रैल 2024 में ही विवादित आदेश को रद्द कर दिया था, तो फिर जनवरी 2025 में उसी तरह का आदेश दोबारा कैसे जारी हो गया? कोर्ट के आदेशों की आड़ लेकर नियमों की मनमानी व्याख्या करना प्रशासनिक अनुशासनहीनता व वित्तीय अनियमितता दर्शाता है।

### मामले में सभी बिंदुओं की जांच हो रही

गलत तरीके से प्रोन्नति और एमएसीपी का लाभ देने के मामले के सभी बिंदुओं की जांच की जा रही है, क्योंकि आज ही शिक्षा विभाग से इस संबंध में एक पत्र मिला है। यदि नियमों का उल्लंघन कर लाभ दिया गया है, तो कार्रवाई की सिफारिश की जाएगी और सभी से रिकवरी भी की जा सकती है।

**- साहेब आलम, डीईओ, अररिया**

**अशोक कुंवर का शव पलंग पर पड़ा था, दूसरी मंजिल पर नीलम देवी का शव मिला**

# रामबाग चौरी में रिटायर बैंक अफसर की चाकू मारकर हत्या, पत्नी का गला घोंटा

भास्कर न्यूज | मुजफ्फरपुर

शहर के रामबाग चौरी मोहल्ले में सोमवार की रात अपराधियों ने दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) से रिटायर अधिकारी अशोक कुंवर और पत्नी नीलम देवी की घर के अंदर हत्या कर दी गई। अशोक कुंवर का शव बेडरूम में पलंग पर खून से लथपथ मिला, जबकि नीलम देवी का शव दूसरी मंजिल के एक कमरे में मिला। प्रारंभिक जांच में पति की चाकू से गोदकर और पत्नी की गला दबाकर हत्या किए जाने की बात सामने आई है।

अशोक कुंवर का पैतृक घर गायघाट प्रखंड के केवटसा गांव में है। पति-पत्नी लंबे समय से रामबाग चौरी स्थित अपने मकान में रह रहे थे। उनका बेटा डॉ. निखिल कुमार एक वैज्ञानिक हैं और वर्तमान में मंगलौर में कार्यरत हैं। घटना की जानकारी सबसे पहले बेटे को हुई। उसने मोबाइल से जुड़े घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में तीन-चार संदिग्धों को देखा था। फुटेज में उनकी मां नीलम देवी छत की ओर भागती दिखाई दीं। इसके बाद उन्होंने कई बार माता-पिता को फोन किया, लेकिन कॉल नहीं उठा। अनहोनी की आशंका पर उन्होंने तत्काल पड़ोसियों को सूचना दी। पड़ोसी जब घर पहुंचे तो अंदर का दृश्य देख सन्न रह गए। पुलिस के अनुसार अशोक का शव पलंग पर पड़ा था और बिस्तर पर खून फैला था। दूसरी मंजिल पर नीलम देवी का शव मिला। उनके हाथ-पैर बंधे थे, मुंह पर टेप लगा था और गला दबाकर हत्या के स्पष्ट संकेत मिले हैं।

### मकान में किरायेदार भी रह रहे थे, भनक तक नहीं लगी

पुलिस का मानना है कि अपराधियों ने पूरी साजिश के तहत वारदात को अंजाम दिया। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि तीन मंजिला मकान में वृद्ध दंपती के अलावा किरायेदार भी रह रहे थे, लेकिन किसी को घटना की भनक तक नहीं लगी। शुरुआती जांच में लूटपाट के भी स्पष्ट संकेत नहीं मिले हैं। ऐसे में पुलिस हत्या के पीछे की वजह और अपराधियों की मंशा के हर पहलू की जांच कर रही है। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

**राजस्थान पुलिस की छापेमारी से मचा हड़कंप**

# 1 करोड़ के चोरी के गहनों की बरामदगी के लिए रेड

भास्कर न्यूज | सीवान

नगर थाना क्षेत्र के चौक बाजार स्थित सोनार टोली में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब राजस्थान के जोधपुर से पहुंची पुलिस टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से श्री ललन नामक आभूषण दुकान में घंटों तक छापेमारी और जांच की। राजस्थान के जोधपुर में एक किन्नर अपने गुरु (मुखिया) के यहां कई वर्षों से रह रही थी। आरोप है कि वह अचानक वहां से भारी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गई। पीड़ित की शिकायत पर जोधपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी किन्नर सीवान पहुंचकर चोरी के आभूषण एक प्रतिष्ठित सर्राफा दुकान में बेच चुकी है। इसी सूचना पर जोधपुर पुलिस टीम पीड़ित किन्नर को साथ लेकर सीवान पहुंची। नगर व महादेवा थाना पुलिस के सहयोग से चौक बाजार सोनार टोली स्थित उक्त दुकान में घंटों तक जांच और छापेमारी की गई। इस मामले में करीब दो किलोग्राम चांदी और लगभग 700 ग्राम सोने के आभूषण शामिल हैं।

### सोना लूटकांड : फरार चार सिपाहियों ने किया सरेंडर

**गयाजी।** गया रेल थाना के चर्चित एक किलो सोना लूटकांड मामले में फरार चल रहे चार सिपाहियों में से तीन ने सोमवार को एसीजेएम-5 के कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। सरेंडर करने वाले सिपाही अभिषेक चतुर्वेदी, करण कुमार व आनंद मोहन है। इस मामले में रंजन कुमार अभी भी फरार है। इस लूटकांड में फरार चल रहे चोरों सिपाहियों की गिरफ्तारी के लिए जनवरी माह में ही वारंट निर्गत हुआ था। लेकिन इन सिपाहियों ने पटना हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत की अपील की थी। 6 जुलाई को हाईकोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसी के बाद चार सिपाहियों में से तीन ने आज एसीजेएम-5 के कोर्ट में सरेंडर कर दिया है।

**आशानगर ओवरब्रिज के पास की कार्रवाई, नेपाल ले जाने की आशंका**

# मवेशियों से भरा कंटेनर जब्त, 62 पशु बरामद, चालक एवं खलासी गिरफ्तार

भास्कर न्यूज | बिहारशरीफ

राष्ट्रीय राजमार्ग-20 पर आशानगर ओवरब्रिज के समीप सोमवार को बजरंग दल और गौ सेवा दल के कार्यकर्ताओं की सूचना पर पुलिस ने मवेशियों से भरा कंटेनर जब्त किया। पुलिस ने 62 मवेशी बरामद किए। पुलिस ने चालक और खलासी को गिरफ्तार किया। उनसे पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों ने मवेशियों को नेपाल ले जाने की बात कही है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पशु तस्करी से जुड़े नेटवर्क और उसके सरगना तक पहुंचने का प्रयास जारी है।

बजरंग दल के कार्यकर्ता विक्की सिंह हिंदू ने बताया कि संगठन को मवेशियों से लदे एक संदिग्ध कंटेनर के गुजरने की सूचना मिली थी। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने देवीसराय के पास से कंटेनर का पीछा शुरू किया।



आशानगर ओवरब्रिज के समीप उसे रोककर पुलिस को सूचना दी।

तलाशी के दौरान कंटेनर में 62 मवेशी अमानवीय तरीके से ठूंसकर भरे मिले। कई मवेशियों के हाथ-पैर बंधे थे। उनके खड़े होने या बैठने तक की पर्याप्त जगह नहीं थी। सूचना मिलते ही सोहसराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची। कंटेनर जब्त किया गया। चालक व खलासी को हिरासत में ले लिया गया।

बजरंग दल और गौ सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने चालक, खलासी के साथ वाहन मालिक के विरुद्ध भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। मौके पर अभिषेक रौशन उर्फ बीरा, लव कुमार, प्रिंस, जेरी, शांतनु कुमार, मोहित कुमार, आयुष पांडेय और विशाल सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### किशनगंज मंडल कारा में महिला बंदी की मौत

भास्कर न्यूज | किशनगंज

किशनगंज मंडल कारा में बंद एक महिला बंदी की बीते रविवार देर रात संदिग्ध रूप से दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। मृतका की पहचान गलगलिया थाना क्षेत्र के योगी टोला पठारया निवासी 50 वर्षीय जेठाली हांसदा, पति-रामू मुर्मू के रूप में हुई है। महिला को गलगलिया थाना कांड संख्या 73/2026 के तहत दर्ज शराब से जुड़े मामले में बीते रविवार शाम न्यायिक हिरासत में मंडल कारा भेजा गया था। देर रात महिला सेल में उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। प्रारंभिक तौर पर उसे दिल का दौरा पड़ने की आशंका जताई जा रही है। तबीयत बिगड़ते ही जेल प्रशासन ने सदर अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद एमजीएम मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज ले जाने के दौरान ही महिला ने दम तोड़ दिया। सदर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार पुलिस बल के साथ सदर अस्पताल पहुंचे। सदर अस्पताल में चिकित्सकों की टीम ने शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

**दरभंगा :** विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र पुलिस पहुंची, फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

# हॉस्टल में पीजी छात्रा ने दी जान, कान में था हेडफोन... वीडियो कॉल चल रही थी

भास्कर न्यूज | दरभंगा

विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के कादिराबाद स्थित एसबीआई शाखा के समीप अन्नपूर्णा गर्ल्स हॉस्टल में सोमवार को 23 वर्षीय छात्रा का शव कमरे में पंखे से दुपट्टे के सहारे लटका मिलने से सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं से जांच में जुटी है। मृतका की पहचान मधुबनी जिले के बिस्फी थाना क्षेत्र के घाटभटरा गांव निवासी विद्यानंद यादव की पुत्री निधि कुमारी (23 वर्ष) के रूप में हुई है। वह ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय (एलएनएमयू) से पीजी की पढ़ाई पूरी करने के बाद बीएड की पढ़ाई कर रही थी और छात्रावास में रह रही थी। जानकारी के अनुसार, पटना से डायल-112 पर सूचना मिलने के बाद विश्वविद्यालय थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सूचना थी कि हॉस्टल के एक कमरे का दरवाजा काफी देर से बंद है। पुलिस ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर दरवाजा तोड़कर कमरे में प्रवेश किया। अंदर छात्रा का शव पंखे से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। घटना की सूचना पर एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए।

### वीडियो कॉल के दौरान सुसाइड की आशंका

पुलिस ने कमरे को सील कर जांच शुरू कर दी है। छात्रावास संचालक के अनुसार, जब कमरे का दरवाजा खोला गया तो छात्रा के कान में हेडफोन लगा हुआ था और सामने मोबाइल फोन रखा था। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा था कि मोबाइल पर वीडियो कॉल चल रही थी। आशंका जताई जा रही है कि जिस व्यक्ति से छात्रा वीडियो कॉल पर बात कर रही थी, उसी ने या किसी परिचित ने पटना स्थित डायल-112 पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। विश्वविद्यालय थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, लेकिन पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। छात्रा का मोबाइल फोन और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (डीएमसीएच) भेज दिया गया है तथा परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, एफएसएल जांच और डिजिटल साक्ष्यों के विश्लेषण के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों और परिस्थितियों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

**बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड ने भवन खंगाला, जांच में सामने आया 15 जुलाई का फॉरवर्डेड ई-मेल**

# 'डाकघर में बम है'... डाक अधीक्षक के ईमेल पर आया मैसेज तो मचा हड़कंप

भास्कर न्यूज | बेगूसराय

दोपहर करीब 12 बजे तक प्रधान डाकघर में रोज की तरह कामकाज चल रहा था। डाक, स्पीड पोस्ट, बचत बैंक और पासपोर्ट से जुड़े कार्यों के लिए लोग कतार में थे। इसी बीच डाक अधीक्षक अर्चना कुमारी ने जब अपना आधिकारिक ई-मेल खोला तो उसमें लिखे संदेश ने पूरे कार्यालय में हड़कंप मचा दिया। ई-मेल में दावा किया गया था कि प्रधान डाकघर और परिसर में संचालित पासपोर्ट कार्यालय में बम लगाया गया है, जो किसी भी समय विस्फोट कर सकता है। सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस अलर्ट मोड में आ गई।



कुछ ही मिनटों में कर्मचारियों और आम लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर तीन मंजिला भवन खाली करा दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना और साइबर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ देर के बाद सदर एसडीपीओ-1 आनंद कुमार पांडेय, साइबर डीएसपी इमरान अहमद, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीम भी पहुंच गई। पूरे परिसर की घेराबंदी कर दी गई और किसी भी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक लगा दी गई। करीब तीन घंटे तक चली जांच के दौरान भवन के प्रत्येक तल, डाक काउंटर, पार्सल सेक्शन, रिकॉर्ड रूम, पासपोर्ट कार्यालय, सीढ़ियों और अन्य हिस्सों की मेटल डिटेक्टर तथा आधुनिक उपकरणों से बारीकी से जांच की गई। खोजी कुत्तों की मदद भी ली गई। लंबी तलाशी के बाद राहत की बात यह रही कि परिसर से कोई विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई।

अचानक हुई कार्रवाई से कुछ समय के लिए डाक सेवाएं और पासपोर्ट कार्यालय का कामकाज पूरी तरह ठप हो गया।

### मनेर पासपोर्ट दफ्तर को भी मिला था मेल... नहीं मिला कुछ भी संदेहास्पद

जांच के दौरान यह भी जानकारी सामने आई कि इसी तरह का धमकी भरा ई-मेल पटना के मनेर स्थित डाकघर परिसर में संचालित पासपोर्ट कार्यालय को भी प्राप्त हुआ था। इसे देखते हुए जांच एजेंसियां पूरे मामले को एकल घटना मानने के बजाय व्यापक स्तर पर देख रही हैं। यह पता लगाया जा रहा है कि क्या अलग-अलग सरकारी कार्यालयों को एक साथ निशाना बनाकर दहशत फैलाने की कोशिश की गई है या फिर यह किसी शरारती तत्व की हरकत है। हालांकि तलाशी अभियान में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने से तत्काल खतरा टल गया, लेकिन एक साधारण ई-मेल ने कुछ ही मिनटों में पूरे प्रशासनिक तंत्र को अलर्ट कर दिया। पुलिस का कहना है कि सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी धमकी को हल्के में नहीं लिया जा सकता। हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है और ई-मेल भेजने वाले तक पहुंचने का प्रयास जारी है।

### भापसा नाला पार कर रहे किसान को गहरे पानी में खींच ले गया मगरमच्छ

**हरनाटांड़।** बगहा पुलिस जिला के नौरंगिया थाना क्षेत्र में रविवार शाम मगरमच्छ के हमले से इलाके में सनसनी फैल गई। भुलटोला सिरिसिया गांव निवासी 45 वर्षीय किसान केदार बैठा खेत में धान की सोहनी करने के बाद साथियों के साथ घर लौट रहे थे। इसी दौरान बेलहवा-सिरिसिया कच्ची सड़क के समीप स्थित भापसा नाला पार करते समय मगरमच्छ ने हमला कर उन्हें गहरे पानी में खींच लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, किसान के साथ मौजूद कमल उरांव व अन्य ग्रामीणों ने उसे बचाने का प्रयास किया, पर मगरमच्छ केदार को को लेकर गहरे पानी में ओझल हो गया। उसकी तलाश की जा रही है।

### वीटीआर में हादसा: ट्रेन से कटकर भालू की मौत... दो घंटे रेल संचालन बाधित

भास्कर न्यूज | बगहा/बेतिया

वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) के शांत जंगलों में एक बार फिर तेज रफ्तार ट्रेन की सीटी के साथ एक बेजुबान की सांसें हमेशा के लिए थम गईं। सोमवार अलसुबह बगहा और वाल्मीकिनगर रोड रेलवे स्टेशन के बीच भापसा नदी पर बने रेल पुल संख्या-357 पर एक भालू कटा पाया गया। इस वजह से इस मार्ग पर करीब दो घंटे तक रेल परिचालन पूरी तरह ठप रहा। इस दौरान वंदे भारत एक्सप्रेस, सप्तक्रांति एक्सप्रेस और अंत्योदय एक्सप्रेस ट्रेनों को विभिन्न स्टेशनों पर रोककर रखना पड़ा। मदनपुर वनक्षेत्र के वनपाल राजेश रोशन, वनरक्षी सुजीत कुमार और पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संदीप कुमार पुलिस व विभागीय टीम के साथ पहुंचे। विभागीय औपचारिकताएं पूरी करने के बाद भालू के शव पोस्टमार्टम को भेजा तब रेल संचालन शुरू हुआ।



ट्रेंड • 2025-26 के लिए सेबी की रिपोर्ट... अमीर डरते हैं तो रियल एस्टेट में पैसे लगाते हैं

# शेयर बाजार 1 साल में 5% गिरा तो अमीर भारतीयों ने प्रॉपर्टी निवेश 80% बढ़ाया

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान शेयर बाजार में भारी उठापटक से घबराए अमीर भारतीयों (यूएचएनआई) ने निवेश की रणनीति बदल दी। बाजार नियामक सेबी के आंकड़ों के मुताबिक, उन्होंने रियल एस्टेट में निवेश 80% से भी ज्यादा बढ़ा दिया। यह बदलते हुए हालात में सुरक्षित निवेश की दिशा में अमीरों के बढ़ते कदम का साफ संकेत है।

इस साल अप्रैल तक एक साल में अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड्स (एआईएफ) के जरिए अमीर भारतीयों ने रियल एस्टेट में 1.28 लाख करोड़ रुपए लगा दिए। सिर्फ एक साल पहले यह निवेश 70,000 करोड़ रुपए था। एक्सपर्ट्स का कहना है कि, वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान सेंसेक्स में 5.2% गिरावट और दुनियाभर में अनिश्चित महौल के बीच धनाढ्य निवेशकों ने शेयर बाजार की जगह स्थिर आय वाले हार्ड एसेट्स (जैसे प्रॉपर्टी) को तरजीह दी। इस दौरान कुल एआईएफ (खास तौर पर अमीरों के लिए निवेश प्लेटफॉर्म) निवेश 25% बढ़कर 6.76 लाख करोड़ रुपए हो गया।

दिलचस्प है कि एआईएफ ने बीते वित्त वर्ष अलग-अलग सेक्टरों में कुल 1.4 लाख करोड़ रुपए का भारी-भरकम निवेश किया। इसमें से 42% यानी 60,000 करोड़ रुपए सिर्फ रियल एस्टेट सेक्टर में गया।

## अमीरों के पोर्टफोलियो की प्राथमिकता में इक्विटी अब भी तीसरे नंबर पर



### धनाढ्य परिवारों ने फाइनेंशियल सर्विसेज में ₹65,000 करोड़ लगाए

| सेक्टर | 2024-25 | 2025-26 | बढ़ोतरी |
|---|---|---|---|
| रियल एस्टेट | 70,000 | 1,28,000 | 80% |
| फाइनेंशियल सर्वि. | 27,000 | 65,000 | 140% |
| आईटी | 35,000 | 40,000 | 14% |
| फार्मा | 20,650 | 21,000 | 1.7% |
| कुल निवेश | 5,38,000 | 6,76,000 | 25% |

नोटः आंकड़े करोड़ रु में, निवेश AIF के जरिये, स्रोतः सेबी

### निवेश के मामले में अमीरों का रुख बदलने के बड़े कारण

**1. शेयर बाजार में कमजोरी:** 2025-26 के दौरान सेंसेक्स में 5.2 फीसदी गिरावट आई। ट्रंप टैरिफ और पश्चिम एशिया में युद्ध जैसी वैश्विक अनिश्चितताएं इसकी सबसे बड़ी वजह रही।

**2. मकानों की जोरदार मांग:** देश के बड़े शहरों में मकानों की डिमांड मजबूत बनी रही। ग्रेड-ए ऑफिस और डेटा सेंटर के लिए कमर्शियल प्रॉपर्टी की बिक्री में भी तेज वृद्धि देखी गई।

**3. ब्रांडेड प्रॉपर्टी पर जोर:** ग्राहकों के बीच ब्रांडेड प्रॉपर्टी की लोकप्रियता बढ़ रही है। ऐसे में बेहतर बैलेंस शीट, प्रोजेक्ट एग्जीक्यूशन से कंपनियों का जोखिम और रिटर्न का अनुपात सुधर गया है।

### भास्कर नॉलेज: ₹289 करोड़ से ज्यादा संपत्ति वाले भारतीय अमीर परिवार, 5 साल में 63 फीसदी बढ़ गए

- 3 करोड़ डॉलर (₹289 करोड़) से ज्यादा संपत्ति वाले निवेशकों को यूएचएनआई (अल्ट्रा हाई नेटवर्थ इंडिविजुअल) की श्रेणी में रखा जाता है।
- नाइट फ्रैंक की वेल्थ रिपोर्ट, 2026 के मुताबिक, भारत में करीब 19,877 यूएचएनआई हैं। यह संख्या पूरी दुनिया में छठी सबसे बड़ी है।
- 2021 से लेकर 2026 के बीच भारत की यूएचएनआई आबादी में 63% का भारी-भरकम इजाफा हुआ है। नाइट फ्रैंक का अनुमान है कि साल 2031 तक भारत में अति अमीर परिवार 25,000 तक पहुंच जाएंगे।
- मुंबई में 35.4% और दिल्ली 22.8% यूएचएनआई हैं। इस हिसाब से इन दोनों शहरों में देश के आधे से ज्यादा (58.2%) हैं।

### निवेश में प्राथमिकता इन एसेट क्लास को

**1. रियल एस्टेट:** सबसे ज्यादा निवेश, कुल एआईएफ निवेश का करीब 19%; ज्यादातर डेट (बॉन्ड) रूट से, फिक्स्ड इनकम के लिए।

**2. फाइनेंशियल सर्विसेज:** एनबीएफसी और प्राइवेट क्रेडिट में उछाल; बैंकों की ब्याज दर, प्राइवेट क्रेडिट रेट में अंतर का फायदा उठाने का प्रयास।

**3. इक्विटी/आईटी:** पारंपरिक रूप से निवेश में बड़ी हिस्सेदारी, लेकिन एआई से जुड़ी अनिश्चितताओं से निवेश की रफ्तार धीमी पड़ी।

**4. फार्मा/हेल्थकेयर:** अमीर परिवारों के निवेश के मामले में सबसे सुस्त बढ़ोतरी। यह पूंजी बचाने को तरजीह देने के रुख का साफ संकेत।

सप्लाई घटी • होर्मुज जलमार्ग में नाकेबंदी से तेल की कीमतों में उछाल, डरे शेयर निवेशक

# क्रूड 91 डॉलर पार, सेंसेक्स 443 अंक गिरा

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष से अतंरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड ऑयल एक बार फिर 91 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया है। सोमवार को ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स की कीमत 7.25% बढ़कर 91.42 डॉलर प्रति बैरल का स्तर छू गई। यह 11 जून के बाद का उच्चतम स्तर है। पिछले सप्ताह इसमें 15.9% की तेजी आई थी, जो अप्रैल के बाद से सबसे बड़ी साप्ताहिक बढ़त थी। अमेरिका द्वारा ईरान पर लगातार नौवें दिन हमले किए गए। कुवैत और बहरीन ने भी ईरानी हमलों की सूचना दी है।

ग्लोबल फाइनेंशियल फर्म आईएनजी के अनुसार, खाड़ी क्षेत्र में हालात लगातार बिगड़ रहे हैं। होर्मुज जलमार्ग से तेल की आवाजाही बाधित होने का डर निवेशकों में बना हुआ है। यही वजह रही कि घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स सोमवार को ट्रेडिंग के दौरान 783 अंक के दायरे मे घूमा। अंत में 443 अंकों के नुकसान के साथ 77,709 पर बंद हुआ। निफ्टी में 96 अंकों की गिरावट रही। यही 24,238 पर बंद हुआ। इससे पहले यह ट्रेडिंग के दौरान 130 अंकों के दायरे में घूमा। बाजार में यह गिरावट मार्जिन संबंधी चिंताओं और अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण आई। एचडीएफसी बैंक के कमजोर नेट इंटरेस्ट मार्जिन (एनआईएम) ने बैंकिंग सेक्टर पर दोहरा दबाव बनाया है। इससे एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक में भारी बिकवाली का दबाव देखने को मिला। एक्सिस बैंक के शेयर 5.48% और एचडीएफसी बैंक के शेयर 5.12% गिरकर बंद हुए।

### तंगी : दुनिया में भंडार पांच साल के निचले स्तर पर

ग्लोबल फाइनेंशियल फर्म बार्कलेज के एनालिस्ट अमरप्रीत सिंह के मुताबिक, तेल बाजार स्टॉक की कमी को लेकर जरूरत से ज्यादा निश्चिंत है। लेकिन हकीकत यह है कि युद्ध शुरू होने के बाद वैश्विक तेल भंडार पांच साल के निचले स्तर पर आ गया है। रविवार को होर्मुज जलमार्ग से सिर्फ चार जहाज गुजर पाए, जबकि पिछले दिन यह संख्या आठ थी। शुक्रवार से अब तक तेल लोड करने के लिए तीन टैंकर और एक बड़ा क्रूड कैरियर ही इस रास्ते में दाखिल हो सके हैं।

भास्कर एक्सपर्ट



नरेंद्र तनेजा
ऑयल एक्सपर्ट

### 100 डॉलर प्रति बैरल की ओर बढ़ रहे क्रूड के दाम

अमेरिका-ईरान के बीच समझौते की उम्मीद खत्म हो चुकी है। जुबानी जंग के बीच दोनों देश एक-दूसरे पर मिसाइलें बरसा रहे हैं। ब्रेंट क्रूड 90 डॉलर के पार निकल गया है। यदि अगले चार-पांच दिन में मध्यस्थता नहीं हुई, तो तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच सकती हैं। यह भारत के लिए गंभीर चिंता का विषय है, क्योंकि देश अपनी खपत का 90 फीसदी तेल आयात करता है। कच्चे तेल के दाम बढ़ने से 'इम्पोर्टेड इन्फ्लेशन' का खतरा बढ़ जाएगा।

# रिटर्न फाइलिंग का सीजन अभी पीक पर, लेकिन इनकम टैक्स विभाग में 27,000 स्टाफ कम

**वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने दी जानकारी**

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

इनकम टैक्स रिटर्न फाइलिंग के सीजन के बीच एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है। 1 जनवरी तक की स्थिति के मुताबिक, आयकर विभाग में अधिकारियों और सहायक स्टाफ के 26,997 पद खाली हैं। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी।

चौधरी ने बताया कि विभाग में ग्रुप ए, बी और सी श्रेणियों में करीब 27 हजार रिक्तियां हैं। पद खाली होना और उन्हें भरना एक सतत प्रक्रिया है। रिक्तियों को यूपीएससी या एसएससी के जरिए सीधी भर्ती और पदोन्नति के जरिए नियमित रूप से भरा जाता है। मंत्री ने बताया कि नया आयकर अधिनियम, 2025 लागू होने से भाषा सरल हुई है, पुराने प्रावधान हटाए गए हैं और नियमों में सुधार हुआ है। साथ ही रिटर्न की तेज प्रोसेसिंग, डेटा एनालिटिक्स और फेसलेस असेसमेंट जैसी डिजिटल पहल से टैक्स प्रशासन को आधुनिक बनाया जा रहा है।

एक अन्य सवाल के जवाब में चौधरी ने बताया कि 2024 से अब तक 11 लोगों को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया गया है और इनकी ₹1,303 करोड़ की संपत्ति जब्त की गई है। इनमें से 8 के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी हुआ और 4 के प्रत्यर्पण अनुरोध भेजे गए हैं।

## बिजनेस ब्रीफ

### इक्विटी: टैक्स खत्म करने का अभी कोई प्रस्ताव नहीं

**नई दिल्ली**| सरकार ने संसद में स्पष्ट किया कि शेयरों की खरीद-बिक्री पर लॉन्ग टर्म कैपिटल गेंस (एलटीसीजी) टैक्स खत्म करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी। वित्त वर्ष 2024-25 में एलटीसीजी से सरकार को ₹2.01 लाख करोड़ का राजस्व मिला, जो पिछले साल से 78% ज्यादा है।

### वाडिया रियल्टी की 95 एकड़ जमीन की नीलामी करेंगे बैंक

**मुंबई**| सेंट्रल बैंक के नेतृत्व में बैंकों ने गो फर्स्ट (गो एयरलाइंस) के ₹3,918 करोड़ बकाया वसूलने के लिए वाडिया रियल्टी की ठाणे की 95 एकड़ जमीन नीलाम कर रहे हैं। इसकी न्यूनतम कीमत ₹1,375 करोड़ रखी गई है। 20 अगस्त को सरफेसी एक्ट के तहत इसकी नीलामी की जाएगी।

### कोर इंफ्रा सेक्टर की ग्रोथ 5 महीनों के ऊंचे स्तर पर पहुंची

**नई दिल्ली**| जून में देश के नौ कोर इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर्स का उत्पादन 5% बढ़ा, जो 5 महीने का सबसे ऊंचा स्तर है। बीते माह सीमेंट और बिजली उत्पादन 9.8% और लौह अयस्क 43.9% बढ़ा। नई सीरीज में लौह अयस्क शामिल किया गया है। अप्रैल-जून में ग्रोथ 3.6% रही।

तैयारी • चीन पर निर्भरता घटाने की बनी रणनीति

# ईवी की बैटरी भारत में बनेगी, ₹18,100 करोड़ की योजना

अक्षिता सिंह | नई दिल्ली

देश में ₹18,100 करोड़ की पीएलआई योजना से ईवी बैटरियों का निर्माण शुरू हो रहा है। इसके तहत अब असेंबलिंग के बजाय देश में ही लिथियम-आयन सेल बनाए जाएंगे। थिंक टैंक आईसीआरआईईआर के अनुसार ईवी की आधी लागत केवल बैटरी से आती है। हालांकि, केवल सेल बनाने से गाड़ियां तुरंत सस्ती नहीं होंगी। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया की पॉलिसी रिसर्चर रिझुल लाढ़ा के मुताबिक, भारत 99% से अधिक सेल आयात करता है। देश में सप्लाई चेन मजबूत करने के लिए क्रिटिकल मिनरल मिशन और पीएम ई-ड्राइव योजनाएं शुरू की गई हैं। सरकार के 50 गीगावाट आवर क्षमता के लक्ष्य में से अक्टूबर 2025 तक 1.4 गीगावाट आवर क्षमता ही चालू हो पाई है। इसे गति देने के लिए 10 गीगावाट का नया टेंडर जारी किया गया है।

### चुनौती: खनिजों के लिए चाहिए रीसाइक्लिंग ढांचा

बैटरी रीसाइक्लिंग फर्म लोहम के फाउंडर व चीफ एग्जीक्यूटिव रजत वर्मा कहते हैं, 'रीसाइक्लिंग से 40-50% खनिज मिल सकते हैं।' हालांकि ब्रिकवर्क के नीरज राठी और बी-गॉस के अंकित गागर का मानना है कि केवल बैटरी नहीं, बल्कि पूरे कल-पुर्जों का घरेलू निर्माण जरूरी है।

# पानी में बसी समृद्धि: बांस के पिंजरों में पल रहीं महंगी ईल मछलियां, ये चीन के किसानों की आय का अतिरिक्त स्रोत



**बीजिंग**| चीन के जियांग्शी प्रांत के नानचांग की इस तस्वीर में एक किसान बांस के पिंजरों में पल-बढ़ रहीं ईल मछलियों की देखभाल करता नजर आ रहा है। इस इलाके में मीठे पानी की भरमार का फायदा उठाते हुए स्थानीय प्रशासन ने पर्यावरण के अनुकूल एक्वाकल्चर बेस बनाए हैं। इससे किसानों को खेती के अलावा आय का नया जरिया मिल गया है। चीन दुनिया का सबसे बड़ा ईल उत्पादक और निर्यातक है। दुनिया को करीब 85% ईल सप्लाई चीन से होती है।

इंडेक्स 26% चढ़ने का दिखा असर

# स्मॉल-कैप फंड्स से निकासी अब 28 माह में सबसे आसान

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंड्स में पैसा फंसने की चिंता कर रहे निवेशकों को बड़ी राहत मिली है। टॉप-10 स्मॉल-कैप फंड्स को आधे शेयर बेचने में अब औसतन 27 दिन लग रहे हैं। यह मार्च 2024 के बाद यानी 28 महीने में सबसे कम समय है। जनवरी 2026 में इसमें 44 दिन लग रहे थे। दरअसल, मंदी या सुस्ती के समय खरीदार न मिलने से फंड मैनेजरों को शेयर बेचकर पैसा लौटाने में बहुत समय लगता है। इसे पैसा फंसा होना या लिक्विडिटी की कमी कहा जाता है। अधिकांश स्मॉल-कैप फंड्स के लिए बेंचमार्क निफ्टी स्मॉलकैप 250 इंडेक्स अप्रैल 2026 से अब तक 26% चढ़ चुका है। इसके चलते अग्रणी फंड्स में शेयरों की बिक्री का समय काफी कम हुआ है। क्वांट फंड में आधा पोर्टफोलियो बेचने का समय 102 दिन से घटकर 45 दिन, टाटा में 69 से घटकर 36 दिन और एचडीएफसी म्यूचुअल फंड में 75 से घटकर 46 दिन रह गया है।

साइबर सुरक्षा में गंभीर चूक भारी पड़ी

# रिस्की सिस्टम, सेबी ने CDSL पर लगाया 1 करोड़ का जुर्माना

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

सेबी ने नवंबर 2022 के मालवेयर हमले से जुड़ी साइबर सुरक्षा चूक के मामले में सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (सीडीएसएल) पर ₹1 करोड़ का जुर्माना लगाया है। इस हमले से सेटलमेंट प्रक्रिया 46 घंटे और इंटर-डिपॉजिटरी ट्रांसफर प्रक्रिया 54.5 घंटे बाधित रही थी। बाजार नियामक के मुताबिक, इस रुकावट का पूरे सिक्युरिटी मार्केट पर व्यापक असर हुआ था। यह हमला लंबे समय से नियमों की अनदेखी और सुरक्षा उपायों की कमी का नतीजा था। आदेश के मुताबिक, हमलावर ने नवंबर, 2021 में ही सर्वर में सेंध लगा ली थी, जिसकी जानकारी नवंबर, 2022 में मिली। सीडीएसएल ने 2021 में एक ऐसा एडमिन अकाउंट बनाया था, जिसका पासवर्ड कभी बदलना ही नहीं पड़ता था। इसके अलावा, तीन बार गलत पासवर्ड डालने पर अकाउंट लॉक होने वाला सुरक्षा नियम भी लागू नहीं था। सेबी के आदेश में कहा गया कि डिपॉजिटरीज सीडीएसएल और एनएसडीएल का आपस में जुड़ा होना साइबर हमले के खतरे को बढ़ा देता है।

वैश्विक विस्तार की तैयारी में कंपनी

# इंडिगो: सीएफएम से 1,000 इंजन का ऐतिहासिक करार

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

बजट एयरलाइन इंडिगो ने अपने आगामी 510 एयरबस ए320नियो विमानों के लिए 1,000 से ज्यादा सीएफएम लीप-1ए इंजन खरीदने को लेकर सीएफएम इंटरनेशनल के साथ करार किया है। यह लीप इंजनों के लिए अब तक का सबसे बड़ा सिंगल ऑर्डर है। यह सीएफएम इंटरनेशनल के लिए भी एक रिकॉर्ड है। इस डील में इंडिगो के आगामी इंजन मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉल (एमआरओ) सेंटर की स्थापना में सीएफएम का सहयोग भी शामिल है। साथ ही स्पेयर पार्ट्स सप्लाई के लिए एक लंबी अवधि का करार भी हुआ है। इंडिगो के सीईओ विली वॉल्श ने कहा कि कंपनी अब वैश्विक एयरलाइन बनने की दिशा में अगले चरण में कदम बढ़ा रही है। कंपनी का बेड़ा फिलहाल 375 से ज्यादा ए320/321 विमानों तक पहुंच चुका है। यह करार इंडिगो की भारत और दुनियाभर में अपने नेटवर्क को सुरक्षित, भरोसेमंद और किफायती बनाए रखने की रणनीति का हिस्सा है।

रणनीति • बड़े कॉरपोरेट का पसंदीदा एसेट क्लास

# एलएंडटी, अजीम प्रेमजी ने इनविट में ₹4,800 करोड़ निवेश किया

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

देश के बड़े कॉरपोरेट समूह इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट यानी इनविट में भारी निवेश कर रहे हैं। एलएंडटी ग्रुप और विप्रो के चेयरमैन अजीम प्रेमजी के फैमिली ऑफिस प्रेमजी इनवेस्ट ने इस एसेट क्लास में कुल ₹4,822 करोड़ निवेश किया है। यह दिखाता है कि कॉरपोरेट ट्रेजरी और फैमिली ऑफिस अब पारंपरिक निवेश से आगे बढ़कर इस नए एसेट क्लास में दिलचस्पी ले रहे हैं। प्रेमजी इनवेस्ट ने क्यूब हाइवेज के ₹5,000 करोड़ के आईपीओ में करीब ₹950 करोड़ का रणनीतिक निवेश किया। एलएंडटी ने जून में ब्रुकफील्ड समर्थित अल्टियस इनविट में करीब ₹627 करोड़ की यूनिट्स खरीदे हैं। पिछले दो वर्षों में एलएंडटी एक दर्जन इनविट्स में ₹3,500-4,000 करोड़ लगा चुकी है।

### डेट, शेयर निवेश के बीच का विकल्प बने इनविट

इनविट्स डेट (बॉन्ड) और शेयर निवेश के बीच का विकल्प बनते जा रहे हैं। ये नियमित कैश के साथ सालाना 12-15% रिटर्न देते हैं। शेयर बाजार की अस्थिरता और वैश्विक अनिश्चितता के बीच फैमिली ऑफिस और कॉरपोरेट निवेशकों को यह एसेट क्लास स्थिर आय के लिए आकर्षक लग रहा है। देश का रीट-इनविट बाजार करीब ₹10 लाख करोड़ का है।

# कंपनियों ने पर्यावरण पर खर्च किए ₹17,377 करोड़

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

भारतीय कंपनियों ने बीते एक दशक में पर्यावरण से जुड़े कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) से जुड़े काम पर ₹17,377 करोड़ खर्च किए हैं। यह कुल सीएसआर खर्च का सिर्फ 8.4% है। बेंगलुरु स्थित सत्व कंसल्टिंग की रिपोर्ट 'अ डिकेड ऑफ ग्रीन स्पेंडिंग' के मुताबिक, यह खर्च भारत के 2030 जलवायु लक्ष्यों के लिए जरूरी करीब ₹240 लाख करोड़ के मुकाबले बेहद कम है। रिपोर्ट के मुताबिक, ज्यादातर पैसा पानी प्रबंधन, अक्षय ऊर्जा और पौधरोपण जैसे छोटे प्रोजेक्ट में लगा, जबकि हवा की गुणवत्ता को महज 5% हिस्सा मिला।

बिहार सरकार

उत्पाद न्यायालय, सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, पटना
(पटना समाहरणालय, गाँधी मैदान, पटना–800001)
मोबाईल नं0– 9473400608, 0612–2219293, ई–मेल– patna-excise@nic.in

बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद अधिनियम, 2016 (यथा संशोधित 2018 एवं 2022) के अन्तर्गत जब्त वाहनों के मालिकों के लिए नोटिस
(अति अल्पकालीन)

एतद् द्वारा निम्नलिखित वाहनों के मालिकों को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद अधिनियम, 2016 (यथा संशोधित 2018 एवं 2022) के अन्तर्गत पुलिस विभाग द्वारा अवैध शराब के परिवहन के आरोप में आपके वाहन को जब्त कर अधिहरण हेतु समर्पित प्रस्ताव के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अधिहरण वाद संधारित है, **जिसकी सुनवाई की तिथि 05.08.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे निर्धारित की गई है।**

| क्र० सं० | अधिहरण वाद सं0 | थाना का नाम एवं थाना कांड सं० | जब्त वाहन का प्रकार एवं निबंधन सं0 | वाहन मालिक का पूर्ण पता/जब्ती का दिनांक एवं स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 21/26-27 | फुलवारी शरीफ थाना कांड सं0–1057/25 दिनांक–01.07.2025 | होण्डा एक्टिवा स्कूटी निबंधन सं0– BR01HM-0969 | Sima Devi, S/O-Bablu Prasad, Address-Baily Road, Lal Bahadur, Shastri Nagar, PO+PS-Shastri Nagar, Patna 800023 |
| 02 | 23/26-27 | फुलवारी शरीफ थाना कांड सं0–1423/25 दिनांक–29.08.2025 | स्कार्पियो निबंधन सं0– BR10AM-5123 Engine No.- YSR4C8632 | Promod Kumar, S/O-Raj Kumar Sah, Address-At ward No. 10 Parsauni, Pachtaki Yadu, Bairgania, Sitamarhi 853313A |
| 03 | 27/26-27 | शास्त्री नगर थाना कांड सं0–175/26 दिनांक–20.02.2026 | हीरो पैश प्रो मोटरसाईकिल निबंधन सं0– BR01DT-6306 | Mantu Kumar, S/O-Madheswar Paswan, Address-Ekbalganj, Nisarpura, Birdhaur, Patna 801102A |
| 04 | 33/26-27 | बेउर थाना कांड सं0–766/25 दिनांक–20.12.2025 | मोटरसाईकिल प्राथमिकी में दर्ज निबंधन सं0–BR01FX-8712 अधिहरण प्रस्ताव में अंकित निबंधन संख्या– BR01EP-5129 | Dinesh Manjhi, S/O- Manjhu Manjhi, Address-Behrawan Chak, PO-Sorampur, PS-PiPra, Patna, Bihar 801505 |
| 05 | 34/26-27 | बेउर थाना कांड सं0–67/23 दिनांक–29.01.2023 | हीरो पैशन प्रो मोटरसाईकिल निबंधन सं0– BR01DU-3282 | Amit Sharan, S/O-Gajendra Nath Sharan, Address-Nirpura, Nasirpura, Patna 804453 |
| 06 | 35/26-27 | रामकृष्णा नगर थाना कांड सं0–190/26 दिनांक–21.02.2026 | आल्टो एल0एक्स0आई0 निबंधन सं0– BR01BB-0678 | Nitesh Kumar, S/O-Lakshman Ray, Address-Ward No. 08, Dighi Kala, Vaishali, Bihar 844102 |

उपरोक्त अधिहरण वाद से संबंधित कोई भी व्यक्ति, जिनका कोई हित जब्त–वाहन में निहित हो उन्हें निदेश दिया जाता है कि वे अपने उपर लगे आरोप के संबंध में न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं/अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से निर्धारित तिथि को आवश्यक रूप से कारण पृच्छा प्रस्तुत करें कि बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद नियमावली 2021 के नियम 12(क) के उपनियम (2)(उत्पाद नीति–01–03/2021/3671–31.05.2023) के तहत जिसमें शास्ति की राशि वाहन के बीमा मूल्य के 10 प्रतिशत से कम और 05 (पाँच) लाख से अधिक नहीं होगी। सुनवाई के पश्चात अधिरोपित शास्ति की राशि को जमा कराकर वाहन को छोड़ने का प्रावधान है। यदि आप अपना वाहन छुड़ाना चाहते हैं तो 15 दिनों के अंदर प्रपत्र–IV में आवेदन जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि तक जवाब दाखिल नहीं करने/अनुपस्थित पाये जाने पर एकपक्षीय कार्रवाई करते हुये आदेश पारित कर दिया जायगा।

इसे सख्त ताकीद समझे।
उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।
**PR. No. 008117 (District) 2026-27**
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।
सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, पटना

Govt. of Bihar
Urban development and Housing Department, Patna
Office of the Executive Officer
Nagar Panchayat Rajauli, (Nawada)

Request for Proposal Tender No-01/2026-27

**Nagar Panchayat Rajauli** (herein after referred as NPR) intends to issue Invitation for Bids for selection of NGOs/Agencies/institutions/Organization for the following work:-
**Inviting Proposals for** Design, Build, construct, install, and commissioning of Material Recovery Facility (MRF) plant of 5 TPD for dry waste along with operation and maintenance of the plant for 5 years including the tipping fee.

| | |
|---|---|
| Name and Address of Advertisement issuing Authority | Municipal Executive Officer, Nagar Panchayat Rajauli |
| Date of notification for invitation of Request for Proposal (RFP) | 17.07.2026 |
| Date/time of Commencement of Downloading the tender document (RFP) | 01.08.2026 Time 1:00PM |
| Pre-Bid Conference Date | 05.08.2026 Time 11:00 AM |
| Last Date/time of Uploading Tender Documents | 10.08.2026 Time 03:00 PM |
| Last Date of Submitting Documents | 10.08.2026 Time 03:00 PM |
| Date/time of opening of Technical Bid | 11.08.2026 Time 03:30 PM |
| Date/time of opening of Financial Bid | Financial bid will be opened only after successful completion of technical bid |

**Details of Bid:-**

| S No | Name of work | Total Estimate Cost (in Rs) | Earnest Money (In Rs.) | Performa-nce security (in Rs) | Cost of Tender documents (Non Refundable) In Rs. | Bid processing Fees (Non Refundable) In Rs. | Time Period |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Design, Build, construct, install, and commissioning of Material Recovery Facility (MRF) plant of 5 TPD for dry waste along with operation and maintenance of the plant for 5 years on including the tipping fee. | 1,04,73,700 | 2,09,500 | 5,23,700 | 10000 | As per e-proc 2 | 6 months |

**Details of Bid:-**
**The bid forms and other details can be seen & downloaded from the website portal https://www.eproc2.bihar.gov.in.**
- RFP documents can be seen and Download on the eproc2 portal.
- Document fee is mandatory to be paid through online mode i.e. Internet payment gateway (Credit/Debit Card), Net banking, NEFT/RTGS.
- The prospective bidder shall be required to submit a EMD (2% of estimated project cost) and Performance Security equivalent to 5% value of the Project Cost in the form of Bank Guarantee/DD/RTGS/NEFT/IPG to the ULB as per terms of the Agreement.
- The RFP may be postponed, modified or cancelled at any time due to administrative reasons and no claim shall be entertained on this account.

For further details please visit website **state.bihar.gov.in/prdbihar**
**PR- 008144 ( B & C ) 2026-27**
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।
**Executive Officer
Nagar Panchayat, Rajauli**

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल छपरा

राष्ट्रीय स्पर्द्धा ई0–निविदा आमंत्रण सूचना

ई0 निविदा संख्या–03 भ0प्र0छपरा / 2026–27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, छपरा
2. निविदा आमंत्रण की तिथि :– दिनांक– 17.07.2026
3. परिमाण विपत्र बिक्री (डाउनलोड की ) तिथि एवं समय :– दिनांक– 05.08.2026 से 28.08.2026 को 03:00 बजे
4. निविदा जमा करने (अपलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 28.08.2026 को 03.:00 बजे अप० तक।
5. निविदा खोलने (तकनीकी बीड) की तिथि एवं समय :– दिनांक – 29.08.2026 को 03:30बजे अप० तक।
6. वित्तीय बिड खोलने की तिथि एवं समय :– तकनीकी बिड निष्पादन के बाद।
7. निविदा (परिमाण विपत्र) बिक्री, प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– वेबसाईट (www.eproc2.bihar.gov.in)
8. प्रिबिड मिटिंग की तिथि समय एवं स्थान :– दिनांक–12.08.2026 को 12:30 बजे अधीक्षण अभियंता,भवन अंचल, छपरा का कार्यालय। :– दिनांक– 18.08.2026 को 12:30 बजे मुख्य अभियंता, उ० उपमाग, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना का कार्यालय।
9. निविदा वैधता की तिथि :– 120 दिन।
10. कार्य विवरणी

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | बीड़ प्रोसेसिंग शुल्क | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | व्यवहार न्यायालय सोनपुर, सारण छपरा में लायर्स हॉल का निर्माण कार्य। | 70,05,000.00 | 140200-00 | 10000-00 | As per website | 06 माह |

निविदा केवल ई–निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाइट **www.eproc2.bihar.gov.in** पर निष्पादित की जायेगी। ई –निविदा प्रकिया से संबंधित जानकारी **eproc2** के **helpdesk no. 1800 572 6571** पर संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, छपरा

PR- 008140 (BCD) 2026-27

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**

---

**बिहार सरकार**

भवन निर्माण विभाग

## भवन प्रमण्डल, मधेपुरा

केवल ई0 निविदा पद्वति के अनुसार वेबसाईट **www.eproc2.bihar.gov.in** पर
ई0 निविदा आमंत्रण सूचना (Two Bid System)

अल्पकालीन ई0 निविदा संख्या 05 / 2026–27 **BCD Madhepura**

कार्य का विवरणी :–

| क्र0 | कार्य की विवरणी | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | ई–निविदा षुल्क | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | उपकारा उदाकिशुनगंज के बाहरी चहारदिवारी का निर्माण कार्य। | 1,71,33,016 / – | 3,42,661 / – | 10,000 / – | As per Online Requirement | 06 माह |

1. विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मधेपुरा।
2. निविदा आमंत्रण की तिथि :– दिनांक–17.07.2026
3. प्रिबीड मिटिंग की तिथि समय एवं स्थान :– दिनांक 05.08.2026 को 1:00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल सहरसा के कार्यालय वेश्म में एवं दिनांक 13.08.2026 को 1:00 बजे मुख्य अभियंता(उ0) भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के कार्यालय वेश्म में।
4. परिमाण विपत्र(डाउनलोड करने)की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक–27.07.2026 से 18.08.2026 को 03.00 बजे अप0 तक।
5. निविदा प्राप्ति (अपलोड करने) अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक–19.08.2026 के 03.30 बजे अप0 तक।
6. निविदा खोलने(तकनीकी बीड) की तिथि एवं समय :– दिनांक–20.08.2026 के 03.30 बजे अप0 तक।
7. वित्तीय वीड खोलने की तिथि एवं समय :– तकनीकी वीड के पश्चात्।
8. परिमाण विपत्र की बिक्री स्थान :– वेबासाईट
9. निविदा प्राप्ति का स्थान :– वेबासाईट
10. निविदा वैद्यता की तिथि :— 120 दिन।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, मधेपुरा

PR. No. 008100 (BCD) 2026-27

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

**अगर मन में हो एच.आई.वी. अथवा यौन जनित रोग से जुड़े सवाल तो तुरन्त 1097 पर करें कॉल।**

---

## लघु जल संसाधन विभाग

"हर खेत तक सिंचाई का पानी" कार्यकम

पुर्न निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01 / 2026–27

केवल ई० निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट (**www.eproc2.bihar.gov.in**) पर संवेदकों से प्रतिशत दर पर निविदा

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापनदाता का नाम | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, बांका। |
| 2 | विज्ञापन निर्गत करने की तिथि | दिनांक–15 / 07 / 2026 |
| 3 | परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक–10 / 08 / 2026 से दिनांक–19 / 08 / 2026 के अपराहन 5.00 बजे तक सिर्फ वेबसाईट **www.eproc2.bihar.gov.in** पर। |
| 4 | प्री–बीड मीटिंग का स्थान, तिथि एवं समय | मुख्य अभियन्ता, लघु जल संसाधन विभाग, भागलपुर के कार्यालय मे दिनांक–11 / 08 / 2026 को पूर्वाहन 11.00 बजे से अपराहन 3.00 बजे तक। |
| 5 | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक–19 / 08 / 2026 को अपराहन 5.00 बजे तक सिर्फ वेबसाईट **www.eproc2.bihar.gov.in** पर। |
| 6 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक–21 / 08 / 2026 को पूर्वाहन 10.00 बजे से प्रमंडलीय कार्यालय में। |
| 7 | तकनीकी निविदाओं का मुल्यांकन | दिनांक–21 / 08 / 2026 से लगातार। |
| 8 | वितीय बीड खोलने की तिथि | सक्षम प्राधिकार द्वारा बाद में घोषित किया जायेगा। |
| 9 | निविदा की वैद्यता की अवधि | 120 दिन |
| 10 | कार्य की विवरणी – | |

| क्र0 | योजना का नाम | जिला | प्रखण्ड | पंचायत | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण–विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑनलाईन मोड में भुगतेय) (रुपये में) | बेल्ट्रॉन को देय बीड प्रोसेसिंग मूल्य, सेवा शुल्क सहित (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑनलाईन मोड में भुगतेय) (रुपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | कश्मिरिया बांध का जीर्णोद्धार कार्य। | बांका | फुल्लीडुमर | कैथा | 54.025 | 1.085 | 10000.00 | 1180.00 | नौ माह |
| 2 | महेशमारा उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य। | बांका | कटोरिया | बसबिट्टा | 48.045 | 0.965 | 5000.00 | 1180.00 | छः माह |
| 3 | पीपरा मदरसा से श्रीपाथर कैनाल का जीर्णोद्धार कार्य। | बांका | धोरैया | भेलाई | 135.851 | 2.720 | 10000.00 | 5900.00 | एक वर्ष |
| | | | | कुलः– | 237.921 | | | | |

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल, बांका

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No.008123 (MWRD) 2026-27

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

---

## कार्यालय, नगर परिषद फुलवारी शरीफ, पटना

Email ID- npphulwari @gmail.Com

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–13 / 2026–27 (ई–टेंडरिंग द्वारा)
(https//:eproc2.bihar.gov.in)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् फुलवारी शरीफ
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि :– 16.07.2026
3. निविदा कागजात डाउनलोड करने की अवधि :– दिनांक 28.07.26 से 11:00 बजे पूर्वाहन (on website:https//:eproc2.bihar.gov.in)
4. प्री.बीड मिटिंग का समय स्थान / तिथि :– समय 11.30 बजे दिनांक 27.07.26 स्थान नगर कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद् फुलवारी शरीफ का कार्यालय
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि / समय :– दिनांक 03.08.26 के 15:00 बजे तक (on website:https//:eproc2.bihar.gov.in)
6. तकनिकी / वित्तीय बीड खोलने की तिथि / समय :– दिनांक 05.08.26 को 15.30 बजे के बाद (on website:https//:eproc2.bihar.gov.in)
7. अग्रधन, सभी शपथ–पत्र, Esisting Committment (मूल में) परिमाण विपत्र के मूल्य का ऑनलाईन पावती रसीद जमा करने की अंतिम तिथि / समय एवं स्थान — दिनांक 05.08.26 के 15.00 बजे तक; स्थान – (1) अधीक्षण अभियंता, न.वि. अंचल–02., पटना (2) कार्यपालक अभियंता, न0वि0 प्रमंडल पश्चिमी क्षेत्र,पटना (3) नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् फुलवारी शरीफ का कार्यालय।

8. कार्य का विवरणः–

| क्र. सं. | योजना का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमान विपत्र का मूल्य | बीड प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यर्पणीय) रूपये में | कार्य समाप्ती की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद फुलवारी शरीफ अंतर्गत वार्ड संख्या–18 हिन्दुनी रोड से आई.टी.बी.पी. राजेश्वर राय के घर से गायत्री देवी के घर तक स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन कार्य। | 2090281.00 | 41800.00 | 5000.00 | As per eproc 2 | 45 दिन |
| 2 | नगर परिषद फुलवारी शरीफ अंतर्गत शहीद भगत सिंह चौक से खोजा इमली तक एवं शहीद भगत सिंह चौक से लेकर खगौल लख तक स्ट्रीट लाईट रिपेयर कार्य। | 966566.00 | 19400.00 | 1250.00 | As per eproc 2 | 21 दिन |

नोट :–1. Bidders should submit Bid Processing fee through on line payment as per amount generated on website:https//:eproc2.bihar.gov.in

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट https//:eproc2.bihar.gov.in में देखा जा सकता हैं।

नगर कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद् फुलवारी शरीफ

PR- 008162 (B & C) 2026-27

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**

---

**बिहार सरकार**

## पटना समाहरणालय,पटना

पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा

**नामांकन सूचना**

पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना द्वारा संचालित अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास (अब्दुल क्यूंम अंसारी,छात्रावास रानी घाट), पटना में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में नामांकन हेतु आवासन क्षमता एवं रिक्तियों की विवरणी निम्नवत है:–

| क्र0 | छात्रावास का नाम | कोटि | आवासन क्षमता | कुल रिक्ति | पिछड़ा वर्ग (BC-II) | अति पिछड़ा वर्ग (BC-I) | दिव्यांगजन छात्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास (अब्दुल क्यूंम अंसारी, छात्रावास, रानी घाट,पटना) | पिछड़ा वर्ग (BC-II) | 100 | 24 | 19 | 0 | 05 |

- नोटः– छात्रावास में 05 प्रतिशत आसन दिव्यांगजन छात्रों (BC-II/BC-I) के लिए आरक्षित रहेगा।
- विभागीय वेबसाइट (https://bcebconline.bihar.gov.in) पर ऑलनाईन के माध्यम से आवेदन प्राप्त किये जायेंगे।
- ऑनलाइन आवेदन पत्र भने से संबंधित तिथि एवं अन्य निदेश निम्नांकित है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ की तिथि | 21-07-2026 |
| 2 | ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि | 10-08-2026 |

PR. No. 008268 (District) 2026-27

उप विकास आयुक्त,
पटना

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

---

Govt. of Bihar

REQUEST FOR PROPOSAL

*Development of Material Recovery Facility (Solid Waste Management Project)*

**NAGAR PANCHAYAT, SARMERA**

Notice Inviting Request for Proposal

**NIT No. 07/2026-27**

Online bids are hereby invited on behalf of Name of Nagar Panchayat, Sarmera from eligible entities for the below-mentioned work:

| Name of Work | Estimated Project Cost (In Cr) | Plant Capacity (In TPD) | Bid Security/ EMD | Performance Security | RFP Document Fee |
|---|---|---|---|---|---|
| Design, Build, construct, install, and commissioning of Compost Plant of 05 TPD For wet waste along with operation and maintenance of plant for 5 years | 75,27,489.00 | 05 TPD | 2% of the Estimated Project Cost)- 1,51,000.00 | (5% of the Project Cost)- 3,76,374.00/- | Rs. 10,000.00/- |

- RFP documents can be seen on the eproc2.0 portal and downloaded from the e-portal: (State/ ULB e- portal/http://www.eproc2.bihar.gov.in) by the eligible entities registered on the portal.
- Document fee is mandatory to be paid through online mode i.e. Internet payment gateway (Credit/ Debit Card), Net banking, NEFT/RTGS.
- The prospective bidder shall be required to submit a EMD (**2% of estimated project cost**) and Performance Security equivalent to 5% value of the Project Cost in the form of Bank Guarantee/DD/RTGS/NEFT/IPG to the ULB as per terms of the Agreement.
- The RFP may be postponed, modified or cancelled at any time due to administrative reasons and no claim shall be entertained on this account.
- For further details and e-tendering schedule, visit website: http://www.eproc2.bihar.gov.in

Executive Officer
Nagar Panchayat, Sarmera

PR. No. 008149 (B&C) 2026-27

This information is available on website www.state.bihar.gov.in/prdbihar also

**अगर मन में हो एच.आई.वी. अथवा यौन जनित रोग से जुड़े सवाल तो तुरन्त 1097 पर करें कॉल।**

---

**बिहार सरकार**

## कार्यालय :– नगर परिषद, जमुई

पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –09 / 2026–27

(मानक निविदा आमंत्रण सूचना प्रारूप 50 **kennel ABC Dog Shelter**

(डबल बीड पद्धति)

निविदा आमंत्रण की सूचना (ई–टेंडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापनदाता का नाम एवं पता | :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद जमुई। |
| 2 | निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि | :– दिनांक –16.07.2026 |
| 3 | परिमाण विपत्र प्राप्त की तिथि एवं समय | :– 05.08.2026 से 10.08.2026 तक 15:00 अपराह्न तक। (on website www.eproc2.bihar.gov.in ) |
| 4 | प्री वीड मीटींग का तिथि / समय / स्थान | :– दिनांक 03.08.2026 समय 11:00 बजे पुर्वाह्न, स्थान–नगर परिषद, जमुई। |
| 5 | संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि। | :– दिनांक 10.08.2026 को 15:00 बजे पुर्वाह्न के बाद (www.eproc2.bihar.gov.in ) |
| 6 | तकनिकी बीड खोलने की तिथि व समय, | :– दिनांक 11.08.2026 को 11:00 बजे पुर्वाह्न के बाद (www.eproc2.bihar.gov.in |
| 7 | वित्तीय बीड खोलनें की तिथि / समय | :– तकनीकि बीड निष्पादन के पश्चात्। |
| 8 | कार्य का विवरणीः– | |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि Online के माध्यम से) website www.eproc2. bihar.gov.in | परिमाण विपत्र का मूल्य (Online के माध्यम से) website www.eproc2. bihar.gov.in | Bid Processing fee (Through Online Payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of ABC Center, Dog shelter Shed work, Boundry Wall | 10982800.00 | 219656.00 | 10000.00 | As per eproc2 | 6 माह |

**Note :**-Bidders should submit Bid Processing fee through online payment as per amount generated on website www.eproc2.bihar.gov.in

9. निविदा की वैधता अवधि :– 120 दिन
10. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in अथवा **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** में देखा जा सकता हैं।

PR. No. 008165 (B&C) 2026-27

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, जमुई

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

---

**बिहार सरकार**

## प्राचार्य का कार्यालय
## राजकीय पोलिटेकनिक, नवादा

E-mail Id-principalgpnawada@gmail.com, Website-gpnawada.org.in

**NOTICE INVITING TENDERS**

1. Government Polytechnic Nawada has been constituted under the Department of Science, Technology & Technical Education, Government of Bihar to cater the need of technical education. The Government Polytechnic, Nawada intending to start a "Canteen Service by outsourcing" for a period of 11 months and invites bids from eligible entities as mentioned in the tender document.
2. The contract will be signed between Government Polytechnic, Nawada and the successful agency/bidder.
3. Tender document may be purchased by the bidder from the office, Government Polytechnic, Nawada.

Schedule of Events:

| S.N. | Event Description | Timeline |
|---|---|---|
| 4.1 | Tender No. & Date | Tender No. 01/2026-27, dated-15.07.2026 |
| 4.2 | Price of Tender Document | Rs. 1000/- |
| 4.3 | Earnest Money Deposit | Rs. 10000/- |
| 4.4 | Bid Submission Start Date | **03/08/2026 at 11.00 AM** (Offline at Office, Government Polytechnic, Nawada, AT+PO-Khanwan, Narhat, Nawada-805114) |
| 4.5 | Pre-Bid Meeting Venue | **09/08/2026**, Office of the Principal, Government Polytechnic, Nawada, AT+PO-Khanwan, Narhat, Nawada-805114 at **11.00 AM** |
| 4.6 | Submission of EMD | **11/08/2026 till 5.00 PM**, Offline by Demand Draft in favour of "Principal, Government Polytechnic, Nawada" at the Office of Principal, Government Polytechnic, Nawada |
| 4.7 | Bid Submission End Date | **11/08/2026 till 5.00 PM** |
| 4.8 | Opening of Technical Bid | **13/08/2026** at "Office of the Principal, Government Polytechnic, Nawada" |
| 4.9 | Opening of Financial Bid | After Evaluation of Technical Bid at "Office of the Principal, Government Polytechnic, Nawada" |
| 4.10 | Contact person | Principal, Government Polytechnic, Nawada Mobile:+919795881163 Email:principalgpnawada@gmail.com |

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

Principal
Government Polytechnic, Nawada

PR. No. 008115 (Sci. & Tech.) 2026-27

**नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।**

---

**बिहार सरकार**

## कोर्ट नोटिस

ब अदालत,
बिहार राज्य वक्फ न्यायाधिकरण, पटना ।।

**Eviction Application No. - 08/2025**

सी. ई. ओ. बिहार स्टेट सुन्नी वक्फ बोर्ड ..................आवेदक

वनाम

मो० मजहर अहसन एवं अन्य .................... विपक्षी

**नोटिस**

1. **मो० मजहर अहसन 2. मो० अशरफ अहसन** दोनों पुत्र – स्वर्गीय अब्दुल मोगनी, पता – शाहगंज (मोहम्मदपुर), शाह लाल की तकिया, पोस्ट ऑफिस – महेन्द्रू, थाना – सुल्तानगंज, जिला – पटना– 800006.
3. **मो० अतहर अहसन 4. मनव्वर अहसन 5. मो० एजाज / दानिश** तीनो पुत्र – स्वर्गीय अब्दुल मोगनी, पता – मछलपुर लाई, पोस्ट ऑफिस – लाई, थाना – बिहटा, जिला – पटना – 801112

चू बजरिये आपलोग के विरूद्ध उपरोक्त स्वत्व वाद दाखिल किया गया है, अतः आपलोग के नाम सम्मन जारी होता है कि इस दावी का जबाव देने के लिए इस अदालत में तारिख 13.08.2026 को बवक्त 10:30 बजे दिन में आप खुद हाज़िर हो या किसी वकील अदालत मार्फत जिसको मुकदमें की जरूरी बात अच्छी तरह समझ हो और उसका जल्नाव दे सके हाज़िर हो, आपको हुक्म होता है कि उन कागजात को जिन पर आप जबाव दावी के भरोसा करें। अपने साथ लावें।

आपको होशियार किया जाता है कि अगर आप ऊपर लिखी तारिख को हाज़िर न हो तो मुकदमा हाजा आपकी गैर हाजरी में एकतरफा सुनवाई अमल में लाया जायेगा और फैसला होगा ! इसे ताकिद जाने ।
मेरे दस्तखत व इस अदालत की मुहर से आज दिनांक 22–06–2026 को जारी किया गया।

अध्यक्ष (पीठासीन पदाधिकारी)
बिहार राज्य वक्फ न्यायाधिकरण, पटना

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

PR. No.008087 (MWD) 2026-27

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

---

**बिहार सरकार**

## समाहरणालय, सुपौल
(आपदा प्रबंधन कार्यालय)

**–: गुमशुदा के संबंध में सूचना का प्रकाशन :–**



फोटो–साबरीन खातुन

उपरोक्त फोटो साबरीन खातुन, उम्र लगभग–10 वर्ष, पिता–मो0 सहादत, सा0–चन्दैल मरिचा, पो0–बकौर, थाना–सुपौल, अंचल व जिला–सुपौल का है। साबरीन खातुन दिनांक 23.04.2025 को कोशी नदी में नहाने के दौरान डूब गई थी। स्थानीय ग्रामीणों, गोताखोरों एवं एन0डी0आर0एफ0 टीम द्वारा काफी खोजबीन की गई लेकिन मृतक का शव प्राप्त नहीं हुआ।

अतः सभी आमजनों से अनुरोध है कि मृतक– साबरीन खातुन के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी हो तो संबंधित परिवार, अंचल अधिकारी, सुपौल, अनुमंडल पदाधिकारी, सुपौल एवं जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय, सुपौल को सूचित करने की कृपा करें।

जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय, सुपौल का फोन नं0–06473224005, अनुमंडल पदाधिकारी, सुपौल का मोबाईल नं0–9473191347 एवं अंचल अधिकारी, सुपौल का मोबाईल नं0–9031671074 पर भी सूचना दिया जा सकता है

जिलाधिकारी,
सुपौल।

PR- 008102 ( Disaster ) 2026-27

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

---

**Govt. of Bihar**

**Office of The Principal**
**Government Engineering College, Bhojpur, Ara**
**South East Ramna Road, Near Maharaja College**
**(Under Department of Science, Technology & Technical Education Patna, Govt. of Bihar)**
Email-Id-gecbhojpur@gmail.com
Website-gecbhojpur.org

**WALK-IN-ENTERVIEW FOR GUEST ASSISTANT PROFESSOR**

**Advt. No.- GEC/Bhojpur/Adv/2026-27/02**

| Sr. No. | Post | Subject/ Department | Academic qualification and Experience | Date and time of Interview | walk-in-interview Venue |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Guest Assistant Professor | Management | As per AICTE/DSTTE Norms | 03.08.2026 | Government Engineering College, South-East Ramna Road, Near Maharaja College, Bhojpur, Ara |

**Important Instruction: -**

1. This engagement will be purely temporary, and remuneration based.
2. Remuneration for Guest Assistant Professor will be as per existing rules and directives of DSTTE, Government of Bihar.
3. The Institute reserves the right to withdraw the partial or full advertisement notification w.r.t walk-in-interview without assigning any reason.
4. The services of Guest Assistant Professor will be terminated without notice if found unsatisfactory. No claim will be entertained in this regard.
5. No TA/DA will be paid for attending the Interview.
6. Reservation as per existing state government rules.

For further details please visit website www.gecbhojpur.org
For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

**Principal,**
Government Engineering College,
Bhojpur (Ara)

PR. No. 008097 (Sci. & Tech.) 2026-27

**नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।**

---

**Govt. of Bihar**

## Nagar Panchayat, Giriyak

NIT No: 06/2026-27

**LETTER OF INVITATION (LOI) FOR BIDS REQUEST FOR PROPOSAL**

Nagar Panchayat, Giriyak Invites online proposals for selection of Agencies for Providing Outsourced Manpower for performing and managing Day to Day Activities related to sanitation work for Nagar Panchayat, Giriyak.

Details of schedule for the bid are given below:

| Sl. No. | Activity | Timeline & Address |
|---|---|---|
| 1 | Website for Submission of Proposal | www.eproc2.bihar.gov.in |
| 2 | Mode of Submission. | Online submission through eproc2 portal(www.eproc2.bihar.gov.in) and at the same time submission of Hard copies at the office of Nagar Panchayat. Giriyak. |
| 3 | Date and time for Submission of Bid www.eproc2.bihar.gov.in | 22-07-2026 by 11:00 AM to 05-08-2026 by 03:00 PM |
| 4 | Last date and time for Submission for Hard Copies (Payment Proof in the case of a Bank guarantee, the Original copy of the Power of Attorney and documents related to Blacklisting/Debarment shall be submitted in original). | 06-08-2026 by 03:00 PM Address- Office of Executive Officer, Block Campus, Giriyak(Nalanda) Pin- 803109 |
| 5 | Date and time of opening of Technical Bids | 08-08-2026 by 03:30 PM |
| 6 | Date of opening of financial bid Date and time of opening of Financial Proposal | To be informed later to technically qualified bidder. |
| 7 | Date of Pre Bid Meeting | 25-07-2026 by 11:00 AM Address- Office of Executive Officer, Block Campus, Giriyak(Nalanda) Pin- 803109 |
| 8 | Method of Selection | Least Cost Selection(LCS) |
| 9 | Cost of Bidding Document(Tender Fee) | Tender Fee Rs- 10,000/- (Non Refundable) to be paid through Online at www.eproc2.bihar.gov.in |
| 10 | EMD (2% of the estimated cost) | Rs- 913417/- ( Nine Lakhs, ThirteenThousands and FourHundred Seventeen Only) (Refundable) to be paid through Online at www.eproc2.bihar.gov.in**OR** in case of Bank guarantee EMD should paid in the favour of Executive Officer, Office of Nagar Panchayat, Giriyak, Block Campus Giriyak, Payable at Giriyak. |

RFP document shall be available on website: www.eproc2.bihar.gov.in
For Queries & Clarifications, send e-mail to giriyaknagarpanchayat@gmail.com
For further details please visit website **state.bihar.gov.in/prdbihar**

PR- 008142 ( B & C ) 2026-27

Executive Officer,
Nagar Panchayat, Giriyak(Nalanda)

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**



# मैड्रिडः स्वदेश पहुंचा वर्ल्ड चैम्पियन स्पेन, जश्न की परेड में उमड़ी राजधानी



**मैड्रिड** | फुटबॉल इतिहास में दूसरी बार वर्ल्ड कप जीतने वाली स्पेन की टीम सोमवार को अमेरिका से स्वदेश लौट गई। भारतीय समयानुसार शाम करीब 6 बजे 26 सदस्यीय दल राजधानी मैड्रिड के अडोल्फो सुआरेज एयरपोर्ट पर पहुंचा। रविवार रात से ही लाखों फैंस मैड्रिड की प्रमुख जगहों पर जश्न मनाते नजर आए। 34 डिग्री तापमान में भी लाखों प्रशंसक सिबेलेस स्क्वायर में जुटे, जहां टीम की ओपन बस परेड आयोजित की गई। परेड शुरू होने से पहले टीम शाही पैलेस जारजुएला पहुंची, जहां किंग फिलिप VI और शाही परिवार के सदस्यों ने खिलाड़ियों को बधाई दी। इसके बाद टीम प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज से मिलने मोन्क्लोआ पैलेस पहुंची।

**'ला रोजा' का राज** • फुटबॉल की दुनिया में स्पेन का अभूतपूर्व दबदबा, जूनियर-सीनियर कैटेगरी में 5 साल में 16 वर्ल्ड और यूरोपियन टाइटल जीते

# स्पेन एक साथ पुरुष-महिला वर्ल्ड चैम्पियन बनने वाला पहला देश

## 3 साल पहले इंग्लैंड को हराकर महिला टीम विजेता बनी थी

भास्कर न्यूज | मैड्रिड/न्यू जर्सी

स्पेन ने फुटबॉल की दुनिया में एक बार फिर इतिहास रच दिया है। दो साल पहले बर्लिन में यूरो 2024 का ताज पहनने के बाद, 'ला रोजा' (स्पेनिश नेशनल टीम) ने अब विश्व फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर अपना परचम लहराया है। रविवार को न्यू जर्सी में खेले गए फीफा वर्ल्ड कप के फाइनल में स्पेन ने अर्जेंटीना को 1-0 से हराकर दूसरी बार खिताब अपने नाम कर लिया। स्पेन की यह हालिया सफलता पुरुष और महिला, दोनों के फुटबॉल में उनके अकल्पनीय दबदबे को दर्शाती है। स्पेन अब फुटबॉल इतिहास का इकलौता ऐसा देश बन गया है, जिसके पास एक ही समय में पुरुष और महिला दोनों विश्व खिताब मौजूद हैं। स्पेन की महिला टीम ने 2023 में सिडनी में खेले गए महिला वर्ल्ड कप फाइनल में इंग्लैंड को मात देकर यह गौरव प्राप्त किया था। लेकिन स्पेन की सफलता की कहानी केवल विश्व कप तक सीमित नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में उनके ट्रॉफी कैबिनेट में चौंकाने वाला इजाफा हुआ है। पिछले पांच वर्षों में, स्पेन ने अंडर-17 से लेकर सीनियर स्तर तक कुल 16 विश्व और यूरोपीय खिताब जीते हैं।

### स्पेन की विनिंग मशीन

**महिला फुटबॉल**
**2022-2026 तक 11 टाइटल**

- **सीनियरः** वर्ल्ड कप 2023; नेशंस लीग 2024, 2025।
- **अंडर-20:** वर्ल्ड कप 2022।
- **अंडर-19:** अंडर-19 यूरोपियन चैम्पियन 2022, 2023, 2024, 2025, 2026।
- **अंडर-17:** वर्ल्ड कप 2022; यूरोपियन चैम्पियन 2024।

**पुरुष फुटबॉल**
**2022-2026 तक 5 टाइटल**

- **सीनियरः** वर्ल्ड कप 2026; यूरोपियन चैम्पियन 2024; नेशंस लीग 2023।
- **अंडर-23:** ओलिंपिक गोल्ड मेडल विनर 2024।
- **अंडर-19:** एक यूरोपियन चैम्पियन 2026।

### भास्कर एनालिसिस — स्पेन का रणनीतिक चक्रव्यूह, मेसी को रोककर अर्जेंटीना को किया बेअसर



- साल 2010 में दक्षिण अफ्रीका की धरती पर एक्स्ट्रा टाइम में अपना पहला विश्व कप जीतने वाले स्पेन ने न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में भी एक्स्ट्रा टाइम में जीत दर्ज की। सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी फेरान टोरेस ने 106वें मिनट में अर्जेंटीना के गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज को छकाते हुए निर्णायक गोल दागा।
- 39 वर्षीय लियोनेल मेसी के लिए यह मैच पूरे टूर्नामेंट का सबसे शांत और बेअसर साबित हुआ, जहां शुरुआती 15 मिनट में उन्होंने केवल एक बार गेंद को छुआ और वह भी केवल मैच की शुरुआत की किक-ऑफ के समय था। उनके पैरों में गेंद आ ही नहीं रही थी और वे अपना पुराना जादू बिखेरने में पूरी तरह से असमर्थ नजर आ रहे थे। नियमित समय के आखिरी मिनटों में एक ऐसा क्षण आया, जब मेसी अचानक फॉर्म में लौटते हुए दिखे। लेकिन उनके द्वारा लिया गया एकमात्र शॉट भी स्पेनिश डिफेंडर्स द्वारा ब्लॉक कर दिया गया, जिससे स्पेन के गोलकीपर उनाई सिमोन को कोई खास मशक्कत नहीं करनी पड़ी।
- फुटबॉल की दुनिया का एक पुराना और आजमाया हुआ नियम है कि 'मेसी को रोक लो, तो अर्जेंटीना अपने आप रुक जाएगा।' स्पेन ने ऐसा ही किया। स्पेन के डिफेंडर्स ने मेसी की इतनी कड़ी घेराबंदी की थी कि उनके पास हिलने-डुलने की भी जगह नहीं थी और अर्जेंटीना के पास मेसी के अलावा कोई विकल्प मौजूद नहीं था।
- एंजो फर्नांडिज को इंजरी टाइम में रेड कार्ड मिला, जिसने अर्जेंटीना को अपनी रणनीति बदलने पर मजबूर कर दिया। फॉरवर्ड जूलियन अल्वारेज को मिडफील्ड को संभालने के लिए अपनी सामान्य पोजीशन से काफी पीछे आना पड़ा। इससे अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कालोनी को मजबूरी में एक अतिरिक्त डिफेंडर मैदान पर उतारना पड़ा, जिसके कारण मेसी फॉरवर्ड लाइन में पूरी तरह अकेले पड़ गए।
- मैदान पर गेंद के पजेशन पर अपना पूरा वर्चस्व कायम करके और अत्यधिक आक्रामक प्रेसिंग का इस्तेमाल करके, स्पेन ने अर्जेंटीना की मिडफील्ड को पूरी तरह से दबा दिया और मेसी तक पहुंचने वाली सप्लाई लाइन को काट दिया।
- मेसी ने हमेशा की तरह मैदान पर खाली जगहों की तलाश करने की कोशिश की ताकि वह वहां से टर्न होकर खेल को आगे बढ़ा सकें, लेकिन हर बार स्पेनिश मिडफील्डर्स ने उन्हें तुरंत घेर लिया। जैसे ही मेसी दाहिनी ओर बढ़ते, स्पेन के दो खिलाड़ी तुरंत उन्हें घेर लेते और गेंद पास करने के सारे रास्ते बंद कर देते।

- स्पेन के **लुइस डी ला फुएंते** 65 वर्ष 29 दिन की उम्र में वर्ल्ड कप खिताब जीतने वाले इतिहास के सबसे उम्रदराज कोच बन गए हैं।
- स्पेन के 19 साल के **लामिने यमाल** यूरो कप और विश्व कप दोनों ही प्रतिष्ठित खिताब जीतने वाले पहले टीनएजर बन गए हैं।




## माइंड गेम # 514

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 3 | | 9 | | 4 | | |
| 7 | | | | | | | | |
| | 5 | | | 1 | 7 | 9 | | |
| | | 1 | 4 | 8 | 5 | 6 | | |
| | 2 | 6 | | 3 | | | | |
| 8 | | 4 | 2 | | | | | 1 |
| 2 | | | | | | | | |
| | | 8 | | | 3 | | | 9 |
| | | 5 | 8 | | 1 | 3 | | |

माइंड गेम या सुडोकू एक पजल खेल है, जिसमें 9x9 ग्रिड होता है। इसमें हर पंक्ति, कॉलम और 3x3 बॉक्स में 1 से 9 तक के अंक बिना दोहराए होने चाहिए।

- बॉक्स में दिए अंकों का उपयोग करके खाली बॉक्स में बाकी अंकों को भरना है।
- सही तरीके से खाली बॉक्स भरने पर ही खेल पूरा होता है। हर सूडोकु का एक ही सही जवाब होता है।

**माइंड गेम 513 का जवाब**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 2 | 3 | 1 | 9 | 4 | 6 | 8 |
| 8 | 1 | 9 | 4 | 6 | 5 | 2 | 7 | 3 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 9 | 5 |
| 5 | 4 | 7 | 2 | 3 | 1 | 6 | 8 | 9 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 7 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 1 | 2 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 7 | 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 5 | 4 |
| 2 | 3 | 5 | 9 | 4 | 8 | 7 | 1 | 6 |
| 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 | 2 |

## क्रॉसवर्ड # 1304



**बायें से दायें**

1. अलि, मधुकर, भौंरा (3)। 3. उत्तर प्रदेश के सी.एम. (5)। 7. सात पत्थरों व गेंद का खेल (4)। 9. शोक, वेदना, रंज (2)। 10. कारोबारी खाता, लेन-देन खाता (2,2)। 12. सहोदरा, भगिनी, दीदी (3)। 14. रटने की क्रिया या भाव (3)। 15. मध्य प्रदेश से अलग होकर बना राज्य (5)। 17. पुष्प, फूल, गुलाब (2)। 18. संगीत में ऊंचे स्वर का पैमाना (2,3)। 20. दामन, तलहटी (3)। 22. बच्चों जैसी नादानी या मासूमियत (4)। 24. टहनी, उप-विभाग (2)। 26. कंठस्थ करना, बार-बार दोहराना (3)। 27. स्त्री, औरत (2)। 29. गेंदा (3)। 30. अहिंसा का रूप (2,2)।

**ऊपर से नीचे**

1. भ्रष्ट आचरण, घूसखोरी (4)। 2. कृष्ण भक्त मुस्लिम कवि (4)। 3. सखी, सहेली (2)। 4. संध्या समय घर में रोशनी करने की दैनिक धार्मिक क्रिया (2,2)। 5. गजमुक्ता (4)। 6. खंभा, रुकना (2)। 8. सुग्गा, कीर, पोपट (2)। 11. लूटपाट (4)। 13. इच्छा, कामना उर्दू में (4)। 15. धोखा, फरेब (2,3)। 16. ढालने की क्रिया (3)। 17. जासूस, भेदिया (4)। 18. अधिनायक, स्वेच्छाचारी (4)। 19. पूरा, समस्त (2)। 21. राष्ट्र के प्रति प्रेम, एकता निष्ठा (4)। 23. मम्मी के पापा का आदरसूचक संबोधन (2,1)। 25. अंधेर नगरी चौपट राजा, टके सेर भाजी टके सेर "----" (2)। 28. भ्रम, जादू (2)।

**क्रॉसवर्ड 1303**



**गिल बोले** • ऐसे वर्ल्ड कप खेलना मुश्किल

# टीम की फिटनेस से निराश गिल; आठ प्रमुख प्लेयर्स के बिना खेले

## 2-3 मैच की सीरीज भी पूरी नहीं कर पा रहे हम

भास्कर न्यूज | लंदन

इंग्लैंड के खिलाफ 1-2 से वनडे सीरीज गंवाने के बाद भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने टीम की फिटनेस पर गहरी चिंता व्यक्त की है। गिल ने दो टूक शब्दों में कहा कि अगर भारतीय टीम को 2027 के वनडे वर्ल्ड कप में अपनी मजबूत दावेदारी पेश करनी है, तो खिलाड़ियों की फिटनेस में व्यापक सुधार की जरूरत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि खिलाड़ियों के साथ-साथ बीसीसीआई की मेडिकल टीम को भी 'ग्रुप' के तौर पर इस दिशा में गंभीरता से काम करना होगा।

खिलाड़ियों की फिटनेस पर गिल ने निराशा जाहिर करते हुए कहा, 'अगर हम वर्ल्ड कप को लक्ष्य मान रहे हैं, जहां हमें लगातार 11 मैच खेलने होते हैं और यहां खिलाड़ी दो-तीन मैचों की सीरीज भी पूरी नहीं कर पा रहे हैं, तो हम कहीं न कहीं चूक कर रहे हैं। जब मैच की सुबह पता चलता है कि कोई खिलाड़ी 80 प्रतिशत ही फिट है, तो अंतिम समय में नया कॉम्बिनेशन चुनना और जोखिम लेना बेहद मुश्किल हो जाता है।' गौरतलब है कि तीसरे मैच से ठीक पहले प्रीमियर पेसर बुमराह चोट के चलते बाहर हो गए थे।

## यूरोप दौरे पर 10 में से सिर्फ एक मैच जीत सका भारत



- पिछले तीन हफ्ते यूरोप दौरे पर रही भारतीय टीम आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में अपने प्रमुख खिलाड़ियों की फिटनेस से परेशान रही। ऑलराउंडर हार्दिक और नीतीश रेड्डी इंजरी के चलते इस व्हाइट-बॉल दौरे पर नहीं जा सके। वहीं, पेसर हर्षित और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती भी बीच दौरे में चोटिल हो गए।
- इसके अलावा दौरे के अंत में वॉशिंगटन सुंदर और जसप्रीत बुमराह भी इंजर्ड होकर बाहर हो गए। पहले वनडे में कप्तान शुभमन गिल चोट के चलते रिटायर्ड हर्ट हो गए थे, जबकि दूसरे वनडे से पहले केएल राहुल की तबीयत खराब हो गई थी। यही वजह रही कि टीम इस दौरे पर खेले 10 मुकाबलों में महज एक जीत दर्ज कर सकी।

**वनडे** • विंडीज के खिलाफ मुश्किल से चेज किए 189

# 10वीं बार एक विकेट से जीते कीवी

## न्यूजीलैंड ने 5 मैच की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बनाई

भास्कर न्यूज | ब्रिजटाउन

न्यूजीलैंड ने चौथे वनडे में वेस्ट इंडीज पर एक विकेट की रोमांचक जीत के साथ पांच मैचों की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली। कीवी टीम ने फॉर्मेट के इतिहास में 10वीं बार एक विकेट की करीबी जीत दर्ज की। केवल विंडीज (12) ही इस मामले में कीवी टीम से आगे है। मुकाबले में 189 रन का पीछा करने उतरी कीवी टीम ने 77 रन पर 4 विकेट गंवा दिए थे। लेकिन मार्क चैपमैन (80) और माइकल ब्रेसवेल (32) ने 65 रन की साझेदारी कर टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचा दिया। प्लेयर ऑफ द मैच मिचेल सैंटनर (34*) ने जुझारू पारी खेलकर टीम को 44.1 ओवर में जीत दिलाई।




### लगातार तीसरे मैच में 200 रन से पहले ढेर हो गया वेस्ट इंडीज

पहला मुकाबला जीतकर शानदार शुरुआत करने वाला विंडीज लगातार तीसरे मैच में 200 रन से पहले ऑलआउट हो गया। टीम ने 81 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे। आमिर जंगू (51) और गुडाकेश मोती (41) ने 7वें विकेट के लिए 81 रन जोड़कर टीम को संभाला। लेकिन 26 रन के भीतर 4 विकेट खोकर टीम 188 पर ढेर हो गई।

# फीफा अध्यक्ष ने वर्ल्ड कप में की 95 हजार किमी की यात्रा, 39 दिन में देखे 44 मैच

भास्कर न्यूज | न्यूयॉर्क



अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की मेजबानी में हुए 2026 फीफा वर्ल्ड कप के दौरान अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने रिकॉर्ड हवाई यात्राएं कीं। 39 दिन के टूर्नामेंट में उन्होंने कतर सरकार के प्राइवेट गल्फस्ट्रीम जेट से करीब 95,400 किलोमीटर की दूरी तय की, जो पृथ्वी के ढाई चक्कर लगाने के बराबर है। इस दौरान इन्फेंटिनो ने 115 घंटे से ज्यादा समय हवा में बिताया और सभी 16 स्टेडियमों में जाकर कुल 44 मैच देखे। 13 दिन तो ऐसे रहे जब उन्होंने विमान के जरिए एक ही दिन में दो अलग-अलग शहरों में मैच अटेंड किए। उनकी सबसे छोटी उड़ान सिएटल से वैंकूवर (28 मिनट) की रही। जलवायु शोधकर्ता इसे सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन वाला वर्ल्ड कप मान रहे हैं। बता दें कि फीफा ने 2030 वर्ल्ड कप तक कार्बन उत्सर्जन को आधा करने का दावा किया है।

## स्पोर्ट्स ब्रीफ

### देश में इस साल अब तक 78 डोपिंग केस, उत्तर प्रदेश-पंजाब सबसे आगे

**नई दिल्ली** | खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने लोकसभा में बताया कि 15 जुलाई तक देश में 78 एथलीट डोप टेस्ट में फेल हुए हैं। इनमें उत्तर प्रदेश और पंजाब के सबसे ज्यादा 13-13 खिलाड़ी शामिल हैं। वहीं, 11 मामलों के साथ मध्य प्रदेश तीसरे नंबर पर है। दोषी खिलाड़ियों को सस्पेंड कर उनके मेडल व प्राइज जब्त किए जा रहे हैं। चिंता की बात यह है कि पिछले तीन साल से वाडा की डोपिंग लिस्ट में भारत दुनिया में पहले स्थान पर है। इसे रोकने सरकार जागरूकता अभियान चला रही है।

### यूथ टेस्टः ओपनर्स के डक होने के बाद स्टंप्स तक 253/3 तक पहुंचा भारत

**गॉल** | श्रीलंका अंडर-19 के खिलाफ दूसरे यूथ टेस्ट के पहले दिन स्टंप्स तक भारत ने 253/3 का स्कोर बनाया। टॉस हारकर बैटिंग कर रही भारतीय टीम के लिए यह शानदार रिकवरी रही क्योंकि छह ओवर तक बिना किसी रन के वह दोनों ओपनर्स के विकेट खो चुकी थी। हालांकि, इसके बाद कुशाग्र ओझा (103*), यशवर्धन चौहान (78) और मनल चौहान (55*) ने पारी को संभाल लिया। बारिश के कारण दिन में सिर्फ 65 ओवर फेंके गए।

### क्रिकेटः इंग्लैंड में वनडे कप खेलेंगे आशुतोष शर्मा, हैम्पशायर से जुड़े



**मुंबई** | भारतीय ऑलराउंडर आशुतोष शर्मा इंग्लैंड के 'वनडे कप 2026' के लिए हैम्पशायर की टीम में शामिल हो गए हैं। वह पहली बार इस टूर्नामेंट का हिस्सा बने हैं। 27 वर्षीय आशुतोष आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते हैं। पिछले सत्र की उपविजेता टीम हैम्पशायर टूर्नामेंट में अपना पहला मुकाबला मंगलवार को यॉर्कशायर के खिलाफ खेलेगी।

**भास्कर खास** फुटबॉल वर्ल्ड कप में स्पेन ने गोल्डन बॉल, ग्लव और बेस्ट यंग प्लेयर भी जीता; जानिए विजेताओं के बारे में...

# लगातार दूसरी बार वर्ल्ड चैम्पियन को तीन मेजर अवॉर्ड्स भी मिले

भास्कर न्यूज | न्यूयॉर्क

स्पेन ने 2026 फीफा वर्ल्ड कप के तीन अहम व्यक्तिगत अवॉर्ड्स भी अपने नाम किए। मिडफील्ड के उस्ताद रोड्री ने शानदार खेल के लिए गोल्डन बॉल जीता। गोलकीपर उनाई सिमोन ने गोल्डन ग्लव हासिल किया, जिन्होंने 7 मैचों में बिना गोल खाए रिकॉर्ड बना दिया। इससे पहले कोई खिलाड़ी ऐसा 5 से ज्यादा बार नहीं कर पाया था। वहीं, 19 साल के युवा सनसनी पाउ कुबारसी ने बेस्ट यंग प्लेयर का अवॉर्ड जीता। ऐसा सिर्फ दूसरी बार हुआ, जब चैम्पियन टीम ने ये तीन मेजर अवार्ड्स भी जीते। 2022 में अर्जेंटीना ने भी ऐसा किया था। **जानिए स्पेन के इन खिलाड़ियों की कहानियां...**

### रोड्रीः करोड़पति खिलाड़ी, लेकिन आम इंसान जैसी जिंदगी, सेकंड हैंड कार खरीदी



30 साल के रोड्री सादगी के लिए मशहूर हैं। स्पेन के टॉप लेवल फुटबॉल में खेलने के बावजूद उन्होंने कॉलेज की पढ़ाई पूरी करने के लिए एक सामान्य यूनिवर्सिटी हॉस्टल में रहना जारी रखा। दिखावे की जिंदगी से दूर, उन्होंने एक बुजुर्ग महिला से पुरानी कार खरीदी थी। उनका मानना है कि कार का मकसद सिर्फ एक जगह से दूसरी जगह जाना है, दिखावा करना नहीं। रोड्री सोशल मीडिया से दूर रहते हैं। उनके शरीर पर कोई टैटू नहीं है। मॉडर्न और फैशनेबल फुटबॉलर्स के बीच वह पुराने जमाने के दिग्गजों की तरह हमेशा अपनी जर्सी (शर्ट) शॉर्ट्स के अंदर (टक-इन) करके खेलते हैं। उनकी गर्लफ्रेंड लौरा कोई सुपरमॉडल नहीं बल्कि मेडिकल की छात्रा हैं। दोनों की मुलाकात यूनिवर्सिटी हॉस्टल में ही हुई थी।

### पाउ कुबारसीः बढ़ई के बेटे, 200 लोगों के गांव से निकले; मैच के बाद होमवर्क



19 वर्षीय पाउ कुबारसी की जड़ें 'एस्टानयोल' में हैं, जो 200 से भी कम आबादी वाला एक गांव है। कुबारसी एक बढ़ई (कारपेंटर) परिवार से आते हैं और फुटबॉल स्टार बनने से पहले अपने पिता की लकड़ी की दुकान में हाथ बंटाते थे। उनके माता-पिता अब भी गांव में यह दुकान चलाते हैं। कुबारसी अपने अनुशासन के लिए मशहूर हैं। बार्सिलोना के लिए शुरुआती दिनों में वह मैच के बाद हॉस्टल लौटकर अपना स्कूल का होमवर्क पूरा करते थे। चैम्पियंस लीग में पहला 'प्लेयर ऑफ द मैच' अवॉर्ड जीतने के बाद अगली सुबह वह आम बच्चों की तरह स्कूल पहुंच गए। कुबारसी बचपन में महान स्पेनिश डिफेंडर्स कार्लेस पुयोल और गेरार्ड पिके के टैकल और डिफेंस के वीडियो देखकर सीखते थे।

### उनाई सिमोनः सोशल मीडिया से दूर, बोले- मेरा काम गोल रोकना, सामान बेचना नहीं



29 साल के उनाई सिमोन चकाचौंध से दूर रहना पसंद करते हैं। इस गोल्डन ग्लव विजेता सिमोन का कोई सोशल मीडिया अकाउंट नहीं है। वह स्पॉन्सरशिप और विज्ञापनों से भी दूरी बनाकर रखते हैं। उनका मानना है कि उनका काम सिर्फ मैदान पर गोल रोकना है, टीवी पर प्रोडक्ट बेचना नहीं। मैदान से फुर्सत मिलते ही वह अपने बचपन के दोस्तों के साथ मछली पकड़ने के लिए होमटाउन 'मुर्गिया' चले जाते हैं। मैच से पहले जब बाकी खिलाड़ी तेज संगीत सुनते हैं, तब सिमोन ड्रेसिंग रूम के एक कोने में बैठकर किताबें पढ़ना पसंद करते हैं। उनके सख्त अनुशासन की नींव बचपन में ही पड़ गई थी, क्योंकि पिता पुलिस अधिकारी रहे हैं। वे स्पेन को 2024 में भी यूरो चैम्पियन बना चुके हैं।







**पेपर लीक: विपक्ष ने साधा निशाना**

## राहुल बोले-मोदी युवा विरोधी पीएम, एनडीए ने कहा-चर्चा से निकलेगा हल

**नई दिल्ली** | नीट पेपर लीक पर दिल्ली में प्रदर्शनकारियों पर पुलिस कार्रवाई के बाद विपक्ष ने केंद्र पर निशाना साधा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'देश का सबसे युवा-विरोधी पीएम' बताया और कहा कि छात्रों की आवाज दबाने के बजाय उनकी समस्याएं सुनी जानी चाहिए। तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी ने भी छात्रों से संवाद की जरूरत बताई। वहीं, आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने युवाओं की मांगें सुनने की अपील की। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है।

### प्रदर्शन का हक, पर शांतिपूर्ण तरीके से ही हो: अठावले

प्रदर्शन को लेकर भाजपा सांसद हेमा मालिनी और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने प्रतिक्रिया दी। हेमा मालिनी ने कहा कि समस्याओं का समाधान बातचीत से होना चाहिए, प्रदर्शन से नहीं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने युवाओं और शिक्षा व्यवस्था के लिए कई काम किए हैं। वहीं, अठावले ने कहा कि लोकतंत्र में आंदोलन का अधिकार है, लेकिन प्रदर्शन शांतिपूर्ण होना चाहिए और कानून हाथ में लेने की स्थिति में पुलिस अपना काम करेगी।









**संसद के सवाल-जवाब • राज्यसभा में बताया, 8.02 करोड़ एमएसएमई खुले**

# पांच साल में 1.42 लाख छोटे उद्योग बंद, 10.26 लाख रोजगार प्रभावित

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

पिछले पांच वर्षों के दौरान देश में 1.42 लाख सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) बंद हुए हैं। इसकी वजह से 10.26 लाख लोगों का रोजगार प्रभावित हुआ है। यह जानकारी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने राज्य सभा में दी।

उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2020 को उद्यम पंजीकरण पोर्टल की शुरुआत से 31 मार्च 2026 तक 8.02 करोड़ एमएसएमई पोर्टल पर पंजीकृत हुए हैं। इन पंजीकृत एमएसएमई इकाइयों द्वारा देश में 35.31 करोड़ लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। सरकार ने स्पष्ट किया कि उद्यमों के डी-रजिस्टर होने या बंद होने के पीछे व्यापार ठप होना एकमात्र कारण नहीं है। इसमें स्वामित्व में बदलाव, प्रमाण पत्र की जरूरत समाप्त होना और डुप्लिकेट पंजीकरण जैसी वजहें भी शामिल हैं।



**सबसे अधिक महाराष्ट्र और राजस्थान में बंद हुईं यूनिट**

| राज्य | इकाइयां |
|---|---|
| महाराष्ट्र | 33,906 |
| गुजरात | 12,769 |
| राजस्थान | 11,279 |
| उत्तर प्रदेश | 7,313 |
| मध्य प्रदेश | 6,034 |
| बिहार | 4,969 |
| झारखंड | 2,509 |
| छत्तीसगढ़ | 1,789 |
| उत्तराखंड | 1,601 |
| पंजाब | 1,406 |
| हिमाचल प्रदेश | 676 |
| चंडीगढ़ | 141 |

▪ मदद: बिना गारंटी लोन की सीमा 10 से बढ़ाकर 20 लाख रु. कर दी गई है।

### एथेनॉल: सरकार बोली-23 करोड़ गाड़ियां चल रहीं, 4 करोड़ सर्विस, कोई खराबी नहीं

▪ **देश में** 20 करोड़ से अधिक दोपहिया और 3 करोड़ से ज्यादा पेट्रोल कारें ई15+ और ई20 पेट्रोल पर सफलतापूर्वक चल रही हैं। इसके बावजूद एथेनॉल के कारण इंजन के पुर्जों के खराब होने या जंग लगने का एक भी सत्यापित मामला सामने नहीं आया है। यह जानकारी पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी।

▪ सरकार ने बताया कि एक प्रमुख कार निर्माता कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 में 2.84 करोड़ वाहनों की सर्विसिंग की। इनमें करीब 1.5 करोड़ ऐसे पुराने वाहन भी शामिल थे, जो ई20 के लिए नहीं थे। इसके बावजूद एथेनॉल की वजह से किसी कंपोनेंट के खराब होने या जंग लगने का एक भी मामला दर्ज नहीं हुआ। दोपहिया वाहन निर्माताओं के सर्विस डेटा में भी एथेनॉल से जुड़े किसी नुकसान की पुष्टि नहीं हुई है।

**माइलेज में मामूली अंतर, पिक-अप होता है बेहतर**

एआरएआई, सियाम और आईआईपी जैसी तकनीकी संस्थाओं की जांच के अनुसार, ई10 डिजाइन वाली पुरानी गाड़ियों में एथेनॉल की वजह से माइलेज में केवल 3% से 5% तक की मामूली गिरावट आ सकती है। ई20 ईंधन से ऑक्टेन रेटिंग बढ़ती है, जिससे इंजन का पिक-अप बेहतर होता है, एंटी-नॉकिंग परफॉर्मेंस सुधरती है।

### तंज: 56 नहीं, 28 का युवा असली ताकत: मोदी



मानसून सत्र शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर बिना नाम लिए तंज कसा। उन्होंने स्काईरूट का जिक्र करते हुए कहा कि टीम की औसत उम्र 28 वर्ष है। उन्होंने कहा, मैं किसी 56 साल के नौजवान की नहीं, 28 साल के उन युवाओं की बात कर रहा हूं जिन्होंने अंतरिक्ष में भारत का झंडा फहराया है। मोदी ने संसद में सार्थक चर्चा की अपील भी की। कहा-जहां तथ्य और तर्क मजबूत हों, वहां हंगामे की जरूरत नहीं होती।

### पलटवार: '56 इंच का सीना कहां गया?': खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी के '56 साल के नौजवान' बयान पर पलटवार किया। उन्होंने पूछा, 56 इंच का सीना कहां गया? खरगे ने आरोप लगाया कि पीएम विपक्ष पर तंज कसने के बजाय नीट-यूजी पेपर लीक और राम मंदिर ट्रस्ट में गड़बड़ियों जैसे मुद्दों का जवाब दें। छात्रों पर लाठीचार्ज हो रहा है। लाखों छात्र परेशान हैं और सरकार अपनी जिम्मेदारी से बचने की कोशिश कर रही है।

**यौन उत्पीड़न का है आरोप**

## ट्रेनी आईपीएस ने की खुदकुशी की कोशिश

भास्कर न्यूज़ | हैदराबाद

हैदराबाद स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में एक ट्रेनी आईपीएस अधिकारी ने सोमवार को आत्महत्या की कोशिश की। उस पर साथी महिला ट्रेनी के यौन उत्पीड़न और पीछा करने का आरोप है। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। उसकी हालत स्थिर है।

30 वर्षीय महिला ट्रेनी आईपीएस ने आरोप लगाया है कि आरोपी 23 जून से अश्लील संदेश भेज रहा था, उसके बारे में अपमानजनक बातें करता था और 9 जुलाई को उसे जबरन कमरे में ले जाकर मारपीट, गला दबाने की कोशिश और चाकू से धमकाने जैसी हरकत की। महिला का यह भी आरोप है कि आरोपी ने उसकी निजी वीडियो बिना अनुमति रिकॉर्ड कर उसके पति को भेज दी। वहीं, आरोपी ने सोशल मीडिया पर बयान जारी कर आरोपों को झूठा बताया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**मौसम की मार • उत्तराखंड में चारधाम यात्रा अस्थायी रूप से रोकी**

# जम्मू-कश्मीर: भूस्खलन में एक ही परिवार के 7 की मौत, 2 दिन में 23 ने गंवाई जान

भास्कर न्यूज़ | श्रीनगर/देहरादून

जम्मू-कश्मीर में बारिश, फ्लैश फ्लड और भूस्खलन से तबाही जारी है। सोमवार को पुंछ जिले के लोरान इलाके में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन से मिट्टी का एक मकान ढह गया। हादसे में एक महिला और उसके दो बच्चों समेत एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई। राज्य में दो दिनों में बारिश से मरने वालों की संख्या बढ़कर 23 हो गई है।

वहीं, उत्तराखंड में लगातार बारिश के बीच बागेश्वर जिले में सरयू नदी में आठ वर्षीय बच्चा बह गया, जबकि पिथौरागढ़ में बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। एहतियात के तौर पर चारधाम यात्रा सोमवार को अस्थायी रूप से रोक दी गई और राज्यभर के स्कूलों में छुट्टी घोषित की गई।



पुंछ में राहत एवं बचाव दल मलबा हटाने और तलाशी में जुटे हैं।

### सिक्किम: निर्माणाधीन सुरंग धंसी, 27 लोग फंसे

सिक्किम के नामची में निर्माणाधीन सुरंग का प्रवेश द्वार भूस्खलन के बाद बंद हो गया। इससे करीब 27 मजदूर अंदर फंस गए। हादसे के बाद सुरंग में गैस रिसाव ने बचाव अभियान को मुश्किल बना दिया है।

▪ अरुणाचल प्रदेश में अब तक बाढ़ और भूस्खलन से सात लोगों की मौत हो चुकी है, 29 लोग घायल हुए हैं और 25 जिलों के 1.49 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं।

**कई राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी**

**देश के** अधिकांश हिस्सों में फिर बारिश की शुरुआत हो गई है। उत्तराखंड में भारी बारिश का अलर्ट है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, यूपी, हरियाणा व राजस्थान में भी कई स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। इसके अलावा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, बिहार, झारखंड, प. बंगाल और बंगाल-सिक्किम में भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान जताया गया है।

**तनाव • एक और अमेरिकी सैनिक मारा गया, ट्रम्प की धमकी, पजेशकियान बोले- यह 'फुल स्केल वार'**

# अब हूतियों की लाल सागर में सऊदी जहाजों की नाकाबंदी

भास्कर न्यूज़ | दुबई/तेहरान

अमेरिका-ईरान के बीच युद्ध सोमवार को नौवें दिन और तेज हो गया। होर्मुज के बाद अब ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में सऊदी अरब के जहाजों के खिलाफ नाकाबंदी का ऐलान कर दिया है। अब खाड़ी क्षेत्र से बाहर वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और समुद्री व्यापार पर भी खतरा मंडराने लगा है।

दूसरी ओर, ईरानी हमले में इराक एक और अमेरिकी सैनिक की मौत हो गई। इसके साथ ही मौजूदा संघर्ष में मारे गए अमेरिकी सैनिकों की संख्या तीन हो गई। इसके बाद, अमेरिका ने तबरीज, बुशहर समेत ईरान के कई सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए। तबरीज के पास भूमिगत मिसाइल ठिकाने हैं, जबकि बुशहर में ईरान का एकमात्र परिचालित असैन्य परमाणु बिजलीघर है। अमेरिकी सेना ने ईरान के सैन्य ठिकानों, वायु रक्षा प्रणाली, मिसाइल और ड्रोन लॉन्च साइटों को निशाना बनाने का दावा किया है। जबकि, ईरान ने जवाबी कार्रवाई में बहरीन और कुवैत पर हमले किए और होर्मुज में तेल टैंकरों को निशाना बनाने का दावा किया।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि अमेरिकी सैनिकों की मौत का जवाब कई गुना दिया जाएगा। वहीं ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजेशकियान ने कहा कि ईरान अब 'फुल स्केल वार' (पूर्ण युद्ध) की स्थिति में पहुंच गया है।

### 10 दिन के युद्धविराम का प्रस्ताव, सहमति के आसार

मध्यस्थ देशों ने 10 दिन के युद्धविराम का प्रस्ताव रखा है। इसका उद्देश्य पिछले महीने हुए अंतरिम समझौते को फिर से लागू कर बातचीत का रास्ता खोलना है। ईरान ने कहा है कि राष्ट्रीय हितों का ध्यान रखा गया तो वार्ता फिर शुरू हो सकती है। इस बीच, ईरान के गृह मंत्री एस्कंदर मोमेनी सोमवार को पाकिस्तान पहुंचे।

**न्यूज़ विंडो**

### कर्नाटक में जिपलाइन का लॉक टूटने से 40 फीट नीचे गिरा पर्यटक, गंभीर



**बेंगलुरु** | कर्नाटक के प्रसिद्ध दांदेली रिसॉर्ट में एक भयानक हादसा हो गया। विजयापुरा निवासी कुबेर सुरपुर जिपलाइन राइड कर रहे थे, तभी बीच हवा में सेफ्टी लॉक टूटने से वे करीब 40 फीट की ऊंचाई से गिर गए। हादसे से उनकी हालत गंभीर है और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद परिजनों ने रिसॉर्ट प्रबंधन पर खराब सुरक्षा उपकरणों के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

### नेपाल ने सिक्के से हटाया भारत के कालापानी वाला विवादित नक्शा

**काठमांडू** | नेपाल सरकार ने 1 रुपए के नए सिक्के से भारत से सटे विवादित क्षेत्र कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा वाले राजनीतिक नक्शे को हटाने के फैसले को मंजूरी दे दी है। अब इसकी जगह नेपाल के 'लो ग्याकर मठ' की तस्वीर छपेगी, हालांकि 2 रुपए के सिक्के पर विवादित नक्शा बरकरार रहेगा। नेपाल राष्ट्र बैंक के अनुसार, सिक्कों का वजन 4 ग्राम से घटाकर 3.2 ग्राम री-डिजाइन किया गया है।

### टीएमसी को कोर्ट से झटका: 440 करोड़ रु. वाले खाते फ्रीज ही रहेंगे

**कलकत्ता** | कलकत्ता हाईकोर्ट ने तृणमूल कांग्रेस (ममता बनर्जी गुट) को बड़ा झटका दे दिया है। ईडी द्वारा सीज किए गए पार्टी के तीन बैंक खातों को फिलहाल इस्तेमाल करने की अंतरिम अनुमति देने से इनकार कर दिया है। इन खातों में कुल ₹440.42 करोड़ जमा हैं। ईडी की जांच के मुताबिक, अप्रैल 2023 से जून 2026 के बीच टीएमसी के खातों से करीब ₹160 करोड़ 'केयरवेल एविएशन' और उससे जुड़ी कंपनियों में ट्रांसफर किए गए थे।

**पेज वन का शेष...**

## चढ़ावा चोरी...

**देश भर से मिले दान की रसीदें वेबसाइट पर अपलोड हों: याचिकाकर्ता:**

▪ सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को बताया, जांच जारी है। राज्य सरकार ने स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की है। अब तक आठ को गिरफ्तार किया गया है। पहले गठित एसआईटी ने पाया कि मामला संज्ञेय अपराध है, इसके बाद एफआईआर हुई और स्थानीय पुलिस जांच कर रही है।

▪ याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत ने कहा, मंदिर निर्माण के दौरान देशभर से दान लिया गया। इसलिए रसीदों को ट्रस्ट की वेबसाइट पर अपलोड करें, ताकि श्रद्धालु सत्यापन कर सकें। कोर्ट ने कहा कि वह इस विचार करेगी और अगली सुनवाई पर निर्देश दे सकती है।

### कई पुजारी मंदिरों की संपत्ति बर्बाद कर रहे: कोर्ट

**नई दिल्ली** | सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को निजी मंदिरों के सरकारी नियंत्रण से जुड़ी याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने मौखिक टिप्पणी की- 'कई पुजारी मंदिरों की संपत्तियां बर्बाद कर रहे हैं। ऐसे मामले हमारे सामने आते हैं। मंदिर की जमीन देवता की होती है।' जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस आलोक आराधे की पीठ ने यह टिप्पणी मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के 237 वंशानुगत पुजारियों एवं निजी मंदिरों के मालिकों की याचिका पर की। याचियों का आरोप है कि निजी जमीन पर बने मंदिरों के संबंध में जारी सरकारी परिपत्रों से कलेक्टरों को प्रबंधक नियुक्त किया गया। मंदिरों की संपत्ति नीलाम की जा रही है। इस पर कोर्ट ने पूछा कि यदि 1974 के परिपत्र के आधार पर कलेक्टरों का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किया गया, तो 60 वर्ष तक क्या कर रहे थे। कोर्ट ने केंद्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान को नोटिस जारी किया। साथ ही मौखिक रूप से कहा- ऐसे विवादों में उचित उपाय दीवानी कोर्ट का रास्ता हो सकता है।

**राम मंदिर: चढ़ावा गणना के नए नियम, भगवा यूनिफॉर्म**

▪ श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने चढ़ावा गणना में बदलाव शुरू कर दिए हैं। गणनाकर्मियों के लिए नीली की जगह भगवा यूनिफॉर्म लागू की गई है। रविवार को बैंक अधिकारियों की मौजूदगी में बैठक हुई। इसमें इस्तीफा दे चुके और अभी कार्यरत 39 कर्मचारियों को बुलाया गया था। ▪ 22 जुलाई को ट्रस्ट की बैठक अयोध्या में होगी। इसमें एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट, समितियों के पुनर्गठन और प्रशासनिक सुधारों पर चर्चा होगी। वहीं, सीईओ की नियुक्ति प्रक्रिया और ट्रस्ट की नई कार्यप्रणाली पर भी फैसला संभव है।

### सोलापुर : विट्ठल नाम की जयकार से गूंज रहे गांव-नगर



**सोलापुर** | 25 जुलाई को आषाढ़ी एकादशी पर भगवान श्री विट्ठल के दर्शन करने के लिए वारकरी (भक्तों) की पदयात्रा पंढरपुर की ओर बढ़ रही है। सोमवार को संत ज्ञानेश्वर महाराज की पालकी सोलापुर जिले के पुरंदावडे गांव पहुंची। पालकी का दूसरा गोल रिंगण उत्सव हुआ।

**भास्कर नॉलेज**

### पीएमओएस क्या है, जिससे हर 5 में से एक भारतीय महिला प्रभावित है?

**नई दिल्ली** | हालिया अध्ययनों के अनुसार, अब भारत में हर पांच में से एक महिला पीएमओएस (पॉलीएंडोक्राइन मेटाबॉलिक ओवेरियन सिंड्रोम) से प्रभावित है। पहले इसे पीसीओएस (पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम) कहा जाता था। विशेषज्ञों ने चेताया है कि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो यह एक गंभीर समस्या बन सकती है। समझते हैं क्या है ये...

▪ **क्या है पीएमओएस बिमारी?**
यह महिलाओं में होने वाला हार्मोनल और मेटाबॉलिक बीमारी है। इसमें शरीर के हार्मोन का संतुलन बिगड़ जाता है, जिससे ओवरी से अंडा नियमित रूप से नहीं निकलता। कई महिलाओं में इंसुलिन रेजिस्टेंस भी विकसित हो जाता है, जिससे आगे चलकर डायबिटीज और हृदय रोग का खतरा बढ़ सकता है।

▪ **पीएमओएस के प्रमुख लक्षण क्या हैं?**
पीरियड्स का अनियमित होना, चेहरे या शरीर पर जरूरत से ज्यादा बाल आना, वजन बढ़ना, खासकर पेट के आसपास, बाल झड़ना और गर्भधारण में परेशानी।

▪ **भारत में यह समस्या लगातार क्यों बढ़ रही है?**
विशेषज्ञ इसके कई कारण मानते हैं। इनमें शारीरिक गतिविधि कम होना, जंक और प्रोसेस्ड फूड का बढ़ता सेवन, मोटापा, तनाव, नींद की कमी और इंसुलिन रेजिस्टेंस प्रमुख हैं। यह जेनेटिक भी मानी जाती है।

▪ **क्या यह सिर्फ प्रजनन से जुड़ी बीमारी है?**
विशेषज्ञों के अनुसार पीएमओएस केवल पीरियड्स या गर्भधारण की समस्या नहीं है। इससे टाइप-2 डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, फैटी लिवर, हाई कोलेस्ट्रॉल और हृदय रोग का खतरा बढ़ सकता है। इसका इलाज नहीं हैं। बस इसे कम या रोका जा सकता है।

**भास्कर खास** टॉक्सिक पॉजिटिविटी: मनोवैज्ञानिकों का दावा- हर वक्त खुश रहने के दबाव भी घातक हैं

# पॉजिटिव होने की भी हद, इसे पार न करें; दुख को छिपाने-दबाने की कोशिश से तनाव बढ़ता है, यह मानसिक सेहत के लिए खतरनाक

भास्कर न्यूज़ | वॉशिंगटन

सब ठीक हो जाएगा, हमेशा पॉजिटिव सोचो, रोने से क्या होगा। मुश्किल दौर से गुजर रहे व्यक्ति से लोग अक्सर यही कहते हैं। मनोवैज्ञानिक इसे 'टॉक्सिक पॉजिटिविटी' कहते हैं। अमेरिका में ड्यूक यूनिवर्सिटी की मनोविशेषज्ञ केट बॉलर कहती है कि हर दुख-दर्द पर सकारात्मकता का मरहम लगाना इंसान को मजबूत नहीं, बल्कि अकेला कर सकता है।

बॉलर बताती हैं कि यह 'टॉक्सिक पॉजिटिविटी' है। यह वास्तविक भावनाओं को स्वीकारने की बजाय उसे छुपाने की सोच है। बॉलर का कहना है कि आजकल सोशल मीडिया और 'मजबूत बनो' की सोच ने ऐसा माहौल बना दिया है, जहां दुख, डर और असफलता व्यक्त करना कमजोरी माना जाने लगा है, जबकि कुछ घटनाएं ऐसी होती हैं, जिन्हें 'सकारात्मक सोच' से बदला नहीं जा सकता है। दुख को खारिज करना सकारात्मकता नहीं है, बल्कि यह खुद को धोखा देना है।

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के मनोवैज्ञानिक प्रो. जेम्स ग्रॉस के शोध के अनुसार, यदि व्यक्ति अपनी नकारात्मक भावनाओं को लगातार दबाता है, तो तनाव बढ़ता है। रिश्तों पर असर पड़ता हैं और मानसिक सेहत पर खराब असर पड़ता है। वहीं, टेक्सास यूनिवर्सिटी के मनोवैज्ञानिक प्रो. क्रिस्टिन नेफ कहती हैं कि मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए अपने दुख को स्वीकार करना जरूरी है। खुद को हर समय मजबूत और खुश दिखाने का दबाव व्यक्ति में अपराधबोध बढ़ा सकता है।

येल यूनिवर्सिटी की मनोवैज्ञानिक प्रो. सुसान डेविड कहती हैं, 'दुख की भावनाएं गलत नहीं हैं। उन्हें दबाने के बजाय समझना, स्वीकारना मानसिक लचीलापन बढ़ाता है।' उनके अनुसार, मानसिक मजबूती का मतलब हर वक्त मुस्कुराना नहीं, बल्कि यह स्वीकार करना है कि इंसान होने का मतलब कभी-कभी टूटना भी है।

अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन और कई शोध बताते हैं कि सोशल मीडिया पर लगातार दूसरों की 'परफेक्ट लाइफ' देखने से तुलना, कुछ छूट जाने की चिंता और खुद पर संदेह बढ़ सकता है। विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि कठिन समय में ऑनलाइन तुलना करने के बजाय भरोसेमंद लोगों से खुलकर बात करें।

### दुख को कमजोरी न मानें, भावनाओं को खुलकर व्यक्त करें



मनोवैज्ञानिक शोधों से पता चलता है कि लोग वास्तविक और नकारात्मक भावनाओं को छिपाने का प्रयास करते हैं। विज्ञान मैगजीन 'साइंस डायरेक्ट' में प्रकाशित 61 अलग-अलग अध्ययनों के विश्लेषण में पाया गया कि जो लोग भावनाओं को दबाने का अधिक प्रयास करते हैं, उनमें अचानक घबराहट और चिंता होने की संभावना अधिक होती है। मनोवैज्ञानिक प्रो. जेम्स ग्रॉस कहते हैं कि टॉक्सिक पॉजिटिविटी से उबरने के लिए जरूरी है कि दुख को कमजोरी न मानें। भावनाओं को व्यक्त करें। किसी दुखी व्यक्ति को 'उम्मीद रखो' कहने के बजाय उसकी बातों को सुनें।

### 'हड्डियां तोड़ देंगे': सीएम विजय को धमकी, डीएमके विधायक गिरफ्तार

**चेन्नई** | तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और टीवीके प्रमुख थलापति विजय को सार्वजनिक मंच से हड्डियां तोड़ने की धमकी देने के आरोप में डीएमके विधायक मार्कंडेयन को गिरफ्तार कर लिया गया। तूतुकुडी में सभा के दौरान विधायक ने यह भड़काऊ भाषण दिया था, जिसके बाद ये वायरल हुआ था। टीवीके कार्यकर्ताओं की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की।

## कोल्ली हिल्सः 70 जानलेवा मोड़, 1300 मीटर की ऊंचाई; मानसून शुरू होते ही उमड़ने लगे पर्यटक



नवीन रेड्डी | चेन्नई. तस्वीर तमिलनाडु के नमक्कल जिले की प्रसिद्ध कोल्ली हिल्स की है। घने जंगलों के बीच पहाड़ पर बनी 70 हेयरपिन मोड़ों वाली यह सड़क अपनी अनोखी बनावट के लिए जानी जाती है। यह करीब 1,300 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पूर्वी घाट का हिस्सा है। मानसून शुरू होते ही यहां बड़ी संख्या में पर्यटकों की आवाजाही बढ़ गई है। हालांकि इस वर्ष मानसून अपेक्षाकृत कमजोर रहा है, लेकिन पहाड़ी क्षेत्र होने से यहां बारिश होती रही है। कोल्ली हिल्स अपने घने जंगलों, प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। यहां अरापलीश्वर मंदिर, आकाश गंगा जलप्रपात और ट्रेकिंग रूट हैं, जिनकी वजह से मानसून के दौरान बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। लगभग 28 किलोमीटर लंबी इस घाट सड़क को दक्षिण भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण सड़क माना जाता है। इसे पार कर कोल्ली हिल्स के गांवों में जाते हैं।

**भास्कर सीरीज : अंतिम**
**भारतीयों का टूटता अमेरिकी सपना**

*अमेरिकी नागरिकता की आखिरी दहलीज ग्रीन कार्ड के लिए भारतीयों का इंतजार अंतहीन साबित हो रहा है। फाइलों में अटके ग्रीन कार्ड जारी होने की राह में कानूनी अड़चनें भी हैं।*

# अमेरिकी ग्रीन कार्ड; 150 साल की वेटिंग में अटके हैं 4 लाख भारतीय

सैयद मोहम्मद अली | न्यूयॉर्क

भारतीयों के लिए अमेरिकी ग्रीन कार्ड दुःस्वप्न बन गया है। अमेरिका में स्थायी निवास का ये दस्तावेज पाना नामुमकिन साबित हो रहा है। कैटो इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट के अनुसार 14 लाख से ज्यादा लोग ग्रीन कार्ड बैकलॉग में अटके हैं और इनमें सबसे बड़ा हिस्सा भारतीयों का है। रिपोर्ट कहती है 4.24 लाख आवेदकों को लगभग 150 साल तक का इंतजार करना पड़ेगा। इनमें से 90% से ज्यादा भारतीय होंगे। ट्रम्प प्रशासन ने लगभग दो साल के दौरान ग्रीन कार्ड के कोटे को बढ़ाने के लिए कोशिश ही नहीं की।

एच-1 बी वीसा की फीस 100 गुना बढ़ाने के बाद ग्रीन कार्ड को भी ट्रम्प भारतीयों के लिए नो एंट्री का हथियार बना रहे हैं। ट्रम्प के मागा (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) समर्थकों ने 12 राज्यों में ग्रीन कार्ड जारी करने पर रोक का अभियान चलाया है। अमेरिकन एडवोकेसी काउंसिल के संस्थापक सिद्धार्थ का कहना है कि भारतीयों को अभी सालों तक अस्थायी वीसा पर ही रहना पड़ेगा। ग्रीन कार्ड मिल नहीं रहा है और एच-1 बी जैसे वीसा को रिन्यू कराने में दिक्कतें आ रही हैं।

**भास्कर एक्सप्लेनर**

## बैकलॉग... क्योंकि 36 साल से कोटा स्थिर, भारतीय आवेदक कई गुना बढ़े

**▪ अमेरिकी ग्रीन कार्ड क्या होता है**
ये किसी भी विदेशी को अमेरिका में स्थायी रूप से रहने और काम करने का हक देता है। सोशल सिक्योरिटी व मेडिकेयर का लाभ भी मिलता है। ग्रीन कार्ड के 5 साल बाद नागरिकता का आवेदन किया जा सकता है।

**▪ ग्रीन कार्ड पाने के आधार क्या हैं**
एम्प्लॉयमेंट बेस्ड यानी ईबी कैटेगरी का वर्क वीसा पाने के बाद ग्रीन कार्ड की अर्जी लगा सकते हैं। अमेरिकी नागरिक से शादी और अमेरिका में तयशुदा रकम के निवेश के बाद कार्ड अप्लाई कर सकते हैं।

**▪ ये एच-1 बी से कैसे अलग होता है**
एच-1 बी वीसा से अधिकतम 6 साल के लिए रहने की मंजूरी मिलती है। ग्रीन कार्ड अनिश्चितकाल तक अमेरिका में रहने का हक देता है।

**▪ भारतीयों की वेटिंग लिस्ट क्यों**
1990 के अमेरिकी ग्रीन कार्ड बिल के अनुसार 1 साल में 3.66 लाख कार्ड होते हैं। हर देश के लिए 7% यानी 25,650 का ही कोटा है। 36 साल में भारतीय आवेदकों की संख्या कई गुना बढ़ गई, लेकिन ग्रीन कार्ड कोटा नहीं बढ़ाया गया है।

**▪ अन्य देशों पर कम असर क्यों**
पाकिस्तान सहित दक्षिण एशिया के अन्य देशों से आवेदकों की संख्या 25,650 के कोटे से बहुत कम होती है। क्योंकि इन देशों के लोगों को ई-2 और ई-3 जैसे हाई स्किल प्रोफेशनल वीसा कम मिलते हैं।

**▪ कोटा ट्रांसफर बिल क्या है**
रिपब्लिकन सीनेटर रोजर मार्शल कोटा ट्रांसफर बिल लेकर आए हैं, इसमें एक देश के कोटे को भारत जैसे हाई एप्लीकेशन वाले दूसरे देश को ट्रांसफर करने का प्रावधान है। समर्थन नहीं मिल पा रहा है।

**▪ भारतीयों के लिए ऑप्शन क्या हैं**
कनाडा ने एक्सप्रेस एंट्री का ऑफर दिया है। कुछ भारतीय वहां शिफ्ट हो सकते हैं, लेकिन इसकी संख्या ज्यादा नहीं है।

## मस्क की कंपनी के डेटा सेंटर पर कैंसर फैलाने का आरोप

मिसिसिपी | इलॉन मस्क की एआई कंपनी एक्सएआई का अमेरिका के मिसिसिपी स्थित डेटा सेंटर विवाद में घिर गया है। नागरिक अधिकार संगठनों और पर्यावरण समूहों ने अदालत में मुकदमा दायर कर आरोप लगाया है कि एक्सएआई ने बिना एयर परमिट के 27 गैस टर्बाइन चलाकर अस्थायी बिजलीघर बना लिया। इन टर्बाइनों से धुआं, सूक्ष्म कण, कार्बन मोनोऑक्साइड और फॉर्मेल्डिहाइड जैसी कैंसर पैदा करने वाली गैसें निकल रही हैं। इनसे लोगों के स्वास्थ्य पर खतरा बढ़ गया है।




फीफ़ा वर्ल्ड कप चैंपियन 2026!

**अमेरिका** • सोशल मीडिया के बाद अब एआई आने से डिजिटल प्रचार के तरीके बदल रहे

## नेता अब चैटबॉट पर अपनी छवि सुधार रहे

© The New York Times
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

न्यूयॉर्क | पहले नेताओं की चिंता यह रहती थी कि गूगल पर उनके बारे में क्या दिख रहा है और सोशल मीडिया पर कैसी चर्चा चल रही है। आज बड़ी संख्या में मतदाता उम्मीदवारों के बारे में जानकारी के लिए चैटजीपीटी, जेमिनी, ग्रोक और क्लाउड जैसे एआई चैटबॉट्स से सवाल पूछ रहे हैं। लेकिन कई बार ये चैटबॉट किसी उम्मीदवार के बारे में अधूरी, पुरानी या नकारात्मक जानकारी दे देते हैं। ऐसे में अमेरिका में चुनावी रणनीतिकार अब एआई के जवाबों को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए वे उम्मीदवारों की वेबसाइट और अन्य सार्वजनिक स्रोतों की जानकारी अपडेट कर रहे हैं, ताकि एआई उन स्रोतों से बेहतर और अधिक सटीक उत्तर तैयार करे। इस नई रणनीति को आंसर इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एईओ) कहा जा रहा है। अमेरिका में कई राजनीतिक दल अब ऐसे टूल और सलाहकार इस्तेमाल कर रहे हैं, जो विश्लेषण करते हैं कि एआई चैटबॉट किसी उम्मीदवार के बारे में क्या जवाब दे रहे हैं और उन्हें बेहतर बनाने के लिए किन बदलावों की जरूरत है। सोशल मीडिया और डिजिटल कम्युनिकेशन टीमों को एआई फ्रेंडली कंटेंट तैयार करने का प्रशिक्षण भी दे रहे हैं।




### वेबसाइट में बदलाव किया तो चैटबॉट ने बदल दी राय

मिसौरी के नेता डस्टिन लॉयड कहते हैं, पहले चैटबॉट उनके बारे में सामान्य जानकारी देते थे। फिर उन्होंने अपनी चुनावी वेबसाइट पर नीतियों का विस्तृत विवरण लिखा और अपनी डिजिटल प्रोफाइल मजबूत की।। कुछ ही समय बाद जब उन्हीं चैटबॉट्स से दोबारा सवाल पूछा गया, तो उन्होंने लॉयड के एजेंडे को विस्तार से बताना शुरू कर दिया। लॉयड ने कहा, 'तब से मैं रोज इस पर काम कर रहा हूं।'

## फूड डिलीवरी मैन को चीन में साहित्य सम्मान; पर्चियों पर कविताएं लिखीं

भास्कर न्यूज | बीजिंग

चीन के फूड डिलीवरी राइडर वांग जिबिंग (56) को उनके कविता-संग्रह 'लो फ्लाइट' के लिए प्रतिष्ठित 'लू शुन साहित्य पुरस्कार' मिला है। वांग ने डिलीवरी राइडर्स की परेशानियों पर आधारित ये कविताएं डिलीवरी के दौरान कागज की पर्चियों पर लिखी थीं। संग्रह की एक चर्चित पंक्ति है, 'कौन कहता है पंख फैलाने का मतलब ऊंचा उड़ना है? नीचे उड़ना भी उड़ना ही है।'



**भास्कर किस्सा**

### ग्राहक की फटकार के बाद लिखी कविता ने दी पहचान

वांग जिबिंग की कविता 'मैन इन ए हरी' 2019 की एक घटना से प्रेरित थी। कुनशान शहर में फूड डिलीवरी के लिए एक ग्राहक का घर ढूंढने में वे तीन इमारतों में भटके और 18 मंजिल तक सीढ़ियां चढ़ीं। जब वह खाना लेकर पहुंचे तो ग्राहक ने देर होने पर उन्हें डांट दिया। घर लौटते समय उन्होंने अपनी नाराजगी और दर्द को शब्दों में ढाल दिया। कविता सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

## इंदौरः नशे के खिलाफ 8,534 लोगों की मानव शृंखला, वर्ल्ड रिकॉर्ड बना

इंदौर | मध्य प्रदेश के नशे के खिलाफ चल रहे जनजागरूकता अभियान 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' के तहत 8,534 लोगों ने एक साथ मानव शृंखला बनाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। इस आयोजन में छात्र, खिलाड़ी, सामाजिक संस्थाएं, नगर सुरक्षा समिति के सदस्य, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। इंदौर पुलिस कमिश्नरेट ने इस उपलब्धि के साथ नशे के खिलाफ मानव शृंखला का अपना ही पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया।

**उत्तर प्रदेश** • 4,157 वकीलों पर 5 हजार से ज्यादा मामले

## वकालत में गैंगस्टर, कई के पास सही डिग्री नहींः हाई कोर्ट

भास्कर न्यूज | प्रयागराज

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उत्तर प्रदेश में वकीलों के अपराध में शामिल होने पर कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने बार काउंसिल और बार एसोसिएशनों को फटकार लगाते हुए कहा कि यूपी की वकालत में गैंगस्टर, माफिया और ऐसे लोग घुस आए हैं, जिनके पास पढ़ाई की सही डिग्रियां तक नहीं हैं। जस्टिस विनोद दिवाकर की बेंच के सामने आए डेटा के मुताबिक प्रदेश के 75 जिलों में 4,157 वकील 5,056 आपराधिक मामलों में शामिल हैं। कोर्ट ने जिन 105 वकीलों की डिग्री फर्जी पाई गई, उनके खिलाफ धोखाधड़ी समेत संबंधित धाराओं में एफआईआर कराने का निर्देश दिया। वहीं, वकील के खिलाफ दर्ज सभी क्रिमिनल केस वकील के होम जिले से 100 किमी दूर दूसरे जिले में ट्रांसफर किए जाएंगे।

### वकालत अपराधियों के छिपने की सुरक्षित जगह बन गई है

कोर्ट ने कहा कि कुछ वकील वकालत को अपराधियों के छिपने की सुरक्षित जगह की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि कानून की मौत दो बार होती है। एक बार तब, जब कानून की रक्षा करने वाले ही अपराधी बन जाते हैं, और दूसरी बार तब, जब जज सही कदम उठाने की बजाय चुप रहना पसंद करते हैं।

### 'इंटरेस्ट खत्म' कहकर तलाक नहीं मांग सकतेः हाई कोर्ट

बेंगलुरु | कर्नाटक हाईकोर्ट ने कहा है कि हिंदू कानून के तहत शादी कोई कॉन्ट्रैक्ट नहीं, बल्कि एक संस्कार है। इसलिए पति या पत्नी सिर्फ यह कहकर तलाक नहीं मांग सकते कि अब उन्हें अपने जीवनसाथी में इंटरेस्ट नहीं रहा। कोर्ट ने इसी आधार पर पति की तलाक की अपील खारिज कर दी।

दैनिक भास्कर AI GENIUS
LEARN
CREATE
LEAD WITH AI

Visit : www.dainikbhaskar.ai

AI अब विकल्प नहीं, जरूरी स्किल बनता जा रहा है

# बच्चों, महिलाओं और युवाओं की अलग-अलग जरूरतों के लिए 6 स्पेशलाइज्ड AI कोर्स शुरू

अब AI सिर्फ आईटी या बड़ी कंपनियों तक सीमित नहीं है। स्कूल-कॉलेज की पढ़ाई, सरकारी नौकरी की तैयारी, इंजीनियरिंग, ऑफिस के काम और रोजमर्रा की जिंदगी में इसका इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। इसी वजह से दैनिक भास्कर ने अपने AI Genius प्रोग्राम में तीन नए कोर्स शुरू किए हैं। इसके साथ ही अब इस प्लेटफॉर्म पर कुल 6 कोर्स उपलब्ध हैं।

AI Genius की शुरुआत स्कूली बच्चों और गृहणियों के लिए तीन कोर्स से हुई थी, जिनका उद्देश्य AI की बुनियादी समझ और रोजमर्रा के कामों में उसका आसान इस्तेमाल सिखाना था। अब इसमें AI Smart Aspirant, AI Future Ready और AI Tech Lab जैसे तीन नए कोर्स जोड़े गए हैं। इनमें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, करियर और प्रोफेशनल स्किल्स, रिज्यूमे, इंटरव्यू, कम्युनिकेशन, इंजीनियरिंग, GATE, प्लेसमेंट, कोडिंग और AI टूल्स के व्यावहारिक उपयोग पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। IIT और IIM के विशेषज्ञों की मदद से तैयार इस तीन सप्ताह के प्रोग्राम में सोमवार से शुक्रवार रोज 45 मिनट की लाइव क्लास होगी।



## AI सीखकर क्या बदला

कॉलेज शुरू होने से पहले मैं AI सीखना चाहता था। GenAI Explorers ने AI को समझने और उसका प्रैक्टिकल इस्तेमाल करने का आत्मविश्वास दिया।
•••
**यात्री चिरागभाई श्रीमाली**
कक्षा 12, अहमदाबाद

AI Smart Women से मैंने रोजमर्रा के कामों को आसान और बेहतर तरीके से मैनेज करना सीखा। मेंटर्स की गाइडेंस ने सीखने का अनुभव और भी बेहतर बना दिया।
•••
**पारुल असाटी, ग्रेटर नोएडा**

AI Discovery Lab में मैंने AI टूल्स से अपनी पहली कॉमिक बनाई। अब हर क्लास में कुछ नया बनाने का उत्साह रहता है।
•••
**हृषिकेश अजय गावकरे**
कक्षा 6, लातूर (महाराष्ट्र)

NOW OFFERING SIX COURSES

CLASS 5-8
AI DISCOVERY LAB
- Create Stories, Comics & AI Art
- Learn Through Fun Challenges
- Become an AI Creator

AI SMART ASPIRANTS
- Study 3× Faster
- Write Better Answers
- Practice Like the Real Exam

CLASS 9-12
GEN AI EXPLORERS
- Master AI Prompting
- Build Websites Without Coding
- Create Real-World AI Projects

AI FUTURE READY
- Job-Ready Skills
- Recruiter-Ready Resume
- Industry Portfolio

INSPIRING WOMEN
GEN AI EXPLORERS
- Smart Living with AI
- Create Reels & Content
- Plan Family Routine

AI TECH LAB
- AI-Powered Engineering
- Real Industry Projects
- Placement Portfolio
- Career-Ready Skills

REGISTER NOW
SCAN QR

क्यूआरकोड अथवा मिस्ड कॉल नंबर की मदद से आज ही रजिस्टर करें...

98282 02919

IN ASSOCIATION WITH
The SAGE GROUP For 4 Decades
SAGE UNIVERSITY INDORE • BHOPAL

*Term & Conditions Apply

EVERY PARTICIPANT WILL RECEIVE AN AI GENIUS CERTIFICATE

• प्रकाशक केदार प्रसाद सिंघल एवं मुद्रक पृथ्वीश दास द्वारा मालिक मेसर्स डीबी कॉर्प लिमिटेड के लिए, उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं दैनिक भास्कर द्वितीय मंजिल, आरोन आईटी पार्क, प्लॉट नंबर VI / 1 & 2, पाटलिपुत्र इंडस्ट्रियल स्टेट, पटना-800013 से प्रकाशित | नेशनल एडिटर : नवनीत गुर्जर। संपादक (बिहार-झारखंड) : कुलदीप व्यास *समाचार चयन के लिए पी.आर.पी.एक्ट के तहत जिम्मेदार।
RNI No. BIHHIN/2013/52553 | फोन: 0755-4730000, Email-bhaskar@dbcorp.in

### करंट लगने से किसान की मौत

**दनियावां** | प्रखंड के जीवनचक गांव में सोमवार को करंट लगने से एक किसान की मौत हो गई। मृतक किसान की पहचान गांव के ही 56 वर्षीय रत्नेश कुमार के रूप में हुई है। वह अपने खेत में धान की रोपनी के लिए मोटर चला रहे थे। इसी दरम्यान मेन लाइन का तार उसके शरीर से स्पर्श कर गया। यह देख आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे तथा शरीर से सटे तार को अलग कर तत्काल उसे दनियावां पीएचसी में भर्ती कराया गया। लेकिन, चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। शाहजहांपुर थाना की पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया है। इस घटना के बाद मृतक के घर में परिजनों के बीच कोहराम मचा हुआ है।

### दौड़ लगा रहे दारोगा अभ्यर्थी की मौत

**दुल्हिन बजार** | सोमवार की सुबह रकसिया गांव के पास मेन रोड किनारे दौड़ रहा युवक अचानक गिर गया और उसकी मौत हो गई। मृत युवक की पहचान गया जिला के रौनियां गांव निवासी 26 वर्षीय शिवकांत कुमार के रूप में हुई है। वह फिलहाल पालीगंज बाबा बोरिंग रोड अपनी बहन के घर रहकर प्रैक्टिस कर रहा था। बताया जाता है कि उसका दरोगा भर्ती में परीक्षा का रिजल्ट आया हुआ था, जिसके लिए फिजिकल की तैयारी कर रहा था। सूचना मिलने पर दुल्हिन बाजार थाना की पुलिस अस्पताल पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

### नीट में 38270वीं रैंक प्राप्त की

**पालीगंज** | ऋषभ सिंह ने नीट में ऑल इंडिया 8270वीं रैंक हासिल की है। वे 606 अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण हुए हैं। ऋषभ के पिता पीएनबी में बैंक मैनेजर के पद पर हैं। इनकी सफलता से परिजन व ग्रामीण उत्साहित हैं।

### एसडीपीओ ने विद्यार्थियों को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**बिक्रम** | पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने और नई पीढ़ी में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से संस्कार वैली स्कूल एवं द ब्लू बेल्स इंटरनेशनल स्कूल द्वारा संयुक्त रूप से पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान का उद्घाटन पालीगंज अनुमंडल के एसडीपीओ-2 पंकज शर्मा ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एसडीपीओ पंकज शर्मा ने कहा कि पेड़ केवल प्रकृति की धरोहर नहीं, बल्कि मानव जीवन के सबसे विश्वसनीय साथी हैं। हमारे धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक और प्राकृतिक जीवन की समृद्धि वृक्षों पर निर्भर है। मौके पर निदेशक लव कुश सिंह एवं वीरू सिंह ने इस अभियान के संबंध में विस्तृत चर्चा की।

# पंडारक में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प, चाकूबाजी में एक युवक गंभीर

## बाबा चौहरमल की मूर्ति कुआं में फेंकने व दीवार तोड़ने पर जमकर हुआ हंगामा

सिटी रिपोर्टर | बाढ़

पंडारक थाना क्षेत्र में बाबा चौहरमल मंदिर की स्थापना को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस हिंसक वारदात में पांच लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए पंडारक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इनमें से सिर में चाकू लगने के कारण गंभीर रूप से घायल एक युवक की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे पटना रेफर कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, पंडारक में महावीर मंदिर के पास बाबा चौहरमल का मंदिर बनाने को लेकर दो पक्षों में विवाद की शुरुआत हुई। एक पक्ष का आरोप है कि गांव के ही कुछ दबंग लोगों ने स्थापित की जा रही बाबा चौहरमल की मूर्ति को उखाड़कर पास के कुएं में फेंक दिया और मंदिर परिसर की दीवार भी तोड़ दी।

### आरोप- मूर्ति निकालने गए लोगों पर हमला

जब पीड़ित पक्ष के लोग कुएं से मूर्ति निकालने के लिए पहुंचे, तभी दूसरे पक्ष के लोगों ने उन्हें घेर लिया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इसी मारपीट के दौरान जितेंद्र कुमार नामक युवक के सिर में चाकू घोंप दिया गया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। घटना के बाद पीएचसी परिसर में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब आक्रोशित लोगों ने 112 नंबर पुलिस टीम के सामने ही करीब एक घंटे तक जमकर बवाल काटा। इस दौरान अस्पताल परिसर में ही दूसरे पक्ष के साथ तीखी गाली-गलौज और हंगामा होता रहा।

### पुलिस ने संभाला मोर्चा

अस्पताल परिसर में बढ़ते तनाव को देखते हुए पुलिस ने मोर्चा संभाला। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने किसी तरह उग्र लोगों को समझा-बुझाकर और शांत कराकर मामले को नियंत्रित किया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच और आरोपियों की पहचान में जुट गई है।

## मनेर • दूसरे पक्ष की एफआईआर में 22 नामजद व 40 अज्ञात पर केस दर्ज

# छिहत्तर गोलीकांड में मुखिया सहित चार आरोपी जेल भेजे

सिटी रिपोर्टर | मनेर

थाना क्षेत्र के छिहत्तर गांव में रविवार को पूर्व के आपसी विवाद को लेकर हुई रोड़ेबाजी और गोलीबारी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। मामले में गिरफ्तार किता चौहत्तर पूर्वी पंचायत के मुखिया शैलेश कुमार सहित चार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

जेल भेजे गए आरोपियों में शैलेश मुखिया, लालबाबू राय, नीरज कुमार और धर्मेंद्र राय शामिल हैं। इससे पहले पुलिस ने चितरंजन राय पक्ष के 11 लोगों को गिरफ्तार किया था। इनमें सात महिलाएं भी शामिल हैं। पूछताछ के बाद राजमणि देवी, दुर्गा देवी, बासमती देवी, लीलावती देवी, देवयानी देवी, देवंती देवी और राजपति देवी को निजी मुचलके पर थाने से ही रिहा कर दिया गया। थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि दूसरे पक्ष की चनिया देवी के आवेदन पर भी 22 नामजद तथा 30 से 40 अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### पुलिस की निगरानी बढ़ी, गांव में तनाव, घायल खतरे से बाहर हैं

मामले की जांच जारी है और गांव में पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है। फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण बनी हुई है। गौरतलब है कि पूर्व के विवाद को लेकर छिहत्तर गांव में चितरंजन राय और राजू राय पक्ष के बीच मारपीट, रोड़ेबाजी और गोलीबारी हुई थी। इस घटना में दो लोग गोली लगने से घायल हुए थे। दोनों का इलाज चल रहा है और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# ₹25 हजार के इनामी के घर एसटीएफ की छापेमारी; पिता और भाई गिरफ्तार

## बाढ़ के डुमरिया गांव में बड़ी कार्रवाई : अवैध हथियार व 34 कारतूस बरामद

सिटी रिपोर्टर | बाढ़

बिहार पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स और बाढ़ पुलिस की संयुक्त टीम को बड़ी कामयाबी मिली है। टीम ने बाढ़ थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव में छापेमारी कर पिछले 13 साल से फरार चल रहे कुख्यात और 25 हजार रुपए के इनामी अपराधी मुन्ना यादव के घर दबिश दी। हालांकि, मुख्य आरोपी मुन्ना यादव रात के अंधेरे का फायदा उठाकर पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा, लेकिन पुलिस ने मौके से उसके पिता देवी यादव और भाई अमरजीत यादव को दबोच लिया है। पुलिस ने मुन्ना यादव के घर की सघन तलाशी ली, जहां से एक अवैध हथियार और 34 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

### गुप्त सूचना पर पुलिस ने की घेराबंदी

जानकारी के अनुसार, बाढ़ पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि हत्या के मामले में 13 वर्षों से फरार चल रहा इनामी अपराधी मुन्ना यादव अपने पैतृक गांव डुमरिया आया हुआ है। सूचना मिलते ही बिना वक्त गंवाए एसटीएफ और स्थानीय बाढ़ पुलिस की एक संयुक्त विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से मुन्ना यादव के घर को चारों तरफ से घेर लिया और छापेमारी की। पुलिस की इस अचानक हुई कार्रवाई भनक लगते ही मुन्ना यादव अंधेरे का लाभ उठाकर वहां से भाग निकला। पुलिस अब उसके संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है।

### खंगाला जा रहा क्रिमिनल रिकॉर्ड

बाढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किए गए पिता-भाई के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित अन्य सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस दोनों का पुराना आपराधिक इतिहास भी खंगाल रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

# पेपर लीक के खिलाफ धनरुआ में छात्र-युवा आक्रोश मार्च निकाला

## शिक्षा मंत्री का इस्तीफा मांगा, कहा-कार्रवाई करने में सरकार विफल

सिटी रिपोर्टर | मसौढ़ी

देशभर में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था में भ्रष्टाचार के विरोध में सोमवार को धनरुआ के वीर बाजार में छात्र-युवा आक्रोश मार्च निकाला गया। आईसा, आरवाईए और भाकपा (माले) के बैनर तले आयोजित इस मार्च में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे आंदोलन के समर्थन में केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। आक्रोश मार्च का नेतृत्व इंकलाबी नौजवान सभा के राज्य पार्षद शिव रंजन कुमार ने किया।




### लाखों अभ्यर्थियों का भविष्य प्रभावित

मार्च के बाद आयोजित नुक्कड़ सभा में वक्ताओं ने कहा कि बार-बार पेपर लीक की घटनाओं से लाखों अभ्यर्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा व्यवस्था में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है और सरकार दोषियों पर प्रभावी कार्रवाई करने में विफल रही है। वक्ताओं ने कहा कि जब तक शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं होगी और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान छात्र-छात्राओं ने हाथों में तख्तियां लेकर शिक्षा बचाओ, भ्रष्टाचार भगाओ और शिक्षा मंत्री इस्तीफा दो जैसे नारे लगाए। सभा को खेत मजदूर सभा के राज्य पार्षद जितेंद्र राम सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस मौके पर छात्रा नेत्री पिंकी कुमारी, चांदनी, सन्नू, प्रीति, सोनम, नेहा, अमृता, ममता, अंजलि, स्वीटी, राखी, विभा, शक्ति, प्रियंका, सविता समेत सैकड़ों छात्र-छात्राएं और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नदौल पैक्स की नई कार्यकारिणी की पहली बैठक में धान खरीद पर चर्चा

सिटी रिपोर्टर | मसौढ़ी

मसौढ़ी प्रखंड के नदौल पैक्स की नव निर्वाचित प्रबंध कार्यकारिणी की पहली बैठक सोमवार को पैक्स अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी धान अधिप्राप्ति, किसानों की समस्याओं के समाधान और पैक्स के सुचारू संचालन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी लाल राजीव प्रसाद मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं सभी कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि पैक्स किसानों और सरकार के बीच महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने सदस्यों से पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करने तथा किसानों को सरकारी योजनाओं का समय पर लाभ दिलाने का आह्वान किया।

### किसानों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता

पैक्स अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि नई कार्यकारिणी किसानों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी। धान खरीद प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के साथ-साथ किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी सदस्य मिलकर नदौल पैक्स को मजबूत और किसानों के लिए अधिक उपयोगी संस्था बनाने का प्रयास करेंगे। बैठक में कार्यकारिणी सदस्य अनिल कुमार, मनोज कुमार (सरपंच), रामजी पासवान, सत्येंद्र कुमार, बिंदु कुमार, शिवप्रसाद, राजमंति देवी, सुलेखा कुमारी, मानती देवी, साकिन देवी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# चोरी का आरोपी गिरफ्तार, घर से मिला कट्टा

**फतुहा** | आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किए गए आरोपी के घर से नदी थाना की पुलिस ने एक देसी कट्टा, एक गोली तथा एक खोखा बरामद किया है। आरोपी ने इस हथियार को घर में रखी एक आलमारी के नीचे झोले में छिपाकर रखा था। गिरफ्तार आरोपी गुलमहियाचक का गुड्डू कुमार है। फतुहा वन डीएसपी अवधेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी गुड्डू के विरुद्ध धनरुआ थाना में भी लूट की एक मामला दर्ज है। विदित हो कि कुछ महीने पहले सबलपुर स्थित एक गोदाम से गुड्डू व उसके साथियों ने चोरी की थी। इस संबंध में नदी थाना में कांड संख्या 93/26 के तहत मामला दर्ज हुआ था। पुलिस ने इस कांड का अनुसंधान शुरू किया तो गुड्डू व उसके साथियों का नाम सामने आया। पुलिस की छापेमारी में गुड्डू फरार हो गया।

# जमीन के विवाद में घर में घुस कर मारपीट और लूटपाट की

सिटी रिपोर्टर | मसौढ़ी

मसौढ़ी थाना क्षेत्र के श्याम नगर में जमीन विवाद को लेकर घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ और लूटपाट का मामला सामने आया है। पीड़िता आरती देवी (32) ने मसौढ़ी थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। आवेदन में आरती देवी ने बताया कि घटना के समय वह अपने घर पर थी। तभी गांव के ही सोनी, रोहित कुमार, राहुल कुमार, उपेंद्र यादव और पूनम देवी समेत अन्य लोग लाठी-डंडा और लोहे का रॉड लेकर उसके घर पहुंचे। सभी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके परिवार के साथ मारपीट शुरू कर दी।

महिला के अनुसार, रोहित कुमार ने रॉड से उनके पति के सिर पर वार किया, जिससे उनका सिर फट गया। वहीं सोनी ने रॉड से दाहिने हाथ पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। इसके बाद उपेंद्र यादव, राहुल कुमार और पूनम देवी घर में घुस गए तथा घर में रखे सामान की तोड़फोड़ की।

उपेंद्र यादव ने घर में रखे बक्से से जेवरात और 13 हजार रुपए नकद निकाल लिए। इधर, मसौढ़ी थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है।

### पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की ई-मेल से धमकी दी

**मनेर** | मनेर थाना के समीप स्थित डाकघर परिसर में संचालित पासपोर्ट सेवा कार्यालय को ई-मेल के माध्यम से बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सोमवार को प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने सुरक्षा मानकों (एसओपी) के तहत पूरे डाकघर परिसर को तत्काल खाली कराकर उसे अपने कब्जे में ले लिया। जानकारी के अनुसार, वरीय डाक अधीक्षक (पासपोर्ट) के आधिकारिक ईमेल पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी भेजी थी। सूचना मिलते ही मनेर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे परिसर की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी। एहतियात के तौर पर पटना से बम निरोधक दस्ता (बीडीएस) को भी बुलाया गया, जिसने कार्यालय और आसपास के की सघन तलाशी ली। प्रारंभिक जांच में कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई।

# मसौढ़ी में निबंध, चित्रकला और क्विज में 130 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया

सिटीरिपोर्टर | मसौढ़ी

स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर नगर परिषद मसौढ़ी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को सम्राट अशोक भवन में निबंध लेखन, चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन कराया। प्रतियोगिता में पांच सरकारी विद्यालयों के करीब 130 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इसका आयोजन नगर विकास एवं आवास विभाग के निर्देश के आलोक में किया गया। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी के निर्देश पर विभिन्न सरकारी विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापकों ने छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित कराई। प्रतियोगिता में प्रोजेक्ट नवल किशोर बालिका उच्च विद्यालय, पटेल नगर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय (उर्दू)- मलिकाना, उत्क्रमित मध्य विद्यालय-प्रखंड कॉलोनी, संस्कृत मध्य विद्यालय-संगतपुर तथा अभ्यास मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान रविरंजन, विवेक, वरुण, मनोज, रामाधार कुमार प्रसाद सहित नगर परिषद के अन्य कर्मी उपस्थित रहे।



## BOLLYWOOD

# ऋषभ की 'द प्राइड ऑफ...' से जुड़े 'गेम ऑफ थ्रोन्स' फेम मार्क हेंसन, तैयार करेंगे एक्शन

भास्कर नेटवर्क | मुंबई



**फिल्म** निर्माता संदीप सिंह अपनी आने वाली बड़ी ऐतिहासिक फिल्म 'द प्राइड ऑफ भारतः छत्रपति शिवाजी महाराज' को बड़े स्तर पर बनाने की तैयारी कर रहे हैं। फिल्म में ऋषभ शेट्टी, छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका निभाते नजर आएंगे। अब इस फिल्म को और खास बनाने के लिए निर्माताओं ने अंतरराष्ट्रीय स्तर की एक्शन टीम को शामिल किया है, जो फिल्म के युद्ध और एक्शन सीन्स को शानदार बनाने पर काम करेगी।

### युद्ध के सीन को भव्य बनाने पर काम किया जा रहा है

इस पीरियड फिल्म को भव्य बनाने के लिए जो टीम जोड़ी गई है वह फिल्म के युद्ध और एक्शन सीन्स को तैयार करने में जुट गई है। लोकप्रिय सीरीज 'गेम ऑफ थ्रोन्स' के अलावा 'वाइकिंग्स', 'द विचर' और ऑस्कर विनर फिल्म 'ग्रैविटी' में अपने एक्शन डिजाइन के लिए पहचाने जाने वाले मार्क हेंसन इसके एक्शन की कमान संभालेंगे।

### हॉलीवुड के दो और अनुभवी भी फिल्म की टीम में शामिल

फिल्म की एक्शन टीम में हॉलीवुड के दो और अनुभवी नाम भी शामिल किए गए हैं। पहले व्लाद रिमबर्ग, जिन्होंने 'द फेट ऑफ द फ्यूरियस', 'ब्लडशॉट' और 'लूसिफर' जैसे प्रोजेक्ट पर काम किया है, दूसरे क्रेग मैक्रे, जो 'ट्रॉयः फॉल ऑफ ए सिटी' के लिए चर्चित रहे हैं। मेकर्स का दावा है कि यह टीम भारतीय ऐतिहासिक सिनेमा के सबसे बड़े युद्ध सीन्स में से एक तैयार करेगी।

### विवेक ओबेरॉय मुगल सम्राट औरंगजेब के रोल में दिखेंगे

करीब 500 करोड़ रुपए के बजट में बन रही यह फिल्म दो पार्ट में रिलीज होगी। ऋषभ के अलावा इसमें अर्जुन रामपाल, विवेक ओबेरॉय और शेफाली शाह भी अहम किरदार निभाते नजर आएंगे। फिल्म में शेफाली उनकी मां राजमाता जीजाबाई के किरदार में नजर आएंगी, जबकि विवेक, मुगल सम्राट औरंगजेब की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं अर्जुन फिल्म के मुख्य विलेन के रूप में दिखाई देंगे। मेकर्स का दावा है कि सभी किरदारों को ऐतिहासिक संदर्भों के अनुरूप बड़े पैमाने पर परदे पर उतारा जाएगा।

### अधिकांश शूटिंग महाराष्ट्र के ऐतिहासिक किलों में होगी

फिल्म की अधिकांश शूटिंग महाराष्ट्र के विभिन्न ऐतिहासिक किलों और लोकेशनों पर की जाएगी, जहां छत्रपति शिवाजी महाराज ने मराठा साम्राज्य की नींव रखी थी। मेकर्स का उद्देश्य युद्ध, किलों और ऐतिहासिक परिवेश को वास्तविकता के करीब दिखाना है। फिल्म को हिंदी, अंग्रेजी, कन्नड़, तमिल, तेलुगु और मराठी समेत कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। इसका लक्ष्य भारतीय दर्शकों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच बनाना है। ये फिल्म 21 जनवरी 2027 को थिएटर्स में रिलीज हो सकती है।



### छत्रपति पर अब तक फिल्म और टीवी में 60 से अधिक प्रोजेक्ट्स बन चुके हैं

17वीं शताब्दी में मराठा साम्राज्य की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज भारतीय इतिहास के सबसे प्रेरणादायक योद्धाओं में गिने जाते हैं। उनके जीवन पर अब तक फिल्म और टेलीविजन में 60 से अधिक प्रोजेक्ट्स बन चुके हैं। इसकी शुरुआत 1923 में आई मूक फिल्म 'सिंहगढ़' से हुई थी। मेकर्स का कहना है कि 'द प्राइड ऑफ भारतः छत्रपति....' इस ऐतिहासिक विरासत को नए पैमाने पर दर्शकों तक पहुंचाएगी।